3 | राजधानी
पोते को कमरे में बंद कर दादी की हत्या

6 | अभिमत
अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र को आमंत्रण

11 | विदेश
भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही हैः मुरलीधरन

12 | विविध
कौशल अंतर को पाटने का समय

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 2
लखनऊ, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




नीरज ने नॉकआउट जीत दर्ज की
स्पोर्ट्स-10

# कोरोना से मृतकों के परिजनों को योगी सरकार देगी 50-50 हजार

## ● पीड़ित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वालों के परिवरों को योगी सरकार ने बड़ी राहत देने का फैसला लिया है। इन परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिये सरकारी खजाने से पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। हर वह परिवार जिसके किसी सदस्य की मृत्यु कोविड संक्रमण के कारण हुई हो, उसे यह राहत राशि दी जाएगी।

राहत राशि के लिए कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद अगले तीस दिन की अवधि में मृत्यु होने को समय सीमा माना जा सकता है। विदित हो कि कोरोना संक्रमण से मरने वाले कोरोना वारियर्स सरकारी कर्मचारियों तथा पत्रकारों को छोड़कर अभी तक आम लोगों को किसी भी तरह की सरकारी आर्थिक मदद नहीं मिली थी। इस फैसले से उन हजारों परिवारों को मदद मिल सकेगी जिन्होने कोरोनाकाल में अपनो को गंवाया है। सीएम योगी ने इस बारे में अधिकारियों को गाइड लाइन जारी करने के निर्देश दिये हैं। कोविड प्रबंधन की टीम के साथ रविवार की सुबह हुई बैठक में सीएम ने कहा है कि कोरोना से प्रभावित हर परिवार के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। कोरोना के कारण निराश्रित हुए बच्चों के भरण पोषण के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई तो निराश्रित महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं।

केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अब हर कोरोना मृतक के परिवार को 50 हजार की राहत राशि दी जानी है। सीएम ने कहा कि एक भी पात्र परिवार इस राहत राशि से वंचित न रहे। राहत राशि वितरण के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित होगी जो केन्द्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप राहत राशि प्रदान करने के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां करेगी। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पीड़ित परिवारों को धनराशि वितरण का काम अगले महीने से शुरू होने की संभावना है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर में यूपी में 22 हजार से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। आपदा प्रबंध कानून में किसी व्यक्ति की आपदा में मौत होने की दशा में चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राज्य आपदा ( शेष पेज 9 )

## स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे के विकास से ही काबू हुआ कोरोनाः योगी

**संवाददाता।** बहराइच, श्रावस्ती

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के मूलभूत ढांचे का विकास किए जाने की वजह से ही उत्तर प्रदेश में कोविड-19 जैसी महामारी पर काबू पाया जा सका।

योगी ने बहराइच तथा श्रावस्ती में आयोजित जनसभाओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा अगर कमजोर होता तो उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस महामारी पर काबू पाना अत्यंत कठिन होता। उन्होंने कहा कि मगर पिछले सात साल में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने का अवसर मिला, जिसके परिणाम सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात साल पहले प्रधानमंत्री मोदी का दिया नारा सबका साथ, सबका विकास देश के लिए मंत्र बना था जिसके तहत विकास की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं बरता गया। तेज बारिश और आंधी-तूफान के कारण आज एक बार फिर मुख्यमंत्री को श्रावस्ती और बहराइच का दौरा अंतिम समय पर निरस्त करना पड़ा। योगी का हेलीकॉप्टर उन्हें लेकर श्रावस्ती तो पहुंचा लेकिन खराब मौसम के कारण उतर नहीं सका। बहराइच में भी बारिश और तूफान की वजह से योगी नहीं आ सके और लखनऊलौट गए। बाद में उन्होंने लखनऊ से बहराइच और श्रावस्ती की जनसभाओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। इससे पूर्व, गत चार अक्टूबर को लखीमपुर खीरी हिंसा के कारण मुख्यमंत्री के यहां के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों में मेडिकल कॉलेज दिए हैं। जिनमें बहराइच, बलरामपुर व गोंडा में सरकारी तथा श्रावस्ती में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनवाया जाएगा। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर दो साल पूर्व आरंभ हुए मेडिकल कॉलेज ने कोरोना काल में नागरिकों को काफी राहत ( शेष पेज 9 )

# साढ़े चार साल में एक भी दंगा नहीं, अब किया तो सात पीढ़ियां मुआवजा भरेंगी

## ● योगी ने बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को सम्बोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते कार्यकर्ता

**बीजेपी** ने सामाजिक संपर्क अभियान के तहत रविवार को सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले साढ़े चार साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। पहले प्रदेश की पहचान ही दंगा थी क्योंकि सरकारें दंगाइयों को प्रश्रय देती थीं। दंगों से प्रदेश की जनता प्रताड़ित थी, झूठे मुकदमे दर्ज होते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने दंगाइयों को पहले दिन से ही संदेश दे दिया गया था कि अगर दंगा करोगे तो अगली सात पीढ़ियों का पट्टा लिखकर के जाना जो भरपाई करते रहेंगे।

अब दंगा नहीं हो सकता प्रदेश में, प्रदेश में पर्व-त्यौहार खुशी से मनाया जा रहा है। योगी ने कहाकि 2014 से पहले प्रदेश में शासन करने वालों का नारा था-सबका साथ लेकिन परिवार का विकास। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योंहार बहुत से परिवारों की आय का जरिया होते हैं लेकिन 2017 से पहले जब त्योहार आते थे तो प्रदेश में दंगे होते थे। कारोबार चौपट हो जाते थे। हमारी सरकार आने के बाद पिछले साढ़े चार सालों में एक भी दंगा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार यूपी में 41 हजार स्थानों पर मूर्तियां रखी जाती है। शुक्रवार शाम तक 32 हजार मूर्तियों का सकुशल विर्सजन हो चुका है। कहीं कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। यह सभी 41 हजार मूर्तियां मिट्टी की बनी थी जो अपने ही कारीगरों ने तैयार की थी। इन आयोजनों से कितने लोगों को रोजगार मिला होगा। किसी ने यहां पंडाल लगाया होगा दीये जले होंगे, कलाकार आए होंगे, बिजली की सजावट हुई होगी। पर्व रोजगार का जरिया हैं। नवरात्र का त्योहार पूरे प्रदेश में भव्यता से मनाया गया, कहीं कोई विवाद नहीं हुआ। त्योहार के दौरान बरती गई सावधानी और लोगों के उत्साह के आगे कोरोना भी हार गया। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली में विदेश से आई लक्ष्मी गणेश की मूर्ति की नहीं बल्कि अपने मिट्टी से जुड़े कारीगरों की बनाई मूर्ति से पूजा होना चाहिए।

इस अभियान के साथ हम सबको जुड़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दिया था लेकिन पिछली सरकारें सबका साथ अपना विकास के नारे पर काम कर रही थी। पिछली सरकारें साथ सबका चाहती थीं लेकिन विकास अपना करती थी। उन्होंने ने कहा कि पर्व और त्योंहार में जब कमाई का समय आता था तो प्रदेश को दंगों की आग में झोंक दिया जाता था। इससे प्रदेश पिछड़ता चला गया। मिट्टी ( शेष पेज 9 )

# यूपी को मोदी फिर देंगे बड़ी सौगातें

## ● देशी-विदेशी मेहमान बनेंगे कुशीनगर हवाईअड्डे के लोकार्पण के गवाह, सात नए मेडिकल कॉलेजों का भी देंगे उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी एक बार फिर विकास योजनाओं का बड़ा तोहफा देकर यूपी के विकास की नयी इबारत लिखेंगे। पहल बड़ा उपहार कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का है तो दूसरा सात मेडिकल कालेजों का। चुनावी दस्तक के बीच मोदी ने पिछले महीने अलीगढ़ में विश्वविद्यालय तथा डिफेन्स कारीडोर के शिलान्यास के साथ यूपी को विकास योजनाओं के तोहफे देने की शुरुआत की थी।

इसके बाद उन्होंने राजधानी लखनऊ आकर अनेक योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास करके तोहफा दिया था। मोदी आगामी 20 अक्टूबर को भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में देशी विदेशी मेहमानों की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे जबकि 25 अक्टूबर को वह सिद्धार्थनगर जिले से सात नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर संबधित जिलों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद तैयारियों पर बारीक नजर रखे हुए हैं।

कुशीनगर बौद्ध अनुयायियों के लिए महातीर्थ है। दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले बौद्ध धर्म के हर अनुयायी की इच्छा अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार महापरिनिर्वाण स्थली के दर्शन पूजन की होती है। उनकी इस इच्छापूर्ति में आवागमन की बाधा को केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में योगी सरकार ने दूर किया है। कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा क्रियाशील हो जाने से अनेक देशों ( शेष पेज 9 )

# केरल में भारी बारिश भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 26 हुई

**भाषा।** कोट्टयम, इडुक्की

**केरल** के दो जिलों में भारी बारिश और विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 26 हो गई। राज्य के राजस्व मंत्री के राजन ने कहा कि बचावकर्मियों ने शनिवार को इडुक्की और कोट्टयम जिलों के विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के मलबे से 15 शव बरामद किए हैं। राजन ने पीटीआई-भाषा को बताया, बचाव कर्मियों ने अब तक 15 शव बरामद किए हैं। इसमें कोट्टयम के कूट्टिकल से मिले 12 शव, पीरुमेदु से एक शव और कल इडुक्की जिले के कंजर से मिले दो शव शामिल हैं। इडुक्की की जिलाधिकारी शीबा जॉर्ज ने कहा कि पहाड़ी इलाके इडुक्की जिले के कोक्कायार से आज तीन शव बरामद किए गए, इस इलाके में कल विनाशकारी भूस्खलन से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, पांच लापता लोगों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सघन बचाव अभियान के बाद मलबे से तीन बच्चों के ( शेष पेज 9 )

# आतंकियों ने दो और गैर कश्मीरियों की हत्या की

## ● बिहार के राजा ऋषिदेव और योगेन्द्र ऋषिदेव की ली जान

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में रविवार को आतंकवादियों ने दो गैर-स्थानीय मजदूरों- बिहार के राजा ऋषिदेव और योगेन्द्र ऋषिदेव की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य चुनचुन ऋषिदेव को घायल कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने निर्देश दिए कि गैर स्थानीय मजदूरों को तत्काल नजदीकी सुरक्षा शिविरों में लाया जाए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर में 24 घंटे से भी कम समय में गैर-स्थानीय मजदूरों पर यह तीसरा हमला है। बिहार के एक रेहड़ी-पटरी वाले और उत्तर प्रदेश के एक बढ़ई की शनिवार शाम को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

कश्मीर जोन पुलिस ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा, कुलगाम के वानपोह इलाके में आतंकवादियों ने गैर स्थानीय मजदूरों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस आतंकवादी घटना में दो गैर स्थानीय लोग मारे गए और एक घायल हो गया। इसमें कहा गया है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादी मजदूरों के किराए के मकान में घुस गए और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की। सभी जिला पुलिस प्रमुखों को भेजे संदेश में पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने कहा, आपके न्यायाधिकार क्षेत्र में रह रहे सभी गैर स्थानीय मजदूरों को तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या केंद्रीय अर्धसैनिक बल या सेना के प्रतिष्ठानों में लाया जाना चाहिए।

घाटी के दस जिलों को दिए गए संदेश में कहा गया है, यह मामला अति आवश्यक है। इस आतंकवादी हमले की सभी राजनीतिक दलों ने कड़ी निंदा की है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट किया, निर्दोष नागरिकों पर बार-बार होने वाले बर्बर हमलों की निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। मेरी संवेदना उनके परिवारों के लिए है क्योंकि वे सम्मानजनक आजीविका कमाने के लिए अपने घरों निकले हुए हैं। बहुत दुख की बात है। भारतीय जनता पार्टी की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने हत्याओं की निंदा करते हुए कहा कि यह नरसंहार के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, ( शेष पेज 9 )

## आतंकवादियों और उनके हमदर्दों से चुन-चुनकर बदला लेंगेः मनोज सिन्हा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नागरिकों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बीच उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को संकल्प लिया कि निर्दोष नागरिकों के एक-एक कतरा खून का बदला आतंकवादियों और उनके हमदर्दों से लिया जाएगा। सिन्हा ने कहा कि राज्य में शांति और सामाजिक-आर्थिक प्रगति तथा लोगों के व्यक्तिगत विकास को बाधित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के तेजी से विकास के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई। सिन्हा ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम आवाम की आवाज में कहा, मैं शहीद नागरिकों को अपनी ( शेष पेज 9 )

# विधान सभा का विशेष सत्र आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सोमवार** को हो रहे विधान सभा के विशेष सत्र को लेकर रविवार को कार्य मंत्रणा की बैठक हुई। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने बताया कि बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन स्वीकार हुआ है। 18 अक्टूबर को 11 बजे सदन में निधन के निर्देश लिये जायेंगे। तदुपरान्त उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। बैठक में नियम-301 व नियम-51 की सूचनायें लिए जाने पर सहमति बनी है। सुरक्षा समिति की बैठक में सदस्यों के लिए निर्बाध आवागमन, सुरक्षा, उपचार आदि व्यवस्था कराये जाने पर विचार किया गया। अध्यक्ष ने विश्वास किया है कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी विधान सभा होने के नाते संविधान के प्रति प्रतिबद्ध, परंपरा, संस्कृति और हर तरह से संविधान के प्रति निष्ठावान होकर सदन की कार्यवाही को सुगमतापूर्वक चलाया जायेगा। सदन में सारवान और गुणवत्तापूर्ण चर्चा के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं समाजवादी पार्टी से नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, राकेश प्रताप सिंह, बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, कांग्रेस दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से कैलाशनाथ सोनकर, रमापति शास्त्री, चौधरी लक्ष्मीनारायण, सिद्धार्थनाथ सिंह, राज्यमंत्री गुलाब देवी, योगेन्द्र उपाध्याय सहित विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे एवं प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विस उपाध्यक्ष के लिए नितिन और नरेंद्र ने दाखिल किया नामांकन

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव अब रोचक हो गया है। रविवार को नामांकन के दिन बीजेपी समर्थित उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने पर्चा दाखिल किया तो वहीं सपा ने अपने प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा का नामांकन दाखिल कराया। नितिन अग्रवाल ने नामांकन के समय सीएम योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना समेत सरकार और संगठन के कई मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे।

( विस्तृत पेज 2 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,305 | |
| निफ्टी | 18,338 | |
| सोना | 46,987 | /10g |
| चांदी | 61,926 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बिजली गिरने से दो किसानों की मौत, तीन जख्मी

**बहराइच।** बहराइच जिले के खैरीघाट क्षेत्र में रविवार को आए भीषण आंधी-तूफान और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव के किसान रविवार को खेतों में काम कर रहे थे और कुछ ग्रामीण मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान बारिश और तेज आंधी आ गई। बारिश से बचने के लिए किसान आम के एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार तभी खेत में बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर पेड़ के नीचे खड़े पांच लोग झुलस गए। खैरीघाट के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से घायल हुए पांच लोगों को पास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां संतोष कुमार (45) व चंदन (30) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर फिर हमले

## ● कट्टरपंथियों ने मंदिरों और दुकानों को बनाया निशाना

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** में कई दिनों से जारी सांप्रदायिक हिंसा की हालिया घटना में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। इससे पहले कथित ईशनिंदा को लेकर अज्ञात मुस्लिम कट्टरपंथियों ने मंदिरों में तोड़फोड़ की थी और हिंसा फैलाई थी। इन घटनाओं के बाद अल्पसंख्यक समूह ने देशभर में भूख हड़ताल करने की घोषणा की है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक बांग्लादेश में विभिन्न जगह दुर्गा पूजा स्थलों पर हमले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमले के बाद ताजा झड़प हुई और फिर देश की राजधानी से करीब 157 किलोमीटर दूर फेनी में हिंदुओं के मंदिर और दुकानों में शनिवार को तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। इसमें बताया गया कि झड़पों में फेनी मॉडल पुलिस थाने के प्रभारी निजामुद्दीन समेत कम से कम 40 लोग घायल हो गए। रिपोर्ट में बताया गया कि शाम साढ़े चार बजे शुरू हुई झड़प देर रात तक चली और इस दौरान कई मंदिरों, हिंदुओं के व्यवसायों पर तोड़फोड़ की गई और लूटपाट भी हुई। इसके बाद शनिवार रात को अधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की तैनाती की।

अखबार की खबर में बताया गया कि शनिवार को कुछ उपद्रवियों ने मुंशीगंज के सिराजदीखान उपजिला के राशुनिया यूनियन में दानियापरा महा शोषान काली मंदिर में छह मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया। इसमें बताया गया दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हिंदू मंदिरों पर हमलों और तोड़फोड़ के विरोध में देशभर में शनिवार को भी प्रदर्शन हुए, वहीं तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुईं। इस बीच देश के दक्षिण-पूर्वी शहर चटगांव में बांग्लादेश हिंदू बौद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल ने दुर्गा पूजा समारोह के दौरान हुए हमलों के विरोध में 23 अक्टूबर से धरना और अनशन की घोषणा की। परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता ने चटगांव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ढाका के शाहबाग और चटगांव के अंद्राकिला में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद ने तोड़फोड़ और हिंसा की घटनाओं में लिप्त लोगों के लिए सख्त सजा की मांग की। इसके अध्यक्ष मिलन कांति दत्ता ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानेगी तो बड़ा अभियान चलाया जाएगा। इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने चेतावनी दी कि समुदाय चुपचाप बैठकर हमलों को होता नहीं देखेगा। उधर त्रिपुरा की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और नागरिक समाज संगठनों ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हाल में दुर्गा पूजा पंडालों में हुई तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले की निंदा की है। त्रिपुरा की करीब 865 किलोमीटर लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है।

# सूर्य की किरणों से प्रकाशमय होगा राम मंदिर का गर्भगृह

## ● ओडिशा के कोणार्क मंदिर जैसी विशिष्ट तकनीक को अपनाने पर हो रहा विचार

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**अयोध्या** में बन रहे राममंदिर में अनेक खूबियों के साथ-साथ रामलला के गर्भगृह को सूर्य की किरणों से प्रकाशमय करने की तैयारी है और इसके लिए ओडिशा के कोणार्क मंदिर जैसी विशिष्ट तकनीक को अपनाने पर विचार किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने भाषा को बताया, भगवान राम के मंदिर में प्रत्एक रामनवमी पर गर्भगृह में सूर्य की किरणें रामलला को सुशोभित करें, ऐसे एक प्रस्ताव पर काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और प्रत्येक रामनवमी पर गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा तक सूर्य की किरणें सीधे पहुंचे इसके लिए कुछ प्रारूपों (मॉडल) पर वैज्ञानिकों, खगोल शास्त्रियों तथा तकनीकीविदों से परामर्श चल रहा है। चौपाल ने बताया, ओडिशा स्थित कोणार्क का सूर्य मंदिर उदाहरण है जहां मंदिर के अंदर सूर्य की किरणें पहुंचती हैं। ऐसे में गर्भगृह तक सूर्य की किरणें कैसे पहुंचे, इसको लेकर सभी तकनीकी पहलुओं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर विचार किया जा रहा है। न्यास के सदस्य ने बताया कि मंदिर निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर एक समिति बनाई गई है जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, आईआईटी मुम्बई, आईआईटी रूड़की सहित राष्ट्रीय भवन निर्माण संस्थान के विशेषज्ञों एवं अन्य प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ शामिल हैं और इनसे भी परामर्श हो रहा है।

वहीं, ट्रस्ट के एक अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि दिसंबर 2023 तक गर्भ गृह का निर्माण पूरा हो जाए और लोग दर्शन कर सकें। इसके आगे विस्तार एवं भव्यता का और काम चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि नींव का पहला चरण पूरा हो चुका है, जबकि दूसरा चरण नवंबर के मध्य तक खत्म हो जाएगा। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण के दौरान भूगर्भीय, भौगोलिक एवं पारिस्थितिकी संबंधी स्थितियों सहित कई बातों पर ध्यान दिया जा रहा है। चौपाल ने बताया कि भूगर्भीय वर्गीकरण के अनुसार उत्तर प्रदेश भूकंप संवेदी क्षेत्र में आता है, मंदिर परिसर के पास नदी क्षेत्र है और सम्पूर्ण इलाका हिमालई क्षेत्र के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों, खगोलशास्त्रियों से इन सभी विषयों पर परामर्श किया जा रहा है। चौपाल ने बताया, 15 नवंबर से प्लिंथ (स्तंभ के आधार वाला हिस्सा) निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा। अप्रैल 2022 से प्लिंथ के उपर स्तम्भों एवं ऊपरी संरचना का निर्माण शुरू ( शेष पेज 9 )

# विकास से रोशन हो रहा देवीपाटन मंडलः सीएम

## ● मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से किया बहराइच व श्रावस्ती की योजनाओं का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने विकास पथ पर बहराइच और श्रावस्ती की तेज रफ्तार पर खुशी जताई है। सीएम ने कहा है कि दोनों जिलों की जनता ने ऐसे जनप्रतिनिधि चुन कर भेजे, जिन्हें क्षेत्र के विकास में रुचि है। यही कारण है कि इन दोनों जिलों में सरकार की योजनाओं से आम आदमी सीधा लाभ पा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को बहराइच और श्रावस्ती जिलों के लिए 611 करोड़ से अधिक की 201 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास कर रहे थे। खराब मौसम के कारण दोनों जिलों में न पहुंच पाने पर खेद जताते हुए सीएम ने स्थानीय जनता से वर्चुअली संवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ वह हेलीकॉप्टर से बहराइच तक आ भी गए थे, लेकिन मौसम इतना खराब था कि वायुयान का उतरना सम्भव नहीं था। ऐसे में न चाहते हुए भी उन्हें लखनऊ वापस आकर वर्चुअली संवाद करना पड़ रहा है।

सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में ही तथागत गौतम बुद्ध ने सर्वाधिक चातुर्मास बिताए थे। यह पवित्र स्थल है। यहां की महत्ता के अनुरूप पर्यटन विकास के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है। वहीं बहराइच को 221 करोड़ की 114 परियोजनाओं का उपहार देते हुए सीएम ने बहराइच की ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को खास तौर पर याद किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ऋषि बालार्क की पावन साधना स्थली है तो राजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम का साक्षी भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ हो या कोरोना, यहां के कर्मठ जनप्रतिनिधियों ने अपनी जनता की सेवा के लिए हर सम्भव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते सात सालों में हुये प्रयासों का नतीजा है कि आज देवीपाटन मंडल के तीनों जिले विकास से रोशन हो रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से बदलती क्षेत्र की तस्वीर की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि आज बहराइच के ग्रामीण क्षेत्र में 1.36 लाख लोगों को अपना घर मिला है तो शहरी क्षेत्र में 8 हजार परिवारों को आवास मिला। 4.85 लाख घरों में शौचालय बने। यह शौचालय स्वास्थ्य सुरक्षा और नारी गरिमा को सुनिश्चित करने के साधन सिद्ध हुए हैं। करीब 755 करोड़ रुपये पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में दिए जा चुके हैंए तो 98 हजार से अधिक किसानों के ऋण माफ हुए, 52 हजार किसानों ने फसल बीमा का लाभ मिला।

### मौसम की खराबी में फंसा सीएम का हेलीकाप्टर

**लखनऊ।** अचानक खराब हुये मौसम की चपेट में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हेलीकाप्टर आ गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह के साथ वह लखनऊ से बहराइच पहुंच तो गये लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकाप्टर से नीचे नहीं उतर सका। दोनों को उल्टा लखनऊ वापस आना पड़ा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विकास योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिये बहराइच तथा श्रावस्ती जाना था। लखनऊ में अपना सरकारी कामकाज निपटाने के बाद सीएम योगी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के साथ रवाना हुये। हेलीकाप्टर के बहराइच पहुंचने पर मौसम ज्यादा खराब हो गया। जिस पर सीएम का हेलीकाप्टर लखनऊ लौट आया। दोनों प्रसतावित कार्यक्रम लखनऊ स्थित सीएम के सरकारी आवास से वर्चचुअल सम्पन्न हुये।

### फसल के नुकसान पर दो लाख किसानों को मुआवजा देगी सरकार

**लखनऊ।** बारिश और बाढ़ के चलते धान तथा गन्ने की फसल को हुये नुकसान का आंकलन का काम पूरा हो गया है। प्रदेश में करीब 2 लाख किसान ऐसे पाए गए हैं जिनकी फसल अतिवृष्टि–बाढ़ के कारण खराब हो गई। कृषि और राजस्व विभाग के सर्वेक्षण के बाद अब जल्द ही मुआवजा वितरण भी शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में फसल क्षतिपूर्ति आंकलन की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया है कि बाढ़ और अतिवृष्टि से कृषि फसलों को हुए नुकसान का आकलन पूरा हो गया। करीब दो लाख किसान ऐसे चिन्हित हुए हैं जिनकी कृषि उपज बाढ़ के चलते खराब हुई है। मुआवजे के एवज में इन किसानों को करीब 68 करोड़ की धनराशि दी जाएगी।

# योगी फोबिया से ग्रस्त सपा अब भाजपा मेनिया का भी शिकार हो गईः स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी ने** सामाजिक संपर्क अभियान के तहत रविवार को सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन की शुरूआत की। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पहले से ही योगी फोबिया से ग्रस्त सपा अब भाजपा मेनिया का भी शिकार हो गई है। शायद यही वजह है कि सपा के युवराज को भाजपा की केंद्र व उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा किये गए काम नजर नहीं आते।

उन्होंने कहा कि बीजेपी गरीबों की पार्टी है। साधारण परिवार में जन्म लेने वाले लोगों ने इस पार्टी को बनाया और आज उन्हीं के कारण भाजपा यहां तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि यह किसी जाति की पार्टी नहीं है बल्कि इस पार्टी में प्रत्येक जाति का नेतृत्व है। यहां किसी भी जाति का व्यक्ति कल का प्रदेश अध्यक्ष हो सकता है और कल नेतृत्व भी कर सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने संवाद करते हुए कहा कि मैं गारंटी के साथ कहता हूं कि 2024 तक प्रत्येक गरीब के पास अपना पक्का मकान भी होगा और सभी के घर में शौचालय, आयुष्मान कार्ड भी होगा। उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भय, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, जातिवाद तथा तुष्टिकरण से मुक्त होकर लोकमंगल के मार्ग पर आगे बढ़ा है। भय, भूख, भ्रष्टाचार से मुक्त उत्तर प्रदेश की इस गति को निर्बाध बनाते हुए एक बार फिर बड़े बहुमत के साथ योगी जी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनाइए।

# भाजपा की ताकत है पिछड़ा वर्गः केशव



**समापन** सत्र को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पिछड़े वर्ग की जिम्मेदारी, बीजेपी की दूसरी पारी, अबकी बार, फिर 300 के पार। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की ताकत बीजेपी के साथ है इसलिए बीजेपी को कोई हरा नहीं सकता। वोट कटवा लोगों से सावधान रहना है उनकी साजिश का शिकार ना होना है और ना अपनों को होने देना है। श्री मौर्य ने कहा कि आपके चेहरे की चमक बता रही है 2022 में कमल ही खिलेगा खिलकर रहेगा, भाजपा आप की पार्टी है यह किसी प्रदेश या परिवार की पार्टी नहीं है, इसका साधारण से साधारण कार्यकर्ता बड़े से बड़े पद पर पहुंचता है। बाकी सबको जाइए भूल, केवल याद रखे नरेंद्र मोदी और कमल का फूल, गुंडागर्दी ना भ्रष्टाचार, भाजपा देती है और देगी अच्छी सरकार। श्री मौर्य ने कहा कि पिछड़े वर्ग की ताकत भाजपा के साथ है जिस तरह से राम के साथ हनुमान और लक्ष्मण थे, उसी तरह से नरेंद्र मोदी के साथ पिछड़ा वर्ग की ताकत है। भाजपा मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को लेकर चलती है। गरीबों के हितों के लिएए सबसे अधिक काम पार्टी ने किया है। कुछ पार्टियां कुछ का विकास, कुछ का साथ की सोच के साथ काम करती है। सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन के प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत तथा प्रदेश मंत्री शंकर लोधी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष लोकेश प्रजापति तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया।

### सिंधु बार्डर पर दलित की हत्या के मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सिंधु बार्डर पर दलित की हुयी हत्या के मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। मायावती ने रविवार शाम ट्वीट किया इसमें कोई भी सन्देह नहीं है कि बीएसपी ने हमेशा सिखों के सभी सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों आदि को पूरा-पूरा आदर सम्मान दिया है और यह आदर सम्मान आगे भी हमेशा बना रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि लेकिन सिन्धु बॉर्डर पर एक दलित की हुई हत्या को लेकर इस मामले में अब जो कुछ गम्भीर बातें सामने आ रही हैं उसे खास ध्यान में रखकर अब इस प्रकरण की सीबीआई से जाँच होनी चाहिये, बीएसपी की केन्द्र सरकार से यह मांग।

### सपा मुलायम यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित किया। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष डॉ संजीव दुर्जन एवं अरविन्द यादव, महासचिव बंटी यादव, कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव सहित कल्लू गुर्जर, मोहम्मद जीशान अंसारी, अपर्णा चौहान, शैलेश श्रीवास्तव, हरिकेश यादव पहलवान, अमरेन्द्र यादव, अफ़ज़ल खान, मरम धिरूपति, जुबैर खां सोनू, अरूण सोनी, फरहान खान, फिरासत हुसैन गामा सहित अन्य पदाधिकारी मनोनीत हुये। इसके अतिरिक्त 6 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 26 राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत हुये।

# प्रदेश के 42 जिले कोरोना मुक्त

## ● 67 में नहीं मिले नए मरीज, प्रदेश में शेष बचे मात्र 119 कोरोना मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**कोरोना संक्रमण** पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। विगत 24 घंटे में हुई 1 लाख 41 हजार 543 सैम्पल की टेस्टिंग में 67 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। कुल 10 नए संक्रमित मरीज मिले, जबकि 19 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 119 रह गई है जबकि 16 लाख 87 हजार 11 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। इस बीच प्रदेश में 501 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को टीम 9 के साथ कोविड की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही संक्रमण को बढ़ाने का कारक बन सकती है। ऐसे में दूसरे प्रदेशों से उत्तर प्रदेश आ रहे लोगों को कोविड जांच की जानी जरूरी है। यूपी में महामारी काबू में हैं पर महाराष्ट्रए केरल और तमिलनाडु में कोरोना का कहर अब भी जारी है। बीते 24 घंटों का हाल देखें तो केरल में 7,955 और महाराष्ट्र में 1500 और तमिलनाडु में करीब 1233 नए कोरोना मरीज मिले, तो उत्तर प्रदेश में मात्र 10 नए केस पाए गए। करीब चौबीस करोड़ की आबादी वाले यूपी के 75 में से 42 जिलों में कोरोना का एक भी एक्टिव मरीज नहीं है जबकि 16 जिलों में 1.1 मरीज हैं वहीं केरल में 91 हजार एक्टिव केस हैं तो महाराष्ट्र में 30 हजार से अधिक कोरोना संक्रमित उपचाराधीन हैं। यूपी में पॉजिटिविटी दर शून्य फीसदी से भी कम होने के बाद भी हर दिन औसतन दो लाख कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। कोविड टेस्ट और टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो बचाव की दोनों जरूरी कोशिशों में यूपी पहले पायदान पर बना हुआ है। यहां अब तक 11 करोड़ 82 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 9 करोड़ 23 लाख से अधिक लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 63 फीसदी से ज्यादा है। 02 करोड़ 58 लाख से अधिक लोगों ने टीके की दोनों डोज ले ली है। दूसरे स्थान पर 9.13 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# यूपी को योगी नहीं योग्य सरकार चाहिएः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश को योगी नहीं योग्य सरकार चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी अब उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के लिए निकल चुकी है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की जनता वोटों से भाजपा सरकार की कुटाई करेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह बात रविवार को सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के समक्ष बसपा छोड़कर आये आरएस कुशवाहा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक, इं हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, पूर्व सांसद कादिर राणा समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। बसपा के उदय लाल मौर्य, पूर्व विधायक मधुसूदन कुशवाहा पूर्व प्रत्याशी बांदा, राम सेवक पाल एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय पाल महासभा, विजय कुशवाहा कुशवाहा महासभा, डॉ विमलेश गौतम पूर्व विधायक लखीमपुरखीरी, प्रेम सिंह कुशवाहा कानपुर, रोहित यादव प्रधान सहित महोबा, बांदा, बुंदेलखण्ड के सैकड़ों लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। अतुल आक्रोश दूबे, दिलीप मिश्रा, सुनील तिवारी एडवोकेट सहित इटावा, आगरा, औरैया के सैकड़ों कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता लिया। चौधरी अमरपाल सिंह एवं बिल्लू चौधरी पूर्व प्रमुख, कय्यूम चौधरी एवं शाकर अली पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रजनीश कटारिया, प्रवीण प्रजापति, महकार सिंह गुर्जर, रजनीश, अली हसन सहित सैकड़ों प्रधान, बीडीसी और पूर्व प्रधान सपा में शामिल हुए। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं मयंक श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन, पूर्व कैबिनेटमंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उपस्थित रहे।

### उपाध्यक्ष चुनाव से पहले बीजेपी ने दिया विधायकों को रात्रि भोज

**लखनऊ।** सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष के पद के लिए होने वाले चुनाव से पहले रविवार की रात विधान भवन स्थित सेंट्रल हॉल में बीजेपी ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों को रात्रिभोज दिया इस रात्रिभोज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना समेत सरकार के सभी मंत्री और विधायक मौजूद रहे तो वहीं बीजेपी संगठन की तरफ से चुनिंदा पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। इस चुनाव को लेकर दिलचस्प पहलू यह सामने आया है कि समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों के रूप में नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाया है यह साफ संकेत देता है सपा पिछड़ों का हिमायती बनने की पूरी कोशिश कर रही है या यूं कहा जाए कि समाजवादी पार्टी बीजेपी को सीधे तौर पर वॉक ओवर देना नहीं चाहती है क्योंकि अगर ऐसा होता तो विधानसभा चुनाव में सपा के ऊपर उसी के दल के लोग सवाल खड़ा करने लग जाएंगे।

**सपा में पदाधिकारी नामितः** लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मोहम्मद सोहेल आगरा, डॉ मोहक गुप्ता कानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी छात्र सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में डॉ नरेन्द्र सिंह धाकड़ आगरा को प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

VISTAAR FINANCE **विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि.**
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नंबर 59 एवं 60–23, 22वां क्रॉस, 29वां मेन बीटीएम द्वितीय स्टेज, बेंगलुरू–560076 www.vistaarfinance.com

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन सूचना

एतद्द्वारा विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. (वीएफएसपीएल) द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदारों ने विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. से सम्पत्ति के ऐवज में ऋण प्राप्त किया था और अपने ऋण की समीकृत मासिक किश्तों (ईएमआई'ज) का भुगतान करने में असफल रहे और कि उनका ऋण खाता भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्तियों के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। कर्जदारों ने ऋण के निमित्त अचल सम्पत्ति की प्रतिभूति उपलब्ध करवाई है, जिसका विस्तृत विवरण यहां नीचे दिया गया है। ऋण और कर्जदार द्वारा विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. को देय बकाया राशियों का विस्तृत विवरण भी नीचे निदर्शित किया गया है। एतद्द्वारा कर्जदारों और सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि., प्रतिभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी निम्नलिखित कर्जदारों के विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही आरंभ कर दी है। यदि निम्नलिखित कर्जदार उनके नामों के सामने निदर्शित बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के 60 (साठ) दिन के भीतर, आगे ब्याज और अन्य प्रभार, यदि कोई, सहित करने में असफल रहेंगे, तो अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसको सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग किया जाएगा, जिसमें सम्पत्ति का कब्जा लेना और उसको बेचना शामिल है। सर्वसाधारण को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने की सलाह दी जाती है।

| खाता सं. | कर्जदारों और सह–कर्जदारों का नाम | कुल बकाया ऋण राशि (भारतीय रू. में) | कुल बकाया ऋण राशि तिथि तक |
|---|---|---|---|
| 0199एसबी एमएल00893 | 1. श्री/श्रीमती संतोष कुमार<br>2. श्री/श्रीमती कंचन देवी | रू. 21,57,525/- | 05–09–2021 |

प्रतिभूत आस्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड —अचल सम्पत्ति प्लॉट का एक भाग अराजी नंबर 1742 एवं 1744 मास्टर कालोनी दादिया पुरा, तहसील ओर जिला झांसी, परिमाप 76.06 वर्ग मीटर। पूरब : 15 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : गुप्ता जी का मकान, उत्तर : संतोष कुमार का प्लॉट, दक्षिण : गुप्ता जी का प्लॉट एवं साहूजी का प्लॉट, अन्य प्लॉट अराजी नंबर 1742 एवं 1744 मास्टर कालोनी दादिया पुरा, तहसील ओर जिला झांसी, परिमाप 76.06 वर्ग मीटर। पूरब : 15 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : गुप्ता जी का मकान, उत्तर : कमलेश गुप्ता का प्लॉट, दक्षिण : गुप्ता जी का मकान।

तिथि : 18–10–2021 वास्ते विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि.
स्थान : झांसी प्राधिकृत अधिकारी

# नितिन अग्रवाल और नरेंद्र वर्मा ने दाखिल किया नामांकन

## ● विधानसभा उपाध्यक्ष पद का चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र विधानसभा** उपाध्यक्ष का चुनाव अब रोचक हो गया है। रविवार को नामांकन के दिन बीजेपी समर्थित उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने पर्चा दाखिल किया तो वहीं सपा ने अपने प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा का नामांकन दाखिल कराया। नितिन अग्रवाल ने नामांकन के समय सीएम योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना समेत सरकार और संगठन के कई मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विधानसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि सपा ने परम्परा को तोड़ा है। भाजपा ने तो सपा के विधायक को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए तैयार है। सपा संख्या बल कम होने के बाद भी इस चुनाव में भाजपा को वॉकओवर देने के मूड में नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति के बाद पार्टी की ओर से सीतापुर के महमूदाबाद से विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा को उपाध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित किया गया था। सोमवार को सुबह 11 बजे से मतदान होगा। जिलावार विधायकों को मतदान के लिए बुलाया जाएगा। मतपत्र से मतदान किया जाएगा।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने बताया कि मतदान सोमवार को होगा। परंपरागत तौर पर मुख्य विपक्षी दल के विधायक को ही विधान सभा उपाध्यक्ष बनाया जाता रहा है लेकिन बीजेपी ने सपा के बागी विधायक नितिन अग्रवाल को समर्थन दिया है। नितिन अग्रवाल के पिता एवं पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे। दोनों उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र रविवार को विधान भवन में दाखिल किया। पत्रकारों से बात करते हुए नितिन ने कहा कि उन्होंने चार सेट नामांकन पत्र दाखिल किया है और जिन लोगों ने मेरा नाम प्रस्तावित किया है उनमें राकेश सिंह हरचंदपुर से कांग्रेस विधायक, अनिल सिंह पुरवा से बसपा विधायक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, राज्य मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार और विधायक राजपाल वर्मा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद वह संविधान के प्रावधानों के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। औपचारिक रूप से भाजपा में उनका शामिल होना अभी बाकी है।

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

**NOTICE**
We Ashutosh Nandan Shukla & Suman Shukla have lost the our 5 original receipts i.e GDN/CRB/00225/0814, GDN/CRB/00083/1114, GDN/CRB/00098/1016, GDN/CRB/00099/1016, GDN/CRB/00002/0217 issued by DLF Limited against the payment of plot no A-187 in Garden City, Lucknow. If found please contact 7905907902

**आवश्यकता है**

**सरदार पटेल डिग्री कालेज बरगदवा कोपिया, संतकबीरनगर**
**आवश्यकता है**
सरदार पटेल डिग्री कालेज बरगदवा कोपिया, संतकबीरनगर में एम0ए0 समाजशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र विषय हेतु तीन–तीन प्रवक्ताओं की। अर्हता एवं वेतन यू0जी0सी0 गाइड लाइन के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।
**रामरक्षा चौधरी, प्रबंधक**

**आवश्यकता है**

**श्री मुनई यादव सोमना देवी महिला महाविद्यालय हुजुरा सुहावां, संतकबीरनगर**
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु एक (01) प्राचार्य तथा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं गृह विज्ञान विषयों में प्रत्येक विषय हेतु एक–एक (01) प्रवक्ता की।
**योग्यता** :– यू.जी.सी. एवं सिद्वार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्वार्थनगर के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।
**जगराम यादव, प्रबंधक**
**मो0न0–9721202150, 9450354395**

सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल ॲसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए. की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता क्र.HHLNOI00441488<br>1. सुनिल कुमार सिंह<br>2. मंजु सिंह<br>3. धीरज कुमार सिंह<br>4. शालिनी<br>5. एस.एस.गुसैन | फ्लैट नं.206, दुसरी मंजिल, टॉवर पी, स्टेलर जीवन, प्लॉट नं.जीएच -03, सेक्टर 1, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), नोएडा, उत्तर प्रदेश -201307 | 24.06.2021 | रू.29,62,803 /- (रूपये उनतीस लाख बासठ हजार आठ सौ तीन और सड़सठ पैसे मात्र) 24.06.2021 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है
उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार ,'' कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की विक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता ''
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है।

स्थान: नोएडा/कासगंज/गौतमबुद्ध नगर

प्राधिकृत अधिकारी
कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# पोते को कमरे में बंद कर दादी की हत्या

**● पारा के कांशी राम कॉलोनी में हुई वारदात परचून की दुकान चलाती थी मृतका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में दुस्साहसिक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। पारा थाना क्षेत्र के हंस खेड़ा स्थित कांशी राम कॉलोनी में बदमाशों ने शनिवार की देर रात घर में घुसकर पोते को कमरे में बंद कर 60 वर्षीय सरोज का किसी भारी वस्तु से वारकर कत्ल कर दिया।मामले की जानकारी रविवार सुबह तब हुई जब एक पड़ोसी कमरे के पास गया। यह माजरा देख पड़ोसी ने बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट स्थित काशीपुर गांव निवासी बेटे राधेश्याम को दी। राधेश्याम से इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्क्रायड व फिंगर प्रिंट दस्ते के साथ छानबीन की। पुलिस ने लूटपाट की घटना से इन्कार करते हुए हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। हत्या करने का शक किसी करीबियों पर गहरा रहा है। पुलिस संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।मूल रूप से बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी 60 वर्षीय सरोज करीब 12 साल से कांशीराम कॉलोनी में कमरा नंबर 66-4 में अपने 6 वर्षीय पोते रौनक के साथ रहती थी और, मकान के बाहर गुमटी रखकर पान मसाले बेचती थी। जबकि बेटा राधेश्याम गांव में परिवार के साथ रहते हैं।

बताया गया कि रोज की तरह शनिवार की शाम सरोज दुकान बंद कर खाना खाने के बाद पोते रौनक के साथ घर में सो रही थी। रविवार सुबह देर तक सरोज घर बाहर नहीं निकली तो पड़ोस में रहने वाले एक शख्स जानकारी लेने गया तो दंग रह गया।

देखा कि सरोज का खून से लथपथ शव कमरे में फर्श पर पड़ा है और एक कमरे में उनका पोता बिलख रहा था। आनन फानन में पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा खोलकर पोते को बाहर निकाल कर इसकी सूचना सरोज के बेटे राधेश्याम को दी।

सरोज के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार करने के निशान थे और कमरे में जगह जगह खून फैले हुए थे। सरोज की हत्या की खबर मिलते ही लोगों का जमावड़ा लग गया। मां की दशा देख मौके पर पहुंचे राधेश्याम ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्क्रायड व फिंगर प्रिंट दस्ते के साथ छानबीन कीए लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि बुजुर्ग सरोज की जान किसने और क्यों ली।जांच-पड़ताल के बाद पुलिस प्रथम दृष्टया किसी जानने वालों पर हत्या किए जाने की आशंका जता रही है। कातिलों की तलाश में जुटी पुलिस फिलहाल कई दिशाओं में जांच पड़ताल कर रही है।पोते ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल से दो लोग आए और दादी से झगड़ा करने लगे तो वह रोने लगा इस पर दोनों ने मुझे कमरे में बंद कर दिया। दादी की चीख पुकार सुनकर वह सहम गया। बदमाश बुजुर्ग सरोज को बेरहमी से मौत के घाट उतारने के बाद भाग निकले।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**निगोहां।** रामदासपुर गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में मिला, शव पड़ा देख ग्रामीणों ने निगोहा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मृतका गांव में अकेले रह रही थी। क्षेत्र के रामदासपुर गांव की रहने वाली मायका देवी और उसके पति मैकूलाल में काफी समय से अनबन होने के चलते पति बछरावां सेहंगों स्थित अपनी ससुराल में रह रहा है। मायका देवी 59 घर पर अकेली रहती थी। जिनसे चार बेटियां है जिनका विवाह हो चुका है। रविवार सुबह मायका देवी का शव गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बेटियों और पति को सूचना दी जिसके बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। वही मौके पर पहुंची बेटियां बेलापती, तारावती, सोना व गुड़िया के मुताबिक उनके पिता ससुराल में रहते है उनका एक भाई राजेश था जिसकी 10 वर्ष पूर्व हत्या कर दी गई थी। बेटे के ना रहने के बाद पिता ने पैतृक भूमि को अपने ससुरालीजनो के नाम कर दिया है। जिसको लेकर काफी दिनों से माता पिता में अनबन चल रही थी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय पीजी प्रोवीजनल की कम्प्लीट मेरिट सूची जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय की तरफ से रविवार को सत्र 2021-22 की परास्नातक 2021 प्रवेश के अंतर्गत कई विषयों की प्रोवीजनल कम्प्लीट मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अपलोड कर दी गई है। इनमे भूगर्भ, गणित, स्टेटिक्स, फोरेंसिक साइंस, एमआईएच, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, समाजशास्त्र, एंथ्रोपोलॉजी, बीएलआइएससी, अर्थशास्त्र, एजुकेशन, इंग्लिश, जियोग्राफी, होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एलएलबी, एमकॉम, एमएलआईएससी, बॉटनी व डीफार्मा शामिल है। उपरोक्त विषयों में उपलब्ध परास्नातक सीटों के सापेक्ष मेरिट के अनुसार सीट एलाटमेंट दिनांक 20 अक्टूबर से अभ्यर्थियों के लागइन पर उपलब्ध हो जाएँगे।

# परीक्षार्थियों को ढूंढे नहीं मिले सेंटर, कइयों की छूटी परीक्षा

**● जूनियर हाईस्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र पर शार्ट कट में केंद्र का पता लिखा होने से हुई परेशानी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**परीक्षा** नियामक प्राधिकारी प्रयागराज की ओर से रविवार को राजधानी में सम्पन्न कराई गई जूनियर हाईस्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक चयन परीक्षा 2021 कई अभ्यर्थियों को भारी पड़ गई। परीक्षा देने आए कई अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर केंद्र का पता शार्ट कट में लिखा होने के चलते कानपुर रोड से महानगर तक दौड़ लगानी पड़ी, जिसके चलते काफी लोगों की परीक्षा छूट गई। राजधानी के 73 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। पहली पाली में सुबह 10 से 12.30 बजे तक सहायक अध्यापक के पदों के लिए अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 37,429 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जबकि दोपहर की पाली में दो से तीन बजे तक 2459 अभ्यर्थियों ने छह केंद्रों पर परीक्षा दी।

सुल्तानपुर से सुबह की पाली में सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा देने आए रमेश श्रीवास्तव के प्रवेश पत्र पर केंद्र का नाम न्यू पब्लिक इंटर कालेज के रोड लखनऊ लिखा था। रमेश ने बताया कि वह गूगल के माध्यम से पता लगाते हुए महानगर पहुंचे। लेकिन इस नाम का सेंटर नहीं मिला। फिर उन्हें बताया गया कि शादाब कालोनी सेक्टर सी महानगर में है। वहां गए तो दूसरा सेंटर मिला। फिर पता लगाते हुए कल्याणपुर कुर्सी रोड पहुंच गए। वहां न्यू पब्लिक एकेडमी के नाम से स्कूल था। लिहाजा केंद्र न मिलने की वजह से उनकी परीक्षा छूट गई। कानपुर से आई रिद्धिमा ने बताया कि उनके प्रवेश पत्र पर केंद्र का नाम शॉर्टकट में लिखा होने से उन्हें काफी दिक्कत हुई। जब तक वह अपने सेंटर पर पहुंचती उसके आधे घण्टे पूर्व परीक्षा शुरू हो गई थी। इसलिए वह परीक्षा में नहीं शामिल हो सकी। वहीं परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से केंद्र पर अभ्यर्थियों को मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र भी लेकर भी काफी दिक्कतें हुईं। अभ्यर्थियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति, प्रशिक्षण योग्यता का मूल प्रमाण पत्र व अंतिम सेमेस्टर की जारी अंकपत्र की मूल प्रति या उच्च प्राथमिक स्तर के उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा या केंद्रीय शिक्षक पात्रता का मूल प्रमाण पत्र में से कोई एक लेकर आना था। गोमती नगर, खुर्रमनगर सहित कई जगह से केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों के पास मूल प्रमाण पत्र नहीं था।

### प्रयागराज में काटजू इंटर कालेज के प्रिंसिपल व सहायक अध्यापक गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने वित्तीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2021 की परीक्षा में पेपर आउट कराकर साल्वर के माध्यम से नकल कराने वाले डॉ केएन काटजू इण्टर कालेज के प्रिंसिपल राम नयन द्विवेदी व सहायक अध्यापक अशोक तिवारी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। इस मामले मे आकाश (वाईस प्रिंसिपल, डॉ केएन काटजू इण्टर कालेज) अनुग्रह उर्फछोटू (गिरफ्तार प्रिंसिपल का पुत्र), वीरेन्द्र कुमार (साल्वर) और आकांक्षा द्विवेदी (अभ्यर्थिनी गिरफ्तार प्रिंसिपल राम नयन द्विवेदी की पुत्री) फरार चल रहे हैं।रविवार को पूरे प्रदेश में वित्तीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2021 की परीक्षा के अन्तर्गत दो पालियों में आफलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही थी। उक्त परीक्षा में विभिन्न तरीकों से परीक्षा की सुचिता में सेंध लगाने वाले और प्रश्न पत्रों को आउट कराने वाले गिरोहों की धर पकड़ के लिए एसटीएफ सूचनाएं एकत्रित कर रही थी। मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि काटजू इण्टर कालेज के प्रिंसिंपल व एक सहायक अध्यापक द्वारा ही परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर को व्हाटसअप के जरिये आउट कराया जाएगा। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर एसटीएफ की टीम द्वारा जब काटजू इण्टर कालेज में पहुँचकर प्रिसिंपल राम नयन द्विवेदी और सहायक अध्यापक अशोक तिवारी से पूछताछ कर उनके मोबाइल फोन को चेक किया गया तो सहायक अध्यापक अशोक तिवारी के व्हाटसप से समय 9:37 उक्त परीक्षा के पेपर को सेंड किया गया था। सुनिश्चित हो जाने पर कि उक्त परीक्षा के पेपर को व्हाटसअप के जरिये आउट कराया गया है, कालेज के प्रिंसिपल व सहायक अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ करने पर अभियुक्त राम नयन द्विवेदी द्वारा बताया गया कि उक्त परीक्षा में उसकी बेटी आकांक्षा द्विवेदी भी (अभ्यर्थिनी) है, जिसकी परीक्षा भारत स्काउट एण्ड गाइड इण्टर कालेज प्रयागराज के केन्द्र पर है। प्रिंसिपल द्वारा अपनी बेटी को ही व्हाटसअप के जरिये अवैध तरीके से पेपर आउट कराकर साल्वर के माध्यम से नकल कराकर परीक्षा पास कराने के लिए अपने ही विद्यालय के सहायक अध्यापक अशोक तिवारी को कहा गया था। प्रिंसिपल के कहने पर ही अशोक तिवारी द्वारा प्रश्नपत्र का फोटो लेकर अपने मोबाइल फोन के व्हाटसअप से इसी कालेज के वाईस प्रिंसिपल आकाश खरे तथा प्रिंसिपल के लड़के अनुग्रह द्विवेदी उर्फछोटू को सुबह 9:37 पर सेंड किया गया।



शाहनजफरोड स्थित एक होटल में इसी का नाम जिंदगी संस्था की ओर से करवा उत्सव मनाती महिलाएं

## हादसे या दुर्घटना का शिकार हुए बच्चे को कभी न पिलाएं पानी

**लखनऊ।** किसी हादसे या दुर्घटना का शिकार हुआ बच्चा बेहोश हो जाये तो उसे होश में लाने के लिए पानी न दें। बच्चे को किसी बड़े अस्पताल या ट्रामा सेंटर ले जाएं, जिससे डाइग्नोस कर बच्चे को उचित इलाज उपलब्ध कराया जा सके। इससे बच्चों की मौत में 25 फीसद कमी लाई जा सकती है। यह जानकारी रविवार को विश्व ट्रामा दिवस पर केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक विभाग प्रमुख प्रो अजय सिंह ने दी है। डॉ सिंह ने कहा कि चोटिल बच्चे को छह से आठ घण्टे में इलाज मिल जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बच्चा जल जाए अथवा झुलस जाए तो जले हुए भाग पर ठंडा पानी डालना चाहिए। यदि फफोले पड़ गए हो तो उसे कतई फोड़ना नहीं चाहिए।

## तीन शोहदों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता। निगोहां

**शराब** के नशे में धुत होकर सरेराह महिलाओ से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले तीन शोहदो पर नगराम पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुये रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर मो0शमीम ने बताया बीते क ई दिनो से थाना क्षेत्र के अलग.अलग गांवो में शराब के नशे में धुत शोहदो द्वारा सरेराह महिलाओ से छेड़छाड़ सहित मारपीट की सूचना मिल रही थी जिसके बाद पुलिस टीमो को लगाकर तीन शोहदो हरीराम निवासी गौरियाखुर्दएदुखी उर्फ राजदीप निवासी नवीनगरएओला उर्फ संदीप निवासी असलीगढी को गिरफ्तार किया गया।जिसके बाद तीनो के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## साफ्टवेयर की गड़बड़ी ठीक होने से छात्रों को राहत

**● एकेटीयू की केंद्रीय प्रवेश समिति ने फर्स्ट राउंड के छात्रों के सीटों का आवंटन जारी किया**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साफ्टवेयर** की गड़बड़ी के चलते पिछले कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध रविवार को खत्म हो गया। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश समिति ने रात्रि में ही फर्स्ट राउंड की काउंसलिंग के स्टूडेंट्स को सीट आवंटन जारी कर दिया।

विवि के सम्बद्ध संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यकर्मों में प्रवेश के लिए आयोजित यूपीसीईटी 2021 कॉउंसलिंग केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक आज विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल की अध्यक्षता में ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में स्थगित काउन्सलिंग को पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय लेते हुए प्रथम चरण के संशोधित सीट आवंटन को आज रात में घोषित करने का निर्णय लिया गया। यूपीसीईटी 2021 के समन्वयक प्रो अरुण तिवारी ने बताया कि प्रथम चरण में आवंटित लगभग 20 हजार आवंटन किये गए थे। इसमें 178 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनके सीट आवंटन परिणाम में परिवर्तन हुआ है। प्रथम चरण के अभ्यर्थी दिनांक 20 अक्टूबर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करके सीट फ्रीज, फ्लोट और विड्रा कर सकते हैं। बैठक में कुलपति प्रो विनीत कंसलए विशेष सचिव वित्त ओपी द्विवेदी, विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा सुनील कुमार, विवि के कुलसचिव नंद लाल सिंह, प्रो मनीष गौड़, उप कुलसचिव डॉ आरके सिंह, उप समंवयक डॉ पुष्कर त्रिपाठी, शुभी पांडेय एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मच्छरजनित स्थितियां मिलने पर 17 घरों को दिया गया नोटिस

**लखनऊ।** जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा आज चिनहट प्रथम, इस्माइलगंज प्रथम, शारदानगर प्रथम, विद्यावती तृतीय, त्रिवेणीनगर प्रथम, राजाजीपुरम, हुसैनाबाद वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली करके साफ कपडे से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बाह के कपडे पहननेए बच्चों को घर से बाहर न निकलने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें, सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। आज कुल 1071 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 17 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया।




राजधानी में रविवार को हुई जोरदार बारिश से सड़क पर लोग इस तरह सिर छुपाने को हुए मजबूर

# कमरे में मिला युवक का पांच दिन पुराना शव

**● प्रथम दृष्टया पुलिस ने जताई करंट से मौत की आशंका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आशियाना** थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रविवार को उसका शव कमरे में पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है, जबकि स्थानीय लोगों में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ़ हो जायेगा कि मौत कैसे हुई है।

आशियाना के औरंगाबाद बाद निवासी राकेश ने बताया कि उसका 30 वर्षीय साला रवीन्द्र लोधी अविवाहित था और आशियाना क्षेत्र स्थित ख़्वाजा पुर में अकेले रहता था। राकेश ने पुलिस को बताया कि कई दिनों से मुलाकात न होने पर वह ख़्वाजा पुर स्थित अपने साले की खैरियत लेने पहुंचे तो देखा कि दरवाजा बंद था। राकेश ने दरवाजा खोलकर देखा तो दंग रह गया। साले का शव कमरे में पड़ा था।

मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर बताया कि शव के पास हीटर था और उसका तार बदन में चिपका था। पुलिस के मुताबिक इससे प्रतीत होता है कि रवीन्द्र की मौत करंट लगने से हुई है। पुलिस का कहना है कि शव के हालात देखकर आशंका जताई जा रही है कि चार-पांच दिन पहले मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# जिलाधिकारी ने लिया दीपावली मेले की तैयारियों का जायजा

**● झूलेलाल पार्क में 28 अक्टूबर से शुरू होगा मेला, होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीपावली** को देखते हुए झूलेलाल मैदान में मेले का आयोजन किया जाएगा। दीपावली मेला 28 अक्टूबर से शुरू होगा। दीपावली मेले का निरीक्षण करने जिलाधिकारी झूलेलाल मैदान पहुँचे। दीपावली मेले के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कराने के लिए नगर आयुक्त सहित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड ज़ोन, बच्चों के लिए इंटरटेनमेंट जोन का आयोजन किया जाएगा।रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने दीपावली मेले का निरीक्षण करने झूलेलाल मैदान पहुँचे। झूलेलाल पार्क पहुँच कर जिलाधिकारी और नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने सभी



व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। यहां परम्परागत रूप से दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनमानस द्वारा घरेलू उपयोग की विभिन्न का क्रय किया जाता है। साथ ही त्यौहार के अवसर को उल्लासपूर्वक बनाए जाने के परिपेक्ष्य में स्थानीय स्तर पर विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियां कियान्वित होती हैं। जिसके सम्बन्ध में शासन के निर्देशानुसार जनपद लखनऊ में आगामी 28 अक्टूबर से दीपावली मेले का आयोजन होना है। इसके बाद जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुँचे और दीपावली मेले के आयोजन के सम्बंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मेले का आयोजन 28 अक्टूबर से करने का निर्देश दिए। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड ज़ोन, बच्चों के लिए इंटरटेनमेंट जोन का आयोजन किया जाएगा। मेले का मूल अंतनिर्हित उद्देश्य के तहत पथ विक्रेताओं को मेला अवधि में अपनी आय बढ़ाए जाने के तहत अधिकाधिक सामग्री, वस्तुओं के विक्रय किये जाने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर अधिकाधिक संख्या में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पंजीकृत, ऋण ग्राही स्ट्रीट वेंडर्स को सामग्री विक्रय करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दीपावली मेले मे पटरी, रेहड़ी विक्रेताओं को अपनी आय बढ़ाने के लिए एक उपयुक्त प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती, लखनऊ विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेल्फी प्वाइंट बनाने की होगी व्यवस्था

**बैठक** में मेले को अधिक से अधिक आकर्षक बनाने को लेकर भी विचार विमर्श हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाए और सेल्फी प्वाइंट बनाने की भी व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मेले में कवि सम्मेलन, मुशायरा, मैजिक शोए टैलेंट शो, फॉक नाइट, म्यूज़िक बैंड शो का आयोजन कराने के सम्बंध में भी विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त मेले में स्वयं सहायता समूहों, ओडीओपी व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के स्टाल भी लगाए जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना व अन्य योजनाओं के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से 5 बैंको के भी स्टाल लगाने की व्यवस्था कराई जाएगी।

### वैक्सिनेशन कैम्प लगाने की होगी व्यवस्था

**मेले** में 2 कोविड वैक्सिनेशन कैम्प लगाने की व्यवस्था को भी किया। मेले लगे वैक्सिनेशन कैम्प में वैक्सिनेशन दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। साथ ही निर्देश दिया कि मेले के मद्देनजर कोविड हेल्पडेस्क, प्राथमिक उपचार कैम्प की व्यवस्था को भी किया जाए। सभी विभाग अपने अपने कार्यो में लग जाए और 26 अक्टूबर तक सभी व्यवस्थाओ को पूर्ण कर ले।

### एलडीए कराएगा लाइटिंग

**जिलाधिकारी** ने लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि मेला स्थल पर लाइटिंग की व्यवस्था को करा लिया जाए। नगर निगम को निर्देश दिया कि स्थल पर जहां जहाँ आवश्यकता है वहां वहां बैरिकेडिंग की व्यवस्था को कराया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि मेला स्थल पर पर्याप्त साफसफाई की व्यवस्था को निश्चित कराया जाए।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 5943 मरीजों को मिला उपचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम जनता** को नजदीक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने को लेकर शुरू किए गए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया। स्वास्थ्य मेले के दौरान कुल 5943 मरीजों को इसका लाभ मिला।

आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी डा विवेक दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में कुल 5943 मरीज पंजीकृत हुए। जिसमें पुरुष मरीज 2305, महिला मरीज 2850 व 788 बच्चे थे। इस अवसर पर 95 आयुष्मान कार्ड बने। आरोग्य मेले का आयोजन कोविड से बचाव के सभी प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा है साथ ही 267 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। इस मेले के माध्यम से गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श और जरूरी सेवाएंए परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके फायदे भी बताये जा रहे हैं। ओपीडी सेवाओं के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांचए उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ दी जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही गोल्डन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इन मेलों के द्वारा पूर्ण टीकाकरण, उसके बारे में परामर्श दिया जा रहा है। बच्चों में डायरिया व न्यूमोनिया के रोकथामए बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके अलावा कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है ।

## लखबीर सिंह हत्याकांड में किसान यूनियन की भूमिका की हो जांचः डा. निर्मल

**लखनऊ।** सिन्धु बार्डर पर खेतिहर मजदूर लखबीर सिंह की बर्बर हत्या पर उप्रअनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डा लालजी प्रसाद निर्मल ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि चूँकि यह घटना किसान यूनियन मंच के सामने हुई है। अत: किसान यूनियन की इस हत्या में संलिप्तता के बिन्दु पर भी जांच की जानी चाहिए। डा निर्मल ने कहा कि इस हत्याकांड से पूरे देश के दलित मर्माहत हैं और इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को शीघ्र सजा दी जानी चाहिए। देर रात्रि पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा लखबीर सिंह का शव जलवाये जाने की घटना की निन्दा करते हुए डा निर्मल ने कहा है कि परिवार वालों को लखबीर सिंह के पार्थिव शरीर का दर्शन नहीं करने दिया गया और डीजल छिड़ककर रात्रि में ही शव जला दिया गया जो अत्यन्त बर्बर है और हिन्दू रीति के विरूद्ध है। कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा। इस भयावह दलित हत्याकांड में समाजवादी पार्टी, अपना दल और तथाकथित बुद्धिजीवियों की खामोशी की निन्दा करते हुए डा निर्मल ने कहा कि इन दलों की दलितों के प्रति कोई संवेदना नहीं है ये केवल राजनैतिक फायदा नुकसान देखकर दलित संदर्भों को उठाते हैं।

## जी जान से जुट जाएं, प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनानी हैः प्रांशु द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बीजेपी युवा मोर्चा की अवध क्षेत्र की कार्य समिति

**बीजेपी** युवा मोर्चा अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्य समिति को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी ने कहा कि योगी सरकार बनाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान था। उसी प्रकार 2022 के विधान सभा चुनाव में भी कड़ी मेहनत करके पुन: एक बार उप्र में भाजपा की सरकार बनानी है। बीजेपी एकमात्र पार्टी है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। सपा, बसपा और कांग्रेस की तरह नहीं कि जो मात्र एक परिवार की पार्टी हैं और उनमें से हीं कोई मुख्यमंत्री कोई प्रदेश अध्यक्ष और कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पहले पाकिस्तान निरंतर हमारे देश में आतंकवादी गतिविधियों कराता रहता था और हमारी सरकार उन्हें कोई जवाब नहीं देते थे। मोदी सरकार बनने के बाद में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया। स्ट्राइक के बाद पूरी दुनिया में भारत का लोहा माना, पिछली सरकारों में देश में कहीं भी आतंकवादी गतिविधियां हो जाती थी परंतु मोदी सरकार ने इन आतंकवादियों घटनाओं पर रोक लगाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 हटाया और देश में कही खून की एक बूंद भी नहीं गिरी यह हमारे राजनीतिक इच्छाशक्ति को ही दर्शाता है। उसी प्रकार योगी सरकार ने अराजकता भरे उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ते पर लाने का काम किया और गुंडों-माफियाओं को प्रदेश छोड़ने या जेल में जान जाने पर मजबूर कर दिया है। आज प्रदेश में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था उपलब्ध है आपको ज्ञात होगा कि पिछली सरकार में मात्र इटावा और रायबरेली में ही 24 घंटे लाइट आया करती थी जिस जिलों को दो परिवारों का गढ़ कहा जाता था, आज प्रदेश के हर जिले में लाइट की आपूर्ति सुचारू रूप से बराबर से पहुंचाने का काम हो रहा है। करोना काल में योगी सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को आज पूरी दुनिया लोहा मान रही है और उनके द्वारा उठाए गए कदमों को डब्ल्यूएचओ जैसी मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा सराहा भी गया है। मीडिया प्रभारी खुर्शीद आलम ने बताया कि कार्यसमिति को प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या, क्षेत्रीय अध्यक्ष शेषनारायण मिश्रा, युवा मोर्चा की सह प्रभारी अर्चना मिश्रा, प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने अलग अलग सत्रों को संबोधित किया।

## समाजवादी पार्टी के नेता कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं संगठन प्रभारी दिनेश सिंह, मीडिया संयोजक अशोक सिंह और चौधरी सुनील कुमार के समक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड बाराबंकी के जिला उपाध्यक्ष दिशान्त वर्मा ने अपने सैकड़ों युवा समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से राकेश वर्मा, तहसीलदार वर्मा, संजय वर्मा, प्रेमसागर वर्मा आदि लोगों ने सदस्यता ली। इस मौके पर संगठन प्रभारी दिनेश सिंह ने दिशान्त वर्मा और उनके साथियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह युवाओं का रुझान कांग्रेस पार्टी की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है और भारी संख्या में युवा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैए उससे यह साफहोता है कि गैर कांग्रेसी दलों विशेषकर सत्तरुढ़ दल भाजपा से युवाओं का पूरी तरह से मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि दिशान्त वर्मा के पार्टी में शामिल होने से निश्चित तौर पर कांग्रेस संगठन को ताकत मिलेगी।

## सपा युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी युवजन सभा की 51 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित कर दी गई है जिसमें मोहम्मद फहद अध्यक्ष उदय प्रकाश यादव महासचिव और शांतनु प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में 4 उपाध्यक्ष वरूण यादव, कृष्ण कुमार पटेल, संतोष यादव तथा प्रकाश नरायण झा नामित हुए हैं। समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 13 सचिव और 31 सदस्य बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में 10 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। इनके अतिरिक्त 6 महिला पदाधिकारी भी नामित हैं जिनमें अपूर्वा वर्मा उपाध्यक्ष तथा नेहा आनंद, अंजलि चौरसिया, जाह्नवी पाण्डेय निधि, अन्नू यादव एवं निशा दुबे को सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर 51 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अतिरिक्त 48 सचिव भी नामित किए गए है।

## सपा अम्बेडकर वाहिनी भाजपा को सत्ता से बाहर करेगीः मिठाई लाल

**लखनऊ।** समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने रविवार को हजरतगंज में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मिठाई लाल भारती ने कहा कि समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी बाबा साहब के आंदोलन को तीव्र गति देते हुए जनता में जागरूकता फैलाएगी और संविधान विरोधी भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री दयाराम पाल, केके गौतम, सर्वेश अम्बेडकर, व्यासजी गौड़, चन्दशेखर चौधरी, नाहिद लारी खान, राजेश प्रताप, लालजी राम, शुभ नारायण, चन्द्रकांता साहू, सरोजनी अम्बेडकर, डॉ नीलम चौधरी, वीरेन्द्र पाल सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## 15 लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**निगोहां।** नगराम पुलिस ने रविवार को अवैध देशी शराब बनाने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर भजाखेड़ा व अमवामूर्तजापुर गांवो में छापेमारी कर सौ किलो लहन नष्ट करने के साथ दो को 15 ली अवैध देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.इंस्पेक्टर मो शमीम खान ने बताया रविवार को अवैध कच्ची शराब बनाने वालो के खिलाफ पुलिस टीम के साथ अभियान चलाकर भजाखेड़ा गांव में छापेमारी कर गौतम को 10 ली अवैध देशी शराब व अमवामूर्तजापुर गांव में छापेमारी कर रवि को पांच ली अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## महंगाई ने महिलाओं का बजट बिगाड़ दिया

**लखनऊ।** राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर कैंपवेल रोड स्थित एसएस मैरिज हॉल में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संस्था के महासचिव मोहम्मद हनीफ खान ने कहा कि घटती आमदनी के बीच बढ़ती हुई महंगाई ने महिलाओं का बजट बिगाड़ दिया है।

## भाजपा के पूर्व पदाधिकारी समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय की अध्यक्षता में व लखनऊ युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित तिवारी के नेतृत्व में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पदाधिकारी दीपक पाण्डेय बड़ी संख्या में युवाओं के साथ युवा कांग्रेस में शामिल हुए।

इस संगठन विस्तार कार्यक्रम में शहर उपाध्यक्ष के डी अवस्थी व युवा कांग्रेस लखनऊ प्रभारी प्रदेश सह सचिव देवांश तिवारी, प्रदेश महासचिव शिवम त्रिपाठी, प्रदेश सचिव मुकेश अवस्थी, लखनऊ जिलाउपाध्यक्ष फरहान जिला महासचिव अभय अवस्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस के प्रदेश संगठन सह प्रभारी-प्रदेश प्रवक्ता वर्चस्व पाण्डेय ने किया।

## नेत्रहीन से वसूली करने वाला सूदखोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** नेत्रहीन शख्स को फ्रिज दिलाने के नाम पर फंसाकर सूद वसूलने वाले जालसाज सूदखोर कवलजीत सिंह उर्फ बिल्लू सरदार को हसनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर यशकांत सिंह ने बताया कि डालीगंज के बरौलिया में दिवाकर बाजपेई आंखों से विकलांग हैं। घरेलू उपयोग के लिए उन्हें वर्ष 2017 में एक फ्रिज की जरूरत थी। लिहाजा उन्होंने कुतुबपुर में रहने वाले कवलजीत उर्फ बिल्लू सरदार से फोन पर सम्पर्क किया था। कंवलजीत ने परिचित के यहां से कम कीमत पर किश्तों में फ्रिज दिलाने की बात कही। इसके बाद कवलजीत उन्हें साथ लेकर रुची इलेक्ट्रानिक्स अलीगंज ले गया। वहां 6500 रुपये नकद व 1533 की आठ किश्तों पर फ्रिज तय कराया। दिवाकर ने 6500 रुपये फ्रिज लेते वक्त व 1533 रुपये किश्त के नकद कवलजीत को दिये। मई 2017 में कवलजीत ने कहा कि आपने फ्रिज के रुपये नहीं दिये हैं। फ्रिज मेरे नाम का है इसलिए आप मुझे 2500 रुपये ब्याॅज प्रतिमाह देंगे। दिवाकर ने 30 माह तक 2500 रुपये प्रतिमाह दिया। करीब 76 हजार रुपये लेने के बाद भी कवलजीत व उनके गुण्डे लगातार ब्याॅज वसूली के नाम पर धमकाने लगे।

## एमडी मध्यांचल ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मध्यांचल** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी एसपी गंगवार कने रविवार को बरेली क्षेत्र के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार बरेली में रिवैंम्पड कार्यों की समीक्षा तथा शाहजहांपुर स्थित निगोही विद्युत उप केंद्र का निरीक्षण किया। रिवैंम्पड कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रबंध निदेशक द्वारा विद्युत चोरी रोकने तथा एडीबी योजना के अंतर्गत एडीबी केबल बदलने के लिए निर्देशित करते हुए परिवर्तको की क्षतिग्रस्तता कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। परिवर्तको की क्षतिग्रस्तता को कम करने के लिए आवश्यकता अनुसार परिवर्तक की क्षमता वृद्धि करने के निर्देश दिए जिससे उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग हो सके। निरीक्षण में अधिकारियों को इस योजना के एक्शन प्लान के अंतर्गत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आगामी 5 साल में बढ़ने वाले नए विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत लोड के अनुसार इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लाइन जर्जर हैं उन्हें ठीक करने तथा लंबी दूरी के मध्य 33-11 केवी विद्युत केंद्रों की स्थापना के लिए भी निर्देशित किया।

## प्रॉपर्टी डीलर के गुर्गों पर जबरन बबूल के पेड़ काटने का आरोप

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र के किसान ने एक प्रॉपर्टी डीलर के गुर्गों पर जबरन बबूल के पेड़ काटने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बंथरा के औरावां गांव निवासी संजीव बाजपेई, विजयकांत बाजपेई और लक्ष्मीकांत बाजपेई का आरोप है कि उनकी पास के अन्दपुर देव गांव स्थित आम की बाग में मौजूद दो बबूल के पेड़ प्रॉपर्टी डीलर के गुर्गे औरावां निवासी रिशु, दीपक, अनुज कुमार सिंह और रामकरन रातो रात जेसीबी के जरिए चोरी से उखाड़ ले गए। पीड़ितों का आरोप है कि इससे पहले उन्होंने जमीन कब्जे को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी थी। तब पुलिस ने हिदायत देकर उन्हें छोड़ दिया था। आरोप है कि इसी का नतीजा है दबंगों ने शनिवार रात यह पेड़ उखाड़ डाले। पीड़ितों का कहना है कि जब जानकारी होने के बाद उन्होंने इस संबंध में आरोपियों से बात की तो वह भड़क गए और गालियां देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

## चित्रगुप्त नगर कालोनी में जर्जर सड़क व नाली का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आलमबाग** में जर्जर सड़क और नाली के कार्य को कराया गया। चित्रगुप्त कालोनी में क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद ने कार्य की शुरुआत यूपीसीसी के सदस्य के हाथों से करायी। नाली और सड़क जर्जर हालत में थी, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। सड़क और नाली बनने से लोगों की परेशानी दूर होंगी।

आलमबाग क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर कालोनी में खराब सड़क और नाली कार्य क्षेत्रीय पार्षद गिरीश मिश्रा ने शुरुआत कराया। यह सड़क बनर्जी दादा के घर से राजेश विश्वकर्मा के घर तक बनवायी गयी। सड़क का उद्घाटन यूपीसीसी के बृजेश सिंह और सीनियर कांग्रेस लीडर बलदेव मेहता द्वारा किया गया। कार्यक्रम से पूर्व पूजा अर्चना की गयी। क्षेत्रीय पार्षद ने बताया कि यह सड़क कई महीनों से जर्जर थी। नाली टूटी हुई थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। लेकिन अब क्षेत्र की जनता सड़क का उद्घाटन से काफी खुश है।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट लागू कराने को लेकर घेराव करेंगे अभ्यर्थी

**लखनऊ।** 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को लागू करके नियुक्ति देने की मांग ओबीसी, एससी संगठन मोर्चा ने की है। इस बाबत आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी 23 अक्टूबर को विधानसभा का घेराव करेंगे। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर मोर्चा के अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी तय मानक पूरे करने के बाद भी अब तक हम लोगों की नियुक्ति नहीं हुई है। 1 जून 2020 को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी चयन सूची में आरक्षण नियमों का सही तरीके से अनुपालन नहीं हुआ है इसीलिए अब तक नियुक्ति नहीं मिली है। अपनी मांगों को लेकर अभ्यर्थियों ने राज्य व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग में शिकायत भी की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह कहा था कि शिक्षक भर्ती में अनियमितता के कारण ओबीसी वर्ग के 15 हजार अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। यह रिपोर्ट 29 अप्रैल 2021 को जारी हुई थी। इसे लागू करवाने के लिए मोर्चा 23 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन करेगा।

## 70 साल के डॉक्टर ने किशोरी के साथ किया गलत काम, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● क्लीनिक पर दांत दिखाने के लिए पहुंची थी पीड़िता

**एक** 70 वर्षीय दांतों के डॉक्टर ने क्लीनिक पर अपने दांतों का इलाज कराने आई एक 13 साल की लड़की के साथ क्लिनिक के केबिन में इलाज के बहाने बलात्कार कर दिया।

इंस्पेक्टर कैसरबाग प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि कैसरबाग थाना क्षेत्र के चाइना बाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत पृथ्वी अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर दंत क्लीनिक चलाने वाले 70 वर्षीय डॉ रामकुमार के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सक के क्लीनिक से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई है। वहीं सीपी कैसरबाग का कहना है कि डॉक्टर की डिग्री की जांच की जा रही है उसके क्लीनिक को सीज करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

अमीनाबाद के रहने वाले नाबालिग पीड़िता के पिता का कहना है कि शनिवार की रात करीब साढ़े 8 बजे वो अपनी 13 साल की बेटी को लेकर पृथ्वी अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित दंत चिकित्सक डॉक्टर राम कुमार को दिखाने गया था । डॉक्टर उसकी पुत्री को लेकर के केबिन के अंदर गया जहां उसने उसके दांतो की आरसीटी जांच करने की बात कही। आरटीसी ऐसा इलाज है जिसमें मरीज को दर्द होता है और वह चिल्लाता है। पीड़ित का कहना है कि उसकी बच्ची केबिन के अंदर चीख रही थी लेकिन वह समझा की आरटीसी की पीड़ा की वजह से उसकी बेटी चीख रही है कुछ देर बाद बदहवास हालत में उसकी बेटी डॉक्टर के केबिन से निकली और आकर उससे लिपट गई। पीड़ित जब अपनी बेटी को घर लेकर गया तो बेटी ने अपनी मां से डॉक्टर की करतूत बताई तो उन्होंने 112 नंबर पर फोन किया फिर कैसरबाग थाने पहुंच कर डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## आइजीआइएमएस पटना में खुलेगा एटीएलएस सेंटर, टीम रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्र** सरकार किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को एटीएलएस का नोडल सेंटर बनाये जाने के बाद रविवार को वर्ल्ड ट्रामा दिवस के मौके पर छह डाक्टरों की टीम एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट सेंटर (एटीएलएस) को स्थापित कराने के लिए इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज पटना के लिए रवाना हो गई। टीम द्वारा तीन दिनों का कोर्स करवा कर पटना इस सेंटर की शुरुआत की जाएगी। केजीएमयू देश भर में ऐसे 18 नए सेंटर स्थापित करवाएगा।

पटना जाने वाली चिकित्सकों की टीम को लीड कर रहे सर्जरी विभाग के प्रोफेसर व एटीएलएस कोर्स के राष्ट्रीय निदेशक डा विनोद जैन ने कहा कि पटना में खोला जा रहा एटीएलएस बिहार का पहला सेंटर होगा। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी ऐसे ही सेंटर की स्थापना की जाएगी। सभी 18 नए केंद्रों की स्थापना के लिए रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। टीम में डा विनोद जैन के अतिरिक्त डा समीर मिश्रा, डा यदुवेंद्र धीर, शालिनी गुप्ता व डा विकास सिंह शामिल हैं। डा विनोद जैन ने बताया कि देश भर में ऐसे सेंटर खोले जाने की बेहद जरूरत है। इसमें डाक्टरों व अन्य स्टाफ को ट्रामा के मरीजों को हैंडल करने की तरकीब व बारीकियां बताई जाएंगी। मसलन ट्रामा के मरीज को कब व किन परिस्थितियों में सीपीआर देना हैए कैसे देना है। बहते रक्त को कैसे रोकना है। मरीज को हॉस्पिटल कितना जल्दी पहुंचाना है और अस्पताल ले जाते समय किन बातों का ध्यान रखना है। मरीज का कोई अंग टूट या कट गया है तो क्या सावधानी रखनी है इत्यादि सभी के बारे में टीम को प्रशिक्षित किया जाएगा। बता दें कि सड़क दुर्घटना के एक घण्टे चोटिल व्यक्ति के लिए गोल्डन आवर होता है। इस बीच उपचार मिल जाय तो काफी मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

## क्वीन्स कॉमनवेल्थ निबन्ध प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र ने जीता गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** लंदन की रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्वीन्स कॉमनवेल्थ निबन्ध प्रतियोगिता' में सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के कक्षा-11 के मेधावी छात्र प्रांशु कुमार पाण्डेय ने गोल्ड मैडल अर्जित कर देश का नाम सारे विश्व में गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में 54 देशों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता में सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने सर्वोत्कृष्ट लेखन द्वारा आदर्श विश्व व्यवस्था की रूपरेखा प्रदर्शित करने के साथ ही विश्वव्यापी समस्याओं के रचनात्मक समाधान भी सुझाये। रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी, लंदन ने प्रांशु के विश्वव्यापी, मानवीय एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस के होनहार छात्र की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डा. जगदीश गांधी सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रख्यात** शिक्षाविद् एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक डा. जगदीश गाँधी को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान एवं लखनऊ का गौरव विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने हेतु आज सम्मानित किया गया। मीडिया फेडरेशन ऑफ इण्डिया की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा आज गोमती नगर स्थित एक होटल मे आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जल शक्ति महेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि एवं डा. विक्रम सिंह, पूर्व डीजीपी, उ.प्र. एवं चांसलर, नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी ने बतौर विशिष्ट अतिथि पधार कर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। यह समारोह यूनाइटेड किंगडम की क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट द्वारा डा. जगदीश गाँधी को 'सामाजिक विज्ञान मानद उपाधि' से सम्मानित किये जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मल्टीमीडिया प्रजेन्टेशन द्वारा सीएमएस की 62 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. महेन्द्र सिंहने अपने संबोधन में कहा कि इसमे कोई दो राय नहीं कि डा. जगदीश गाँधी के मार्गदर्शन में सीएमएस ने शिक्षा के क्षेत्र में लखनऊ का गौरव देश ही नहीं अपितु विश्व में बढ़ाया है, जिसके लिए डा. गाँधी वास्तव में बधाई के हकदार हैं। विशिष्ट अतिथि डा. विक्रम सिंह, पूर्व डीजीपीने कहा कि डा. गाँधी के नेतृत्व में सीएमएस ने विश्व पटल पर जो सम्मान अर्जित किया है, उसकी दूसरी मिसाल मिलना मुश्किल है। इस अवसर पर मीडिया फेडरेशन ऑफ इण्डिया के नेशनल प्रेसीडेन्ट अरूण शर्मा एवं सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## प्रतापगढ़ में मुठभेड़ के दौरान जमकर हुई गोलीबारी

# दो पुलिसकर्मी व एक बदमाश घायल

### बदमाशों के कब्जे से दो पिस्तौल बरामद



**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कोतवाली लालगंज क्षेत्र के बाबूतारा गांव में शनिवार की रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी मे दो पुलिस आरक्षी और एक बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अन्य घायल बदमाश का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्र ने रविवार को बताया कि थाना कोतवाली लालगंज पुलिस व स्वाट टीम मुखबिर की सूचना पर बीती रात बाबूतारा गांव पहुंचे और एक बदमाश के यहां दबिश दी तो उन पर गोलीबारी शुरू हो गई। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। बदमाशों की गोली लगने से आरक्षी सत्यम (28) व रामसिंह (30) घायल हो गए। एएसपी ने बताया कि पुलिस की जवाबी गोलीबारी से तौफीक नाम का बदमाश घायल हो गया, जिसका उपचार एसआरएन प्रयागराज में चल रहा है, वहीं उसके साथी खुर्शीद को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मौके से 32 बोर की दो पिस्तौल, कारतूस और उनके खोखे बरामद हुए हैं। दोनों घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ मे भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने आरक्षी सत्यम की स्थित गंभीर देखते हुए एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।

**फतेहपुर में पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार:** फतेहपुर। जिले की बिंदकी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे पुलिस दल बिंदकी कोतवाली के शहबाजपुर गांव के समीप गश्त पर था,तभी उन्हें फतेहपुर की ओर से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस दल ने कार को रोकने का इशारा किया,जिसपर कार सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी,जिसके बाद बिंदकी कोतवाली पुलिस ने डीघ गांव की नहर पुलिया के पास कार सवार बदमाशों को घेर लिया और दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान सनी यादव (24) और आशीष (25) के रूप में की गई। सिंह ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्वाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है और उनका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।उन्होंने बताया कि अंधेरे का फायदा उठाकर एक बदमाश भाग गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से चार अक्टूबर को खजुहा कस्बे से बुकिंग के बहाने लूटी गई कार भी बरामद हुई है।

## तस्कर गिरफ्तार, एक करोड़ से ज्यादा की स्मैक बरामद

**बरेली।** पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराज्र्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। उनसे सात लाख रुपए से ज्यादा की नकदी भी बरामद की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) राजकुमार अग्रवाल ने रविवार को बताया कि सूचना के आधार पर शनिवार रात बहेड़ी इलाके में उस्मान अली और यूसुफ शाह नामक तस्करों को पकड़कर उनकी तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से एक किलो 180 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जाती है। उनके पास से सात लाख 40 हजार रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उस्मान के खिलाफ बरेली और मुरादाबाद तथा राजस्थान के भी कई जिलों में कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं। वह बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र का कुख्यात अपराधी है। अग्रवाल ने बताया कि उस्मान अली अपनी स्कूटी में स्मैक छिपाकर बहेड़ी में मोहम्मद यूसुफ उर्फ हाफिज को देने लाया था। इस स्मैक को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर, हल्द्वानी तथा नैनीताल भेजा जाना था। उन्होंने बताया कि इस मामले में दोनों तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## लूट की वारदातों के खुलासे में पुलिस को मिली कामयाबी

# मुठभेड़ में छह शातिर लुटेरे दबोचे

- चोरी की नगदी-जेवरातऔर दो प्रयुक्त बाइक भी की गई बरामद
- लहरपुर में शातिर अपराधियों के खिलाफ दर्ज हैं कई-कई केस

**संवाददाता।** सीतापुर



**लहरपुर** कोतवाली इलाके में हुई लूट की घटनाओं को खुलासा करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने एक मुठभेड़ में छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। निशानदेही पर पुलिस ने इनके पास 43 हजार 200 नगदी, जेवरात, बर्तन, कपड़े, एलआईसी बांड, पैसा जमा की रसीदें बरामद की है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो बाइकें, हेल्मेट, तीन तमंचा व पांच कारतूस, एक हथौड़ी व दो पेचकस भी बरामद किया है। सभी अपराधियों के खिलाफ लहरपुर कोतवाली में विभिन्न धाराओं में कई-कई मुकदमें भी दर्ज है। आपको बता दें कि लहरपुर कोतवाली इलाके में बीती 10.11 अक्तूबर की रात को सशक्त बदमाशों ने चार घरों में जमकर उत्पात मचाया था, बदमाशों ने जिन घरों में ताड़व मचाया, था, उनमें टांडा सलार में रामेश्वरदास, सुखदेव, शाहकुलीपुर में अनीस, पूर्व सभासद आलम, आरती, रामपाल, शफीक शामिल थे। विरोध करने पर महिला समेत चार लोगों की पिटाई कर जख्मी कर दिया था। घटना को अंजाम देकर बदमाश सभी घरों से करीब बीस लाख का माल समेट ले गए थे। एक ही रात को बदमाशों ने ताबड़तोड़ लूटपाल की वारदातों को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी थी। ऐसे में ये घटना पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण थी। इन घटनाओं का खुलासा करने को पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने छह टीमें गठित की थी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित के पर्यवेक्षण व सीओ लहरपुर राजू कुमार साव के नेतृत्व में पुलिस टीमें लगातार दबिशें देने में जुटी थी। मुखाबिर से पुलिस को निबौरी मोड़ पुलिया के पास बदमाशों के खड़े होने की सूचना मिली थी, इस पर पुलिस टीमों ने वहां धावा बोला, पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी करते हुए पुलिस छह शातिर अपराधियों को दबोचने में कामयाब रही। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में अपने नाम व पते भी बताए, जिनमें विमल पुत्र चिंरजीव पासी निवासी ठठेरी टोला, गोलू उर्फ रघुवंश कश्यप निवासी निबौरी लहरपुर कोतवाली, अरविंद पासी निवासी कैथा गाजीपुर महोली व हाल पता कोडरा थाना हरगांव, अमीश व उपेंद्र पुत्रगण रामजीवन पासी निवासी अम्बर सरांय लहरपुर, उपेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार निवासी अम्बर सरांय शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया माल भी बरामद किया है। पुलिस लाइन में घटना का खुलासा करते हुए एएसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित ने जानकारी दी।

## विधानसभा चुनाव में भाजपा से ही रहेगा गठबंधन



**कन्नौज।** अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में भी उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन जारी रखेगी। अनुप्रिया ने अपने पति विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल की क्षेत्रीय विकास निधि से निर्मित डॉक्टर सोनेलाल पटेल सामुदायिक भवन का लोकार्पण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के साथ गठबंधन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे के संबंध में जल्द ही भाजपा संगठन से बात करके उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। गौरतलब है कि अपना दल ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से गठबंधन में दो सीटों पर चुनाव लड़ा था और दोनों ही सीटों पर जीत हासिल की। उसने 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का पिछला चुनाव भी भाजपा से गठबंधन करके लड़ा था जिसमें उसके नौ विधायक निर्वाचित हुए। अनुप्रिया ने एक सवाल पर कहा कि लखीमपुर खीरी कांड में उनकी पार्टी आरोपियों के खिला23981 सख्त कार्वाई किए जाने की मांग कर चुकी है और उसने किसानों की मौत पर दु:ख भी जताया है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों और सरकार के बीच जारी गतिरोध को दूर किया जाना चाहिए।

# मुर्गी फार्म संचालक की गला रेतकर हत्या

- हत्यारों को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**मुर्गा फार्म** के संचालक की हत्यारों द्वारा गला रेतकर की गयी निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गयी। एडीशनल एसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोहिया मजरे गगनपुर निवासी तीस वर्षीय अखिलेश पुत्र छविनाथ पासी मुर्गा फार्म का संचालन करते थे। उनका शव उनके फार्म के पास पड़ा हुआ पाया गया। उनकी धारदार हथियारों से निर्मम हत्या की गयी थी। इस संबंध में मृतक के परिजन के अनुसार अखिलेश को ग्राम कमलिया निवासी शिवकुमार पुत्र शिवचरण सुबह उसके घर से बुलाकर ले गए थे। उसके बाद वह शाम को लगभग 5 बजे दोबारा घर आया और अपनी पत्नी मोनिका से 200 रुपए लेकर चला गया। इसके बाद फिर अखिलेश वापस नहीं लौटा। परिजन ने यह सोचा की हो सकता है कि वह मुर्गा फार्म पर ही सो रहा हो। रविवार की सुबह जब ग्रामीण खेतों में पहुचे तो उन्होंनें देखा कि अखिलेश का शव क्षत विक्षत हालत में उसके अपने खेत में पड़ा है तथा उसके मुर्गा फार्म के 500 बच्चे भी मरे पड़े हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभारीनिरीक्षक सोमपाल गंगवार फार्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कुछ देर के बाद अपर पुलिस अधीक्षक तथा सीओ दोनों फॉरेन्सिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की बारीकी से छान बीन शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है और शीघ्र ही इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। मृतक के दो पुत्र 9 वर्षीय सानू और दो वर्षीय विजय है। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्या था। उसकी हत्या से परिवार पर बहुत बड़ा संकट टूट पड़ा है।

### प्रेमी युगल ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बरेली।** एक प्रेमी युगल ने बीती रात जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया स उन्हें इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया और फिर घरवाले निजी अस्पताल ले गए । किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला जखीरा निवासी 22 वर्षीय युवक और किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला मलूकपुर निवासी एक युवती को बीती रात उनके घर वालों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया स जहां उन्होंने बताया कि बहुत दिनों से दोनों फोन पर एक दूसरे से संपर्क में थे । और पिछले दिनो दोनों ने एक दूसरे से विवाह करने का फैसला कर लिया वह दोनों घर वालों की इच्छा के बिना घर से बात कर विवाह करना चाहते थे।

### नाराज पत्नी के मायके चले जाने पर युवक ने खुद को लगा ली आग

**बांदा।** कुछ दिनों पहले नाराज होकर पत्नी के मायके चले आने पर उसको लेने गए पति ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली जिससे वह पूरी तरह से झुलस गया। गंभीर हालत में ससुराल वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया इसघटना की पुष्टी पुलिसअधिकारी ने की है। आपको बता दें कि पूरा मामला बिसंडा थाना अंतर्गत बिलगांव गांव का है। जहां की मेनका पैलानी थाना अंतर्गत शेखूपुर गांव में ब्याही थी।पति से लड़ाई झगडे के बाद वह नाराज़ होकर अपने मायके चली आई थी। राजू सिंह अपनी ससुराल बिलगांव अपनी पत्नी मेनका को लेने गया था। ससुराल वालों ने उसकी पत्नी को उसके साथ नहीं भेजा।

# दूषित भोजन से चार परिजनों की मौत

**बलरामपुर।** जिले के शिवपुरा क्षेत्र में रविवार को दूषित भोजन खाने से दो बच्चियों समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए. के. सिंहल ने बताया कि शिवपुरा क्षेत्र के गोकुली गाँव में भोजन करने के बाद कंचना (65), सुमन (30), रजनी (सात) और शालिनी (तीन) को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। उन्होंने बताया कि सभी को अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई लेकिन उससे पहले ही चारों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। सिंहल ने बताया कि दूषित भोजन खाने से बीमार हुई तीन साल की बच्ची पिंकी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों को दवाएं वितरित कीं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि बासी भोजन न करें तथा पानी उबाल कर पिएं। उन्होंने कहा कि उल्टी-दस्त या किसी प्रकार की समस्या होने पर गाँव में तैनात की गई स्वास्थ्य विभाग की टीम को अवगत कराएं।

## रोडवेज बस से कुचल कर दंपति की जान गई

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-दो (एनएच-2) पर रामगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर शिकोहाबाद से आगरा की तरफ जा रही रोडवेज की एक बस से कुचलकर एक दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ क्षेत्र के हसमत नगर निवासी वकील (55) और उनकी पत्नी नसरीन (50) अपने बेटे की सगाई के लिए सामान खरीदने बाजार गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों लोग ऑटो से सड़क पर उतरे, तभी वे विपरीत दिशा से आ रही हाथरस डिपो की एक बस की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि कुछ ही पलों में दंपति की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद भीड़ ने वहां हंगामा किया और राजमार्ग अवरूद्ध कर दिया। मिश्रा ने बताया कि मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर राजमार्ग पर यातायात बहाल कराया। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और बस को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

### सोनभद्र में ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर में दो की मौत, दो घायल

**सोनभद्र।** जिले में शनिवार देर रात ट्रक और पिकअप वाहन (छोटे ट्रक) की भीषण टक्कर होने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए बनारस में बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। डाला पुलिस चौकी के प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर ने रविवार को बताया कि पिकअप वाहन सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र से तेलगुड़वा की तरफ जा रहा था कि अचानक सड़क पर बैठी गाय को टक्कर मारते हुए पिकअप वाहन डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ़ चला गया और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन में सवार दो लोगों की मौके़ पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को शुरुआत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भेज दिया।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत, तीन जख्मी

**बहराइच।** जिले के खैरीघाट क्षेत्र में रविवार को आए भीषण आंधी-तूफान और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव के किसान रविवार को खेतों में काम कर रहे थे और कुछ ग्रामीण मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान बारिश और तेज आंधी आ गई। बारिश से बचने के लिए किसान आम के एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार तभी खेत में बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर पेड़ के नीचे खड़े पांच लोग झुलस गए। खैरीघाट के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से घायल हुए पांच लोगों को पास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां संतोष कुमार (45) व चंदन (30) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## बेटे को मदरसे में पढ़ाते तो शाहरुख को नहीं देखने पड़ते ये दिन : उलेमा

**बरेली।** मादक पदार्थों से जुड़े मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी के संबंध में तंजीम उलेमा-ए-इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि अभिनेता यदि मदरसे में पढ़े होते तो यह दिन नहीं देखना पड़ता। उन्होंने कहा, शाहरुख खान ने यदि बेटे को कुछ दिन मदरसे में शिक्षा दिलाई होती तो उसे इस्लाम के नियमों के बारे में पता होता और यह दिन नहीं देखना पड़ता। इस धर्म में किसी भी तरह का नशा करना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा, फिल्म जगत के लोग इस्लाम के आदेशों से वाकिफ नहीं हैं। इस्लाम में नशा करना हराम है और यह बात मदरसे में पढ़ाई और समझाई भी जाती है। मौलाना ने कहा, धर्म में यह भी कहा गया है कि अगर बच्चा गलत हरकतों में पड़ जाए तो मां-बाप उसे प्यार से समझाकर सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें। शाहरुख खान यदि मदरसे में कुछ पढ़े होते तो उन्हें इसका अहसास होता। उन्होंने ज़ोर दिया, भले ही कुछ दिन, मगर, धार्मिक शिक्षा भी ग्रहण करनी चाहिए। शाहरुख खान को मदरसा नहीं मिला तो घर के पास किसी मस्जिद के इमाम से धार्मिक शिक्षा ले लेते। उन्हें अपने बेटे को भी इस्लाम के नियमों से रूबरू कराना चाहिए था।

# लइया नमकीन खाने से तीसरी बच्ची की भी मौत, घटना में नया मोड़

- पूरे परिवार ने खाई थी लइया तो केवल बेटियों की मौत क्यों ?

**संवाददाता।** ऊंचाहार (रायबरेली)

**दशहरा के** दिन बाजार से खरीद कर लाई गई लईया व नमकीन खाने से गंभीर अवस्था में जिला मुख्यालय के निजी अस्पताल में भर्ती तीसरी बेटी विधि की भी रविवार की सुबह मौत हो गई है । घटना में जांच के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है । पुलिस मामले की जांच कर रही है । उधर दो बेटियों के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । ज्ञात हो कि क्षेत्र के गांव मिर्जा इनातुल्लापुर (पट्टी) निवासी नवीन कुमार सिंह दशहरा के दिन जमुनापुर बाजार से लईया , नमकीन व बिस्कुट खरीदकर लाए थे । जिसे शनिवार की सुबह उनकी बेटियों परी (9 वर्ष ) , विधि(7वर्ष ) और पीहू (5वर्ष ) ने खाया था। नाश्ते में लईया, नमकीन व बिस्कुट खाने के बाद तीनों बेटियों को उल्टियां होने लगी । जिन्हे अस्पताल ले जाया गया था। जहां पर पहले परी फिर पीहू की मौत हो गई थी , जबकि विधि का जिला मुख्यालय स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था । किन्तु रविवार की सुबह विधि की भी मौत हो गई । परी और पीहू के शव का शनिवार को ही पोस्ट मार्टम कराया गया था । किन्तु पोस्ट मार्टम में उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । इसलिए जांच के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है । जबकि रविवार को हुई विधि के शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है । कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि अभी तक मामले में संदेह बना हुआ है । मामले के सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है । पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का भी परीक्षण किया जा रहा है ।



## नशे में धुत कार चालक ने पुलिस जीप में मारी टक्कर

# सिपाही हुआ मरणासन्न बाल-बाल बचा दरोगा

- होमगार्ड गंभीर घायल

**संवाददाता।** कुठौंद (जालौन)

**बीती** देर रात लगभग 10 बजे रात्रि जालौन-औरैया हाइवे पर भारत पैट्रोल पम्प्प के सामने एसआई शिवपाल सिंह चौहान अपने हमराही सिपाही यतेन्द्र सिंह, दीवान चालक गार्ड ब्रजेश सिंह के साथ रात्रि में गश्त कर रहे थे। तभी औरैया तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार टाटा जेस्ट के ड्राईवर ने पुलिस जीप में जोरदार टक्कर मार दी जिससे जीप और कार के परखच्चे उड गए। जीप में सवार दरोगा शिवपाल सिंह और दीवान बाल बाल बच गए जबकि सिपाही यतेंद्र सिंह और चालक गार्ड ब्रजेश सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जैसे ही दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल आनन फानन में थानाध्यक्ष अरुण तिवारी और थाना के स्टाफ घटना स्थल पहुंचे और तत्काल अपनी गाड़ी से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद पहुंचे, जहां पर डॉक्टर अरुण तिवारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर सिपाही यतेंद्र की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया। दूसरे घायल साथी ब्रजेश सिंह का इलाज किया। थानाध्यक्ष अरुण तिवारी ने सिपाही यतेन्द्र को उरई ले गए जहां पर एमआरआई कराई रिपोर्ट में सिर में दो और नाक में एक फैक्चर निकलने पर डॉक्टरों ने यतेंद्र को कानपुर भेज दिया जहां पर सिपाही यतेन्द्र जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। उधर घटना होते ही कार सवार ड्राइवर मौके से भाग गया।

# खराब मौसम में सीएम का श्रावस्ती दौरा रद

- लखनऊ से वर्चुअल 390.45 करोड़ की कुल 87 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**भिनगा मुख्यालय** भिनगा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा खराब मौसम के कारण रदद् हो गया। कार्यक्रम स्थल पर समर्थकों व जनपद भर से पहुचे लोगो को खराब मौसम के चलते मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। मु यमंत्री आगमन के तय समय के आसपास तेज तूफानी हवाओ के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गयी। कुछ देर बीतने के बाद मु यमंत्री का दौरा रद्द होने की जानकारी मंच के माध्यम से हुई। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद भ्रमण कार्यक्रम था जो विपरीत परिस्थियों के चलते प्रस्तावित आगमन न हो पाने के कारण मु यमंत्री ने लखनऊ से ही वर्चुअल माध्यम से जिले में 390.45 करोड़ रुपये की लागत से कुल 87 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मु यमंत्री ने अपने वर्चुअल दूरभाष माध्यम से ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुयमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आयुष्मान भारत योजना विश्वकर्मा श्रम स मान योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कराकर लाभान्वित किया। जनपद में एक साथ 390.45 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास स पन्न हुआ है। मुख्यमंत्री ने जिले में दोनो विधान सभाओं की 16561.13 लाख की लागत से 55 परियोजनाओं का लोकार्पण कियाए और 22483.58 लाख की लागत से 32 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस प्रकार मु यमंत्री ने 390.45 करोड़ की लागत की कुल 87 परियोजनाओं का लोकार्पणध्शिलान्यास किया। अपने वर्चुवल स बोधन में उन्होंने कहा कि श्रावस्ती महात्मा बुद्ध की पवित्र साधना स्थली रही है और भगवान बुद्ध ने 24 वर्षावास व्यतीत किये है। जनपद श्रावस्ती आकांक्षात्मक जनपद होने के नाते उस दृष्टि से अनेको योजनाओं को संचालित कर लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने अपने वर्चुअली संबोधन में कहा कि सरकार गरीब असहाय एवं निर्बल व्यक्तियों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। उनके सर्वागीण विकास के लिए सरकार द्वारा तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह विकास परियोजनाएं जनपदवासियों के जीवन में सुधार व समृद्धि लाएंगी।

### छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयास:ज्योति

**प्रयागराज।** सर्वशिक्षा अभियान परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय मम्फोर्डगंज में पहल जनकल्याण समिति एवं सेवा संस्थान की तरफ़ से डेस्क बेंच स्टेशनरी पानी की बोतल पेन्सिल बॉक्स मिष्ठान आदि वितरित किया गया। पहल संस्थान की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्योति शुक्ला ने कहा कि पहल जनकल्याण समिति एवं उसकी अध्यक्ष वन्दना सिंह द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। वंदना सिंह द्वारा छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयास किये जाते रहे हैं। पहल संस्था की अध्यक्ष वन्दना सिंह ने कहा कि संस्था महिलाओं और बच्चों के बुनियादी सुविधाओं पर कार्य करती है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021



# डीयू में प्रवेश भारी समस्या

**पूरे** देश में डीयू में प्रवेश लेने की इच्छा उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारी समस्या प्रकट करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय-डीयू स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजधानी में महानगरीय छात्र जीवन का वार्षिक उत्सव है। पिछले साल कोविड-19 महामारी भी इस जोश पर लगाम नहीं लगा सकी थी। विडंबना है कि इस साल दिल्ली विश्वविद्यालय एक प्रोफेसर की बिना विचारे की गई टिप्पणी ने यह जोश ठंडा कर दिया। एक खास राजनीतिक सोच वाले प्रोफेसर ने दावा किया कि रल शिक्षा बोर्ड एक 'नंबर जिहाद' कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि बोर्ड अपने छात्रों को 100 प्रतिशत नंबर देता है ताकि कुछ खास पाठ्यक्रमों में रल छात्रों का 'ज्यादा प्रवेश' हो स। हालांकि, विश्वविद्यालय अधिकारियों ने इसे पसंद नहीं किया और पूरी तरह खारिज कर दिया। दो साल पहले दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद जरीवाल ने विधानसभा चुनाव पहले आम आदमी पार्टी घोषणापत्र में लिखा था कि दिल्ली विश्वविद्यालय की 85 प्रतिशत सीटें राजधानी निवासियों लिए आरक्षित की जांएगी। लेकिन भौतिकी प्रोफेसर की तरह मुख्यमंत्री यह नहीं समझ स कि डीयू दिल्ली विश्वविद्यालय एक्ट अंतर्गत संचालित एक न्द्रीय विश्वविद्यालय है और यह किसी राज्य सरकार आधीन नहीं है। यह सभी शिक्षा बोर्डों साथ समान व्यवहार करता है और कोई किसी जनसंख्या समूह लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकता है। इन पक्षपाती दृष्टिकोणों बावजूद डीयू में प्रवेश समय पूरे भारत लाखों लोग सहभागिता कर इसे एक राष्ट्रीय आयोजन बना देते हैं। इनमें छात्र, उन




माता पिता, संरक्षक तथा कौंसिलिर शामिल हैं। कटआफकुछ कोर्सों लिए 100 प्रतिशत होने साथ ही प्रार्थनापत्रों की संख्या तथा अनेक सूचियां पहले पेज की खबरें बनती हैं। इस साल 70,000 सीटों में से 41,000 का फैसला पहले कटआफ बाद हो गया। इसमें से लगभग 10,000 सीटें विभिन्न राज्यों छात्रों को तथा बाकी सीबीएसई छात्रों को मिलीं।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने अंत तक दिल्ली पिछले साल की तुलना में ज्यादा महानगरीय रहेगी। लेकिन व्यापक रूप से देखें तो पूरे देश में डीयू में प्रवेश की पसंद राज्यों में उच्च शिक्षा की स्थिति प्रति दु:खद टिप्पणी है। योग्य छात्रों को अपने स्नातक पाठ्यक्रम लिए दिल्ली भागना पड़ता है और इसी प्रकार स्नातक बाद वे भारत छोड़ कर विदेश चले जाते हैं। बाहर से अधिकांश छात्र दिल्ली इसलिए आते हैं क्योंकि वे अपने प्रदेशों में शिक्षण मानकों, अकादमिक परिवेश तथा प्रतियोगिता से संतुष्ट नहीं होते हैं और दिल्ली उन लिए आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने वाली लगती है। यह भी कहा जा सकता है कि इस प्रवास को वरिष्ठ छात्रों तथा राज्य सरकारों द्वारा भी बढ़ावा दिया जाता है। पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी राज्यों की छात्र असोसियेशनें राज्यों की राजधानियों तथा दिल्ली में हेल्प डेस्क बनाती हैं ताकि पाठ्यक्रम और कालेज चुनने में छात्रों की सहायता की जा स, वे दिल्ली लिए स्वयं को ढाल सं या हिंदी सीख कर स्वयं को स्थानीय स्ट्रीट फूड का अभ्यस्त बना सं। दक्षिण में सरकार-संचालित तेलंगाना ट्राइबल एंड सोशल वेलफेयर रेजीडेंशियल एजुशन इस्टीट्यूशन्स सोसाइटी निचली जातियों व वर्गों छात्रों को डीयू में प्रवेश लिए प्रोत्साहित करती है। इस लिए वह फीस तथा होस्टल खर्च में उनको सहायता देती है। तेलंगाना सरकार का यह कदम हाशियाकृत युवाओं को अपने सुदूर घरों से दिल्ली विश्वविद्यालय की लंबी यात्रा लिए प्रोत्साहित करता है।

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र को आमंत्रण

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा।



**अनिल प्रकाश**
(लेखक सेटकाम इंडस्ट्री एसोसिएशन के महानिदेशक हैं)



भारत सरकार द्वारा 'अंतरिक्ष' को निजी क्षेत्र लिए खोलना इस समय सारी संभावनाओं द्वार खोलना है। पांच दशकों से अंतरिक्ष विभाग-डीओएस अंतर्गत इसरो सभी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों का न्द्र है जिस पर सीधे प्रधानमंत्री की नजर रहती है। उसे विभिन्न सफ्ल मिशनों का श्रेय प्राप्त है। वह दुनिया की पहली अंतरिक्ष एजेंसी है जिसने चंद्रमा पर पानी तलाशा है। उस पास सुदूर संवेदी उपग्रहों का दुनिया का सबसे बड़ा समूह तथा दो उपग्रह नौवहन प्रणालियां-गगन व नाविक हैं। वर्तमान समय में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग वल 7 बिलियन डालर का है, जबकि वैश्विक अंतरिक्ष बाजार 360 बिलियन डालर से अधिक है। इन व्यापक व अविवादित उपलब्धियों बावजूद इसरो ने स्वीकार किया है कि वह भारत भीतर से लगातार अंतरिक्ष-आधारित एप व सेवाओं की बढ़ती मांग पूरी करने में कठिनाई का अनुभव कर रहा है। कृषि, मत्स्यपालन, परिवहन, मौसम विभाग, तेल एवं गैस तथा शहरी विकास जैसे सभी क्षेत्र अपने बिजनेसों लिए अंतरिक्ष तकनीकों पर निर्भर हैं। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा। पहले निजी उद्योग अपनी सीमित भूमिका से बाधित था, पर अब वह न वल वेंडर, बल्कि साझीदार की तरह भी काम करने को तैयार है। इसरो का ढांचा, वैज्ञानिक व तकनीकी संसाधन तथा अंतरिक्ष कार्यक्रम का डेटा भी निजी उद्योग की पहुंच में होगा। इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड आथराइजेशन सेंटर-इनस्पेस एक फैसिलिटेटर व नियामक की भूमिका अदा करने लिए तैयार है और इसरो तथा निजी क्षेत्र बीच सेतु का काम करेगा।

भारत में स्पेस स्टार्टअप क्षेत्र जीवन्त तथा अंतरिक्ष व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में काम करने को तैयार है। अनेक निजी व युवा स्टार्टअप ने नए युग निवेशकों को प्रोत्साहित किया है जो जोखिम उठाने तथा दीर्घकालीन परियोजनाओं से लाभ प्राप्त करने में धैर्य धारण करने लिए तैयार हैं। वे लांच सुविधायें, उपग्रह थ्रस्टर्स, एमएम वेव तथा आप्टिकल संचार संपर्कों साथ उपग्रह निर्माण, भू प्रेक्षण उपकरणों, स्पेस सिचुएशनल एवेयरनेस-एसएसए, कोलीज़न डिटेक्शन, आदि स्थापित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़े संगठनों प्रवेश ने स्टार्टअप व एमएसएमई को मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर दिया है। वर्तमान समय में लगभग 500 फर्में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंतरिक्ष तकनीकों से जुड़ी हैं तथा अनेक स्टार्टअप सरकार साथ काम कर रहे हैं। एक देश रूप में भारत में असाधारण उद्यमिता भावना है जो हालिया वैश्विक महामारी कठिन समय में ज्यादा उल्लेखनीय रूप से उभर कर सामने आई है। उसने लघु उपग्रहों, परिष्कृत राट प्रणोदकों, लांच वाहनों, एआई, रोबोटिक्स, आदि क्षेत्रों में नई तकनीक व बिजनेस माडल विकसित किए हैं। लेकिन इन स्टार्टअप पास संसाधनों तथा तकनीक की कमी है जिससे वे स्वतंत्र अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं चला सकते हैं। हालांकि, अब निजी क्षेत्र फर्मों को इसरो ढांचे व संसाधनों का प्रयोग करने की सुविधा होगी, पर अभी विभिन्न अनुमति की प्रक्रियाओं व समयसीमा बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है।

समयबद्ध तरीके से इन मामलों में स्टार्टअप की सहायता से उनकी प्रगति और तेज होगी। सक्षम बनाने वाली नीतियों अभाव में स्टार्टअप अन्य देशों में जा सकते हैं जहां नियामक व वित्तीय बाधायें युवा बिजनेसों लिए अनिश्चितता न पैदा करें तथा उन दीर्घकालीन निवेश में बाधा न डालें।

उद्योग में उपग्रह स्पेक्ट्रम तक पहुंच सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और यह इस क्षेत्र की सफ्लता लिए जरूरी है। वर्तमान समय में सैटकाम स्पेक्ट्रम की उपलब्धता बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्पेक्ट्रम आबंटन में नीतिगत स्तर पर स्पष्टता बिना युवा स्टार्टअप को सामान्य टेलीमीट्री, टेलीकमांड व पेलोड डेटा आपरेशन्स में कठिनाई होगी। इस संबंध में तीन अलग अधिकारों-लाइसेंसों की आवश्यकता होगी जिनमें जीएमपीसीएस, वीसैट, इन्सैट एमएसएस शामिल हैं। अभी लाइसेंस श्रेणियों में उपग्रह सेवाओं या अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। समय आ गया है कि भारत स्टार्टअप-हितैषी लाइसेंस नीति अपनाने पर विचार करे। इसमें इसरो द्वारा अल्पकालीन प्रायोगिक लाइसेंस भी शामिल है जिससे निजी क्षेत्र उपग्रह मिशनों से जुड़ सकता है। वर्तमान समय में अंतरिक्ष विभाग की भूमिका लाइसेंस देने वाले, बाजार नियामक तथा उपग्रह आपरेटर की है।

इससे निजी उपग्रह निर्माताओं तथा सैटकाम सेवा प्रदाताओं साथ हितों टकराव वाली स्थिति पैदा होती है। इस साथ ही डीओटी, डीओएस, डब्लूपीसी, इनस्पेस व एनएसआईएल अनुमतियों अनेक स्तर पैदा करते हैं। इससे इस क्षेत्र में बिजनेस सुगमता में बाधा आती है। वाणिज्यिक इकाइयों लिए स्पष्ट रूपरेखा बनानी जरूरी है ताकि उनको अपने उद्यम शुरू करने लिए दौड़भाग न करनी पड़े।

नए नियमों ने विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी सुविधायें स्थापित करने तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने की अनुमति दी है। यह एक सकारात्मक कदम है तथा इससे अनेक संयुक्त उद्यम स्थापित हो सकते हैं। इससे उपग्रहों सहयोगी विकास, भारी निवेश तथा रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी और जीडीपी वृद्धि तेज होगी। वर्तमान समय में टैक्सों अनेक स्तर, जैसे, जीएसटी, राजस्व शेयर, अनेक डीओटी, डीओएस चार्ज व विधहोल्डिंग टैक्स आदि हैं। इन कारण लगभग एक तिहाई उद्यमी भारत से बाहर जाने की सोच रहे हैं ताकि उनको नियमों पालन व टैक्सों बोझ से राहत मिल स। सिंगापुर, मलेशिया व हांगकांग जैसे देश भारत की तुलना में एक बेहतर ढांचागत व तार्किक कर संरचना पेश करते हैं अत: उद्यमी वहां जाना चाहते हैं।

हालांकि, सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने लिए अनेक एक्सलरेटर कार्यक्रम बनाए हैं। भारत दुनिया में अमेरिका व चीन बाद तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप क्षेत्र है और इसकी आगे प्रगति की संभावना है। लेकिन निश्चित रूप से कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत में 140 इन्क्यूबेटर व एक्सलरेटर हैं, जबकि चीन और अमेरिका में इनकी संख्या 2,400 व 1,500 से अधिक है। ऐसे में पंजीकरण, दीवालिया कानूनों, अनुदानों, निवेश, आदि क्षेत्रों में तत्काल नियमों को सरल करने की जरूरत है।


इसरो और सरकार को नीतिगत कमियां दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। ऐसा करने पर भारत स्टार्टअप व निजी क्षेत्र उत्पादों व सेवाओं लिए आकर्षक बाजार बन जाएगा। बड़े पैमाने पर बाजार अवसर अपस्ट्रीम क्षेत्र में निजी क्षेत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं जहां वे डिजाइन निर्माण तथा उच्च प्रौद्योगिकी वाले अंतरिक्षयानों का विकास कर सकते हैं। इस साथ ही डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में सेटकाम प्रयोगों को विस्तार देना महत्वपूर्ण होगा। नियामक व संबंधित अधिकारियों को उभरते स्टार्टअप साथ नजदीकी से काम कर बहु-प्रतीक्षित सुधारों व प्रोत्साहनों को गति देनी चाहिए ताकि देश में उद्योग जगत तेजी से काम करते हुए अपनी सफलता से पूरे देश को लाभान्वित कर सके।

अंतरिक्ष एक वैश्विक परिघटना है और भारत को इस मोर्चे पर अवसरों का लाभ उठाने से चूकना नहीं चाहिए। नीतियों की संगति सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों साथ होनी चाहिए। इससे हमारा विकास और मानक भी बाकी दुनिया समान होंगे। उद्योग तेजी से तकनीकी विकास क्षेत्र में प्रगति करने तथा जीडीपी वृद्धि में योगदान करने की संभावनायें हैं। इस प्रकार निजी क्षेत्र व स्टार्टअप अंतरिक्ष तथा उससे आगे की यात्रा में भारत सरकार के सच्चे साझीदार बन सकते हैं।

# ताइवान पर मंडराता युद्ध का खतरा

"हालांकि, बीजिंग अभी इस द्वीप पर हमला कर सकता है, लेकिन वह इसके लिए तीन साल में पूरी तरह तैयार हो जाएगा।"

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



चीन राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वादा किया है कि 'मातृभूमि पूर्ण एकीकरण का ऐतिहासिक काम निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।' यह परोक्ष रूप से ताइवान को दी गई एक धमकी थी, पर इसकी कोई समयसीमा नहीं थी। अगले दिन राष्ट्रपति साइ-इंग वेन ने भी जवाब देते हुए कहा, 'कोई ताइवान को वह रास्ता अपनाने लिए मजबूर नहीं कर सकता है जो चीन ने अपने लिए चुना है।'

हालांकि, अमेरिका ने चीन साथ युद्ध की कीमत पर द्वीप की रक्षा का सीधे वादा नहीं किया, पर यह स्पष्ट कर दिया कि ताइवान में अमेरिकी विशेष बल व मैरीन प्रशिक्षण मिशन पर हैं। बीजिंग इसे पहले से जानता है क्योंकि ट्रंप ने उनको वहां दो साल पहले भेजा था, लेकिन वाशिंगटन द्वारा इस बात की खुली पुष्टि चीन को स्पष्ट चेतावनी है। इस प्रकार एक संकटपूर्ण स्थिति है, भले ही यह धीरे-धीरे विकसित हो रही हो। रक्षा मंत्री चू कुओ-चेन ने ताइवान में कहा कि बीजिंग अब भी द्वीप पर हमला करने की स्थिति में है, पर वह तीन साल समय में पूरी तरह ऐसा करने लिए तैयार हो जाएगा। उन अनुसार, '2025 तक चीन हमले की कीमत और खामियाजा न्यूनतम करने की स्थिति में होगा। उस पास वर्तमान समय में क्षमता है, पर वह आसानी से युद्ध नहीं शुरू करेगा क्योंकि उसे अनेक दूसरी चीजों पर भी विचार करना पड़ेगा।' क्या उन जो कहने का अर्थ है वह पूरी तरह सच है?

आंशिक रूप से यह स्वीकृति है कि चीन तेजी से ऐसे हथियार एकत्र कर रहा है जिससे ताइवान पर ताइवान खाड़ी से होकर समुद्री हमला संभव हो स जो सबसे संकरे बिंदु पर 180 किलोमीटर चौड़ी है। प्रमुख चीनी हथियार लंबी दूरी




वाला राट तोपखाना है जिससे ताइवन सभी बिंदुओं पर सटीक हमला किया जा सकता है। इनकी संख्या इतनी हो सकती है कि ताइवान की मिसाइल-रोधी रक्षा प्रणाली बेकार हो जाए। ऐसे हथियार को पीसीएल-191 कहते हैं और यह द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रयोग किए गए मल्टिपल राट लांचर 'स्टालिन आर्गन' का परिष्कृत रूप है, लेकिन अब इसकी रेंज 350 किलोमीटर है। इन राट लांचरों की दो ब्रिगेड ताइवान सामने वाले चीनी तट पर तैनात हैं और उनकी संख्या में जल्द ही और बढ़ोत्तरी होने वाली है। यदि वर्तमान समय में न हो, तो भी जल्द ही वे बीजिंग को ताइवान हवाईअड्डों, राडार स्टेशनों, विमान-रोधी रक्षा स्थलों तथा बंदरगाहों पर एकसाथ हमले में सक्षम बना देंगे। यदि ताइवान सभी रनवे व बंदरगाह नष्ट हो जाएं तो उस विमान व युद्धक जहाज चीनी आक्रमण का मुकाबला नहीं कर संगे। जहाज खाड़ी को दस घंटे में पार कर लेंगे और कोई भी इतने नजदीक नहीं होगा कि चाहते हुए भी ताइवान की रक्षा कर स।

किसी भी समय अचानक हमला होने की स्थिति में ताइवान को जापानी अड्डों पर खड़े लड़ाकू विमानों तथा अमेरिकी प्रशांत बेड़े से सहायता मिल सकती है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि भले ही उस पास तटों पर राट लांचरों की समुचित संख्या हो, पर चीन को ऐसा हमला करने से विरत करने वाली 'अन्य चीजें' कौन सी हैं जो उसके पास उपलब्ध हो सकता हैं?

वल एक ही चीज काफी है, यदि अमेरिका ताइवान को बचाने लिए समय पर सैनिक हस्तक्षेप न कर पाए तो भी वह निश्चित रूप से इस तत्काल बाद चीन की पूरी तरह से नौसैनिक घेरेबंदी कर देगा। प्रशांत महासागर पार करने वाले चीन जहाज द्वीपों की 'प्रथम श्रृंखला', यानी जापान, ताइवान व फिलीपीन्स से गुजर कर हिंद महासागर में पहुंचते हैं और फिर वहां से मलक्का खाड़ी-मलेशिया व इंडोनेशिया होकर मध्य पूर्व व यूरोप पहुंचते हैं। व्यावहारिक रूप से कोई और रास्ता नहीं है और नौसैनिक घेरेबंदी से चीन की अर्थव्यवस्था कुछ ही महीनों में मर जाएगी।

दोनों ओर से युद्ध भड़कने में नाभिकीय युद्ध का भय एक बड़े प्रतिरोधक की तरह काम करता है और किसी प्रकार की संधि करने को मजबूर करता है। यह चीन के लिए अत्यधिक अपमानजनक स्थिति होगी। शायद यह इतनी अपमानजनक हो सकती है कि कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण समाप्त हो जाए। इसलिए शी जिनपिंग कभी ऐसा खतरा उठाने को तैयार नहीं होंगे। शास्त्रीय रणनीतिक रूप से सोचने वाले लोगों का यही विचार है और वे संभवत: ठीक भी हैं। लेकिन यह गलत भी हो सकता है।

## आप की बात

### बांग्लादेश में हिदुओं पर हमले

**बांग्लादेश** मंदिरों में तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले दिनों दुर्गा पंडाल में हुए हमले बाद अब शुक्रवार को बांग्लादेश नोआखली जिले में एक इस्कान मंदिर पर भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। इसमें एक इस्कान मंदिर सदस्य की मौत हो गई। बांग्लादेश सरकार ने स्थिति पर काबू पाने लिए अर्धसैनिक बलों को उतारा है मगर मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कोई पहली बार हमने नहीं हुए हैं! बांग्लादेश और पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान सभी जगहों पर कट्टरपंथी लोग हिंदुओं की संपत्ति हथिया कर उन्हें अपने देश से बाहर कर देने पर आतुर हैं! अफगानिस्तान में तालिबान आंतकवादिओं द्वारा सत्ता हथिया लेने बाद विश्व भर में आतंकवादी घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है! ऐसे में भारत लिए एनसीबी कानून अत्यावश्यक हो गया है। मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं को मरने लिए अला नहीं जो छोड़ा जा सकता है! अच्छा हो सरकार को उच्च स्तर पर बांग्लादेश सरकार से बात कर हिंदुस्तानी नागरिकों की रक्षा की पुख्ता व्यवस्था करना चाहिए। और यदि वहां की सरकार असफल होती है तो भारत को अपना सैन्य बल वहां पर भेजकर इस स्थिति को काबू में करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बच्चों को बाल साहित्य पढ़ाएं

**बदलते** परिदृश्य में सब कुछ बदलता चला गया। बच्चे तो है मगर बचपन गुम हो गया। दादी –नानी ,मां लोरिया और कहानियां सुनाती तो ज्ञानार्जन में वृद्धि होती थी, वही कोलाहल से दूर एकाग्रता का समावेश होता था। मीठी नींद जो की अच्छे स्वास्थ्य का सूचक होती वो इनसे प्राप्त होती थी। किन्तु वर्तमान में इलेट्रॉनिक दुनिया की ,भागदौड़ भरी व्यस्तम जिंदगी में बच्चों के लिए साथ बिताने का समय लोग नहीं निकाल पाता। इसके अलावा रिश्तेदारी का व्यवहारिक ज्ञान भी पीछे छूट सा गया है। कहानी से कल्पनानाओं की उत्पत्ति होती वही मातृत्व दुलार भी सही तरीके से प्राप्त होता। अब ये चिंता सताने लगी की कही कहानियां सुनाने की प्रथा विलुप्त न हो जाए। नहीं तो बच्चे लाड़-प्यार और कहानियों से वंचित हो जाएंगे। हाईटेक होते युग में मोबाइल और इंटरनेट ही सहारा बन गए हैं। दादी-नानी की कहानियां सुनने की प्रथा जैसे अब विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची हो। कहानियां कहने की कला बच्चों के स्मृति पटल पर अंकित हो कर और भावी पीढ़ी को कहने की कला देती है। बच्चों में भाषा के ज्ञान को मजबूती देने के लिए एवं पाठ्यक्रमों में कहानियों से बाल साहित्य को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### बेनतीजा बैठकें

**चीन** से सीमा विवाद सुलझाने प्रयास भारत द्वारा लगातार जारी है मगर चीन की नीयत में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में हुए ताजा विवाद बाद कोर कमांडर बैठक भी बेनतीजा रही है। चीन अड़ियल रवैये का ही नतीजा है कि इस बार भी सर्दियों में एलएसी पर सेना की मौजूदगी रहेगी। चीनी कदमों से तनाव घटने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बैठकों का कोई औचित्य तो नजर नहीं आता? चीनी अड़ियल नतीजों का ही परिणाम है कि सीमा पर लगातार तनाव बना हुआ है।कभी चीनी सैनिक तो कभी विस्तारवाद की नियत विवादों की वजह बनती है। पिछले दिनों फिर भारत चीन सैनिक आमने-सामने थे इससे एक बार फिर लगा कि किसी संघर्ष की नौबत आ सकती है। विवाद सुलझाने लिए कोर कमांडर बैठक भी हुई जो भारत को अनर्गल ठहराने अलावा कुछ और हासिल न कर सकी जबकि सारे विवाद की जड़ में चीनी विस्तारवाद ही स्पष्ट रूप से सामने आया है। चीन का रवैया द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन भी है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** 2022 में गोवा और 2024 में दिल्ली जीतेंगे। हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े कि जीत हमारी होगी।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



**हर** बीतने दिन के साथ और ईरान द्वारा बेहतर विश्वास में समायोजित करने से इनकार किए जाने के चलते रास्ता छोटा होता जा रहा है।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**राज्य** सरकार कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए लगातार केंद्र सरकार से संनर्क में है जिससे कि बिजली उत्पादन सुगमता से चले।

– **अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री राजस्थान

# स्वायत्तता की जगह लोकतंत्र, विकास ने ले ली है : माधव

● बदल गया है कश्मीर का राजनीतिक विमर्श



भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी राम माधव ने कहा कि कश्मीर में राजनीतिक विमर्श बदल गया है और स्वायत्तता एवं अलगाववाद के विषयों का स्थान अब लोकतंत्र और विकास ने ले लिया है, जो एक स्वागत योग्य कदम है। लगभग पांच साल तक भाजपा महासचिव रहे और जम्मू-कश्मीर में पार्टी के प्रभारी रहे राम माधव ने कहा कि घाटी में भारत विरोधी ताकतें कमजोर और अलग-थलग पड़ रही हैं। उन्होंने कहा, कश्मीर आज पूरी तरह से अलग रास्ते पर चल रहा है। अब तक शांति खरीदने और संघर्ष को प्रबंधित करने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन अब यहां शांति स्थापित हो रही है। जब आप शांति खरीदते हैं, तो आपको कुछ समझौते करने पड़ते हैं, लेकिन जब आपको शांति स्थापित करनी है तो आपको उस ताकत की स्थिति में होना होगा, जो अभी दिख रही है..। उन्होंने अपनी हालिया किताब द हिंदुत्व पेराडाइम में कश्मीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की है। इस बात पर जोर देते हुए कि घाटी में भारत-विरोधी ताकतें कमजोर हो गई हैं और अलग-थलग पड़ गई हैं, उन्होंने कहा, कश्मीर में राजनीतिक विमर्श पूरी तरह से बदल गया है। जो लोग हमारा विरोध करते थे, अब वे भी अलगाववाद और स्वायत्तता के बजाय लोकतंत्र और चुनाव की बात करते हैं। यह स्वागत योग्य है और हम उनके साथ लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा करना चाहेंगे। वैचारिक रूप से विपरीत दो दलों -भाजपा और पीडीपी- के बीच गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले राम माधव ने रेखांकित किया कि कश्मीर में राजनीतिक विमर्श बदल गया है।

## जम्मू में भाजपा मुख्यालय में राणा और सलाथिया का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस (नेका) से भारतीय जनता पार्टी मे शामिल होने के एक सप्ताह बाद पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह राणा और सुरजीत सिंह सलाथिया का रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय मे जोरदार स्वागत हुआ। भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रवींद्र रैना, सह-प्रभारी आशीष सूद और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओ ने पार्टी मे उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के छोटे भाई राणा ने 2011 मे तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के राजनीतिक सलाहकार के रूप मे अपना पद छोड़ने के बाद नेशनल कांफ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष का पद संभाला था। वह पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी और पूर्व मंत्री एस. एस. सलाथिया के साथ पिछले सोमवार को दिल्ली मे भाजपा मे शामिल हुए। रैना ने उन्हे अनुभवी नेता बताते हुए कहा कि केवल भाजपा ही पूर्व के सभी उपेक्षित क्षेत्रो और वर्गो के साथ न्याय करने मे सक्षम है और यही कारण है कि इस कद के नेता लोगो की बेहतर तरीके से सेवा करने के लिए भाजपा की ओर आकर्षित होते है। उन्होने कहा कि भाजपा नेताओ और कार्यकर्ताओ ने एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संघर्ष मे अपने प्राणो की आहुति दी है, जिसे पांच अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर हासिल किया गया। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) के अधिकतर प्रावधानो को रद्द करके नफरत की दीवार को हटा दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर और विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र को विकास के हक से वंचित कर रखा था।

## हत्या की घटनाओं में कश्मीरी संलिप्त नहीं हैं : फारुक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश मे लोगो की हत्या की हालिया घटनाओ मे कश्मीरी संलिप्त नही है और ए हमले कश्मीरियों को बदनाम करने की साजिश के तहत किए गए। उन्होने इन घटनाओ को केंद्र शासित प्रदेश के शांतिपूर्ण माहौल मे खलल डालने की कोशिश बताया। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओ से कहा, ए हत्याएं दुर्भाग्यपूर्ण है और एक साजिश के तहत की गई। कश्मीरी इन हत्याओं मे संलिप्त नही है। यह कश्मीरियों को बदनाम करने की साजिश है। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य ने कहा कि ए हत्याएं घाटी के शांतिपूर्ण माहौल मे खलल डालने की कोशिश है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले मे दो गैर स्थानीय लोगो की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इससे पहले कश्मीर मे सात लोगो की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी।



जम्मू में कश्मीर में गैर स्थानीय लोगों और सेना के जवानों की हालिया हत्याओं के विरोध में शिवसेना और डोगरा फ्रंट के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया

## जम्मू-कश्मीर में वाहन के गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

**भद्रवाहा,जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले मे रविवार को एक वाहन के 300 फुट गहरी खाई मे गिरने से विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) के एक कर्मचारी समेत दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना अंतरराज्यीय भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के समीप हुई। अधिकारियों ने बताया कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हिकल (एसयूवी) चला रहे रवि कुमार (42) और पीडीडी कर्मचारी इजाज अहमद (45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ए दोनों सरतिंगल गांव के निवासी थे। वही भेजा गांव के रहनेवाले इरफान अहमद इस दुर्घटना में घायल हो गए और उन्हें बचावकर्मियों ने भद्रवाह अस्पताल पहुंचाया।

## महाराष्ट्रः नांदेड़ के पूर्व सांसद खतगांवकर ने भाजपा छोड़ी, कांग्रेस में हुए शामिल

**नांदेड़, औरंगाबाद।** नांदेड़ के पूर्व सांसद भास्कर पाटिल खतगांवकर ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ दी और पूर्व विधायक ओमप्रकाश पोकर्णा के साथ कांग्रेस मे शामिल हो गए। उल्लेखनीय है कि खतगांवकर ने सात साल पहले कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। वह पूर्व में महाराष्ट्र के मंत्री अशोक चव्हाण के विरोधी थे, लेकिन अब नही है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को पसंद करते है, लेकिन यदि हमारे कार्यकर्ताओ को न्याय चाहिए तो मुझे कांग्रेस में होने की जरूरत है। चव्हाण ने खतगांवकर और पोकर्णा का पार्टी मे स्वागत करते हुए ट्वीट किया कि उनकी मौजूदगी न सिर्फ नांदेड़ मे, बल्कि पूरे मराठवाड़ा मे कांग्रेस को मजबूत करेगी।

## मोरपरिया को नई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स एवं आपूर्ति श्रृंखला सेवा कंपनी डेल्हीवरी ने तीन नये स्वतंत्र बोर्ड निदेशकों की नियुक्ति की घोषणा की। निदेशक मंडल में कल्पना मोरपारिया, रोमेश सोब्ती और सौगत गुप्ता शामिल होंगे। सुश्री कल्पना मोरपरिया जेपी मॉर्गन दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया की पूर्व अध्यक्ष और जेपी मॉर्गन इंडिया की पूर्व सीईओ रह चुकी हैं। उन्हें शासन, लेखा परीक्षा, नामांकन और मुआवजा समितियों में व्यापक विशेषज्ञता प्राप्त है। रोमेश सोब्ती बैंकिंग के तीनों क्षेत्रों, सार्वजनिक, विदेशी और निजी में 46 वर्षो के अनुभव के साथ करियर बैंकर रहे हैं। वह आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड और अदानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड सहित कई बोर्डों में निदेशक भी हैं। सौगत गुप्ता वर्तमान में मैरिको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। श्री गुप्ता को फोर्ब्स इंडिया लीडरशिप अवार्ड्स 2019 में सर्वश्रेष्ठ सीईओ , निजी क्षेत्र के रूप में भी मान्यता दी गई है। श्री राजन और दीपक कपूर को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

## इटारसी में बंदूक से दुर्घटनावश चली गोली, चार जवान घायल

**होशंगाबाद (मप्र)।** मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के इटारसी मे रविवार को कथित रूप से स्वचालित बंदूक की सफाई के दौरान दुर्घटनावश गोली चल गई, जिससे इसके छर्रे लगने से रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के चार जवान घायल हो गए। उप पुलिस अधीक्षक रेल (इटारसी) अर्चना शर्मा ने बताया, हथियार की सफाई के दौरान शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक गोली चल जाने के कारण यह घटना हुई। इस दौरान गोली के छर्रे लगने से आरपीएसएफ के चार जवान घायल हुए हैं। चारो घायलो को होशंगाबाद के निजी नर्मदा अपना अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। यह घटना इटारसी रेलवे स्टेशन के पास गार्ड रनिंग रूम (गार्डों के रहने के लिए बने बैरक) मे हुई।

# कॉलेजियम की ओर से दोबारा भेजे गए नामों पर सरकार को फैसला करना शेष

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय कॉलेजियम द्वारा चार उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए इस साल मार्च से सितंबर के बीच फिर से भेजे गए 12 नामों पर सरकार ने अभी तक फैसला नहीं किया है।

उच्चतर न्यायपालिका में नियुक्ति की प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सरकार ने विभिन्न अवसरों पर इन लोगों को उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिशों पर पुनर्विचार के अनुरोध के साथ उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम को ए नाम वापस कर दिए थे। इनमें से पांच नाम कलकत्ता उच्च न्यायालय और तीन नाम जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के लिए हैं। कर्नाटक और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों के लिए दो-दो नामों की सिफारिश की गई है। सूत्रों ने बताया कि इस साल मार्च और सितंबर के बीच, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इन 12 उम्मीदवारों को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के लिए सरकार को अपनी सिफारिशें दोहराई थीं।

उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा की गई नई सिफारिशों की सूची से की जा रही है, लेकिन सरकार को भारत के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय कॉलेजियम द्वारा दोबारा भेजे गए नामों पर फैसला लेना बाकी है। स्थापित प्रक्रिया के अनुसार, उच्च न्यायालय कॉलेजियम उन उम्मीदवारों के नाम कानून मंत्रालय को भेजता है, जिन्हें वह उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के लिए उपयुक्त समझता है। मंत्रालय, उम्मीदवारों के नामों को उनके अन्य विवरणों के बारे में आईबी रिपोर्ट के साथ उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम को भेजता है।

उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम तब इन नामों पर विचार करता है और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए उन नामों में से सिफारिश करता है। दो से चार साल पहले संबंधित उच्च न्यायालयों के कॉलेजियमों द्वारा 12 नामों की सिफारिश की गई थी।

## भोपाल में दुर्गा विसर्जन के जुलूस में घुसी तेज रफ्तार कार, एक हेड कांस्टेबल सहित चार लोग घायल

भाषा। भोपाल

**मध्य प्रदेश** की राजधानी भोपाल में दुर्गा विसर्जन के जुलूस में एक तेज रफ्तार कार घुस गई, जिससे एक हेड कांस्टेबल सहित चार लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार देर रात बजरिया पुलिस थाना इलाके में भोपाल रेलवे स्टेशन के पास हुई। इस बीच, पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया और कार को जब्त कर लिया। बजरिया पुलिस थाना प्रभारी उमेश यादव ने रविवार को भाषा को बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन के पास सड़क पर शनिवार की रात करीब सवा ग्यारह बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकल रहा था। जुलूस के बीच एक व्यक्ति ने तेज रफ्तार कार घुसा दी, जिससे चार लोगों को चोटें आई हैं।

उन्होंने कहा कि इनमें से एक को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज एक अस्पताल में चल रहा है, हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में वहां ड्यूटी पर मौजूद एक हेड कांस्टेबल के पांव पर भी यह कार चढ़ गई थी, जिससे उसे भी हल्की चोट आई है। यादव ने बताया कि जैसे ही यह कार जुलूस में घुसी, जुलूस में शामिल कथित तौर पर शराब पिए कुछ लोग उसे पकड़ने के लिए चिल्लाने लगे, जिससे कार चालक घबरा गया और उसने अपने वाहन को तेजी से रिवर्स किया और उसके बाद मौके से वाहन सहित फरार हो गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बाद में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरशाद वाली ने दोपहर को बताया कि घटना में शामिल कार को जब्त कर लिया गया है और उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वली ने कहा कि एक घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है और वह खतरे से बाहर है और उसकी हालत स्थिर है। चिकित्सक के अनुसार उन्हें मामूली चोटें आई हैं।

## क्विक न्यूज

### असैन्य नागरिकों की हत्या के खिलाफ जम्मू में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा असैन्य नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की हत्या की निंदा करने के लिए कई समूहों ने रविवार को यहां विभिन्न स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू और सीमावर्ती जिले पुंछ के विभिन्न हिस्सों में यह ताजा विरोध प्रदर्शन आतंकवादियों द्वारा श्रीनगर तथा पुलवामा जिलों में अलग-अलग हमलों में दो गैर-स्थानीय लोगों, बिहार के अरविंद कुमार साह और उत्तर प्रदेश के सगीर अहमद की गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद हुआ। विभिन्न समूहों के प्रदर्शनकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को लगातार समर्थन देने की निंदा करते हुए पाकिस्तान सरकार के पुतले फूंके। उन्होंने पुंछ जिले के सुरनकोट और मेंढर जंगलों में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान अपनी जान गंवाने वाले नौ सैन्यकर्मियों को भी श्रद्धांजलि दी।

### त्रिपुरा की राजनीतिक पार्टियों और नागरिक समाज ने बांग्लादेश हिंसा की निंदा की

**अगरतला।** त्रिपुरा की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और नागरिक समाज संगठनों ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हाल में दुर्गा पूजा पंडालों में हुई तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले की निंदा की है। त्रिपुरा की करीब 865 किलोमीटर लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है। वहीं, मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देब ने उम्मीद जताई कि शेख हसीना सरकार उपद्रवियों के खिलाफ उचित कार्वाई करेगी। अधिकारियों ने बताया कि देब ने शनिवार को बांग्लादेश में तैनात भारतीय उच्चायुक्त विक्रम के दोरईस्वामी को फोन कर पड़ताल की कि वास्तव में पड़ोसी देश में क्या हुआ है और हिंदू समुदाय की रक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक दोरईस्वामी ने बातचीत के दौरान विश्वास दिलाया कि उन्होंने उन दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया है जहां पर कथित हमला हुआ है और बांग्लादेश सरकार इस मामले को सौहार्द्रपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

### गुजरात में कोविड-19 के 10 मामले, लगातार नौवें दिन किसी की मौत नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात में रविवार को कोविड-19 के 10 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या 8,26,290 हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। राज्य में लगातार नौवें दिन कोरोना वायरस संक्रमण से किसी की मौत नहीं हुई जिससे मृतक संख्या 10,086 बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में 16 और मरीजों के ठीक हो जाने से अब तक 8,15,997 लोग संक्रमण को मात दे चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में 207 मरीज उपचाराधीन हैं और छह मरीज वेंटिलेटर पर हैं। नए मामलों में सूरत से चार, वडोदरा से दो मामले आए। गुजरात में रविवार को 1.11 लाख लोगों को कोविड-19 रोधी टीके की खुराक दी गई। राज्य में अब तक टीके की कुल 6.68 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव में संक्रमण का एक मामला आने से संक्रमितों की कुल संख्या 10,648 हो गई। केंद्रशासित प्रदेश में चार उपचाराधीन मामले हैं।

### विधायक एलेक्सो आर. लॉरेंसो कांग्रेस की गोवा इकाई के कार्यकारी प्रमुख नियुक्त

**पणजी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने विधायक एलेक्सो आर. लॉरेंसो को पार्टी की गोवा इकाई का कार्यकारी प्रमुख नियुक्त किया है। एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने पार्टी की गोवा इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कर्टोरिम से विधायक लॉरेंसो को पार्टी की प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि जेम्स एंड्रेड को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने वाईएसआरसी प्रमुख जगन को राजग में शामिल होने का न्यौता दिया

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने रविवार को वाईएसआर कांग्रेस को केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अठावले ने कहा, हम राजग का विस्तार चाहते हैं। मैं वाईएसआरसी के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी से राजग में शामिल होने की अपील करता हूं। यदि वह राजग से जुड़ते हैं तो वह आंध्रप्रदेश के लिए और मदद के लिए आश्वस्त रहेंगे। उन्होंने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री से कहा, इसके बारे में सोचिए। मैं भाजपा अध्यक्ष से बात करूंगा। यदि जगन मोहन रेड्डी तैयार हो जाते हैं तो निश्चित ही मैं भाजपा आलाकमान से बात करूंगा।

## उत्तराखंड में सभी पात्र लाभार्थियों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगी

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** में सभी पात्र लाभार्थियों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

धामी ने कहा कि उत्तराखंड ने इस लक्ष्य को तय समय से तीन माह पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 74 लाख लोगों को कोविड टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि इनमें से 34.68 लाख लोग दूसरी खुराक भी ले चुके हैं। उन्होंने अपील की कि कोविड टीके की पहली खुराक लेने वाले लोग समय पर अपनी दूसरी खुराक भी लें। धामी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को भी जागरुक कर उनकी सहमति से टीका लगाया जा रहा है। शेष बचे लाभार्थियों में रक्त पतला करने की (ब्लड थिनर) दवा ले रहे, कुछ दवाओं से एलर्जी वाले, पूर्व में किसी टीके का प्रतिकूल प्रभाव झेल चुके और टीका लगवाने के अनिच्छुक लोग शामिल हैं। धामी ने राज्य को आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में कोविड टीकों की खुराक उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।



कुल्लू में दशहरा मेले के दौरान वाद्य यंत्रों के साथ आनंद लेते श्रद्धालु

## पंजाब : मुख्यमंत्री ने शुरू की मेरा घर मेरे नाम योजना

भाषा। दीनानगर (गुरदासपुर)

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गांवों और शहरों की लाल लकीर के भीतर बने घरों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने के लिए रविवार को मेरा घर मेरे नाम योजना की शुरुआत की।



लाल लकीर जमीन के उस हिस्से को कहा जाता है जोकि गांव की बस्ती का ही हिस्सा होता है और इसका उपयोग केवल गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यहां आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना सभी लोगों, विशेषकर जरूरतमंद और वंचित तबकों के लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा और राजस्व मंत्री अरुणा चौधरी भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यह योजना केवल गांवों में रहने वाले लोगों के लिए ही शुरू की गई थी लेकिन अब इसे लाल लकीर क्षेत्र में आने वाले शहरों के पात्र निवासियों तक पहुंचाया जा रहा है। चन्नी ने कहा कि राजस्व विभाग को डिजिटल मैपिंग के लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में ऐसी आवासीय संपत्तियों का ड्रोन सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी वास्तविकता से कम आंके गए विद्वान थे : जितेंद्र सिंह

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी वास्तविकता से कम आंके गए विद्वान थे जिनकी बतौर शिक्षाविद शानदार भूमिका को ब्रिटिश शासकों ने स्वीकार की। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं उच्च शिक्षा में उनका योगदान विषयक ऑनलाइन अकामदिक व्याख्यान देते हुए सिंह ने उन्हें ऐसा प्रतिभाशाली बालक बताया जो बहुमुखी मेधा के साथ बड़े हुए और महज 52 - 53 साल की छोटी जीवन अवधि में इतना कुछ हासिल कर लिया। जब देश में बहुत कम विश्वविद्यालय थे और उनमें से ज्यादातर ब्रिटिश नियंत्रण में थे और ज्यादातर में ब्रिटिश अध्यापक थे, तब वह महज 34 साल की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने और उन्होंने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 22 दीक्षांत भाषण दिए।मुखर्जी वास्तविकता से कम आंके गए विद्वान थे और इतिहास सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान के संबंध में उनके साथ न्याय नहीं कर पाया।

# कर्नाटक में 2023 के चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व तय करेगा मुख्यमंत्री पद का चेहरा : सिद्धरमैया

भाषा। हुबली (कर्नाटक)



● राष्ट्रीय राजनीति में कोई रुचि नही है और वह राज्य में ही रहेंगे

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि 2023 में होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद पार्टी नेतृत्व मुख्यमंत्री का फैसला करेगा और जिसका भी नाम वह तय करेगा सभी उसे स्वीकार करेंगे। कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी राष्ट्रीय राजनीति में कोई रुचि नहीं है और वह राज्य में ही रहेंगे। अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद उनके मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर सिद्धरमैया ने कहा, पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है। बसवराज बोम्मई कौन हैं? क्या विधायकों ने उन्हें चुना? वह (भाजपा) नेतृत्व और आरएसएस था जिसने फैसला किया। इसी प्रकार, हमारा भी नेतृत्व है। हुबली में संवाददाताओं से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों की राय के आधार पर पार्टी नेतृत्व नए मुख्यमंत्री का फैसला करेगा। जिसे भी (मुख्यमंत्री) बनाया जाएगा, उसे हम स्वीकार करेंगे। सिद्धरमैया ने दोहराया कि उन्हें राष्ट्रीय राजनीति के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है और हाल में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ हुई मुलाकात के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें भी उसमें रुचि नहीं है और वह राज्य की राजनीति में ही बने रहना चाहते हैं। सिद्धरमैया ने कहा, मेरी उम्र अब 74 साल हो गई है। मैं अधिकतम पांच साल और राजनीति में रह सकता हूं। मैं कर्नाटक में ठीक हूं। मैं कर्नाटक की राजनीति में खुश हूं। सिद्धरमैया वर्ष 2023 का विधानसभा चुनाव जीतने पर दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने की महत्वकांक्षा रखते हैं। हालांकि, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार को भी मुख्यमंत्री पद का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है और उनके विश्वासपात्र भी सिद्धरमैया के करीबियों की तरह अभी से ही उन्हें मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश कर रहे हैं।




हैदराबाद में सुदर्शन भारत परिक्रमा एनएसजी कार रैली के फ्लैगऑफके दौरान, पीपुल्स प्लाजा में 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में प्रदर्शित एनएसजी के रेनो शेरपा बख्तरबंद सैन्य वाहन के साथ

# देश की संस्कृति में लोगों को एकजुट करने की शक्तिः नायडू

**भाषा।** हैदराबाद



हैदराबाद में वार्षिक दशहरा अलाई-बलाई सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी व भाजपा तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष एमपी बांदी संजय

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि देश की बहुलवादी संस्कृति में, विभिन्न सामाजिक विभाजनों से परे जाकर लोगों को एकजुट करने की शक्ति है। नायडू ने यहां दशहरा उत्सव के तहत आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलाई बलाई में भाग लेते हुए युवाओं को परंपरा, संस्कृति के बारे में जागरूक होने तथा विविधता में एकता को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने महान नेताओं की विरासत का सम्मान करने और बहुलवादी संस्कृति की रक्षा के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना के गृह मंत्री मो. महमूद अली और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम दत्तात्रेय की बेटी विजयलक्ष्मी द्वारा आयोजित किया गया था, जो दत्तन्ना अलाई बलाई उत्सव समिति की अध्यक्ष भी हैं। दत्तात्रेय ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साझा मंच पर लाने के लिए अलाई बलाई कार्यक्रम की अवधारणा पेश की थी। यह कार्यक्रम 2005 से यहां आयोजित किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति ने पर्यावरण सुरक्षा के लिए जनांदोलन का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रविवार को पर्यावरण की रक्षा के लिए जनांदोलन का आह्वान किया और लोगों से विभिन्न संरक्षण गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग लेने की अपील की। उन्होंने खासकर युवाओं से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर अगुवाई करने तथा दूसरों को संपोषणीय पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, उन्हें लोगों के बीच यह विचार ले जाना चाहिए कि यदि हम प्रकृति की देखभाल करेंगे, तो बदले में प्रकृति मानवजाति की देखभाल करेगी। तीव्र शहरीकरण एवं वनों की कटाई के प्रभावों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हाल में आकस्मिक बाढ़ एवं भूस्खलन जैसी प्रतिकूल मौसमी दशाएं बार-बार सामने आई हैं। एक सरकारी बयान के अनुसार, नायडू ने कहा, ये इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि जलवायु परिवर्तन हकीकत है और चीजें यूं ही जारी नहीं रह सकती हैं। ऐसी मौसमी दशाओं को कम करने के लिए उन्होंने कहा, ऐसे में जरूरी है कि हम प्रकृति के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से रहें।



नदिया में हुगली नदी में देवी दुर्गा की मूर्ति को विसर्जित करते श्रद्धालु

# सरकारी अस्पताल में चार नवजातों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में गत दो दिनों में चार नवजात बच्चों की मौत हो गई है जिसके बाद राज्य सरकार ने अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई है। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि इन मौतों में कुछ भी असामान्य नहीं है क्योंकि इन नवजातों की मौत जन्म संबंधी जटिलताओं की वजह से हुई है। राजधानी रायपुर से करीब 300 किलोमीटर दूर सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल (जीएमसीएच) में ए मौतें हुई हैं। जीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया, एक नवजात की मौत 15 अक्टूबर की देर रात हुई जबकि तीन अन्य नवजातों की मौत अगली सुबह हुई। सभी मृत नवजातों की उम्र चार से 28 दिन के बीच थी। इन चारों नवजातों को जन्म के बाद दूसरे अस्पतालों से रेफर किया गया था। एक नवजात की मौत बाल चिकित्सा वार्ड में हुई जबकि तीन बच्चों की मौत विशेष नवजात देखरेख इकाई (एसएनसीयू) में हुई। डॉ. सिंह ने बताया कि इन मौतों में कुछ भी असामान्य नहीं है। दो नवजातों को सांस लेने की समस्या थी जबकि अन्य का वजन कम था। अस्पताल के एक अन्य डॉक्टर ने बताया कि एक मृत नवजात के माता-पिता ने कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा हंगामा किया और बाद में अन्य मृत नवजातों के परिजन भी हंगामे में शामिल हो गए। नवजातों की मौत की जानकारी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के शहरी प्रशासन एवं विकास मंत्री शिवकुमार दहरिया अधिकारियों से बैठक के लिए अंबिकापुर रवाना हो गए। वह सरगुजा जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। दिल्ली दौरे पर गए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव अपना दौरा बीच में ही छोड़कर वापस लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर दहरिया अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए हैं जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अस्पताल के अधीक्षक के साथ आपात बैठक बुलाई है।

# पुलिसकर्मियों द्वारा रिश्वत मांगने से संबंधित सूचीपत्र सोशल मीडिया पर वायरल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में पुलिसकर्मियों के एक वर्ग द्वारा कथित रूप से रिश्वत मांगने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक कैटलॉग (सूचीपत्र) सोशल मीडिया पर सामने आया है। एक आधिकारिक परिपत्र के कथित अनुलग्नक की तरह दिखने वाले इस कैटलॉग में रिश्वत हासिल करने के 61 विशिष्ट स्रोतों को सूचीबद्ध किया गया है। कैटलॉग सोशल मीडिया पर आने के बाद भाजपा ने पूछा कि क्या तमिलनाडु में द्रमुक के सत्ता में आने से पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है।कैटलॉग में कथित रूप से 100 रुपए लेकर एक लाख रुपए और उससे अधिक की रिश्वत हासिल करने के स्रोतों की सूची दी गई है। इसमें बताया गया कि किस काम से कितना पैसा जुटाना है। रिश्वत की मांग मुख्य रूप से अवैध गतिविधियों जैसे रेत तस्करी, जुआ, प्रतिबंधित लॉटरी आदि की अनुमति देने के लिए की जाती है।

# राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाईः गहलोत

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने व अनुचित साधनों के प्रयोग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्ती के लिए इससे जुड़े कानून को और कड़ा बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में जल्द ही अध्यादेश लाया जाएगा जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने, पेपर लीक सहित अन्य गड़बड़ियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई के प्रावधान होंगे।

गहलोत ने कहा कि इसके तहत भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को संज्ञेय अपराध बनाने के साथ ही इसे गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में शामिल किया जाएगा और इस बाबत तीन साल की सजा के मौजूदा प्रावधान की जगह सजा बढ़ाकर सात साल करने का प्रावधान किया जाएगा। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित गृह विभाग की उच्च-स्तरीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक के बाद जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में होने वाली समस्त भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी होने पर इसमें संलिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, डमी अभ्यर्थी को बैठाने एवं नकल कराने जैसे प्रकरणों में किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी की संलिप्तता पाए जाने पर राज्य सरकार उसे सेवा से बर्खास्त करेगी। बयान के अनुसार किसी निजी शिक्षण संस्थान से जुड़े व्यक्ति की किसी गड़बड़ी में संलिप्तता पाई गई तो संबंधित संस्थान की मान्यता स्थाई रूप से समाप्त कर दी जाएगी। गहलोत ने बैठक में कहा कि राजस्थान अध्यापक योग्यता परीक्षा रीट-2021 की तरह ही अक्टूबर माह में प्रस्तावित पटवारी भर्ती परीक्षा एवं इसके बाद आयोजित होने वाली आरएएस प्रारंभिक परीक्षा के सभी अभ्यर्थियों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोनों परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रोडवेज बसों के अलावा पर्याप्त संख्या में निजी बसों की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव निरंजन आर्य एवं पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर को जिलाधिकारियों-पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर आगामी भर्ती परीक्षाओं के दौरान कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा।

## क्विक न्यूज

### शिक्षण सहायकों की भर्ती प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करेगा विवि

**अहमदाबाद।** गुजरात में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय (एसयू) में शिक्षण सहायकों की भर्ती में पक्षपात के आरोपो के बीच अधिकारियो ने पूरी प्रक्रिया नए सिरे से करने शुरू करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले, कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने दावा किया था कि एसयू सिंडिकेट के भाजपा सदस्यों ने संविदा भर्ती के लिए उम्मीदवारो की सिफारिश करने के सिलसिले मे एक सोशल मीडिया ग्रुप बनाया है। एनएसयूआई ने मांग की थी कि पूरी प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू कर सब कुछ वीडियो रिकॉर्ड किया जाए। कांग्रेस की छात्र शाखा ने दावा किया था कि सौराष्ट्र विश्वविद्यालय के सिंडिकेट के भाजपा सदस्यो के समूह मे अनुबंध के आधार पर शिक्षको की अंतिम भर्ती की खातिर 23 नामो का उम्मीदवारो के रूप मे कथित तौर पर उल्लेख है। उम्मीदवारो के साक्षात्कार जल्द होने वाले है। कुलपति एनएम पिठानी ने रविवार को कहा, हमने भर्ती प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 78 सफल उम्मीदवारो को शॉर्टलिस्ट करने के लिए 29 सितंबर से 12 अक्टूबर के बीच योग्य उम्मीदवारो की एक खुली साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की गई थी। लेकिन कथित व्हाट्सएप ग्रुप पर विवाद को देखते हुए, विश्वविद्यालय ने एक बार फिर प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। पिठानी ने कहा था कि शिक्षण सहायको को चुनने के लिए उन्हे किसी से कोई सिफारिश नही मिली है। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए गुजरात के शिक्षा मंत्री जीतू वघानी ने आश्वासन दिया था कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होगी और चयन योग्यता के आधार पर किया जाएगा। उन्होने कहा कि किसी भी उम्मीदवार के साथ गलत व्यवहार नही किया जाएगा। उन्होने ट्वीट किया था, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय मे संविदा भर्ती के विवाद के बारे मे जानने के बाद मैंने कुलपति से फोन पर बात की। मैंने उन्हें पूरी प्रक्रिया को योग्यता के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया है कि किसी भी उम्मीदवार के साथ गलत व्यवहार न हो। शिक्षा विभाग के अपर सचिव को भी कार्वाई के निर्देश दिए गए है।

### पिता के सामने 16 वर्षीय बेटी को दबोच ले गया तेंदुआ, मौत

**सिवनी (मप्र)।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल मे मवेशी चरा रही 16 वर्षीय एक किशोरी पर उसके पिता के सामने एक तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना सिवनी जिले मे कान्हीवाड़ा वन परिक्षेत्र के पांडीवाड़ा गांव से लगे जंगल मे शनिवार दोपहर को घटी। कान्हीवाड़ा के प्रभारी रेंजर योगेश पटेल ने रविवार को भाषा को बताया कि मृतका की पहचान रवीना यादव (16) के रूप मे की गई है। उन्होंने कहा कि रवीना व उसके पिता जंगलू यादव पांडीवाड़ा गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर पहाड़ी क्षेत्र मे मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान तेंदुए ने रवीना पर हमला कर दबोच लिया और पहाड़ी की ओर ले गया। पटेल ने बताया कि तेंदुए का पीछा कर डंडा पटक कर जंगलू ने अपने बेटी को छुड़ाने की कोशिश की, तो तेंदुए ने पिता पर भी हमला करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौके पर पहुंचे गए, जिसके बाद किशोरी के शव को छोड़कर तेंदुआ जंगल लौट गया। तेंदुए ने किशोरी की गर्दन का पिछला कुछ हिस्सा खा लिया था। पटेल ने बताया कि मृतक के परिवार को 10,000 रुपए की तात्कालिक सहायता वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। वही, चार लाख रुपए की आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के लिहाज से प्रकरण तैयार कर आगे की कार्वाई की जा रही है।

### हम बांग्ला हिंदुओं की मनोदशा महसूस कर सकते हैं, हम उनके साथ खड़े हैं: इमाम एसोसिएशन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल मे मुसलमानो के प्रतिनिधि संगठन बंगाल इमाम एसोसिएशन ने दूर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश मे हिदुओ पर हुए हमले की निंदा की है और सभी से भारत एवं पड़ोसी देश मे अल्पसंख्यको के साथ खड़ा रहने का आह्वान किया है। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से जुड़े कम से कम 32,000 आयोजन किए गए है और सभी को सौहार्द और भाईचारे के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद याहिया ने एक बयान मे कहा, लेकिन कुछ निहित स्वार्थ वाले लोगो ने कई पूजा पंडालो मे बड़े पैमाने पर आगजनी कराने के लिए कोमिला के एक पंडाल की छिटपुट घटना की तस्वीरे फैलाई और सांप्रदायिक जहर के बीज बोए। दो समुदायो के बीच भेदभाव पैदा करने की इन ताकतो की साजिश को समझने के लिए किसी रॉकेट साइंस की जरूरत नही है और ये ताकते ऐसी हरकतो से किसी भी धर्म का महिमामंडन नही कर रही है। भारत मे अल्पसंख्यक समुदाय का सदस्य होने के नाते हम बांग्लादेश के हिदुओ की मनोदशा महसूस करते है जो उस देश मे अल्पसंख्यक है। हम इस घड़ी उनके साथ खड़े है। उन्होने लोगो से सोशल मीडिया पर अफवाहें एवं फर्जी सूचना फैलाने एवं गड़बड़ी पैदा करने की किसी भी कोशिश को लेकर सावधान रहने का भी आह्वान किया। बांग्लादेश मे मंदिरो एवं दुर्गा पूजा पंडालो मे तोड़फोड़ की गई है तथा बदमाशो एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियो के बीच झड़प मे कम से कम चार लोगो की मौत हो गई। उसके बाद प्रभावित जिलो मे अर्धसैनिक बल तैनात किए गए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ढाका मे हाल मे ढाकेश्वरी नेशनल मंदिर मे एक कार्यक्रम मे हिदुओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दोषियो को ढूंढ निकाला जाएगा।



रामपुर में केन्द्रीय मंत्री मुक्तार अब्बास नकवी और नरायण स्वामी ने दिव्यागंजनों को सहायता उपकरण वितरित किए।

# जरूरतमंद लोगों के जीवन में सुख समृद्धि करना पीएम का मिशनः नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन बताते हुए जोर देकर कहा कि केंद्र का ध्यान बिना तुष्टीकरण के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। नकवी ने उत्तर प्रदेश के रामपुर के महात्मा गांधी स्टेडियम में दिव्यांग जन और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न चिकित्सा सहायता उपकरणों के मुफ्त वितरण के दौरान यह टिप्पणी की। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ए नारायणस्वामी भी उपस्थित थे।एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एएलआईएमसीओ, कानपुर ने केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत रामपुर के विभिन्न हिस्सों के लगभग 2000 दिव्यांग जन और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न चिकित्सा सहायता उपकरण जैसे ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर, प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरण, श्रवण उपकरण वितरित किए।नकवी ने कहा कि पिछले सात वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने गरीबों और समाज के कमजोर वर्गों के सुशासन, समावेशी विकास और ै तुष्टिकरण के बिना सशक्तिकरणै पर ध्यान केंद्रित किया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव औलख, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य जयपाल सिंह व्यास और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नकवी ने रामपुर के नुमाइश मैदान में आयोजित किए जा रहे हुनर हाट का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद कारीगरों और शिल्पकारों के स्वदेशी हस्तनिर्मित उत्पादों को आकर्षक पैकेजिंग और बाजार उपलब्ध कराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

# कोर्ट ने पिता को किडनी दान की इच्छा जताने वाले आरोपी को अस्पताल ले जाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपने बीमार पिता को किडनी दान करने की इच्छा जताने वाले मादक पदार्थ मामले के एक आरोपी को जरूरत पड़ने पर आवश्यक चिकित्सा जांच के लिए जेल से अस्पताल ले जाने की अनुमति दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आरोपी अगर किडनी दान करने के योग्य पाया जाता है और संबंधित सरकारी मेडिकल कॉलेज की समिति प्रतिरोपण की मंजूरी दे देती है तो वह मप्र उच्च न्यायालय में अंतरिम जमानत के लिए अर्जी दे सकता है सहानुभूतिपूर्वक इस पर विचार करेगी। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की पीठ ने आरोपी की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के इस साल जून में दिए एक आदेश को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# भ्रष्टाचार के आरोप में ओडिशा के विधायक के खिलाफ पन्द्रह जगह छापेमारी

**भाषा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा पुलिस** की सतर्कता शाखा ने रविवार को कहा कि उसने गोपालपुर विधायक प्रदीप पाणिग्रही के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच के सिलसिले में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। राज्य पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने एक बयान में कहा कि विधायक के पास कथित तौर पर उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से 5.05 करोड़ रुपए अधिक संपत्ति मिली है।

शाखा ने कहा कि विधायक द्वारा आय से अधिक संपत्ति रखे जाने के आरोप के बारे में एक गुप्त सत्यापन पूरा होने के बाद पिछले साल दिसंबर में ओडिशा के लोकायुक्त के समक्ष एक शिकायत दर्ज की गई थी। बयान में कहा गया, लोकायुक्त ने ओडिशा विजिलेंस को पाणिग्रही के खिलाफ जांच करने का निर्देश दिया। सतर्कता अधिकारियों ने पाणिग्रही, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों के 15 परिसरों पर छापेमारी की।

सतर्कता शाखा ने कहा कि उन्होंने मई 2009 से नवंबर 2020 के बीच एक लोक सेवक के रूप में कथित तौर पर 5.05 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। कभी मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी रहे पाणिग्रही को सतर्कता विभाग ने नौकरी के फर्जी वादे कर लोगों को ठगने के मामले में गिरफ्तार किया था। 56 वर्षीय विधायक करीब सात महीने जेल में रहे और इस साल जून में जमानत पर रिहा हुए।

पाणिग्रही को पिछले साल नवंबर में जनविरोधी गतिविधियों के आरोप में सत्तारूढ़ बीजद से निष्कासित कर दिया गया था। गोपालपुर के विधायक पाणिग्रही ने नौकरी चाहने वालों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों से इनकार किया था और आरोप लगाया था कि पार्टी से निष्कासन के बाद उनके रिश्तेदारों और समर्थकों को पुलिस द्वारा परेशान किया जा रहा था।

# उच्च न्यायालय तय करे कि क्या खुफिया, सुरक्षा संगठन आरटीआई के दायरे में आते हैः न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सरकार के खुफिया और सुरक्षा संगठनों पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून लागू होने या न होने को लेकर अपना फैसला देने का दिल्ली उच्च न्यायालय को निर्देश दिया है। साथ ही शीर्ष अदालत ने वरिष्ठता और पदोन्नति के संदर्भ में एक कर्मचारी को जानकारी उपलब्ध कराने का एक विभाग को निर्देश देने संबंधी उसका आदेश खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सरकारी विभाग की उस आपत्ति पर निर्णय लिए बिना निर्देश दिया कि उस (विभाग) पर आरटीआई कानून लागू नहीं होता है।

पीठ ने कहा, विभाग की ओर से यह विशिष्ट प्रश्न उठाया गया था कि आरटीआई अधि. इस संगठनाविभाग पर लागू नहीं होता है। इसके बावजूद इस आपत्ति का निर्णय किए बिना उच्च न्यायालय ने अपीलकर्ता को आरटीआई अधिनियम के तहत मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह क्रम को उलट-पुलटने जैसा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय को सबसे पहले संगठन या विभाग पर आरटीआई अधिनियम लागू होने के संबंध में फैसला करना चाहिए था।

पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा है, हम उच्च न्यायालय को निर्देश देते हैं कि वह पहले अपीलकर्ता संगठन/विभाग पर आरटीआई अधिनियम के लागू होने के मुद्दे को लेकर फैसला करे और उसके बाद स्थगन आवेदनाएलपीए पर फैसला करे। इसका निर्धारण आठ सप्ताह की अवधि के भीतर किया जाएगा। शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के 2018 के फैसले के खिलाफ केंद्र द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभाग को 15 दिनों के भीतर कर्मचारी को जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने उच्च न्यायालय को बताया था कि जिस विभाग से सूचना मांगी गई है उसे आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 24(1) के तहत छूट दी गई है, इसलिए सीआईसी का आदेश गैर-कानूनी एवं आरटीआई अधिनियम की धारा 24 के प्रावधानों के उलट है। आरटीआई अधिनियम की धारा 24 कुछ खुफिया और सुरक्षा संगठनों कोै भ्रष्टाचार और मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोपों से संबंधितै जानकारी को छोड़कर पारदर्शिता कानून के दायरे से छूट देती है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि चूंकि कर्मचारी वरिष्ठता के संबंध में पूर्वाग्रहों का सामना कर रहा था, उसने ऊपर उल्लिखित जानकारी मांगी। उसने यह भी कहा कि जानकारी न तो खुफिया जानकारी है, न ही सुरक्षा संबंधी और न ही याचिकाकर्ता संगठन की गोपनीयता को प्रभावित करती है।



जबलपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य जबलपुर में रूट मार्च निकालते हुए।

# निवेशकों और उद्योग के हितधारकों के लिए भारत में काफी अवसर : सीतारमण

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, जिससे भारत में सभी निवेशकों तथा उद्योग के हितधारकों के लिए काफी अवसर हैं। सीतारमण ने शनिवार को उद्योग मंडल फिक्की तथा अमेरिका-भारत रणनीतिक मंच द्वारा आयोजित गोलमेज में वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों तथा निवेशकों से कहा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के पुन:नियोजन तथा भारत के स्पष्ट रुख अपनाने वाले नेतृत्व की वजह से सभी निवेशकों तथा उद्योग के हितधारकों के लिए हमारे देश में काफी अवसर हैं।

सीतारमण वाशिंगटन डीसी की अपनी यात्रा के बाद शुक्रवार की देर रात यहां पहुंचीं। वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्ट-अप कंपनियां काफी तेजी से बढ़ी हैं और अब इनमें से कई पूंजी बाजार से धन जुटा रही हैं। इस साल ही करीब 16 स्टार्ट-अप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुई हैं। यूनिकॉर्न से आशय एक अरब डॉलर से अधिक के मूल्यांकन से है। वित्त मंत्री ने कहा, भारत ने चुनौतीपूर्ण समय में भी डिजिटलीकरण का पूरा लाभ उठाया है। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर सीतारमण के हवाले से कहा कि वित्तीय क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की वजह से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीतारमण ने शनिवार को यहां मास्टरकार्ड के कार्यकारी चेयरमैन अजय बंगा और मास्टरकार्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माइकल मीबैक, फेडेक्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) राज सुब्रमण्यम, सिटी की सीईओ जेन फ्रेजर और आईबीएम के चेयरमैन एवं सीईओ अरविंद कृष्णा, प्रूडेंशियल फाइनेंस इंक के अंतरराष्ट्रीय कारोबार प्रमुख स्कॉट स्लीस्टर और लेगाटम के मुख्य निवेश अधिकारी फिलिप वासिलियो से भी मुलाकात की। बंगा ने इस बैठक के बाद कहा कि भारत अपने सतत सुधारों की वजह से मजबूत राह पर है। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से काफी प्रभावित हूं। मीबैक ने कहा कि मास्टरकार्ड भारत में निवेश करना जारी रखेगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सुब्रमण्यम के साथ वित्त मंत्री की बैठक में हाल ही में शुरू की गई पहल राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टर प्लान गति शक्ति और भारत के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र और तेजी से आगे बढ़ रही स्टार्ट-अप कंपनियों पर चर्चा हुई। सुब्रमण्यम ने कहा, भारत में फेडएक्स का कारोबार काफी तेजी से बढ़ रहा है। भारत को लेकर हम काफी उत्साहित हैं।

# कोयला संकट के कारण घरेलू स्पॉन्ज आयरन क्षेत्र नकारात्मक वृद्धि दर्ज कर सकता है: उद्योग निकाय

**भाषा।** नई दिल्ली

**शीर्ष उद्योग** निकाय एमआईएमए के मुताबिक अगर कोयले की कमी बनी रही तो घरेलू स्पॉन्ज आयरन उद्योग दिसंबर तिमाही में नकारात्मक वृद्धि दर्ज कर सकता है। स्पॉन्ज आयरन विनिर्माता संघ (एसआईएमए) के कार्यकारी निदेशक दीपेंद्र काशिवा ने कहा कि मौजूदा कोयला संकट के बीच जुलाई-सितंबर 2021 के दौरान भारत के स्पॉन्ज आयरन उत्पादन में इससे पिछली तिमाही के मुकाबले 60 प्रतिशत तक गिरावट हो सकती है। जेपीसी के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2021 के मुकाबले अप्रैल-जून 2021 में स्पॉन्ज आयरन उत्पादन 70 प्रतिशत बढ़ा था। उन्होंने बिना कोई ब्योरा दिए कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इसके 60 प्रतिशत घटकर 10 फीसदी के स्तर पर आने की आशंका है।

काशिवा ने पीटीआई-भाषा से टेलीफोन पर बातचीत में कहा, अगर हालात ऐसे ही बने रहे... अगर कोयले की कमी बनी रही, तो मुझे आशंका है कि तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में नकारात्मक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सितंबर के जेपीसी के आंकड़े अगले सप्ताह तक जारी कर दिए जाएंगे। इस्पात मंत्रालय के तहत संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) एकमात्र संस्था है, जो भारतीय इस्पात और लौह क्षेत्र के आंकड़े जमा करती है। उन्होंने आगे कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने हाल ही में केवल ताप बिजली संयंत्रों को कोयला देने की घोषणा की है और बाकी उद्योगों को आपूर्ति रोकी जा रही है। बिजली क्षेत्र के बाद स्पॉन्ज आयरन और सीमेंट उद्योग कोयले के दो बड़े उपभोक्ता हैं।

## क्विक न्यूज

### बैंक ऑफ इंडिया ने आवास, वाहन ऋण सस्ता किया

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने अपने आवास ऋण पर ब्याज दर में 0.35 प्रतिशत की कटौती की है। इसके अलावा बैंक ने वाहन ऋण पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कमी की है। बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस कटौती के बाद बीओआई की आवास ऋण दर 6.50 प्रतिशत से शुरूहोगी। पहले यह 6.85 प्रतिशत थी। वहीं बैंक के वाहन ऋण पर ब्याज दर 7.35 से घटकर 6.85 प्रतिशत रह गई है। बैंक ने कहा कि यह विशेष दर 18 अक्टूबर, 2021 से 31 दिसंबर, 2021 तक लागू रहेगी। नए ऋण तथा ऋण के स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले ग्राहकों के लिए नई ब्याज दर लागू होगी। इसके साथ ही बैंक ने 31 दिसंबर, 2021 तक आवास तथा वाहन ऋण पर प्रोसेसिंग शुल्क को समाप्त कर दिया है।

### पाक ने फर्जी दस्तावेज जमा करने पर चीनी कंपनी को काली सूची में डाला: रिपोर्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान ने एक चीनी कंपनी को सरकारी परियोजना में बोली के दौरान फर्जी दस्तावेज जमा करने के आरोप में काली सूची में डाल दिया है और उसे एक महीने के लिए किसी भी सरकारी निविदा में भाग लेने से रोक दिया है। समाचार पत्र डॉन ने एक रिपोर्ट में चीनी कंपनी का नाम लिए बिना बताया कि पाकिस्तान की नेशनल ट्रांसमिशन एंड डिस्पैच कंपनी (एनटीडीसी) की एक परियोजना की बोली के दौरान जाली दस्तावेज जमा करने के लिए इस फर्म को काली सूची में डाला गया। एनटीडीसी महाप्रबंधक कार्यालय से दो दिन पहले जारी एक पत्र के मुताबिक, (चीनी फर्म को) काली सूची में डाला गया है और फर्जी दस्तावेज जमा करने के चलते एनटीडीसी की निविदा या बोली प्रक्रिया में भाग लेने से तत्काल प्रभाव से एक महीने के लिए रोक दिया या है। एनटीडीसी ने कहा कि आदेश का प्रभाव मौजूदा अनुबंधों पर नही होगा।

### ग्राहक बढ़ने से जियो को लाभ, शुल्क वृद्धि से वोडा-आइडिया को मिलेगी मदद: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियों के लिए अच्छी साबित होगी। ग्राहक आधार बढ़ने से जियो का प्रदर्शन जहां मजबूत रहेगा, वही भारती एयरटेल और आइडिया-वोडाफोन को शुल्कों में वृद्धि से मदद मिलेगी। दूरसंचार क्षेत्र के कुछ विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि शुल्कों में ऐसे समय बढ़ोतरी हुई है जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) का निकट भविष्य में नकदी बाह्य प्रवाह कम होने वाला है। आईआईएफएल ने अपने एक ताजा नोट में कहा, दूरसंचार कंपनियों के लिए दूसरी तिमाही अच्छी रहने की संभावना है। हालांकि, जियो और अन्य कंपनियों के प्रदर्शन में वृद्धि या सुधार के कारण अलग-अलग होंगे। उसने उम्मीद जताई है कि जुलाई-सितंबर, 2021 अवधि के दौरान भारती एयरटेल इससे पिछली तिमाही की तुलना में राजस्व वृद्धि के मामले में जियो से मामूली रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगी। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि कि जियो की आय में वृद्धि का कारण मुख्य तौर पर ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी रहेगा। वही एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया को प्री-पेड और पोस्ट-पेड दोनों शुल्कों में वृद्धि से दूसरी तिमाही में आंशिक रूप से मदद मिलेगी।

### रूट मोबाइल को प्रतिभूतियों से 2,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी

**नई दिल्ली।** रूट मोबाइल के शेयरधारकों ने प्रतिभूतियों के जरिए 2,000 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी दे दी है। उपक्रम संचार सेवाप्रदाता कंपनी के शेयरधारकों ने इसके साथ ही कंपनी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की सीमा को बढ़ाने की भी अनुमति दी है। कंपनी की ओर से शनिवार को दाखिल रिपोर्ट के अनुसार उसके 95 प्रतिशत शेयरधारकों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया और इनमें से अधिकांश ने इक्विटी या इसी तरह की अन्य प्रतिभूतियों के जरिए 2,000 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी दी। हालांकि, इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले 24.45 प्रतिशत सार्वजनिक संस्थान शेयरधारकों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मत दिया। मतदान में भाग लेने वाले 99 प्रतिशत शेयरधारकों ने कंपनी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश की सीमा बढ़ाने के पक्ष में मत दिया।

### सरकार ने एनसीएलटी-एनसीएलएटी में 20 न्यायिक, तकनीकी पदों के लिए मांगे आवेदन

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) समेत अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी में न्यायिक और तकनीकी सदस्यों के कुल 20 पदों के लिए आवेदन मांगे है। एनसीएलटी में 9 न्यायिक सदस्यों और 6 तकनीकी सदस्यों सहित 15 पदों पर नियुक्ति की जानी है। सरकार ने साथ ही राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में न्यायिक सदस्यों के 3 और तकनीकी सदस्यों के 2 पदों पर रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 नवंबर है। सरकार हाल में एनसीएलटी और आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के साथ-साथ विभिन्न न्यायाधिकरणों में रिक्तियों को नियुक्ति कर रही है। इससे पिछले महीने सरकार ने एनसीएलटी और आईटीएटी में कम से कम 31 लोगों को न्यायिक, तकनीकी और लेखाकार सदस्यों के रूप में नियुक्त किया था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने छह सितंबर को कहा था कि केंद्र सरकार अर्ध-न्यायिक निकायों में अधिकारियों की नियुक्ति नही करके न्यायाधिकरण के धैर्य और निष्क्रिय का इम्तिहान ले रही है, जो पहले से पीठासीन अधिकारियों के साथ-साथ न्यायिक एवं तकनीकी सदस्यों की भारी कमी का सामना कर रहे है। शीर्ष न्यायालय ने इस संबंध में जोर देते हुए कहा था कि वह सरकार के साथ कोई टकराव नही चाहता है।

### श्रीलंका ने कच्चे तेल के भुगतान के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर का ऋण मांगा

**कोलंबो।** विदेशी मुद्रा संकट का सामना कर रहे श्रीलंका ने अपने कच्चे तेल की खरीद का भुगतान करने के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा मांगी है। श्रीलंका की तरफ से यह कदम ऊर्जा मंत्री उदय गम्मनपिला के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने चेतावनी देते कहा था कि देश में ईंधन की मौजूदा उपलब्धता की गारंटी अगले साल जनवरी तक ही दी जा सकती है। श्रीलंका की सरकारी तेल कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) पर पहले से देश के दो प्रमुख सरकारी बैंकों-बैक ऑफ़ सीलोन और पीपल्स बैंक का लगभग 3.3 अरब डॉलर का बकाया है। सीपीसी पश्चिमी एशिया से कच्चे तेल और सिंगापुर समेत अन्य क्षेत्रों से परिष्कृत उत्पादों का आयात करती है।स्थानीय समाचार वेबसाइट न्यूज़फर्स्ट.एलके ने सीपीसी के चेयरमैन सुमित विजेसिंघे के हवाले से कहा, हम भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी व्यवस्था के तहत 50 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए वर्तमान में यहां भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस ऋण सुविधा का उपयोग पेट्रोल और डीजल आवश्यकताओं की खरीद के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने श्रीलंका को इस साल तेल आयात पर अधिक खर्च करने के लिए मजबूर किया है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष के पहले सात महीनों में देश का तेल बिल 41.5 प्रतिशत बढ़कर दो अरब डॉलर हो गया है।

# भारतीय वैज्ञानिक ने समुद्री सीप की कोशिका से सेल कल्चर के जरिए बनाया मोती

**भाषा।** नई दिल्ली

**स्वतंत्र भारतीय** वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने मोती उत्पादन में अपने नए शोध से दुनिया को हैरत में डाल दिया है। अंडमान और निकोबार के वैज्ञानिक ने सेल कल्चर के माध्यम से शीशे के फ्लास्क में मोती उत्पादन की तकनीक को सफलतापूर्वक विकसित करके टिश्यू कल्चर के शोध में संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इससे पहले सोनकर ने दुनिया का सबसे बड़ा काला मोती (रिपीट मोती) बनाने और भगवान गणेश के आकार का मोती विकसित कर बड़ी उपलब्धियां हासिल की थीं। सोनकर का कहना है कि उनका यह नया शोध वैश्विक मोती कल्चर उद्योग में बदलाव ला सकता है। उनके इस शोध की प्रक्रिया और नतीजे अंतरराष्ट्रीय विज्ञान शोध पत्रिका- एक्वाकल्चर यूरोप के ताजा अंक में प्रकाशित हुए है।

डॉ. सोनकर ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस शोध के परिणाम ने साबित किया है कि किसी भी जीव के इपीजेनेटिक (रहन-सहन) में बदलाव लाकर न सिर्फ दुर्लभ नतीजों को हासिल किया जा सकता है बल्कि आनुवांशिक विकृतियों का शिकार होने से भी बचा जा सकता है। आनुवांशिक विकृतियों का आशय यह है कि यदि किसी को आनुवांशिक कारणों से कोई रोग होने की संभावना है तो रहन- सहन में सुधार करके उस संभावित रोग से बचा जा सकता है। वर्ष-2020 की शुरुआत में उन्होंने अंडमान स्थित अपनी प्रयोगशाला से काले मोती बनाने वाले पिंकटाडा मार्गेरेटिफेरा सीप में सर्जरी करके मोती बनाने के लिए जिम्मेदार अंग मेंटल को उसके शरीर से अलग कर दिया। इसके बाद वह उस मेंटल टिश्यू को फ्लास्क में विशेष जैविक वातावरण उत्पन्न करके अंडमान के समुद्र से लगभग 2,000 किलोमीटर दूर प्रयागराज स्थित अपने सेल बायोलॉजी प्रयोगशाला में ले आए। इसमें विशेष बात यह थी कि इस पूरी प्रक्रिया में करीब 72 घंटे का समय लगा जिस दौरान शरीर से अलग होने के बावजूद मेंटल टिश्यू जीवित एवं स्वस्थ रहे। यह अपने-आप में तकनीक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उसके बाद उस मेंटल को प्रयोगशाला के विशेष जैविक संवर्धन वाले वातावरण में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पहली सफलता तब मिली जब कल्चर फ्लास्क में कोशिकाओं का संवर्धन होने लगा। तत्पश्चात ऐसे विशेष पोषक तत्वों की खोज की गई जिसके द्वारा कोशिकाओं की मोती बनाने के प्राकृतिक गुण को जागृत कराया गया। इस प्रकार समुद्र में रहने वाले सीप के कोख में पलने वाले मोती ने समुद्र से हजारों किमी दूर एक कल्चर फ्लास्क में जन्म ले लिया। यह तकनीक विश्व में मोती उत्पादन के तौर-तरीके को न सिर्फ पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती है बल्कि टिश्यू कल्चर जैसे अति आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं के नए रास्ते खोल रही है। सोनकर ने न सिर्फ दुनिया का सबसे कीमती मोती बनाया बल्कि मोती उत्पादन के दौरान सीपों की मृत्युदर को पूर्ण रूप से नियंत्रित करने की तकनीक भी विकसित की। वह कहते हैं कि सीप का जीवन व चरित्र उन्हें प्रेरणा और शक्ति देता है। उन्होंने कहा, जब एक सीप समुद्र के जल से अपना भोजन लेता है, तो इस प्रक्रिया में समुद्र के जल को शुद्ध करके समुद्र के तमाम जीवों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर देता है और जब कोई बाह्य कण उसके शरीर में पीड़ा पहुंचाता है तब वह उसको रत्न (मोती) बना देता है।

# पहली छमाही में सोने का आयात कई गुना बढ़कर 24 अरब डॉलर पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश का** सोने का आयात चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल-सितंबर, 2021 के दौरान कई गुना बढ़कर 24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। देश में सोने की मांग बढ़ने से आयात बढ़ा है। सोने के आयात से चालू खाते के घाटे (कैड) पर असर पड़ता है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में सोने का आयात 6.8 अरब डॉलर रहा था। इस साल सितंबर में सोने का आयात भी कई गुना बढ़कर 5.11 अरब डॉलर हो गया। सितंबर, 2021 में यह 60.14 करोड़ डॉलर रहा था।

वहीं दूसरी ओर अप्रैल-सितंबर में चांदी का आयात 15.5 प्रतिशत घटकर 61.93 करोड़ डॉलर रह गया। हालांकि, सितंबर में चांदी का आयात बढ़कर 55.23 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया, जो सितंबर, 2020 में 92.3 लाख डॉलर रहा था। सोने के आयात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी से सितंबर में देश का व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर बढ़कर 22.6 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले समान महीने में यह 2.96 अरब डॉलर रहा था। आयात और निर्यात का अंतर व्यापार घाटा



होता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा सोने का आयातक है। सालाना आधार पर भारत 800 से 900 टन सोने का आयात करता है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात बढ़कर 19.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8.7 अरब डॉलर रहा था। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि त्योहारी सीजन तथा भारी मांग की वजह से सोने का आयात बढ़ा है। निर्यातकों के संगठन फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने भी इसी तरह की राय जताते हुए कहा कि मुख्य रूप से मांग बढ़ने की वजह से सोने के आयात में वृद्धि हुई है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की दिशा

**शेयर समीक्षा**

**भाषा।** नई दिल्ली

**शेयर** बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक संकेतकों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस समय शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। सैमको सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध प्रमुख एशा शाह ने कहा, कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख तय करेंगे। इस सप्ताह सभी की निगाह इनपर रहेगी।

इसके अलावा दलाल स्ट्रीट की निगाह कंपनियों के प्रबंधन की भविष्य की आमदनी के अनुमान पर रहेगी। उन्होंने कहा, ऐसी उम्मीद है कि कंपनियां पिछली तिमाही से शुरू हुई अपनी रफ्तार को दूसरी तिमाही में भी कायम रखेंगी। ऐसे में कंपनियों के नतीजे अनुकूल या प्रतिकूल रहने का असर निवेशकों पर दिखाई देगा। इस सप्ताह अल्ट्राटेक सीमेंट, एसीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान जिंक, आईडीबीआई,



बैंक ऑफ महाराष्ट्र, साउथ इंडियन बैंक, फेडरल बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजे आने हैं।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, यदि हम इस सप्ताह के लिए संकेतकों की बात करें, तो तिमाही नतीजों का दबदबा रहेगा। सोमवार को बाजार एचडीएफसी बैंक और एवेन्यू सुपरमार्ट्स के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, एसीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी लाइफ और रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे भी सप्ताह के दौरान आने हैं। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों के अलावा बाजार वैश्विक रुख से भी दिशा लेगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,246.89 अंक या 2.07 प्रतिशत के लाभ में रहा। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 61,000 अंक का स्तर पार किया। शुक्रवार को दशहरा पर बाजार बंद रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगामी दिनों में बैंकिंग क्षेत्र पर सभी की निगाह रहेगी। इस दौरान बैंकों के तिमाही नतीजों की शुरुआत होगी। कंपनियों के तिमाही नतीजे मजबूत रहने से भारतीय बाजार में तेजड़िया दौड़ जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि नतीजे बाजार उम्मीद से अलग रहते हैं, तो लघु अवधि में संबंधित वर्ग में कुछ करेक्शन भी आ सकता है। इसके अलावा बाजार की निगाह रुपए के उतार-चढ़ाव, विदेशी निवेशको के रुख तथा ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.52 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,52,355.03 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक रहे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,246.89 अंक या 2.07 प्रतिशत के लाभ में रहा। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 61,000 अंक के स्तर को पार किया। शुक्रवार को दशहरा के मौके पर बाजार बंद थे। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 46,348.47 करोड़ रुपए बढ़कर 9,33,559.01 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई के बाजार मूल्यांकन में 29,272.73 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 4,37,752.20 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 18,384.38 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 17,11,554.55 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 16,860.76 करोड़ रुपए बढ़कर 5,04,249.13 करोड़ रुपए तथा एचडीएफसी की 16,020.7 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 5,07,861.84 करोड़ रुपए रही। कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,944.02 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 3,99,810.31 करोड़ रुपए पर और बजाज फाइनेंस का 7,526.82 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,74,467.41 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सप्ताह के दौरान 1,997.15 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार मूल्यांकन 6,22,359.73 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 1,19,849.27 करोड़ रुपए घटकर 13,35,838.42 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस के तिमाही नतीजे उम्मीद के अनुकूल नहीं रहने की वजह से सोमवार को उसके शेयर में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

### प्याज की कीमतों में स्थिरता, आलू-टमाटर की कीमतों में नरमी लाने के प्रयास जारी : सरकार

**नई दिल्ली।** देश में तीन मुख्य सब्जियों की बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने रविवार की कहा कि बफर स्टॉक जारी होने से प्याज की कीमतों को स्थिर किया जा रहा है, जबकि टमाटर और आलू की कीमतों में नरमी के प्रयास जारी हैं। सरकार ने कहा कि कीमतों में नरमी और न्यूनतम भंडारण हानि सुनिश्चित करने के लिए प्याज के स्टॉक को अगस्त के अंतिम सप्ताह से फ र्स्ट-इन-फ र्स्ट-आउट (एफआईएफओ) के आधार पर उचित तरीके से बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के परिणामस्वरूप 14 अक्टूबर को महानगरों में खुदरा प्याज की कीमत 42 से 57 रुपए प्रति किलोग्राम के दायरे में पहुंच गई है। वही प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 37.06 रुपए प्रति किलो थी, जबकि औसत थोक दर 30 रुपए प्रति किलोग्राम थी। खुदरा बाजारों में 14 अक्टूबर को प्याज की कीमत चेन्नई में प्याज 42 रुपए, दिल्ली में 44 रुपए, मुंबई में 45 रुपए और कोलकाता में 57 रुपए प्रति किलो पर रही।

## पेज एक का शेष

### कोरोना से...

मोचक निधि से दिये जाने का प्रावधान है। केन्द्र सरकार ने कोरोना को आपदा तो घोषित किया था लेकिन आर्थिक मदद के प्रावधानों को हटा दिया था। केवल कोरोना वारियर्स के लिये आर्थिक सहायता दिये जाने की व्यवस्था थी। योगी ने पीड़ित आम परिवारों की दिक्कतों को देखते हुये उन्हे आर्थिक सहायता दिये जाने का निर्णय लिया है।

### स्वास्थ्य सेवाओं...

दी। उन्होंने कहा कि बलरामपुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है, वहीं गोंडा और श्रावस्ती में भी शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डिजिटल तरीके से श्रावस्ती में 390 करोड़ रुपए और बहराइच में 211 करोड़ रुपए लागत वाली योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

### साढ़े चार...

के कारीगरों के कारोबार चौपट हो गए। आज सरकार दबे कुचले लोगों की आवाज को एक आवाज दे रही है उनको आगे बढ़ाने का काम कर रही है। माटीकला बोर्ड के माध्यम से इस उद्योग से जुड़े लोगों के चेहरे पर खुशी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रजापति समुदाय के लोगों के बनाए मिट्टी के बर्तन बिकते नहीं थे। 2017 में हमारी सरकार आने के बाद जानलेवा प्लास्टिक पर बैन लगाया। मिट्टी से जुड़े कारीगरों को पहचान देने के लिए माटीकला बोर्ड का गठन किया। कारीगरों को बर्तन बनाने के लिए नि:शुल्क इलेक्ट्रिक चॉक वितरित किए। इससे जो कारीगर पहले 70 बर्तन बनाते थे, वह 400 बर्तन तैयार कर रहे हैं। माटीकला बोर्ड की ओर से आयोजित प्रदर्शनियों के जरिए उनके व्यापार को बढ़ावा दिया गया। सरकार की योजना प्रजापति समुदाय और मिट्टी से जुड़े कारीगरों के लिए स्वावलंबन का आधार बनी। माटीकला बोर्ड से सिर्फ एक समुदाय नहीं बल्कि पूरा समाज जुड़ा हुआ है। यही जीवन चक्र है। इससे अर्थव्यवस्था भी जुड़ी है। प्रजापति समाज ने अपनी मिट्टी से जुड़कर आस्था के साथ अर्थव्यवस्था को बेतहर बनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली पर चीन में बनी लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां बाजार में छा जाती थीं। उन्होंने कहाकि चीन एक नास्तिक देश है। वह भगवान की मूर्तियों को सही आकार नहीं दे पाता हैं। वह मूर्तियों के जरिए सिर्फ कमाई करता है। माटीकला बोर्ड के गठन के बाद अब प्रदेश में भी लक्ष्मी-गणेश की आकर्षक मूर्तियां बन रही हैं। अपनी मिट्टी से बनी मूर्तियों में साक्षात लक्ष्मी-गणेश का वास नजर आता है। योगी ने कहा कि अपने कारीगरों व मिट्टी से तैयार लक्ष्मी-गणेश से पूजा करेंगे तो लक्ष्मी आपके घर वास करेंगी। उन्होंने कहा कि 2017 से मिट्टी के बर्तनों का कारोबार खत्म होने की कगार पर था। 2017 में जब अयोध्या में दीपोत्सव आयोजित हुआ तो उस समय 50 हजार मिट्टी के दीये नहीं मिल पा रहे थे। इस बार अयोध्या में प्रजापति समुदाय के तैयार किए हुए 9 लाख दीये अयोध्या में जलाए जाएंगे। पिछली सरकारों में कारीगरों को तालाबों से मिट्टी नहीं मिल पाती थी। सरकारों ने तालाबों को बेच दिया था। हमारी सरकार ने 35 हजार कारीगरों को नि:शुल्क मिट्टी के पट्टे दिए हैं। कारीगरों को अप्रैल से जून तक नि:शुल्क मिट्टी दी जाती है।

### यूपी को...

के बुद्ध के उपासकों को सीधे यहां पहुंचना आसान हो गया है। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शुभारंभ के मौके पर पहली इंटरनेशनल फ्लाइट के रूप में श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के विमान की लैंडिंग व टेकऑफ होगी। उनके साथ 25 सदस्यीय प्रतिनधिमण्डल व 100 बौद्ध भिक्षु भी रहेंगे। इसके अलावा कई बौद्ध देशों के राजदूत भी एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किए जा रहे हैं। विदेश से आने वाले वीवीआईपी मेहमानों के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी यहां महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण मंदिर भी दर्शन पूजन करने जाएंगे। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से श्रीलंका, जापान, चीन, ताइवान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, सिंगापुर, वियतनाम समेत दर्जनों दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से सीधी एयर कनेक्टिविटी होगी। इससे इन देशों के पर्यटकोंए बौद्ध उपासकों को महापरिनिर्वाण स्थली का दर्शन करने में काफी आसानी होगी। अंतरराष्ट्रीय उड़ान की इस सेवा से बौद्ध सर्किट के चार प्रमुख तीर्थो लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर व अन्य तीर्थो श्रावस्ती, कौशाम्बी, संकिशा, राजगीर, वैशाली की यात्रा भी पर्यटक कम समय में कर सकेंगे। कुशीनगर जिला 2017 के पहले तक इंसेफेलाइटिस से सर्वाधिक प्रभावित इलाका था। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद पूर्वांचल के मासूमों के लिए मौत का पर्याय रही इस बीमारी पर समन्वित प्रयासों से काबू पाया गया है। कुशीनगर जिले के लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां राजकीय मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। इस मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी 20 अक्टूबर को ही प्रधानमंत्री के हाथों होना प्रस्तावित है। इसके अलावा 25 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर में मोदी प्रदेश के सात जिलों में नवीन मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश में चिकित्सकीय अवस्थापना विकास के क्रम में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। सीएम ने समारोह आयोजन के संबंध में सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिये हैं। योगी ने कहा कि सिद्धार्थनगर के साथ साथ शेष 6 जिलों में भी गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए।

### केरल में...

शव बरामद किए गए। अधिकारियों ने कहा कि आठ, सात और चार साल की उम्र के ए बच्चे एक-दूसरे को पकड़े हुए थे। केरल में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में समय पर बचाव अभियान शुरू करने में विफल रही है। उन्होंने कोक्कायार और कूट्टिकल का दौरा किया था। कोट्टयम जिले के कुट्टिकल में 40 वर्षीय व्यक्ति, उसकी 75 वर्षीय मां, 35 वर्षीय पत्नी और 14, 12 और 10 वर्ष की तीन बच्चियों सहित परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। परिवार का मकान भूस्खलन में बह गया था। तीन लोगों के शव कल बरामद किए गए थे और शेष शव आज बचावकर्मियों ने खोजे। इस बीच राज्य में कहर बरपाने के एक दिन बाद भारी बारिश थम गई।

### आतंकियों ने...

गैर-स्थानीय लोगों की हत्या अमानवीय के अलावा और कुछ नहीं है और आतंकवादियों की हताशा को दर्शाती है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एमवाई तारिगामी ने कहा कि अपनी आजीविका कमाने के लिए यहां आए निर्दोष मजदूरों की हत्या करना जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य कश्मीर के लोगों के हितों को निशाना बनाना है और यह ऐसे समय में हो रहा है जब फसल कटाई का मौसम चल रहा है। उन्होंने कहा, हम नागरिक समाज, राजनीतिक दलों से अपील करते हैं कि उनके राजनीतिक एजेंडे के बावजूद इस तरह के बर्बर कृत्यों के खिलाफ आवाज उठाएं।

### आतंकवादियों और...

हार्दिक श्रद्धांजलि देता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। हम आतंकवादियों, उनके हमदर्दों को निशाना बनाएंगे और निर्दोष नागरिकों के खून की हर बूंद का बदला लेंगे।

### सूर्य की...

होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण को लेकर पूर्व के नक्शे एवं मॉडल में कुछ बदलाव किए गए हैं। उनके मुताबिक पहले दो मंजिलों का निर्माण किया जाना था, अब तीन मंजिल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 400 फीट लम्बाई तथा 300 फीट चौड़ाई में प्लिंथ का निर्माण किया जा रहा है तथा इस पर 365 फीट लम्बाई और 235 फीट चौड़ाई में 171 फीट ऊंचे मंदिर का निर्माण किया जाएगा। चौपाल ने बताया कि राम मंदिर में एक संग्रहालय, अभिलेख कक्ष, अनुसंधान केंद्र, सभागार, गौशाला, पर्यटन केंद्र, प्रशासनिक भवन, योग केंद्र और अन्य सुविधाएं शामिल की जाएंगी।

# जतिंदर और इल्यास के नाबाद अर्द्धशतक, ओमान 10 विकेट से जीता

**टी-20 विश्व कप**

**भाषा।** अल अमेरात




**ओमान** ने घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए रविवार को यहां जतिंदर सिंह (नाबाद 73) और आकिब इल्यास (नाबाद 50) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के पहले मैच में पापुआ न्यू गिनी को 10 विकेट से हराकर दो अंक हासिल किए। पापुआ न्यू गिनी ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद कप्तान असद वला की 56 रन की अर्धशतकीय पारी की मदद से नौ विकेट पर 129 रन का स्कोर बनाया।

ओमान ने जतिंदर और इल्यास के दबदबे से बनी 85 गेंद की अटूट साझेदारी से 13.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 131 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस तरह से ओमान पुरूषों के टी20 विश्व कप में 10 विकेट से जीत दर्ज करने वाली तीसरी टीम बन गई। इससे पहले आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने यह कारनामा किया था। ओमान के लिए पुरूष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। पंजाब में जन्में जतिंदर इस भागीदारी में आक्रामक रहे जिन्होंने छोटे मैदान का पूरा फायदा उठाया और छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 73 रन की पारी के लिए 42 गेंद खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। इल्यास ने 43 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से नाबाद 50 रन बनाए। पापुआ न्यू गिनी ने इन दोनों के बीच भागीदारी को तोड़ने के लिए सात गेंदबाजों को लगाया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इससे पहले ओमान के कप्तान जीशान मकसूद ने अपनी स्पिन से कमाल करते हुए चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके जिसमें एक ही ओवर में तीन खिलाड़ियों को पवेलियन भेजना भी शामिल रहा। इससे वह मैन ऑफ द मैच रहे। ओमान के लिए बिलाल खान और कलीमुल्लाह ने गेंदबाजी से शानदार शुरूआत कराकर दो दो विकेट चटकाए। टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रही पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के लिए वला की पारी (43 गेंद में चार चौके और तीन छक्के) के अलावा केवल दो अन्य खिलाड़ी ही दहाई का स्कोर बना सके। चार्ल्स अमिनी ने 37 और सेसे बाऊने 13 रन का योगदान दिया। पीएनजी की शुरूआत काफी खराब रही जिसने 11 गेंद में एक भी रन जोड़े बिना दोनों सलामी बल्लेबाज टोनी उरा और लेगा सियाका के विकेट गंवा दिए थे। बिलाल खान ने पारी का पहला ओवर मेडन डालकर एक विकेट झटका। दूसरे ओवर में कलीमुल्लाह ने पीएनजी को दूसरा झटका दिया और अंतिम गेंद पर एक रन लेकर पीएनजी ने पारी का पहला रन बनाया। फिर कप्तान वला और अमिनी (26 गेंद, चार चौके और एक छक्का) ने संभलकर खेलते हुए छठे ओवर में सबसे ज्यादा 14 रन जुटाकर पॉवरप्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाने में मदद की। दोनों मिलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर की ओर बढ़ा रहे थे, पर दोनों के आउट होने के बाद उनकी यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। मोहम्मद नदीम ने 12वें ओवर में शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और अमिनी को रन आउट कर दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 81 रन की साझेदारी का अंत किया। वला ने अगले ओवर में मकसूद पर लगातार एक चौका और एक छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। वला अपनी टीम को अच्छे स्कोर तक ले जा रहे थे कि 15वें ओवर में कलीमुल्लाह ने उनका विकेट झटक लिया। जतिंदर सिंह ने लांग आन से भागते हुए यह कैच लपका। इस तरह वला की 43 गेंद की पारी समाप्त हुई। सेसे बाऊ (13) ने कलीमुल्लाह की अंतिम दो गेंद पर दो चौके लगाकर 10 रन जोड़े। ओमान के कप्तान जीशान मकसूद ने फिर 16वें ओवर में तीन विकेट झटककर अपनी टीम को वापसी कराई। उन्होंने अपने इस दूसरे ही ओवर में नोरमान वनुआ, सेसे बाऊ और किपलिन डोरिगा को आउट किया। उन्होंने अपना चौथा विकेट डेमियन रावू को आउट कर लिया।

## ग्रीव्स का आलराउंड प्रदर्शन, स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश को हराया

**भाषा।** अल अमेरात (ओमान)




**अपना** दूसरा मैच खेल रहे क्रिस ग्रीव्स के आलराउंड प्रदर्शन से स्कॉटलैंड ने रविवार को यहां बांग्लादेश को छह रन से हराकर टी20 विश्व कप के पहले दिन ही बड़ा उलटफेर किया। स्कॉटलैंड ग्रुप बी के इस मैच में टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज जार्ज मंजी के 29 रन के बावजूद एक समय छह विकेट पर 53 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। ग्रीव्स (28 गेंदों पर 45 रन, चार चौके, दो छक्के) ने यहीं से मार्क वाट (17 गेंदों पर 22 रन) के साथ 51 रन की साझेदारी की जिससे स्कॉटलैंड ने नौ विकेट पर 140 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।

ग्रीव्स ने गेंदबाजी में भी स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मुशफिकुर रहीम (36 गेंदों पर 38) और शाकिब अल हसन (28 गेंदों पर 20) जब बांग्लादेश को शुरुआती झटकों से उबार रहे थे तब ग्रीव्स ने इन दोनों को लगातार ओवरों में आउट किया। बांग्लादेश की टीम आखिर में सात विकेट पर 134 रन ही बना पाई। इस तरह से स्कॉटलैंड ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। ग्रीव्स ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। ब्रैड व्हील ने 24 रन देकर तीन जबकि जॉन डैवी और मार्क वाट ने एक एक विकेट लिया। स्कॉटलैंड के तेज गेंदबाजों ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी की तथा दोनों सलामी बल्लेबाजों सौम्य सरकार (पांच) और लिट्टन दास (पांच) के विकेट लेकर बांग्लादेश को दबाव में ला दिया जिससे वह आखिर तक नहीं उबर पाया। आलम यह था कि पावरप्ले में बांग्लादेश दो विकेट पर 25 रन तक ही पहुंच पाया। बांग्लादेश के दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी रहीम और शाकिब ने पारी संवारने का बीड़ा उठाया। इन दोनों ने 47 रन की साझेदारी की लेकिन इसके लिए 46 गेंदें खर्च की जिससे टीम पर दबाव बढ़ा। रहीम ने नौवें ओवर में माइकल लीस्क पर लगातार दो छक्के लगाकर स्कोर 50 रन तक पहुंचाया, लेकिन ग्रीव्स ने गेंद थामते ही कमाल दिखाया और इन दोनों को आउट करके बांग्लादेश को बैकफुट पर भेज दिया। ग्रीव्स की पहली गेंद पर कैलम मैकलॉयड ने दौड़ लगाकर शाकिब का खूबसूरत कैच लपका। इस लेग स्पिनर ने अगले ओवर में रहीम को गुगली पर बोल्ड किया। उन्हें अफीफ हुसैन (12 गेंदों पर 18) का विकेट भी मिल जाता लेकिन माइकल क्रास ने उनका कैच छोड़ दिया। बाएं हाथ के स्पिनर वाट ने उन्हें देर तक नहीं टिकने दिया। कप्तान महमुदुल्लाह (23) और मेहदी हसन (नाबाद 13) हार का अंतर ही कम कर पाए। इससे पहले बांग्लादेश के अनुभवी स्पिनरों के सामने स्कॉटलैंड का शीर्ष और मध्यक्रम बिखर गया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सैफुद्दीन ने कप्तान काइल कोएत्जर को बोल्ड करके पहला विकेट दिलाया। मंजी ने इसके बाद कुछ आकर्षक शॉट लगाए जिसमें तास्किन अहमद और मुस्ताफिजुर रहमान पर लगाए गए छक्के शामिल हैं।

## पूर्व चैंपियन श्रीलंका की भिड़ंत नामीबिया से

**अबु धाबी।** बदलाव के दौर से गुजर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका सोमवार को यहां क्वालीफायर में नामीबिया को हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरूआत करने के इरादे से उतरेगा। श्रीलंका ने 2014 में टी-20 विश्व कप जीता था लेकिन इसके अगले साल से उसके शीर्ष खिलाड़ियों ने संन्यास लेना शुरू कर दिया और उनके विकल्प टीम में उनकी जगह को भरने में नाकाम रहे। कुमार संगकारा, महेला जयवर्धने, तिलकरत्ने दिलशान, रंगना हेराथ, लसिथ मलिंगा, नुवान कुलशेखरा और तिसारा परेरा 2014 के बाद संन्यास लेने वाले मुख्य खिलाड़ी हैं। खराब प्रदर्शन के कारण श्रीलंका की रैंकिंग में गिरावट आई जिसके कारण उसे सुपर 12 चरण में सीधे प्रवेश की जगह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के पहले दौर में हिस्सा लेना पड़ रहा है। शीर्ष खिलाड़ियों के संन्यास के अलावा श्रीलंका को इंग्लैंड में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के उल्लंघन के कारण निरोशन डिकवेला, कुसाल मेंडिस और दनुष्का गुनतिलका जैसे खिलाड़ियों के एक साल के निलंबन से भी जूझना पड़ रहा है।

**टीम**

**नामीबिया:** गेरहार्ड इरासमस (कप्तान), स्टीफन बार्ड, कार्ल बिरकेनस्टॉ, मिचौ डू प्रीज, जेन फ्रीलिंक, जेन ग्रीन, निकोल लोफी-ईटन, बर्नार्ड सोल्ट्ज़, बेन शिकोंगो, जेजे स्मिट, रूबेन ट्रम्पेलमैन, माइकल वैन लिंगेन, डेविड वाइसी, क्रेग विलियम्स और पिक्की ए फ्रांस।

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल जनित परेरा, दिनेश चांदीमल, धनंजय डिसिल्वा, पथुम निसंका, चरिथ असालंका, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे, चमिका करुणारत्ने, वानिन्दु हसारंगा, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरु कुमारा, महेश थेकशाना और बिनुरा फर्नांडो।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

## आयरलैंड के सामने टी-20 विश्व कप के पहले मैच में नीदरलैंड की मुश्किल चुनौती

**अल अमेरात (ओमान)।** बड़े टूर्नामेंटों में कई बार बड़ी टीमों के खिलाफ उलटफेर कर चुकी आयरलैंड के सामने टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में सोमवार को नीदरलैंड की चुनौती होगी। ग्रुप ए का यह मुकाबला काफी अहम होगा क्योंकि दोनों टीमें सुपर 12 चरण में जगह बनाने की दावेदार हैं। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में हालांकि आंकड़े नीदरलैंड के पक्ष में है, जिसने आयरलैंड के खिलाफ 12 टी20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। नीदरलैंड की टीम हालिया एकदिवसीय श्रृंखला में भी आयरलैंड पर भारी पड़ी थी। आयरलैंड ने पाकिस्तान (2007), इंग्लैंड (2011), वेस्टइंडीज (2015) और जिम्बाब्वे (2015), और बांग्लादेश (2009 टी20 विश्व कप) के खिलाफ विश्व कप में जीत दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेहतर टीम के रूप में स्थापित होने के बाद ए दोनों टीमें टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचने की दावेदार है। आयरलैंड ने 2009 में टी20 विश्व कप के दूसरे दौर में पहुंचकर कई लोगों को चौंका दिया था।

**टीम**

**नीदरलैंड:** पीटर सीलार (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, फिलिप बोइसेवेन, बेन कूपर, बास डी लीडे, स्कॉट एडवर्ड्स, ब्रैंडन ग्लोवर, फ्रेड क्लासेन, स्टीफन मायबर्ग, मैक्स ओ डॉड, रियान टेन डोइशे, लोगान वैन बीक, टिम वान डेर गुग्टेन, रूलोफ वैन डेर मेर्वे और पॉल वैन मीकेरेन।

**आयरलैंड:** गैरी विल्सन (कप्तान), मार्क एडायर, एंडी बालबर्नी, डेविड डेलानी, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, शेन गेटकेट, केविन ओ ब्रायन, बॉयड रैनकिन, सिमी सिंह, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, स्टुअर्ट थॉम्पसन, लोर्कन टकर और क्रेग यंग।

**भारतीय समयानुसार 15:30 बजे से शुरू होगा।**

**क्विक न्यूज**

### लियोन ने मोनाको को हराया, लिली हारा

**पेरिस।** फारवर्ड तोको एकाम्बी और सेंट्रल डिफेंडर जेसन डेनायर के गोलो की बदौलत लियोन फ्रेंच फुटबॉल लीग मे मोनाको को 2-0 से हराकर पांचवे स्थान पर पहुंच गया। एकाम्बी ने 75वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा जबकि डेनायर ने 90वें मिनट में लुकास पेक्वेटा के क्रॉस को गोल में पहुंचाकर लियोन की जीत सुनिश्चित की। दिन के एक अन्य मैच में गत चैंपियन लिली को क्लेरमोंट के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी और टीम नौवें स्थान पर चल रही है। मैच का एकमात्र गोल 32वें मिनट मे विटाल एनसिम्बा ने दागा।

### मालोर्का को हराकर सोसीदाद ला लीगा में शीर्ष पर

**बार्सीलोना।** रीयाल सोसीदाद ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैच के अंतिम लम्हो में 21 साल के जुलेन लोबेते के गोल की बदौलत मालोर्का को 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में तीन अंक की बढ़त बना ली। स्थानापन्न खिलाड़ी लोबेते डेढ़ साल से अधिक समय में पहली बार खचाखच भरे एनोएता स्टेडियम में दर्शकों के चहेते बन गए जब उन्होंने 90वें मिनट में विजई गोल दागकर सोसीदाद को ला लीगा के शीर्ष पर पहुंचा दिया। लोबेतो को 66वें मिनट मे मैदान पर उतारा गया था क्योंकि टीम गोल करने के मौके नही बना पा रही थी। मौजूदा सत्र में सोसीदाद ने अब तक सिर्फ एक मुकाबला गंवाया है जब उसे अगस्त में बार्सीलोना के खिलाफ अपने पहले मैच मे शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### चीन ने जापान को हराकर उबेर कप जीता



**आरहस।** चीन ने शनिवार को यहां फाइनल मे गत चैंपियन जापान को 3-1 से हराकर उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। कुछ मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेल रहे जापान ने कड़ी टक्कर दी लेकिन चीन की टीम दबदबा बनाकर जीत दर्ज करने मे सफल रही। चीन ने 15वी बार उबेर कप का खिताब जीता है। चेन किंग चेन और जिया ई फान ने युगल मुकाबले में जापान की जोड़ी को हराया जो उबेर कप के इतिहास का सबसे लंबा मुकाबला रहा। दूसरे युगल मुकाबले में चीन की जोड़ी ने चार गेम प्वाइंट बचाते हुए मैच जीतकर खिताब अपनी टीम की झोली में डाला जिसके बाद तीसरे एकल मुकाबले की जरूरत नही पड़ी। चीन ने दोनो युगल मुकाबले और एक एकल मुकाबला जीता जबकि एक एकल मुकाबले मे उसे हार का सामना करना पड़ा।

### लाजियो ने इंटर मिलान को हराया

**रोम।** लाजियो ने विवादास्पद गोल सहित तीन गोल दागकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट मे इंटर मिलान को 3-1 से हराया जो मौजूदा सत्र मे टीम की पहली हार है। फेलिप एंडरसन ने 81वें मिनट मे लाजियो को 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई जब चोट के कारण इंटर के फुलबैक फेडेरिको डिमार्को मैदान पर गिरे हुए थे। शनिवार को हुए मुकाबले में इस गोल से इंटर की टीम नाराज हो गई लेकिन नियमो के अनुसार रैफरी को गंभीर चोट के जोखिम की स्थिति मे ही खेल रोकना चाहिए और शनिवार को ऐसा कुछ नही था। इंटर के खिलाड़ियो ने लाजियो के खिलाड़ियों से गेंद को खेल से बाहर करने को कहा लेकिन एंडरसन ने काइरो इमोबाइल के शॉट पर रिबाउंड होकर आई गेंद को गोल मे पहुंचा दिया।

## नीरज ने कांगो के मुक्केबाज के खिलाफ नॉकआउट जीत दर्ज की

**दुबई (भाषा)।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने सुपर बॉक्सिंग लीग की क्रिप्टो फाइट नाइट में यहां कांगो के बेबे रिको त्शिबांगु के खिलाफ नॉकआउट जीत दर्ज की। ब्रिटेन के दिग्गज पेशेवर मुक्केबाज आमिर खान समर्थित इस प्रतियोगिता में शनिवार रात को गोयत ने अपने मुकाबले के तीसरे दौर में ही जीत दर्ज कर ली। इस जीत से वेल्टरवेट (63-67 किग्रा भारवर्ग) में पिछले तीन साल से नीरज के अजेय रहने का क्रम जारी है। गोयत ने इस जीत के बाद एक बार फिर से आमिर खान को मुकाबले के लिए चुनौती दी। पाकिस्तानी मूल के आमिर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई साफ जवाब नहीं दिया। ओलंपिक पदक विजेता आमिर ने कहा, मीडिया और प्रशंसकों में इसकी चर्चा हो रही है। जब ऐसा होगा तो उनके लिए निश्चित रूप से रोमांचक होगा क्योंकि उनके अनुसार यह सबसे अधिक दिलचस्प मुकाबला होगा।




## एशेज में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर लगातार दबाव बनाना जरूरीः ब्रॉड

**भाषा।** लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि इस साल के आखिर में एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गति से गेंदबाजी नहीं बल्कि लगातार दबाव बनाए रखना उनकी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोहनी की चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं तो वही ओली स्टोन पीठ दर्द की समस्या से परेशान हैं। ऐसे में अनुभवी जेम्स एंडरसन गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे जिसमें मार्क वुड के रूप में सिर्फ एकमात्र गेंदबाज होगा जो लगातार 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता है। ब्रॉड को चोट से उबरने के बाद कोच क्रिस सिल्वरवुड की 17 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए इंग्लैंड के पास मुख्य योजना के अलावा दूसरी योजना भी है।

द टेलीग्राफ के मुताबिक ब्रॉड ने कहा, मैं काफी अध्ययन कर रहा हूं और यह परखने की कोशिश कर रहा हूं कि पिछले छह वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में दाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ विकेट की दोनों ओर से गेंदबाजी पर बल्लेबाज कैसे आउट हुए हैं। उन्होंने कहा, हम अक्सर इंग्लैंड में बहुत तेज गति के बारे में बात करते हैं, लेकिन मैं जो महसूस कर रहा हूं वह उसके बारे में नहीं है। यह सही लाइन-लेंथ से गेंदबाजी के बारे में है। यह (ग्लेन) मैकग्रा जैसा है जो लंबे समय तक गेंदबाजी करते रहे। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में काइल एबॉट और (वर्नोन) फिलेंडर (दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज) का शानदार रिकॉर्ड हैं। वे स्टंप पर गेंदबाजी करते थे। इसी तरह आपको ऑस्ट्रेलिया में सफलता मिलती है। इसलिए मैं ज्यादा चिंतित नहीं हूं।

## हार्दिक अभ्यास मैचों में गेंदबाजी करते हैं तभी टीम में चयन होना चाहिएः गंभीर

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि हरफनमौला हार्दिक पंड्या टी20 विश्व कप में विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम की अंतिम एकादश का हिस्सा तभी हो सकते हैं जब वह अभ्यास मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने में सक्षम हों। पंड्या की 2019 में पीठ की सर्जरी हुई थी जिसके बाद से वह भारत और अपनी आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस के लिए नियमित रूप से गेंदबाजी नहीं कर रहे है। हार्दिक को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्ईय टीम में बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में चुना गया था, लेकिन जैसे-जैसे यह स्पष्ट होता गया कि वह इस टूर्नामेंट के दौरान गेंदबाजी करने में सक्षम नहीं होंगे तो चयनकर्ताओं ने अक्षर पटेल को 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर तेज गेंदबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए शार्दुल ठाकुर को उसमें शामिल किया। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा, मेरे लिए हार्दिक पंड्या भारत की अंतिम एकादश में तभी शामिल होंगे जब वे दोनों अभ्यास मैचों में सही गेंदबाजी करने में सक्षम रहेंगे।

## महिला बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की जीत में चमकी शेफाली और राधा




**भाषा।** होबार्ट

**भारत** की शेफाली वर्मा ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि राधा यादव ने दो विकेट चटकाए जिससे सिडनी सिक्सर्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में रविवार को होबार्ट हरिकेन को पांच विकेट से हराया। पूनम यादव के दो विकेट के बावजूद हालांकि ब्रिसबेन हीट को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली ने 50 गेंद में छह चौकों की मदद से 57 रन की पारी खेली जिससे सिडनी की टीम ने 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। हरिकेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 125 रन बनाए थे। शेफाली के अलावा सिक्सर्स की कप्तान एलिस पैरी ने भी 33 गेंद में 27 रन की पारी खेली जिससे टीम ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाकर जीत दर्ज की। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने हमवतन रिचा घोष (46 गेंद में 46 रन) और साशा मोलोनी (16 गेंद में 22 रन) को आउट करते हुए हरिकेन को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोका।

## आईओसी ने प्रत्येक दो साल में विश्व कप के आयोजन की फीफा की योजना पर चिंता जताई

**एपी।** जिनेवा



**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा है कि फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा की प्रत्एक दो साल में विश्व कप के आयोजन की योजना को लेकर उसकी चिंताएं हैं। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने पिछले महीने कहा था वे इस चर्चा में हस्तक्षेप नहीं करेंगे लेकिन शनिवार को एथेंस में बैठक के बाद उन आपत्तियों की जानकारी दी गई जो फुटबॉल के हितधारकों के साथ साझा की गई हैं।

कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद आईओसी ने बयान में जिन चिंताओं का हवाला दिया है उनमें अन्य खेलों के कार्यक्रम के साथ टकराव, पुरुष विश्व कप का महिला टूर्नामेंट पर हावी होना और खिलाड़ियों पर गहरा असर भी शामिल हैं। आईओसी ने अपने बयान में भविष्य में विश्व कप और ओलंपिक के संभावित टकराव का जिक्र नहीं किया है क्योंकि ऐसा लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक से पहले नहीं होगा। आईओसी ने हालांकि यह कहते हुए प्रत्एक दो साल में विश्व कप के आयोजन की योजना की आलोचना की है कि इस योजना को तैयार करने से पहले सभी हितधारकों के साथ विस्तृत सलाह मशविरा नहीं किया गया। फीफा ने संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं के कैलेंडर को पुन: तैयार करने की विस्तृत योजना का खुलासा किया था जिसका केंद्र पुरुष और महिला विश्व कप का प्रत्येक दो साल में आयोजन था। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो के समर्थन वाले इस प्रस्ताव की घोषणा इस खेल में दबदबा बनाने वाले यूरोप और दक्षिण अफ्रीका के सदस्य महासंघों से औपचारिक सलाह मशविरे के बिना की गई थी। यूरोपीय संचालन संस्था यूएफा और दक्षिण अमेरिका की संचालन संस्था कोनमेबोल ने चेतावनी दी है कि अगर फीफा अपनी योजना पर आगे बढ़ता है तो वे विश्व कप का बहिष्कार करेंगे क्योंकि इससे उनकी महाद्वीपीय प्रतियोगिता का महत्व कम होगा जिसका आयोजन प्रत्एक चार साल में ओलंपिक वर्ष में किया जाता है।

## शीतकालीन ओलंपियन शिवा केशवन आईओसी खिलाड़ी आयोग के सदस्य के चुनाव में हिस्सा लेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के स्टार लूश खिलाड़ी शिवा केशवन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के खिलाड़ी आयोग का सदस्य बनने के लिए चुनाव में हिस्सा लेंगे। ए चुनाव 2022 बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के दौरान होंगे। चालीस साल के छह बार के शीतकालीन ओलंपियन केशवन के नाम को शनिवार को एथेंस में आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में स्वीकृति दी गई। वह आईओसी के खिलाड़ी आयोग में दो रिक्त स्थानों को भरने के लिए 17 दावेदारों की सूची में शामिल हैं। आईओसी ने 17 उम्मीदवारों की सूची के साथ बयान में कहा, 17 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी), पांच खेलों और पांच महाद्वीपों के 10 महिला और सात पुरुष खिलाड़ी आयोग में दो रिक्त स्थानों के लिए उम्मीदवारी पेश करेंगे। बयान के अनुसार, इनके संबंधित एनओसी और एनओसी खिलाड़ी आयोग ने मिलकर इन्हें नामित किया है। भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने पुष्टि की कि उन्होंने केशवन को नामित किया है। मेहता ने पीटीआई से कहा, हां, आईओए ने आईओसी खिलाड़ी आयोग के लिए उन्हें (केशवन) नामित किया है। जहां तक शीतकालीन ओलंपिक का सवाल है तो वह सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं। केशवन 1998 में जापान में नगानो खेलों से शीतकालीन ओलंपिक की लूश पुरुष एकल स्पर्धा का हिस्सा रहे हैं। वह 2011, 2012, 2016 और 2017 में एशियाई चैंपियन रहे और लूश में एशियाई रिकॉर्ड उनके नाम पर है। प्योंगचैंग 2018 शीतकालीन खेलों में केशवन और क्रॉस कंट्री स्कीइंग खिलाड़ी जगदीश सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## धोनी को टीम में बनाए रखने का फैसला नियम जानने के बाद लेंगे : चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के एक अधिकारी ने कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में टीम में बनाए रखने (रिटेन करने) के बारे में फैसला नियमों को जानने के बाद किया जाएगा। अभी खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने संबंधी नियम तैयार नहीं किए गए हैं क्योंकि 2022 के सत्र में दो नई टीमें इस टूर्नामेंट में जोड़ी जाएंगी। धोनी को रिटेन करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने पीटीआई से कहा, रिटेन करने संबंधी नियम अभी स्पष्ट नहीं है। हमें अभी तक पता नहीं है कि कितने खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी जाएगी। इस पर फैसला नियम जानने के बाद ही किया जाएगा। धोनी की अगुवाई में चेन्नई ने शुक्रवार को दुबई में चौथी बार आईपीएल खिताब जीता। इससे पहले धोनी ने कहा था कि उन्होंने अभी कोई फैसला नहीं किया है कि वह टीम की योजना में फिट बैठते हैं या नहीं।

# रणनीतिक संबंधों को समृद्ध करने के लिए इजराइल पहुंचे जयशंकर

**भाषा**। तेल अवीव

**इजराइल** की पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचने के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि इस खास यात्रा को लेकर वह आशान्वित हैं। इस यात्रा के दौरान वह भारत एवं इजराइल के बीच द्विपक्षीय सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाएं तलाशने के अलावा रणनीतिक संबंधों को और समृद्ध करने के लिए परस्पर रोडमैप तैयार करने के लिए यहां के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

यह विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की पहली इजराइल यात्रा है। उन्होंने ट्वीट किया, शाओलोम (इजराइली अभिवादन) इजराइल। विदेश मंत्री के तौर पर पहली (इजराइल) यात्रा पर पहुंचा। इस खास यात्रा को लेकर (मैं) आशान्वित हूं। यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन, इजराइल के विदेश मंत्रालय में मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी राजदूत गिल हसकाल एवं इजराइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने अगवानी की।


यरूशलम के तालपियोत स्थित एक कब्रगाह में आगंतुक पुस्तिका में लिखते एस जयशंकर

इस यात्रा के दौरान जयशंकर इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग, प्रधानमंत्री नेफ्ताली बेनेट तथा विदेश मंत्री एर लापिद से मिलेंगे। वह इजराइल के अकादमिक जगत के विद्वानों, कारोबारी जगत के उद्योगपतियों के साथ भी बैठक करेंगे एवं भारतीय यहूदी समुदाय के साथ संवाद भी करेंगे।

जयशंकर भारत के लिए ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर भी जाएंगे जो इस क्षेत्र में उसकी (भारत की) दीर्घकालिक उपस्थिति तथा इस क्षेत्र के इतिहास को आकार प्रदान करने में उसकी सकारात्मक भूमिका को प्रदर्शित करेगा। उनकी इस इजराइल यात्रा की शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध में इस क्षेत्र में जान न्योछावर करने वाले भारतीय वीर सैनिकों के लिए यरूशलम में तालपेयोट स्मारक पर श्रद्धांजलि देने के साथ शुरू होगी। यरूशलम, रामले और हैफा में करीब 900 भारतीय सैनिकों को दफनाया गया था।

भारतीय सैनिकों के साहसिक कारनामे यहां पिछले दो दशकों में प्रमुखता से सामने आए हैं तथा उत्तरी तटीय शहर हैफा की मुक्ति की कहानी इस शहर के स्थानीय इतिहास पाठ्यपुस्तकों में शामिल किए जाने के बाद घरों में सुनाई जाने वाली कहानी बन गई है। इतिहासकार इसे इतिहास में घुड़सवार सेना का आखिरी महान अभियान मानते हैं। भारतीय सेना वीर भारतीय घुड़सवार रेजीमेंटों-मैसूर, हैदराबाद और जोधपुर लांसर्स के सम्मान में हर वर्ष 23 सितंबर को हैफा दिवस मनाती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है: मुरलीधरन

**भाषा**। न्यूयॉर्क

**विदेश** राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से पटरी पर लौट रही है, घरेलू खपत बढ़ रही है और औद्योगिक उत्पादन कोविड-19 के पहले के स्तर पर है। मुरलीधरन ने कहा कि भारत की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सुधार, क्रियान्वयन और बदलाव के मंत्र से दीर्घकालिक ढांचागत सुधार किए हैं।

मंत्री ने यहां पिछले सप्ताह कह कि इन सुधारों में डिजिटल तरीके से लेनदेन से लेकर बैंकिग सुधार, भ्रष्टाचार पर रोक, मंहगाई रोकना आदि शामिल हैं। अब 90 प्रतिशत से अधिक एफडीआई मंजूरी को स्वत: मंजूरी क्षेत्र में रखा गया है। हम प्रत्एक क्षेत्र में रचनात्मकता और नवोन्मेष की पारिस्थितिकी को बढ़ावा दे रहे हैं।

मुरलीधरन यहां शांति निर्माण एवं सतत शांति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय खुली चर्चा पर भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर आए थे। उन्होंने जयपुर फुट यूएसए और ग्रेशिसय गिवर्स फाउंडेशन यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सरकार द्वारा किए गए सुधार भारत में कारोबारी तंत्र को प्रोत्साहित कर रहे हैं और प्रवासी अधिक निवेश तथा देश में प्रौद्योगिकी तथा कौशल लाकर इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हमार दृढ़ता से मानना है कि परितंत्र में सुधार और प्रवासियों के साथ बेहतर तालमेल से देश में नए विचार आएंगे। यह प्रत्यक्ष है कि अर्थव्यवस्था मजबूती से पटरी पर लौट रही है। घरेलू खपत बढ़ी है और औद्योगिक उत्पादन कोविड के पहले के स्तर पर पहुंच गया है। मुरलीधरन ने भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोगों और प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने की प्रक्रिया में है। मुरलीधरन ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और जयपुर फुट यूएसए द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

## हैती में अमेरिका के 17 मिशनरियों का अपहरण

सैन जुआन ( **अमेरिका** )। अमेरिका के बच्चों समेत 17 मिशनरियों के एक समूह का शनिवार को हैती में अपहरण कर लिया गया। इस घटना की जानकारी रखने वाले एक संगठन द्वारा विभिन्न धार्मिक मिशनों को भेजे संदेश से यह पता चला है। ओहायो स्थित क्रिश्चियन एड मिनिस्ट्रीज के एक संदेश के अनुसार, अपहरण तब किया गया जब मिशनरी एक अनाथालय से अपने घर लौट रहे थे। संदेश में कहा गया है कि मिशन के फील्ड निदेशक अमेरिकी दूतावास के साथ काम कर रहे हैं और उनका परिवार तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को छोड़कर अनाथालय आने वाले सभी लोगों का अपहरण कर लिया गया है। अभी कोई अन्य जानकारियां उपलब्ध नहीं हैं। अमेरिकी सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि उन्हें अपहरण की खबरों की जानकारी है। प्रवक्ता ने कहा, विदेश में अमेरिकी नागरिकों का जनकल्याण और सुरक्षा विदेश विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हैती में एक बार फिर गिरोह से संबंधित अपहरण की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रपति जोवेनल मोइस के सात जुलाई को उनके आवास पर गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद अपहरण की घटनाएं कम हुई थीं।

## विरोध जताने पर एथेंस में दो छात्राएं गिरफ्तार

एथेंस ( **यूनान** )। आगामी बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक्स के विरोध में रविवार सुबह एथेंस के दुर्ग पर बैनर टांगने की कोशिश रही दो महिलाओं को यूनान पुलिस ने हिरासत में ले लिया। न्यूयार्क स्थित संगठन स्टूडेंट्स फॉर फ्री तिब्बत के बयान के अनुसार 18 साल की तिब्बती छात्रा त्सेला जोकसांग और 22 साल की निर्वासित हांगकांग कार्यकर्ता जोए सियू नो बीजिंग 2022 की सदस्य हैं और अमेरिकी नागरिक हैं। दोनों छात्राएं तथा एक तीसरा व्यक्ति दर्शक के तौर पर इस पुरातात्विक स्थल के अंदर दाखिल हुए। जोकसांग और सियू किसी चबूतरे के सहारे से ऊपर चढ़ गईं जहां से उन्होंने बैनर लगाने का प्रयास किया। एक सुरक्षा अधिकारी दौड़कर उनके पास पहुंचा और उसने उनसे बैनर ले लिया। दोनों महिलाएं उस चबूतरे पर खड़ी रहीं और उन्होंने वहां तिब्बती झंडा एवं एक छोटा बैनर लगा दिया। इस बैनर पर हांगकांग को मुक्त करो क्रांति लिखा था। उन्होंने तिब्बत को आजाद करो, बीजिंग 2022 का बहिष्कार करो और आजादी नहीं तो खेलकूद आयोजन नहीं जैसे नारे भी लगाए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की कार्यकारी बोर्ड की शनिवार को एथेंस में बैठक हुई थी।

## आग लगने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

मुल्तान ( **पाकिस्तान** )। पूर्वी पाकिस्तान में शनिवार रात को आग लगने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस इस घटना की तफ्तीश कर रही है। बचाव सेवा के प्रमुख डॉ. हुसैन मियां ने रविवार को बताया कि पंजाब प्रांत में मुजफ्फरगढ़ जिले के अलीपुर इलाके में स्थित एक मकान में आग लगी। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने 65 वर्षीय व्यक्ति, 35 और 19 वर्ष की दो महिलाओं, तीन, 10 और 12 साल के तीन लड़कों और दो महीने के शिशु का शव बरामद किया। शव जली हुए अवस्था में मिले। मियां ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आग लगने की वजह का पता लगाया जा रहा है और जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि जब आग लगी तो परिवार का कोई भी सदस्य जगा क्यों नहीं।

लंका मछुआरे प्रदर्शन


## श्रीलंकाई मछुआरों ने नौका रैली निकाली

**कोलंबो**। श्रीलंका के मछुआरों ने उनके देश की समुद्री सीमा में भारतीय मछुआरों द्वारा कथित तौर से मछली पकड़ने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कार्वाई करने की मांग करते हुए रविवार को उत्तरी समुद्र में विरोध स्वरूप नौका रैली निकाली। कुछ ही दिन पहले श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरी प्रांत में प्वांट पेड्रो के वेट्टिलकेनी में उसकी समुद्री सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और दो नौकाएं जब्त की थीं। मुल्लैथिवू के उत्तरपूर्वी क्षेत्र से उत्तर के प्वाइंट ऑफ पेड्रो की ओर सैकड़ों नौकाओं ने विरोध स्वरूप रैली निकाली। इन नौकाओं पर झंडे लगे थे जिनपर लिखा था हमारे मछुआरों को बचाओ। तमिल नेशनल एलायंस के सांसद एम ए सुमनथिरान ने कहा, यह हमारी समस्या है, हमें अपने मछुआरों की रक्षा करना है , इसलिए हमने मुल्लैथिवू से प्वाइंट ऑफ पेड्रो की ओर से शुरुआत की है।

## विशेष स्ट्रीट फूड की अवधारणा पेश करने को तैयार सेफ

**लंदन**। ब्रिटेन की भारतीय मूल की प्रमुख शेफ-रेस्त्रां मालिक निशा कटोना अपनी सफल मोगली स्ट्रीट फूड अवधारणा को लंदन के केंद्र में लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ब्रिटेन के लिवरपूल, मैनचेस्टर, बर्मिंघम, ऑक्सफ़ोर्ड, नॉटिंघम, शेफ़ील्ड, कार्डिफ़, लीसेस्टर, लीड्स और चेल्टनहैम, लंदन जैसे कई लोकप्रिय शहरों में नवंबर के मध्य तक मोगली स्ट्रीट फूड उपलब्ध हो जाएगा। साल 2022 में यह ब्रिस्टल और ग्लासगो में भी उपलब्ध होगा। कटोना ने कहा, मोगली यह बताता है कि भारतीय अपने घर और स्ट्रीट पर कैसे खाते हैं। उन्होंने कहा, इसकी (मोगली) शुरूआत ताजे, तीखी सुगंध से भरे भारतीय व्यंजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए की गई थी। कटोना ने मोगली के निर्माण के लिए पूर्णकालिक बैरिस्टर के रूप में 20 साल का करियर छोड़ दिया और 2019 में उन्हें खाद्य उद्योग की सेवाओं के लिए एमबीई से सम्मानित किया गया।

## बिल क्लिंटन को अस्पताल से छुट्टी मिली



**ओरेंज ( अमेरिका )**। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन को दक्षिणी कैलिफोर्निया के एक अस्पताल से रविवार को छुट्टी मिल गई जहां उनका संक्रमण का इलाज चल रहा था। पूर्व राष्ट्रपति को यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया इरविन मेडिकल सेंटर से सुबह करीब आठ बजे छुट्टी मिली। अधिकारियों ने बताया कि क्लिंटन (75) को मंगलवार को एक संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संक्रमण का कोविड-19 से कोई संबंध नहीं है। क्लिंटन की प्रवक्ता एंजेल यूरेना ने शनिवार को एक बयान में कहा, पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन की सेहत में पिछले 24 घंटों में काफी सुधार आ रहा है। अस्पताल में पति के साथ हिलेरी क्लिंटन रहीं और रविवार को पति के साथ ही अस्पताल से निकलीं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार रात को कहा था कि उन्होंने बिल क्लिंटन से बात की और पूर्व राष्ट्रपति के जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। बाइडन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट में कहा, उनकी तबियत ठीक है। पूर्व राष्ट्रपति के एक सहयोगी ने बताया कि उनके मूत्राशय में संक्रमण था।

## झूठी शान की खातिर पत्नी, दो बेटियों की हत्या

**पेशावर**। पाकिस्तान में 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने रविवार को चोरी के संदिग्ध मामले में अपनी पत्नी और दो बेटियों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह देश में झूठी शान की खातिर हत्या की यह नवीनतम घटना है। यह जानकारी पुलिस ने दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी जिले में कालू खान थाना क्षेत्र में हुई। जन बहादुर को अपनी पत्नी और बेटियों पर शक था कि उन्होंने मारदान चिकित्सा परिसर से एक नवजात शिशु को चुराया है। इस सिलसिले में एक प्राथमिकी भी दर्ज हुई। बहादुर ने अपने रिश्तेदार तैयब जान के साथ मिलकर तीनों महिलाओं की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। उनके नाम एवं अन्य ब्यौरा अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं। महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि आरोपी फरार हो गए।

## पश्चिम नेपाल में हल्की तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू**। नेपाल के पश्चिमी गोरखा जिले में रविवार को 4.3 तीव्रता का हल्का भूकंप आया, हालांकि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार भूकंप सुबह चार बजकर नौ मिनट (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार तड़के तीन बजकर 54 मिनट) पर आया और इसका केंद्र काठमांडू से 145 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में जिले के मनाबू गांव में था। भूकंप के झटके काठमांडू घाटी के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। हालांकि किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है।

# जापानी पीएम ने टोक्यो के विवादास्पद मंदिर को दान भेजा

**एपी**। टोक्यो

**जापान** के नए प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने टोक्यो के एक धर्मस्थल में रविवार को दान भेजा, जिसे चीनी और कोरियाई लोग जापानी युद्ध हमलों का प्रतीक मानते हैं। हालांकि किशिदा ने व्यक्तिगत रूप से मंदिर में जाकर दर्शन नहीं किए।

किशिदा ने यासूकुनी श्राइन के शरद उत्सव के मौके पर मासाकाकी धार्मिक आभूषण दान स्वरूप भेजे। किशिदा ने चार अक्टूबर को पद संभाला था, जिसके बाद से उनकी यह पहली धार्मिक गतिविधि है। बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में जापान के हमले के पीड़ित चीनी और कोरियाई इस मंदिर को जापान के आक्रमण का प्रतीक मानते हैं। प्रधानमंत्री के इस कदम को आलोचक देश के युद्ध अत्याचारों को लेकर पश्चाताप नहीं होने के तौर पर देखते हैं। किशिदा सप्ताहांत में उत्तरी जापान के 2011 की सुनामी में प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे थे और वह मंदिर नहीं गए। उनके पूर्ववर्ती योशीहिदे सुगा ने भी अपने एक साल के कार्यकाल के दौरान केवल दान भेजा।

वह सितंबर में पद से हटने के बाद रविवार को मंदिर पहुंचे। सुगा ने संवाददाताओं से कहा कि वह देश के लिए अपने बहुमूल्य जीवन न्योछावर करने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने और उनकी आत्माओं को शांति मिलने की प्रार्थना करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के तौर पर मंदिर गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे 2013 में यासूकुनी गए थे, जिसके बाद चीन और कोरिया ने प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

# वेनेजुएला ने मादुरो के सहयोगी को अमेरिका प्रत्यर्पित किए जाने के बाद वार्ता रोकी

**एपी**। मियामी

**वेनेजुएला** सरकार ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के एक करीबी सहयोगी को अमेरिका प्रत्यर्पित करने पर बदले की कार्वाई करते हुए देश के विपक्ष के साथ बातचीत रोकेगी। मादुरो के इस करीबी सहयोगी पर धन शोधन के आरोप हैं।

अगस्त में शुरू हुई वार्ता में सरकार के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जॉर्ज रोड्रिगेज ने कहा कि उनका दल अमेरिका समर्थित विपक्षियों से अगले दौर की बातचीत के लिए मेक्सिको सिटी नहीं जाएगा। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि सरकार बातचीत को पूरी तरह से छोड़ रही है। यह घोषणा तब की गई है जब कुछ घंटों पहले कारोबारी एलेक्स साब को केप वर्दे में अमेरिका जाने वाले एक विमान में ले जा गया। वह मियामी में धन शोधन के आरोपों का सामना करने के वास्ते अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए 16 महीने से चल रही लड़ाई हार गए थे।

साब को ईरान जाने के रास्ते में अफ्रीका द्वीपसमूह में गिरफ्तार किया गया। रोड्रिगेज ने साब की गिरफ्तारी को अमेरिका का गैरकानूनी हमला बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका वर्षों से मादुरो को हटाने की कोशिश में लगा हुआ है।

वहीं वेनेजुएला के सुरक्षा बलों ने शनिवार को अमेरिका की तेल कंपनी में काम करने वाले छह कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया जो राजनीति से प्रेरित एक अन्य मामले में घर में नजरबंद थे। इन सभी कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में पिछले साल दोषी ठहराया गया और जेल की लंबी सजा सुनाई गई थी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या उन्हें जेल ले जाया जा रहा है।

साब को अमेरिका प्रत्यर्पित करने से दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ेंगे। मादुरो सरकार ने साब के मुकदमे पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे अमेरिका द्वारा सत्ता परिवर्तन की अप्रत्यक्ष कोशिश करार दिया है। अमेरिकी प्राधिकारी वर्षों से साब को निशाना बना रहे हैं और उनका मानना है कि साब के पास कई राज हैं कि कैसे मादुरो, उनके परिवार और शीर्ष सहायकों ने तेल समृद्ध देश में व्यापक पैमाने पर भुखमरी के बीच भोजन और आवास के लिए सरकार के ठेकों में करोड़ों रुपयों का गबन किया। हालांकि मादुरो सरकार समेत रूस और क्यूबा उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी मानती है और उन्होंने कहा कि साब वेनेजुएला सरकार के कूटनीतिक दूत थे और इससे उन्हें मुकदमा चलाने से छूट मिलती है।

वेनेजुएला सरकार ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिकी सरकार ने केप वर्दे में प्राधिकारियों के साथ मिलीभगत करके साब का अपहरण किया है। मियामी में संघीय अभियोजकों ने साब पर कथित घूसखोरी योजना से जुड़े धन शोधन के आरोपों पर 2019 में मुकदमा चलाया था।

# सोमाली मूल के संदिग्ध पर आतंकवाद अधिनियम लगा

**ब्रिटिश सांसद की हत्या का मामला**

**भाषा**। लंदन

**ब्रिटेन** में कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद सर डेविड एमेस की हत्या के मामले में इंग्लैंड के एसेक्स से गिरफ्तार सोमाली मूल के अली हार्बी अली(25) पर अब कठोर आतंकवाद अधिनियम लगाया गया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य एमेस (69) पर शुक्रवार को चाकू से कई बार वार किया गया था,जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। स्कॉटलैंड यार्ड के आतंकवाद रोधी कमान अधिकारियों के पास संदिग्ध से इस अधिनियम के तहत पूछताछ करने का शुक्रवार तक का वक्त है। खबरों के मुताबिक अली को कुछ वर्ष पहले देश की आतंकवाद रोधी, कट्टरपंथ रोधी योजना में शामिल करने की अनुशंसा की गई थी लेकिन एमआई5 सुरक्षा सेवाओं ने इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया।

मैट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा, व्यक्ति को तद्नुसार आतंकवाद अधिनियम 2000 की धारा 41 के तहत भी हिरासत में लिया गया और वह फिलहाल लंदन पुलिस थाने में है। गौरतलब है कि संदिग्ध को शुक्रवार को ही घटनास्थल से गिरफ्तार कर हमले में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया था।

ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने संसद के सदस्यों के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं की तत्काल समीक्षा करने के आदेश दिए हैं। पटेल ने रविवार को कहा कि हत्या की घटना के बाद सांसदों को तत्काल सुरक्षा बदलने की पेशकश की जा रही है और उन्हें पुलिस के साथ अपना पता- ठिकाना साझा करने को कहा जा रहा है।

## हत्या के आरोपी का पिता स्तब्ध और आहत

लेह-ऑन-सी ( **यूके** )। स्थानीय मतदाताओं के साथ बैठक के दौरान एक ब्रिटिश सांसद को चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति के पिता ने ब्रिटिश मीडिया से कहा है कि वह अपने बेटे की गिरफ्तारी से स्तब्ध और आहत है। वहीं पुलिस आतंकवाद कानूनों के तहत संदिग्ध से पूछताछ कर रही है। संडे टाइम्स के अनुसार सोमालिया के प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार, हर्बी अली कुल्ने ने कहा कि आतंकवाद रोधी पुलिस ने उनसे मुलाकात की थी। उनके हवाले से कहा गया है, मैं बहुत आहत महसूस कर रहा हूं।

# रूसी फिल्म निर्माता शूटिग के बाद अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर आए

**एपी**। मॉस्को

**एक** अंतरिक्ष यात्री और रूस के दो फिल्म निर्माताओं को लेकर एक सोयूज अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना होने के साढ़े तीन घंटे बाद पृथ्वी पर पहुंच गया। यह कैप्सूल पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के बाद रविवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार चार बजकर 35 मिनट पर कजाखस्तान में उतरा। अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले तीनों लोग लाल और सफेद धारियों वाले पैराशूट की मदद से उतरे। पैराशूट से बाहर निकलने के बाद तीनों को चिकित्सा जांच के लिए ले जाया जाएगा।

वे तीनों स्वस्थ और खुश नजर आए। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रॉकेट रविवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार एक बजकर 15 मिनट पर रवाना हुआ। इस रॉकेट में ओलेग



नोवित्स्की, यूलिया पेरेसिल्ड और क्लिम शिपेंको सवार थे। अभिनेत्री पेरेसिल्ड और फिल्म निर्देशक शिपेंको चैलेंज नाम की फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग के लिए पांच अक्टूबर को अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे थे और 12 दिन तक वहां रहे। इस फिल्म में सर्जन का किरदार निभा रही पेरेसिल्ड को एक क्रू सदस्य को बचाने के लिए अंतरिक्ष केंद्र जाना पड़ता है जिसे अंतरिक्ष की कक्षा में ही तत्काल ऑपरेशन की आवश्यकता होती है। अंतरिक्ष स्टेशन में छह महीने से अधिक का समय बिताने वाले नोवित्स्की ने फिल्म में बीमार अंतरिक्ष यात्री का किरदार निभाया है। पेरेसिल्ड ने सरकारी टीवी से कहा, मैं आज कुछ दुखी महसूस कर रही हूं।

# रूस में कोरोना के अब तक के सर्वाधिक नए मामले

**भाषा**। मास्को

**रूस** में कोरोना वायरस के सर्वाधिक 34,303 नए मामले सामने आए हैं जो एक महीने पहले के रोजाना मामले से 70 फीसद अधिक हैं। देश में इस महामारी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय कोरोना वायरस कार्यबल ने रविवार को बताया कि पिछले दिन कोविड-19 के 34,303 नए मरीजों का पता चला जबकि एक महीने पहले 19 सितंबर को 20,174 नए मामले सामने आए थे। देश में रविवार को कोविड-19 के 999 मरीजों की जान गई जो शनिवार को हुई 1002 मौतों से महज थोड़े कम हैं। रूसी अधिकारियों ने लॉटरियों, बोनस और अन्य प्रोत्साहन रियायतों के साथ टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने का प्रयास किया है लेकिन टीकों के प्रति व्यापक संशय एवं अधिकारियों के



विरोधाभासी संकेतों के चलते इन प्रयासों को धक्का लगा है। सरकार ने इस सप्ताह कहा कि देश की करीब 14.6 करोड़ की जनसंख्या में से करीब 4.3 करोड़ यानी 29 फीसद का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। इतनी बड़ी संख्या में कोविड-19 के मरीजों की मौत के बाद भी क्रेमलिन ने वैसा नया राष्ट्रीय लॉकडाउन लगाने से इनकार कर दिया है जैसा शुरुआती दौर में लगाया गया था। उसने क्षेत्रीय प्रशासनों को कोरोना वायरस पाबंदियां लगाने का अधिकार प्रदान किया है।

# अमेरिका के पनडुब्बी करार पर फ्रांस की नाराजगी से नहीं टूटेगा गठबंधन

**भाषा**। मैरीलैंड (अमेरिका)

**फ्रांस** द्वारा अमेरिका से अपने राजदूत को बुलाया जाना फ्रांस-अमेरिकी संबंधों के लंबे इतिहास में दुर्लभ कदम है जिसकी शुरुआत वर्ष 1778 के समझौते से होती है और जिसने दोनों देशों के बीच सैन्य और वाणिज्यिक गठबंधन स्थापित किया। राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा 15 सितंबर 2021 को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के बीच नए त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी की घोषणा को फ्रांस में अविश्वास और नाराजगी की नजर से देखा गया।

इस करार से ऑस्ट्रेलिया अमेरिका की परमाणु संचालित पनडुब्बी की प्रौद्योगिकी प्राप्त कर सकेगा जिसकी वजह से फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ष 2016 में हुए 66 अरब डॉलर का करार निष्प्रभावी हो गया। उक्त विचार व्यक्त करते हुए फ्रांसीसी अध्ययन के प्रोफसर, मैरीलैंड यूनिवर्सिटी हर्वे थॉमस कैम्पेन का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया द्वारा पुराने करार के प्रति रुख बदलने का असर फ्रांस पर न केवल वित्तीय रूप से पड़ा बल्कि फ्रांसीसी विदेश मंत्री जीन-यवेस ली ड्रियान ने अमेरिका और उसके साझेदारों पर झूठ बोलने, दोहरा रवैया अपनाने, विश्वासघात करने और अवमानना करने का आरोप लगा दिया। 22 सितंबर को बाइडन और फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुअल मैंक्रो की फोन पर हुई बातचीत ने मेलमिलाप की ओर बढ़ने का रास्ता तैयार किया। दोनों नेता रणनीतिक हित पर गहन चर्चा पर सहमत हुए जो अक्टूबर के अंत में यूरोप में होने वाली बैठक के साथ होगी। ली ड्रियान ने स्वीकार किया कि संकट के समाधान में समय लगेगा और इसमें कदम उठाने की जरूरत है।

फ्रांस की करार को लेकर नाराजगी के बावजूद बहुत कम संभावना है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार नहीं किए जाने वाली क्षति हो। अगर मौजूदा राजनयिक संकट की धारा कुछ रेखांकित करती है तो वह संघर्ष के तूफान और दोस्ती को करती है, जो मेरा अध्ययन दिखाता है कि शुरुआत से ही अमेरिकी-फ्रांसीसी संबंधों का चरित्र रहा है। अमेरिका और अमुक देश के बीच बहुत अधिक उम्मीद-जिनका उल्लेख सबसे पुराने साझेदार के तौर पर भी किया जाता है- पहले भी अकसर राजनयिक भ्रम की स्थिति और लड़ाई का कारण बनी।

ब्रैंडीवाइन और यॉर्कटाउन की लड़ाई में ब्रिटिश सैनिकों के खिलाफ अमेरिकी सैनिकों के साथ फ्रांस द्वारा कंधे से कंधे मिला कर लड़ने के 20 साल से भी कम समय में दोनों देशों के बीच 1794 में जेय संधि को लेकर मतभेद उभर आए, इस संधि में अमेरिका और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंधों को बहाल करने का प्रावधान था। फ्रांस का मानना था कि यह संधि अमेरिका द्वारा विश्वासघात हैं। तब के नोट में जिसकी प्रतिध्वनि ली ड्रियन की नवीनतम शिकायत में भी सुनाई देती हैं।

**अनिरुद्ध खेतान** का कहना है कि युवाओं को चुस्त होने के साथ-साथ परस्पर सहानुभूति रखने की जरूरत है। नेतृत्व कौशल के साथ हम प्रभावशाली, उद्देश्यपूर्ण व्यक्तियों की एक धारा निर्मित कर सकते हैं जो स्वयं के बारे में जागरूक होंगे



# कौशल अंतर को पाटने का समय

उभरती रचनात्मक, तकनीकी और वैज्ञानिक प्राथमिकताओं के कारण शिक्षा की प्रकृति तेजी से बदल रही है। इन और अन्य परिवर्तनों का सटीक प्रभाव अज्ञात रहता है, लेकिन एक बात निश्चित लगती है, वो यह कि आज की दुनिया जिन कौशलों को महत्व देती है और जिन पर भरोसा करती है, वे बदल रहे हैं। बदले में, एक कौशल अंतर नजर आता है जहां बच्चे उस सही कवच का चुनाव करने में संघर्ष करते हैं जो उन्हें भावी भविष्य के लिए तैयार करता है।

कोविड ने शिक्षा के हमारे अंतर्निहित तरीकों को हिलाकर रख दिया है और शिक्षकों व छात्रों को अपनी सीमाएं विस्तारित करने के लिए मजबूर किया है। इसने नई संभावनाएं खोली हैं और गहरी असमानताओं को उजागर किया। अब समय है पटरी पर लौटने का। लेकिन कौन सा पटरी पर?

महामारी के वैश्विक झटके ने शिक्षा जगत को पलट कर रख दिया और फिर स्कूल में व्यवधानों का सिलसिला शुरू कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अगस्त 2020 में भविष्यवाणी की थी कि महामारी के प्रभाव शिक्षा में ''पीढ़ीगत तबाही'' बनने के लिए नियत थे। तब से, सभी छात्रों और विशेष रूप से सर्वाधिक वंचितों को प्रभावित करने वाली पढ़ाई की गिरावट खुलकर सामने आ गयी।


अनुसंधान और सर्वेक्षण, बच्चों व परिवारों पर संयुक्त शैक्षणिक तथा मनो-सामाजिक प्रभावों की गवाही देते हैं। एक पीढ़ीगत तबाही जो अनकही मानवीय क्षमता को बर्बाद कर सकती है, दशकों की प्रगति को कमजोर कर सकती है, और गहरी असमानताओं को बढ़ा सकती है।

संक्षेप में राष्ट्रीय अधिकारियों व अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से शिक्षा में सुधार एजेंडा को सबसे आगे रखने और शिक्षा में निवेश को बचाने के लिए एक साथ आने का आह्वान किया गया है। यूनेस्को वर्ष के अंत से पहले वैश्विक शिक्षा बैठक का एक विशेष सत्र बुलाएगा।

मौजूदा दौर में इस सियाह तकनीक पर काबू पाने के लिए जहां हमें एक पुल बनाने की आवश्यकता है, वहां उस राह की खोज पर वापस जाना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रौद्योगिकी छात्रों को अधिक सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें संवाद करने के बेहतर अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी भी छात्रों को टीम परियोजनाओं पर काम करने और अपनी क्षमताओं का साझा करने का अवसर देती है। जब छात्र एक साथ काम करते हैं, तो वे बांटना सीखते हैं, सुनना सीखते हैं, और अपने सहकर्मियों के साथ अच्छा काम करते हैं।

खैर, मान या न मानें, तकनीकी कौशल महत्वपूर्ण हैं, वे आपको अधिक कुशलता से काम करने में मदद कर सकते हैं, आपके आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और आपको भविष्य के करियर विकल्पों के लिए अधिक मूल्यवान उम्मीदवार बना सकते हैं। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार द्वारा अनुमोदित नई शिक्षा नीति के अनुसार, छात्रों को छठी कक्षा से ही एक विषय के रूप में कोडिंग सिखाई जाएगी।

स्कूल शिक्षा सचिव अनीता करवाल ने कहा कि कक्षा 6 और उसके बाद के छात्रों को 21 वीं सदी के कौशल के अंग के रूप में स्कूलों में कोडिंग सिखाई जाएगी।



> 21वीं सदी की शिक्षा में जो चार पहलू बड़ा प्रभाव पैदा करते हैं - वे हैं संचार, रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच और सहयोग। यह छात्रों को सीखने की ओर अग्रसर करता है। सीखना उस वातावरण में सर्वोत्तम स्थान हासिल करता है जहां छात्र सीखने के लिए सशक्त महसूस करते हैं। हमारे स्कूलों को जिज्ञासा-आधारित कक्षा वातावरण बनाने की जरूरत है, यह सहयोग व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगा और महत्वपूर्ण चिंतन कौशल विकसित करेगा।
>
> — -अनिरुद्ध **खेतान**

हालांकि, आज की बदलती दुनिया में प्रौद्योगिकी के साथ कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए कि हमारे बच्चों को नेतृत्व, सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता और अधिकार से परे उत्तम कोटि की कला सीखने की आवश्यकता है जो बदले में आश्चर्यजनक रूप से इस संक्रमणकालीन दुनिया में आवश्यक अनेक कौशल का एक समामेलन बन जाता है। ये हुनर हमारे बच्चों को रातों-रात जादूगर नहीं बना देगा, लेकिन उन्हें द साइलो मेंटलिटी से जरूर बचाएगा, जो कि मौजूदा जूझती पीढ़ी के लोगों में, काम पर, घर में, हमारे समाज में देखी जाती है।

हम जटिल समस्याओं से भरी दुनिया में रहते हैं, ये समस्याएं सीमाएं लांघ जाती हैं फिर भी अधिकांश नेता ऐसा नहीं करते हैं। हमें ऐसे नेताओं को विकसित करने की जरूरत है जो सीमाओं को लांघ सकें। स्कूलों को समानता की बाधाएं दूर करने के लिए सिलोस को तोड़ना चाहिए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच व कौशल और दक्षता विकसित करने का अवसर, युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण है। उनकी मानव पूंजी में निवेश हमारे समाजों के सामाजिक-आर्थिक भविष्य में एक निवेश है।

21वीं सदी की शिक्षा में जो चार पहलू बड़ा प्रभाव पैदा करते हैं - वे हैं संचार, रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच और सहयोग। यह छात्रों को सीखने की ओर अग्रसर करता है। सीखना उस वातावरण में सर्वोत्तम स्थान हासिल करता है जहां छात्र सीखने के लिए सशक्त महसूस करते हैं। हमारे स्कूलों को जिज्ञासा-आधारित कक्षा वातावरण बनाने की जरूरत है, यह सहयोग व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगा और महत्वपूर्ण चिंतन कौशल विकसित करेगा।

कौशल अंतर को पाटना ज्ञान, जीवन कौशल, करियर कौशल, आदतों व लक्षणों को संदर्भित करता है जो आज की दुनिया में छात्र की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर जब छात्र कॉलेज, कार्यशक्ति और वयस्क जीवन में आगे बढ़ते हैं। इन अंतरालों को फैलाने के लाभ बच्चों को बदलाव के लिए तैयार करेंगे, वे इससे पार पाने में सक्षम होंगे और उनके जिज्ञासु दिमाग अपेक्षित जानकारी पा सकेंगे। बच्चों को वास्तविक दुनिया की समस्या हल करने के लिए सही उपकरणों की आवश्यकता होती है जो सीखने के साथ चरित्र का निर्माण करते हैं।

हमारी मानव जाति का भविष्य चाहता है कि उनके युवा परस्पर फुर्तीले होने के साथ-साथ सहानुभूति भी रखें। नेतृत्व कौशल के साथ हम प्रभावशाली, उद्देश्यपूर्ण लोगों की एक धारा बना रहे होंगे जो स्वयं के बारे में जागरूक होंगे।

इसलिए, जब हम बच्चों के स्वतंत्र होने और अपने दम पर सीखने की बात करते हैं तो यह सब इन कौशलों से आता है। शिक्षा शिक्षकों के पढ़ाने और छात्रों के सीखने का तरीका बदल रही है। यह उबाऊ कक्षाओं से बाहर निकलने का मौका प्रदान करती है और वास्तविक शिक्षण अवसर प्रदान करती है और कक्षाओं में जो पढ़ाया जाता है और जो वास्तविक जीवन की कार्यस्थल संबंधी आवश्यकताओं होती हैं उनके बीच के अंतर को कम करती है।

**-लेखक खेतान पब्लिक स्कूल के वाइस चेयरमैन हैं।**

# विदेशी निवेशकों की भारतीय स्टार्ट-अप में दिलचस्पी बढ़ी

**प्रभात सिन्हा का कहना है कि प्रौद्योगिकी के उपयोग व अनुकूलन तथा इंटरनेट ग्राहकों में वृद्धि ने निवेशकों को देश के स्टार्ट-अप की ओर आकर्षित किया है।**



**प्रभात सिन्हा**
**आईटी विशेषज्ञ तथा इन्नोवेट एंड सीज योर सक्सेज के लेखक**

आजकल, वैश्विक निवेशकों की भारतीय स्टार्ट-अप में दिलचस्पी बढ़ रही है। इस साल के अंत तक स्टार्ट-अप्स 16.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश कर चुके होंगे। स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को लेकर निवेशक उत्साहित हैं। महत्वपूर्ण निवेश से, नए स्टार्ट-अप यूनिकॉर्न की संख्या भी दिन-ब-दिन बढ़ रही है।

महामारी के दौरान, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स व खाद्य प्रौद्योगिकी जैसे कई नए क्षेत्रों के उद्यमी मजबूती से उभरे हैं। इन क्षेत्रों में स्टार्ट-अप ने अच्छा मुनाफा और निवेश प्राप्त किया और इच्छुक निवेशकों के लिए निवेश के विभिन्न रास्ते भी खोले हैं। नतीजतन, वैश्विक निवेशकों ने हमारी अर्थव्यवस्था को एक परिपक्व और मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में देखना शुरू कर दिया है।

भारतीय टेक कंपनियों ने भी स्टार्टअप के अनुकूल माहौल में काफी योगदान दिया है। हमारी टेक कंपनियों की विश्वस्तरीय क्षमताओं से हर कोई वाकिफ है। अपने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए, वर्तमान महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी का उपयोग और अपनाना अपरिहार्य हो गया है। हाल ही में वित्तपोषित सभी कंपनियों ने मानव जीवन को समृद्ध बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उत्तम स्तर पर उपयोग किया है। हमारे स्टार्ट-अप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचैन और रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन जैसी नवीन तकनीकों का उपयोग करके वैश्विक समस्याएं हल करने का प्रयास कर रहे हैं।

हमारे देश में इंटरनेट ग्राहकों की बढ़ती संख्या भी निवेशकों की दिलचस्पी का एक महत्वपूर्ण कारण है। इंटरनेट की आसान उपलब्धता ने व्यापार के नए रास्ते भी सृजित किए हैं। क्या हम इंटरनेट के बिना जोमेटो, अमेजोन, नेटफ्लिक्स, या फ्लिपकार्ट की सेवाओं का आनंद लेने के बारे में सोच सकते हैं? नतीजतन, अब, प्रौद्योगिकी-सक्षम स्टार्टअप को एक बड़ा बाजार और उपभोक्ता आधार मिलता है, भले ही वे अकेले भारत में काम कर रहे हों।

हाल ही में जोमेटो और नजारा आईपीओ स्टार्टअप पारिस्थितिकी की परिपक्वता के प्रमुख उदाहरण हैं। इन कंपनियों के शुरुआती निवेशकों ने आईपीओ के लॉन्च के बाद बड़े पैमाने पर मुनाफा दर हासिल किया है। भारत की खुली अर्थव्यवस्था में स्टार्ट-अप को बढ़ने और फलने-फूलने के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है।

हमारे देश में उनके अमरीकी व यूरोपीय समकक्षों की तुलना में आसानी से उपलब्ध वैश्विक प्रतिभाओं का भंडार है। अधिकांश सफल स्टार्टअप संस्थापकों का अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट अनुभव है। उदाहरण के लिए जोमेटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल ने जोमेटो की स्थापना से पहले प्रबंधन परामर्श कंपनी बैन एंड कंपनी के लिए काम किया है। मीशो के संस्थापक विदित आत्रेय ने मीशो की स्थापना से पहले आईटीसी व इनमोबी जैसे सफल संगठनों के लिए काम किया था। शीर्ष स्तरीय वैश्विक संगठनों में कार्य करने का अनुभव वैश्विक परिदृश्य को जानने के अलावा जोखिम प्रबंधन में वैकल्पिक समाधान खोजने की क्षमता बढ़ाता है। इसके अलावा, तालमेल वृद्धि हुई है जो नए उद्यमियों के लिए अत्यधिक फायदेमंद है। कई सफल स्टार्टअप पूंजी व अनुभव के साथ, नए उद्यमियों का समर्थन करते हैं, जो समूचे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की उत्पादकता बढ़ाता है।

सरकार की डिजिटल इंडिया पहल, प्रतिस्पर्धी मूल्य पर इंटरनेट की उपलब्धता, नवीन सोच और भारतीय उद्यमियों की क्षमता से स्टार्ट-अप कंपनियां आज सफलता के नए आयाम छू रही हैं। भविष्य में स्टार्ट-अप में निवेश लगातार बढ़ने की संभावना है। स्टार्ट-अप्स में निवेश से हमारे देश में उद्यम व रोजगार के विविध अवसर पैदा होंगे और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

स्टार्ट-अप्स में बढ़ते निवेश से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी।



# भविष्य हैं एआई और एमएल

**डॉ. केके शर्मा कहते हैं कि यह समय नए तकनीक-अनुकूल वातावरण के साथ अपग्रेड करने का है क्योंकि यह तकनीक की दुनिया में आकर्षक विकल्पों के द्वार खोलता है**

उच्च उन्नत प्रौद्योगिकियां हर उद्योग में स्वीकार्य हैं और इनकी हर उद्योग में मांग है। आज नए तकनीकी-अनुकूल वातावरण से खुद को उन्नत करने की सराहना की जाएगी। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग संदर्भित दायरे में प्रौद्योगिकी कैरियर चाहने वालों के लिए एक नया रास्ता खोल रहा है।

### एआई और एमएल क्या है

एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम मेधा है जो एक ऐसे कंप्यूटर सिस्टम का विकास है जो मानव कार्यों को करने में सक्षम है, ज्यादातर प्रोसेसिंग और सुपर पावर थिंकिंग के मामले में। एआई की मांग बढ़ जाती है क्योंकि यह मनुष्यों के लिए काम की विश्वसनीयता बढ़ाता है, यह उन मनुष्यों को जगह लेने के लिए नहीं है जो व्यावसायिक संपत्तियों के लिए कमजोर हैं। एमएल एआई का एक एप्लिकेशन है जो कंप्यूटर सिस्टम को स्वचालित रूप से सीखने और अनुभव से सुधार करने की सुविधा प्रदान करता है, जो डेटा तक पहुंच बनाने और इसका खुद सीखने के लिए उपयोग करने वाले कंप्यूटर प्रोग्राम के विकास के लिए जिम्मेदार है। दूसरे शब्दों में, मशीन लर्निंग एआई का एक प्रारूप है जो डेटा साइंस का एक उन्नत रूप है जो पारंपरिक एआई की तुलना में अधिक प्रभावी है।

एआई और एमएल के बीच भ्रम पैदा होता है क्योंकि वे दोनों परस्पर जुड़े हुए हैं, लेकिन विशेषज्ञता दोनों निर्दिष्ट शब्दों के लिए भिन्न है। एमएल एआई का रूप है लेकिन सभी एआई में मशीन लर्निंग शामिल नहीं है। अनुभव व ज्ञान बढ़ने से उच्च आय अर्जित करने के लिए दोनों क्षेत्रों में करियर परिप्रेक्ष्य और नौकरियों के अवसर बहुत ज्यादा बढ़े हैं।

व्यवसाय का हर कोना अपनी प्रक्रिया और उत्पादों में एआई का उपयोग करने की कोशिश कर रहा है, जो हर किसी के लिए अवसरों का एक नया रास्ता खोल रहा है। इसलिए एआई और एमएल के नए संयोजन को सीखना आपको उन्नत करियर दायरों की ओर ले जा सकता है। एआई में कुछ पाठ्यक्रम और प्रमाणन कोर्स इस प्रकार हैं:

### मशीन लर्निंग

- डीप लर्निंग स्पेशलाइजेशन
- आईबीएम एआई इंजीनियरिंग
- गूगल एआई के साथ सीखें
- **एआई :** पायथन में प्रबलन शिक्षण
- एंड्रयू एनजी द्वारा एआई फार एवरी वन
- पायथन नैनोडेग्री के साथ एआई प्रोग्रामिंग

### संभावनाएं

सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग: कंप्यूटर विज्ञान क्षेत्र प्रोग्राम विकसित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का उपयोग करता है जो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का एक मुख्य हिस्सा है। वे एक अलग कार्य करने के लिए, मशीन लर्निंग के तकनीकी कार्य के जरिए उत्पादों को डिजाइन करने, डिजिटल प्रोग्राम या सिस्टम को डिजाइन और विकसित करने के लिए जिम्मेदार हैं। हर साल कई सॉफ्टवेयर डेवलपर्स हैं जो किसी न किसी नई कंपनी से जुड़ रहे हैं, अगर व्यक्ति एआई में विशेषज्ञ है तो वह अच्छे वेतन पैकेज के लिए पात्र होगा।

**एआई शोध :** यह रोजगार प्रौद्योगिकी की उन्नति के लिए नए तरीके खोजने और खोज करने से संबंधित अधिक है, मसलन कोई अधिक तेज मशीन विकसित कर रहा है। भूमिकाएं और जिम्मेदारियां व्यक्तियों की अपनी रुचि के क्षेत्र में विशेषज्ञता पर निर्भर करती हैं क्योंकि कुछ लोग डेटा सिस्टम को उन्नत करने की तलाश में रहते हैं जबकि कुछ अन्य नए सॉफ्टवेयर के विकास के लिए काम कर रहे हैं। जिस भी शोध के लिए वे जिम्मेदार हैं, मगर प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका मौजूदा उपकरणों में बदलाव लागू करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत करने की होती है।

**एमएल इंजीनियर :** इसमें एल्गोरिदम और टूल्स के माध्यम से एमएल सिस्टम व एप्लिकेशन का डिजाइन और विकास करना शामिल है। इस नौकरी के पेशे के लिए आवश्यक कौशल गणित, सांख्यिकी और अन्य प्रोग्रामिंग भाषाओं का मजबूत आधारभूत ज्ञान होना है। जावा, सी, पायथन और स्काला जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं के जरिए विभिन्न एमएल प्रयोग सफलतापूर्वक किए जाते हैं।

**प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण या नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग :** बाजार में सर्वाधिक चलन में आने वाले अनुप्रयोग जहां कई अनुप्रयोगों के लिए प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है, ऐसे में विशेषज्ञों की जिम्मेदारी होती है भाषा व प्रौद्योगिकी की समझ की भूमिका निभाए जिससे कि एक प्रणाली बने जो इंसानों से उनकी भाषा में सफलतापूर्वक संवाद कर सके। स्मार्टफोन में मौजूद वर्चुअल असिस्टेंट, चैटबॉट्स इसका उदाहरण हैं, यह विभिन्न रूपों में इंसानी भाषण की प्रतिकृति है। यह बड़ा क्षेत्र और नव विकसित क्षेत्र अच्छा वेतन अर्जित करने का अवसर देता है क्योंकि बाजार में इसकी मांग बढ़ रही है।

**डेटा एनालिटिक्स :** यह नाम डेटा एनालिस्ट को दिया गया है क्योंकि उस व्यक्ति को डेटा को समझने में सक्षम होना चाहिए क्योंकि यह एआई और मशीन लर्निंग का मुख्य आधार है। दूसरे शब्दों में, अगर कोई जानता है कि डेटा के साथ कैसे खेलना है यानी प्रबंधन करना है, तो भविष्य में विश्लेषण करने के अधिक अवसर होंगे। डेटा विश्लेषकों की मुख्य भूमिका में डेटा -प्रबंधन, विश्लेषण और भंडारण के साथ-साथ अन्य लोगों को रिपोर्ट करना शामिल है।

**-लेखक संस्कृत विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।**

# रोजगार के माध्यम से महिला सशक्तीकरण

हर साल, 8 मार्च को संगठित ताकत के रूप में एक साथ खड़े होने व दुनिया भर में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है। हालांकि, लैंगिक असमानता और पूर्वाग्रह अभी भी एक वैश्विक चुनौती बने हुए हैं। इस कमी को पूरा करने के लिए रोजगार के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने की जरूरत है। इसके बाद असंख्य फायदे हैं। आइए, उन लाभों की विस्तार से चर्चा करते हैं।

### महिलाओं को रोजगार देना उन्हें स्वतंत्र बना सकता है

महिलाओं के लिए अधिक काम के अवसर उपलब्ध होने चाहिए जो न केवल महानगरीय शहरों में रहने वाली महिलाओं के लिए बल्कि दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों व गांवों में रहने वाली औरतों के लिए भी खुले हों। इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन के अध्ययन के अनुसार, काम में अधिक महिलाओं को शामिल करना, उन्हें स्वतंत्र तो बनाता है लेकिन साथ ही, यह व्यवसाय के विकास के लिए भी अच्छा है। जब महिला स्वतंत्र होती है तो वह किसी भी शारीरिक और भावनात्मक शोषण के खिलाफ खड़ी हो सकती है।

### महिलाएं सामूहिक गतिकी को मजबूत करती हैं

महिलाओं में लोगों को एकजुट करने व राय और प्रस्ताव तैयार करने का कौशल होता है, यही कारण है कि महिला को संगठन में काम करने का मौका दिया जाना चाहिए। कुल मिलाकर यह टीम- निर्माण का पक्षधर है, भागीदारी को आगे बढ़ाता है और निर्णय लेने की प्रक्रिया का अनुकूलन करता है। संस्थानों को महिलाओं को नेतृत्व-भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित करने और लैंगिक असमानता से लड़ने हेतु हरसंभव प्रयास करने पर केंद्रित नीतियों का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

### बेहतर उत्पादकता और नवाचार

विविधता कंपनी के विकास की कुंजी है जहां महिलाओं को किसी भी संगठन में पुरुष कर्मचारियों की संख्या के बराबर, समान रूप से नियोजित किया जाना चाहिए। इस बात पर प्रकाश डालने वाले प्रमाण हैं कि एक ही संगठन में पुरुषों व महिलाओं का सह-अस्तित्व उन्नत और बेहतर उत्पादकता प्रदान करता है।

यही वो कारण हैं कि महिलाओं को सशक्त बनाया जाना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए, महिलाओं का उचित कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को कुशल बनाना जरूरी है ताकि वे प्रतिस्पर्धा बनाए रख सकें और प्रासंगिक बनी रह सकें। हालांकि, उन अधिकारियों और साथियों से जुड़ना भी आवश्यक है जो विकास को समर्थन और सक्षम बना सकते हैं। हालांकि, कंपनियों ने यह महसूस करना शुरू कर दिया है कि महिला को सशक्त बनाना पूरे समाज को सशक्त बनाने के बराबर है। हालांकि रेबेका पार्सन्स, इंद्रा नूयी और गीता गोपीनाथ जैसी नामी हस्तियां रही हैं, मगर हाल ही में लोग महसूस कर रहे हैं कि नेतृत्व विविधता के माध्यम से व्यावसायिक लाभ होता है। उदाहरण के लिए, 2014 से सेबी के नियमों ने कंपनी के बोर्ड में कम से कम एक महिला का होना अनिवार्य कर दिया है। इस कदम को बोर्ड -रूम में विविधता को बढ़ाने -जो कि मार्च 2014 में महज 6 फीसदी से बढ़ाकर 2020 में 17 फीसदी तक बढ़ी - के लिए उठाया गया है।



नेस्ले जैसी कंपनियां 2022 तक, अपनी जेंडर एक्सेलेरेशन योजना के जरिए, अपने शीर्ष 200 वरिष्ठ कार्यकारी पदों पर महिलाओं के अनुपात को 30 फीसदी तक बढ़ाने के लिए आंतरिक रूप से एक ज्यादा विविधतापूर्ण कंपनी बन रही हैं। अनेक संगठनों में आज प्रबल विविधता और समावेशी कार्यक्रम हैं।

लेकिन अभी भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां अनेक संगठनों में असमानता व्याप्त है। भारत के सार्वजनिक क्षेत्रों में लाभ और मुआवजा लिंग की परवाह किए बिना समान हैं, लेकिन निजी क्षेत्र में अभी भी लैंगिक भेदभाव को पाटने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है। कंपनियां अभी भी मातृत्व अवकाश, परिवीक्षा अवधि के दौरान और जब यह मातृत्व अवकाश के ठीक बाद महिला कर्मियों को काम पर रखने जैसे मामले में साफ तौर पर हिचकिचाहट दिखाती है।

सीमाओं को घटाने और महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण नौकरियों के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकार की ओर से केंद्रित व लक्षित कार्रवाई की आवश्यकता है, हालांकि भारत सरकार ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए हैं।

महिला सशक्तीकरण में भी सरकार की भूमिका अहम है। एमएसएमई की महिला स्वामियों को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार उन्हें आकर्षक प्रस्तावों के साथ कुछ योजनाएं प्रदान करती है। इनमें से कुछ योजनाएं, मसलन, भारतीय महिला बैंक बिजनेस लोन, मुद्रा योजना स्कीम, आदि। सरकार के कुछ ऐसे अभियान हैं जिनका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाकर उनकी स्थिति में सुधार करना है।

हमारे प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कहा है कि नए भारत का हमारा सपना, ऐसा भारत है जहां महिलाओं को सशक्त, मजबूत किया जाता है, जहां वे देश के सर्वांगीण विकास में समान भागीदार बनती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार महिला उत्थान को लेकर बहुत गंभीर है। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। कोई भी देश अपनी वास्तविक क्षमता तब तक हासिल नहीं कर सकता जब तक कि उसकी आधी मानव-पूंजी उसके विकास में योगदान नहीं दे रही हो। हालांकि, भारतीय समाज को सभी रूपों में लैंगिक असमानता घटानी होगी। हाइब्रिड वर्किंग मॉडल के प्रमुखता हासिल करने से, कोविड-19 के बाद ज्यादा महिलाओं को कार्यबल में वापस लाने की उम्मीद है।

**- लेखक मनन शर्मा वशिष्ठ, रीब्रांड गुरु के संस्थापक और निदेशक हैं।**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 2
लखनऊ, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर




नीरज ने नॉकआउट जीत दर्ज की
स्पोर्ट्स-11

www.dailypioneer.com

# कोरोना से मरने वालों के परिजनों को मिलेंगे 50-50 हजार रुपए

### ● पीड़ित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वालों के परिवरों को योगी सरकार ने बड़ी राहत देने का फैसला लिया है। इन परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिये सरकारी खजाने से पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। हर वह परिवार जिसके किसी सदस्य की मृत्यु कोविड संक्रमण के कारण हुई हो, उसे यह राहत राशि दी जाएगी। राहत राशि के लिए कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद अगले तीस दिन की अवधि में मृत्यु होने को समय सीमा माना जा सकता है। विदित हो कि कोरोना संक्रमण से मरने वाले कोरोना वारियर्स सरकारी कर्मचारियों तथा पत्रकारों को छोड़कर अभी तक आम लोगों को किसी भी तरह की सरकारी आर्थिक मदद नहीं मिली थी। इस फैसले से उन हजारों परिवारों को मदद मिल सकेगी जिन्होने कोरोनाकाल में अपनो को गंवाया है। सीएम योगी ने इस बारे में अधिकारियों को गाइड लाइन जारी करने के निर्देश दिये हैं। कोविड प्रबंधन की टीम के साथ रविवार की सुबह हुई बैठक में सीएम ने कहा है कि कोरोना से प्रभावित हर परिवार के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। कोरोना के कारण निराश्रित हुए बच्चों के भरण पोषण के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई तो निराश्रित महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं। केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अब हर कोरोना मृतक के परिवार को 50 हजार की राहत राशि दी जानी है। सीएम ने कहा कि एक भी पात्र परिवार इस राहत राशि से वंचित न रहे। राहत राशि वितरण के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित होगी जो केन्द्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप राहत राशि प्रदान करने के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां करेगी। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पीड़ित परिवारों को धनराशि वितरण का काम अगले महीने से शुरू होने की संभावना है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर में यूपी में 22 हजार से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। आपदा प्रबंध कानून में किसी व्यक्ति की आपदा में मौत होने की दशा में चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राज्य आपदा मोचक निधि से दिये जाने का प्रावधान है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे के विकास से ही काबू हुआ कोरोना: योगी

**संवाददाता।** बहराइच, श्रावस्ती

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के मूलभूत ढांचे का विकास किए जाने की वजह से ही उत्तर प्रदेश में कोविड-19 जैसी महामारी पर काबू पाया जा सका। योगी ने बहराइच तथा श्रावस्ती में आयोजित जनसभाओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा अगर कमजोर होता तो उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस महामारी पर काबू पाना अत्यंत कठिन होता। उन्होंने कहा कि मगर पिछले सात साल में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने का अवसर मिला, जिसके परिणाम सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात साल पहले प्रधानमंत्री मोदी का दिया नारा सबका साथ, सबका विकास देश के लिए मंत्र बना था जिसके तहत विकास की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं बरता गया।

तेज बारिश और आंधी-तूफान के कारण आज एक बार फिर मुख्यमंत्री को श्रावस्ती और बहराइच का दौरा अंतिम समय पर निरस्त करना पड़ा। योगी का हेलीकॉप्टर उन्हें लेकर श्रावस्ती तो पहुंचा लेकिन खराब मौसम के कारण उतर नहीं सका। बहराइच में भी बारिश और तूफान की वजह से योगी नहीं आ सके और लखनऊ लौट गए। बाद में उन्होंने लखनऊ से बहराइच और श्रावस्ती की जनसभाओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। इससे पूर्व, गत चार अक्टूबर को लखीमपुर खीरी हिंसा के कारण मुख्यमंत्री के यहां के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों में मेडिकल कॉलेज दिए हैं। जिनमें बहराइच, बलरामपुर व गोंडा में सरकारी तथा श्रावस्ती में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनवाया जाएगा। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर दो साल पूर्व आरंभ हुए मेडिकल कॉलेज ने कोरोना काल में नागरिकों को काफी राहत दी।

# साढ़े चार साल में एक भी दंगा नहीं, अब किया तो सात पीढ़ियां मुआवजा भरेंगी

### ● योगी ने बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को सम्बोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते कार्यकर्ता

**बीजेपी** ने सामाजिक संपर्क अभियान के तहत रविवार को सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले साढ़े चार साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। पहले प्रदेश की पहचान ही दंगा थी क्योंकि सरकारें दंगाइयों को प्रश्रय देती थीं। दंगों से प्रदेश की जनता प्रताड़ित थी, झूठे मुकदमे दर्ज होते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने दंगाइयों को पहले दिन से ही संदेश दे दिया गया था कि अगर दंगा करोगे तो अगली सात पीढ़ियों का पट्टा लिखकर के जाना जो भरपाई करते रहेंगे।

अब दंगा नहीं हो सकता प्रदेश में, प्रदेश में पर्व-त्यौहार खुशी से मनाया जा रहा है। योगी ने कहाकि 2014 से पहले प्रदेश में शासन करने वालों का नारा था-सबका साथ लेकिन परिवार का विकास। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योंहार बहुत से परिवारों की आय का जरिया होते हैं लेकिन 2017 से पहले जब त्योहार आते थे तो प्रदेश में दंगे होते थे। कारोबार चौपट हो जाते थे। हमारी सरकार आने के बाद पिछले साढ़े चार सालों में एक भी दंगा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार यूपी में 41 हजार स्थानों पर मूर्तियां रखी जाती है। शुक्रवार शाम तक 32 हजार मूर्तियों का सकुशल विर्सजन हो चुका है। कहीं कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। यह सभी 41 हजार मूर्तियां मिट्टी की बनी थी जो अपने ही कारीगरों ने तैयार की थी। इन आयोजनों से कितने लोगों को रोजगार मिला होगा। किसी ने यहां पंडाल लगाया होगा दीये जले होंगे, कलाकार आए होंगे, बिजली की सजावट हुई होगी। पर्व रोजगार का जरिया हैं। नवरात्र का त्योहार पूरे प्रदेश में भव्यता से मनाया गया, कहीं कोई विवाद नहीं हुआ। त्योहार के दौरान बरती गई सावधानी और लोगों के उत्साह के आगे कोरोना भी हार गया। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली में विदेश से आई लक्ष्मी गणेश की मूर्ति की नहीं बल्कि अपने मिट्टी से जुड़े कारीगरों की बनाई मूर्ति से पूजा होना चाहिए। इस अभियान के साथ हम सबको जुड़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दिया था लेकिन पिछली सरकारें सबका साथ अपना विकास के नारे पर काम कर रही थी। पिछली सरकारें साथ सबका चाहती थीं लेकिन विकास अपना करती थी। उन्होंने ने कहा कि पर्व और त्योंहार में जब कमाई का समय आता था तो प्रदेश को दंगों की आग में झोंक दिया जाता था। इससे प्रदेश पिछड़ता चला गया। मिट्टी के कारीगरों के कारोबार चौपट हो गए।

# यूपी को मोदी फिर देंगे बड़ी सौगातें

### ● देशी-विदेशी मेहमान बनेंगे कुशीनगर हवाईअड्डे के लोकार्पण के गवाह, सात नए मेडिकल कॉलेजों का भी देंगे उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी एक बार फिर विकास योजनाओं का बड़ा तोहफा देकर यूपी के विकास की नयी इबारत लिखेंगे। पहल बड़ा उपहार कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का है तो दूसरा सात मेडिकल कालेजों का। चुनावी दस्तक के बीच मोदी ने पिछले महीने अलीगढ़ में विश्वविद्यालय तथा डिफेन्स कारीडोर के शिलान्यास के साथ यूपी को विकास योजनाओं के तोहफे देने की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने राजधानी लखनऊ आकर अनेक योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास करके तोहफा दिया था। मोदी आगामी 20 अक्टूबर को भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में देशी विदेशी मेहमानों की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे जबकि 25 अक्टूबर को वह सिद्धार्थनगर जिले से सात नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर संबधित जिलों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद तैयारियों पर बारीक नजर रखे हुए हैं। कुशीनगर बौद्ध अनुयायियों के लिए महातीर्थ है। दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले बौद्ध धर्म के हर अनुयायी की इच्छा अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार महापरिनिर्वाण स्थली के दर्शन पूजन की होती है। उनकी इस इच्छापूर्ति में आवागमन की बाधा को केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में योगी सरकार ने दूर किया है। कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा क्रियाशील हो जाने से अनेक देशों के बुद्ध के उपासकों को सीधे यहां पहुंचना आसान हो गया है।

## केरल में भारी बारिश भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 18 हुई

**भाषा।** कोट्टयम, इडुक्की

**केरल** के दो जिलों में भारी बारिश और विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 18 हो गई। राज्य के राजस्व मंत्री के राजन ने कहा कि बचावकर्मियों ने शनिवार को इडुक्की और कोट्टयम जिलों के विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के मलबे से 15 शव बरामद किए हैं। राजन ने पीटीआई-भाषा को बताया, बचाव कर्मियों ने अब तक 15 शव बरामद किए हैं। इसमें कोट्टयम के कूट्टिकल से मिले 12 शव, पीरुमेदु से एक शव और कल इडुक्की जिले के कंजर से मिले दो शव शामिल हैं। इडुक्की की जिलाधिकारी शीबा जॉर्ज ने कहा कि पहाड़ी इलाके इडुक्की जिले के कोक्कायार से आज तीन शव बरामद किए गए, इस इलाके में कल विनाशकारी भूस्खलन से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, पांच लापता लोगों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सघन बचाव अभियान के बाद मलबे से तीन बच्चों के शव बरामद किए गए।

# आतंकियों ने दो और गैर कश्मीरियों की हत्या की

### ● बिहार के राजा ऋषिदेव और योगेन्द्र ऋषिदेव की ली जान

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में रविवार को आतंकवादियों ने दो गैर-स्थानीय मजदूरों- बिहार के राजा ऋषिदेव और योगेन्द्र ऋषिदेव की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य चुनचुन ऋषिदेव को घायल कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने निर्देश दिए कि गैर स्थानीय मजदूरों को तत्काल नजदीकी सुरक्षा शिविरों में लाया जाए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर में 24 घंटे से भी कम समय में गैर-स्थानीय मजदूरों पर यह तीसरा हमला है। बिहार के एक रेहड़ी-पटरी वाले और उत्तर प्रदेश के एक बढ़ई की शनिवार शाम को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

कश्मीर जोन पुलिस ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा, कुलगाम के वानपोह इलाके में आतंकवादियों ने गैर स्थानीय मजदूरों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस आतंकवादी घटना में दो गैर स्थानीय लोग मारे गए और एक घायल हो गया। इसमें कहा गया है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादी मजदूरों के किराए के मकान में घुस गए और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की। सभी जिला पुलिस प्रमुखों को भेजे संदेश में पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने कहा, आपके न्यायाधिकार क्षेत्र में रह रहे सभी गैर स्थानीय मजदूरों को तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या केंद्रीय अर्धसैनिक बल या सेना के प्रतिष्ठानों में लाया जाना चाहिए।

घाटी के दस जिलों को दिए गए संदेश में कहा गया है, यह मामला अति आवश्यक है। इस आतंकवादी हमले की सभी राजनीतिक दलों ने कड़ी निंदा की है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट किया, निर्दोष नागरिकों पर बार-बार होने वाले बर्बर हमलों की निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। मेरी संवेदना उनके परिवारों के लिए है क्योंकि वे सम्मानजनक आजीविका कमाने के लिए अपने घरों निकले हुए हैं। बहुत दुख की बात है। भारतीय जनता पार्टी की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने हत्याओं की निंदा करते हुए कहा कि यह नरसंहार के अलावा कुछ नहीं है।

### आतंकवादियों और उनके हमदर्दों से चुन-चुनकर बदला लेंगे: मनोज सिन्हा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नागरिकों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बीच उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को संकल्प लिया कि निर्दोष नागरिकों के एक-एक कतरा खून का बदला आतंकवादियों और उनके हमदर्दों से लिया जाएगा। सिन्हा ने कहा कि राज्य में शांति और सामाजिक-आर्थिक प्रगति तथा लोगों के व्यक्तिगत विकास को बाधित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के तेजी से विकास के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई। सिन्हा ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम आवाम की आवाज में कहा, मैं शहीद नागरिकों को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि देता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# विधान सभा का विशेष सत्र आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सोमवार** को हो रहे विधान सभा के विशेष सत्र को लेकर रविवार को कार्य मंत्रणा की बैठक हुई। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने बताया कि बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन स्वीकार हुआ है। 18 अक्टूबर को 11 बजे सदन में निधन के निर्देश लिये जायेंगे। तदुपरान्त उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। बैठक में नियम-301 व नियम-51 की सूचनायें लिए जाने पर सहमति बनी है। सुरक्षा समिति की बैठक में सदस्यों के लिए निर्बाध आवागमन, सुरक्षा, उपचार आदि व्यवस्था कराये जाने पर विचार किया गया। अध्यक्ष ने विश्वास किया है कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी विधान सभा होने के नाते संविधान के प्रति प्रतिबद्ध, परंपरा, संस्कृति और हर तरह से संविधान के प्रति निष्ठावान होकर सदन की कार्यवाही को सुगमतापूर्वक चलाया जायेगा। सदन में सारवान और गुणवत्तापूर्ण चर्चा के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं समाजवादी पार्टी से नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, राकेश प्रताप सिंह, बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, कांग्रेस दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से कैलाशनाथ सोनकर, रमापति शास्त्री, चौधरी लक्ष्मीनारायण, सिद्धार्थनाथ सिंह, राज्यमंत्री गुलाब देवी, योगेन्द्र उपाध्याय सहित विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे एवं प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विस उपाध्यक्ष के लिए नितिन और नरेंद्र ने दाखिल किया नामांकन

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव अब रोचक हो गया है। रविवार को नामांकन के दिन बीजेपी समर्थित उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने पर्चा दाखिल किया तो वहीं सपा ने अपने प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा का नामांकन दाखिल कराया। नितिन अग्रवाल ने नामांकन के समय सीएम योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना समेत सरकार और संगठन के कई मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे।

( विस्तृत पेज 2 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,305 | |
| निफ्टी | 18,338 | |
| सोना | 46,987 | /10g |
| चांदी | 61,926 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बिजली गिरने से दो किसानों की मौत, तीन जख्मी

**बहराइच।** बहराइच जिले के खैरीघाट क्षेत्र में रविवार को आए भीषण आंधी-तूफान और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव के किसान रविवार को खेतों में काम कर रहे थे और कुछ ग्रामीण मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान बारिश और तेज आंधी आ गई। बारिश से बचने के लिए किसान आम के एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार तभी खेत में बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर पेड़ के नीचे खड़े पांच लोग झुलस गए। खैरीघाट के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से घायल हुए पांच लोगों को पास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां संतोष कुमार (45) व चंदन (30) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिर, प्रतिष्ठानों पर फिर हमले

### ● अल्पसंख्यक समूह देश भर में अनशन करेंगे

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** में कई दिनों से जारी सांप्रदायिक हिंसा की हालिया घटना में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। इससे पहले कथित ईशनिंदा को लेकर अज्ञात मुस्लिम कट्टरपंथियों ने मंदिरों में तोड़फोड़ की थी और हिंसा फैलाई थी। इन घटनाओं के बाद अल्पसंख्यक समूह ने देशभर में भूख हड़ताल करने की घोषणा की है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक बांग्लादेश में विभिन्न जगह दुर्गा पूजा स्थलों पर हमले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमले के बाद ताजा झड़प हुई और फिर देश की राजधानी से करीब 157 किलोमीटर दूर फेनी में हिंदुओं के मंदिर और दुकानों में शनिवार को तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। इसमें बताया गया कि झड़पों में फेनी मॉडल पुलिस थाने के प्रभारी निजामुद्दीन समेत कम से कम 40 लोग घायल हो गए। रिपोर्ट में बताया गया कि शाम साढ़े चार बजे शुरू हुई झड़प देर रात तक चली और इस दौरान कई मंदिरों, हिंदुओं के व्यवसायों पर तोड़फोड़ की गई और लूटपाट भी हुई। इसके बाद शनिवार रात को अधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की तैनाती की।

अखबार की खबर में बताया गया कि शनिवार को कुछ उपद्रवियों ने मुंशीगंज के सिराजदीखान उपजिला के राशुनिया यूनियन में दानियापरा महा शोषान काली मंदिर में छह मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया। इसमें बताया गया दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हिंदू मंदिरों पर हमलों और तोड़फोड़ के विरोध में देशभर में शनिवार को भी प्रदर्शन हुए, वहीं तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुईं। इस बीच देश के दक्षिण-पूर्वी शहर चटगांव में बांग्लादेश हिंदू बौद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल ने दुर्गा पूजा समारोह के दौरान हुए हमलों के विरोध में 23 अक्टूबर से धरना और अनशन की घोषणा की। परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता ने चटगांव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ढाका के शाहबाग और चटगांव के अंद्राकिला में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद ने तोड़फोड़ और हिंसा की घटनाओं में लिप्त लोगों के लिए सख्त सजा की मांग की। इसके अध्यक्ष मिलन कांति दत्ता ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानेगी तो बड़ा अभियान चलाया जाएगा। इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने चेतावनी दी कि समुदाय चुपचाप बैठकर हमलों को होता नहीं देखेगा। उधर त्रिपुरा की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और नागरिक समाज संगठनों ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हाल में दुर्गा पूजा पंडालों में हुई तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले की निंदा की है। त्रिपुरा की करीब 865 किलोमीटर लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है।

# सूर्य की किरणों से प्रकाशमय होगा राम मंदिर का गर्भगृह

### ● ओडिशा के कोणार्क मंदिर जैसी विशिष्ट तकनीक को अपनाने पर हो रहा विचार

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**अयोध्या** में बन रहे राममंदिर में अनेक खूबियों के साथ-साथ रामलला के गर्भगृह को सूर्य की किरणों से प्रकाशमय करने की तैयारी है और इसके लिए ओडिशा के कोणार्क मंदिर जैसी विशिष्ट तकनीक को अपनाने पर विचार किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने भाषा को बताया, भगवान राम के मंदिर में प्रत्एक रामनवमी पर गर्भगृह में सूर्य की किरणें रामलला को सुशोभित करें, ऐसे एक प्रस्ताव पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और प्रत्एक रामनवमी पर गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा तक सूर्य की किरणें सीधे पहुंचे इसके लिए कुछ प्रारूपों (मॉडल) पर वैज्ञानिकों, खगोल शास्त्रियों तथा तकनीकीविदों से परामर्श चल रहा है। चौपाल ने बताया, ओडिशा स्थित कोणार्क का सूर्य मंदिर उदाहरण है जहां मंदिर के अंदर सूर्य की किरणें पहुंचती हैं। ऐसे में गर्भगृह तक सूर्य की किरणें कैसे पहुंचे, इसको लेकर सभी तकनीकी पहलुओं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर विचार किया जा रहा है। न्यास के सदस्य ने बताया कि मंदिर निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर एक समिति बनाई गई है जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, आईआईटी मुम्बई, आईआईटी रूड़की सहित राष्ट्रीय भवन निर्माण संस्थान के विशेषज्ञों एवं अन्य प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ शामिल हैं और इनसे भी परामर्श हो रहा है। वहीं, ट्रस्ट के एक अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि दिसंबर 2023 तक गर्भ गृह का निर्माण पूरा हो जाए और लोग दर्शन कर सकें। इसके आगे विस्तार एवं भव्यता का और काम चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि नींव का पहला चरण पूरा हो चुका है, जबकि दूसरा चरण नवंबर के मध्य तक खत्म हो जाएगा। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण के दौरान भूगर्भीय, भौगोलिक एवं पारिस्थितिकी संबंधी स्थितियों सहित कई बातों पर ध्यान दिया जा रहा है।चौपाल ने बताया कि भूगर्भीय वर्गीकरण के अनुसार उत्तर प्रदेश भूकंप संवेदी क्षेत्र में आता है, मंदिर परिसर के पास नदी क्षेत्र है और सम्पूर्ण इलाका हिमालई क्षेत्र के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों, खगोलशास्त्रियों से इन सभी विषयों पर परामर्श किया जा रहा है। चौपाल ने बताया, 15 नवंबर से प्लिंथ (स्तंभ के आधार वाला हिस्सा) निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा। अप्रैल 2022 से प्लिंथ के उपर स्तम्भों एवं ऊपरी संरचना का निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

# विकास से रोशन हो रहा देवीपाटन मंडल: सीएम

## ● मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से किया बहराइच व श्रावस्ती की योजनाओं का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने विकास पथ पर बहराइच और श्रावस्ती की तेज रफ्तार पर खुशी जताई है। सीएम ने कहा है कि दोनों जिलों की जनता ने ऐसे जनप्रतिनिधि चुन कर भेजे, जिन्हें क्षेत्र के विकास में रुचि है। यही कारण है कि इन दोनों जिलों में सरकार की योजनाओं से आम आदमी सीधा लाभ पा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को बहराइच और श्रावस्ती जिलों के लिए 611 करोड़ से अधिक की 201 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर रहे थे। खराब मौसम के कारण दोनों जिलों में न पहुंच पाने पर खेद जताते हुए सीएम ने स्थानीय जनता से वर्चुअली संवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ वह हेलीकॉप्टर से बहराइच तक आ भी गए थे, लेकिन मौसम इतना खराब था कि वायुयान का उतरना सम्भव नहीं था। ऐसे में न चाहते हुए भी उन्हें लखनऊ वापस आकर वर्चुअली संवाद करना पड़ रहा है।

सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में ही तथागत गौतम बुद्ध ने सर्वाधिक चातुर्मास बिताए थे। यह पवित्र स्थल है। यहां की महत्ता के अनुरूप पर्यटन विकास के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है। वहीं बहराइच को 221 करोड़ की 114 परियोजनाओं का उपहार देते हुए सीएम ने बहराइच की ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को खास तौर पर याद किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ऋषि बालार्क की पावन साधना स्थली है तो राजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम का साक्षी भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ हो या कोरोना, यहां के कर्मठ जनप्रतिनिधियों ने अपनी जनता की सेवा के लिए हर सम्भव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते सात सालों में हुये प्रयासों का नतीजा है कि आज देवीपाटन मंडल के तीनों जिले विकास से रोशन हो रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से बदलती क्षेत्र की तस्वीर की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि आज बहराइच के ग्रामीण क्षेत्र में 1.36 लाख लोगों को अपना घर मिला है तो शहरी क्षेत्र में 8 हजार परिवारों को आवास मिला। 4.85 लाख घरों में शौचालय बने। यह शौचालय स्वास्थ्य सुरक्षा और नारी गरिमा को सुनिश्चित करने के साधन सिद्ध हुए हैं। करीब 755 करोड़ रुपये पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में दिए जा चुके हैंए तो 98 हजार से अधिक किसानों के ऋण माफ हुए, 52 हजार किसानों ने फसल बीमा का लाभ मिला।

### मौसम की खराबी में फंसा सीएम का हेलीकाप्टर

**लखनऊ।** अचानक खराब हुये मौसम की चपेट में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हेलीकाप्टर आ गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह के साथ वह लखनऊ से बहराइच पहुंच तो गये लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकाप्टर से नीचे नहीं उतर सका। दोनों को उल्टा लखनऊ वापस आना पड़ा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विकास योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिये बहराइच तथा श्रावस्ती जाना था। लखनऊ में अपना सरकारी कामकाज निपटाने के बाद सीएम योगी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के साथ रवाना हुये। हेलीकाप्टर के बहराइच पहुंचने पर मौसम ज्यादा खराब हो गया। जिस पर सीएम का हेलीकाप्टर लखनऊ लौट आया। दोनों प्रसतावित कार्यक्रम लखनऊ स्थित सीएम के सरकारी आवास से वर्चचुअल सम्पन्न हुये।

### फसल के नुकसान पर दो लाख किसानों को मुआवजा देगी सरकार

**लखनऊ।** बारिश और बाढ़ के चलते धान तथा गन्ने की फसल को हुये नुकसान का आंकलन का काम पूरा हो गया है। प्रदेश में करीब 2 लाख किसान ऐसे पाए गए हैं जिनकी फसल अतिवृष्टि-बाढ़ के कारण खराब हो गई। कृषि और राजस्व विभाग के सर्वेक्षण के बाद अब जल्द ही मुआवजा वितरण भी शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में फसल क्षतिपूर्ति आंकलन की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया है कि बाढ़ और अतिवृष्टि से कृषि फसलों को हुए नुकसान का आकलन पूरा हो गया। करीब दो लाख किसान ऐसे चिन्हित हुए हैं जिनकी कृषि उपज बाढ़ के चलते खराब हुई है। मुआवजे के एवज में इन किसानों को करीब 68 करोड़ की धनराशि दी जाएगी।

# योगी फोबिया से ग्रस्त सपा अब भाजपा मेनिया का भी शिकार हो गई: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी ने** सामाजिक संपर्क अभियान के तहत रविवार को सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन की शुरूआत की। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पहले से ही योगी फोबिया से ग्रस्त सपा अब भाजपा मेनिया का भी शिकार हो गई है। शायद यही वजह है कि सपा के युवराज को भाजपा की केंद्र व उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा किये गए काम नजर नहीं आते।

उन्होंने कहा कि बीजेपी गरीबों की पार्टी है। साधारण परिवार में जन्म लेने वाले लोगों ने इस पार्टी को बनाया और आज उन्हीं के कारण भाजपा यहां तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि यह किसी जाति की पार्टी नहीं है बल्कि इस पार्टी में प्रत्येक जाति का नेतृत्व है। यहां किसी भी जाति का व्यक्ति कल का प्रदेश अध्यक्ष हो सकता है और कल नेतृत्व भी कर सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने संवाद करते हुए कहा कि मैं गारंटी के साथ कहता हूं कि 2024 तक प्रत्येक गरीब के पास अपना पक्का मकान भी होगा और सभी के घर में शौचालय, आयुष्मान कार्ड भी होगा। उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भय, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, जातिवाद तथा तुष्टिकरण से मुक्त होकर लोकमंगल के मार्ग पर आगे बढ़ा है। भय, भूख, भ्रष्टाचार से मुक्त उत्तर प्रदेश की इस गति को निर्वाध बनाते हुए एक बार फिर बड़े बहुमत के साथ योगी जी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनाइए।

# भाजपा की ताकत है पिछड़ा वर्ग: केशव



**समापन** सत्र को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पिछड़े वर्ग की जिम्मेदारी, बीजेपी की दूसरी पारी, अबकी बार, फिर 300 के पार। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की ताकत बीजेपी के साथ है इसलिए बीजेपी को कोई हरा नहीं सकता। वोट कटवा लोगों से सावधान रहना है उनकी साजिश का शिकार ना होना है और ना अपनों को होने देना है। श्री मौर्य ने कहा कि आपके चेहरे की चमक बता रही है 2022 में कमल ही खिलेगा खिलकर रहेगा, भाजपा आप की पार्टी है यह किसी प्रदेश या परिवार की पार्टी नहीं है, इसका साधारण से साधारण कार्यकर्ता बड़े से बड़े पद पर पहुंचता है। बाकी सबको जाइए भूल, केवल याद रखे नरेंद्र मोदी और कमल का फूल, गुंडागर्दी ना भ्रष्टाचार, भाजपा देती है और देगी अच्छी सरकार। श्री मौर्य ने कहा कि पिछड़े वर्ग की ताकत भाजपा के साथ है जिस तरह से राम के साथ हनुमान और लक्ष्मण थे, उसी तरह से नरेंद्र मोदी के साथ पिछड़ा वर्ग की ताकत है। भाजपा मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को लेकर चलती है। गरीबों के हितों के लिएए सबसे अधिक काम पार्टी ने किया है। कुछ पार्टियां कुछ का विकास, कुछ का साथ की सोच के साथ काम करती है। सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन के प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत तथा प्रदेश मंत्री शंकर लोधी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष लोकेश प्रजापति तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया।

## जी जान से जुट जाएं, प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनानी है: प्रांशु द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी युवा** मोर्चा अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्य समिति को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी ने कहा कि योगी सरकार बनाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान था। उसी प्रकार 2022 के विधान सभा चुनाव में भी कड़ी मेहनत करके पुन: एक बार उप्र में भाजपा की सरकार बनानी है। बीजेपी एकमात्र पार्टी है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। सपा, बसपा और कांग्रेस की तरह नहीं कि जो मात्र एक परिवार की पार्टी हैं और उनमें से हीं कोई मुख्यमंत्री कोई प्रदेश अध्यक्ष और कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पहले पाकिस्तान निरंतर हमारे देश में आतंकवादी गतिविधियों कराता रहता था और हमारी सरकार उन्हें कोई जवाब नहीं देते थे। मोदी सरकार बनने के बाद में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया। स्ट्राइक के बाद पूरी दुनिया में भारत का लोहा माना, पिछली सरकारों में देश में कहीं भी आतंकवादी गतिविधियां हो जाती थी परंतु मोदी सरकार ने इन आतंकवादियों घटनाओं पर रोक लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 हटाया और देश में कही खून की एक बूंद भी नहीं गिरी यह हमारे राजनीतिक इच्छाशक्ति को ही दर्शाता है।

# प्रदेश के 42 जिले कोरोना मुक्त

## ● 67 में नहीं मिले नए मरीज, प्रदेश में शेष बचे मात्र 119 कोरोना मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कोरोना संक्रमण** पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। विगत 24 घंटे में हुई 1 लाख 41 हजार 543 सैम्पल की टेस्टिंग में 67 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। कुल 10 नए संक्रमित मरीज मिले, जबकि 19 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 119 रह गई है जबकि 16 लाख 87 हजार 11 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। इस बीच प्रदेश में 501 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को टीम 9 के साथ कोविड की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही संक्रमण को बढ़ाने का कारक बन सकती है। ऐसे में दूसरे प्रदेशों से उत्तर प्रदेश आ रहे लोगों को कोविड जांच की जानी जरूरी है। यूपी में महामारी काबू में हैं पर महाराष्ट्रए केरल और तमिलनाडु में कोरोना का कहर अब भी जारी है। बीते 24 घंटों का हाल देखें तो केरल में 7,955 और महाराष्ट्र में 1500 और तमिलनाडु में करीब 1233 नए कोरोना मरीज मिले, तो उत्तर प्रदेश में मात्र 10 नए केस पाए गए। करीब चौबीस करोड़ की आबादी वाले यूपी के 75 में से 42 जिलों में कोरोना का एक भी एक्टिव मरीज नहीं है जबकि 16 जिलों में 1.1 मरीज हैं वहीं केरल में 91 हजार एक्टिव केस हैं तो महाराष्ट्र में 30 हजार से अधिक कोरोना संक्रमित उपचाराधीन हैं। यूपी में पॉजिटिविटी दर शून्य फीसदी से भी कम होने के बाद भी हर दिन औसतन दो लाख कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। कोविड टेस्ट और टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो बचाव की दोनों जरूरी कोशिशों में यूपी पहले पायदान पर बना हुआ है। यहां अब तक 11 करोड़ 82 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 9 करोड़ 23 लाख से अधिक लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 63 फीसदी से ज्यादा है। 02 करोड़ 58 लाख से अधिक लोगों ने टीके की दोनों डोज ले ली है। दूसरे स्थान पर 9.13 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश क्रमश: तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# यूपी को योगी नहीं योग्य सरकार चाहिए: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश को योगी नहीं योग्य सरकार चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी अब उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के लिए निकल चुकी है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की जनता वोटों से भाजपा सरकार की कुटाई करेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह बात रविवार को सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के समक्ष बसपा छोड़कर आये आरएस कुशवाहा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक, इं हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, पूर्व सांसद कादिर राणा समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। बसपा के उदय लाल मौर्य, पूर्व विधायक मधुसूदन कुशवाहा पूर्व प्रत्याशी बांदा, राम सेवक पाल एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय पाल महासभा, विजय कुशवाहा कुशवाहा महासभा, डॉ विमलेश गौतम पूर्व विधायक लखीमपुरखीरी, प्रेम सिंह कुशवाहा कानपुर, रोहित यादव प्रधान सहित महोबा, बांदा, बुंदेलखण्ड के सैकड़ों लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। अतुल आक्रोश दूबे, दिलीप मिश्रा, सुनील तिवारी एडवोकेट सहित इटावा, आगरा, औरैया के सैकड़ों कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता लिया। चौधरी अमरपाल सिंह एवं बिल्लू चौधरी पूर्व प्रमुख, कय्यूम चौधरी एवं शाकर अली पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रजनीश कटारिया, प्रवीण प्रजापति, महकार सिंह गुर्जर, रजनीश, अली हसन सहित सैकड़ों प्रधान, बीडीसी और पूर्व प्रधान सपा में शामिल हुए।

# लखबीर सिंह हत्याकांड में किसान यूनियन की भूमिका की हो जांच: डॉ. निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिन्धु बार्डर** पर खेतिहर मजदूर लखबीर सिंह की बर्बर हत्या पर उप्रअनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डा लालजी प्रसाद निर्मल ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि चूँकि यह घटना किसान यूनियन मंच के सामने हुई है। अत: किसान यूनियन की इस हत्या में संलिप्तता के बिन्दु पर भी जांच की जानी चाहिए।

डा निर्मल ने कहा कि इस हत्याकांड से पूरे देश के दलित मर्माहत हैं और इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को शीघ्र सजा दी जानी चाहिए। देर रात्रि पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा लखबीर सिंह का शव जलवाये जाने की घटना की निन्दा करते हुए डा निर्मल ने कहा है कि परिवार वालों को लखबीर सिंह के पार्थिव शरीर का दर्शन नहीं करने दिया गया और डीजल छिड़ककर रात्रि में ही शव जला दिया गया जो अत्यन्त बर्बर है और हिन्दू रीति के विरूद्ध है। कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा। इस भयावह दलित हत्याकांड में समाजवादी पार्टी, अपना दल और तथाकथित बुद्धिजीवियों की खामोशी की निन्दा करते हुए डा निर्मल ने कहा कि इन दलों की दलितों के प्रति कोई संवेदना नहीं है ये केवल राजनैतिक फायदा नुकसान देखकर दलित संदर्भों को उठाते हैं।

# सपा में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मोहम्मद सोहेल आगरा, डॉ मोहक गुप्ता कानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी छात्र सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में डॉ नरेन्द्र सिंह धाकड़ आगरा को प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

VISTAAR FINANCE
विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि.
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नंबर 59 एवं 60-23, 22वां क्रॉस, 29वां मेन बीटीएम द्वितीय स्टेज, बेंगलुरू-560076 www.vistaarfinance.com

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन सूचना

एतद्द्वारा विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. (वीएफएसपीएल) द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदारों ने विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. से सम्पत्ति के ऐवज में ऋण प्राप्त किया था और अपने ऋण की समीकृत मासिक किश्तों (ईएमआई'ज) का भुगतान करने में असफल रहे और कि उनका ऋण खाता भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्तियों के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। कर्जदारों ने ऋण के निमित्त अचल सम्पत्ति की प्रतिभूति उपलब्ध करवाई है, जिसका विस्तृत विवरण यहां नीचे दिया गया है। ऋण और कर्जदार द्वारा विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. को देय बकाया राशियों का विस्तृत विवरण भी नीचे निदर्शित किया गया है। एतद्द्वारा कर्जदारों और सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि., प्रतिभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी निम्नलिखित कर्जदारों के विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही आरंभ कर दी है। यदि निम्नलिखित कर्जदार उनके नामों के सामने निदर्शित बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के 60 (साठ) दिन के भीतर, आगे ब्याज और अन्य प्रभार, यदि कोई, सहित करने में असफल रहेंगे, तो अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसको सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग किया जाएगा, जिसमें सम्पत्ति का कब्जा लेना और उसको बेचना शामिल है। सर्वसाधारण को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने की सलाह दी जाती है।

| खाता सं. | कर्जदारों और सह-कर्जदारों का नाम | कुल बकाया ऋण राशि (भारतीय रू. में) | कुल बकाया ऋण राशि तिथि तक |
|---|---|---|---|
| 0199एसबी एमएल00893 | 1. श्री/श्रीमती संतोष कुमार 2. श्री/श्रीमती कंचन देवी | रू. 21,57,525/- | 05-09-2021 |

प्रतिभूत आस्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड —अचल सम्पत्ति प्लॉट का एक भाग अराजी नंबर 1742 एवं 1744 मास्टर कालोनी दादिया पुरा, तहसील ओर जिला झांसी, परिमाप 76.06 वर्ग मीटर। पूरब : 15 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : गुप्ता जी का मकान, उत्तर : संतोष कुमार का प्लॉट, दक्षिण : गुप्ता जी का प्लॉट एवं साहूजी का प्लॉट, अन्य प्लॉट अराजी नंबर 1742 एवं 1744 मास्टर कालोनी दादिया पुरा, तहसील ओर जिला झांसी, परिमाप 76.06 वर्ग मीटर। पूरब : 15 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : गुप्ता जी का मकान, उत्तर : कमलेश गुप्ता का प्लॉट, दक्षिण : गुप्ता जी का मकान।

तिथि : 18-10-2021 वास्ते विस्तार फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि.
स्थान : झांसी प्राधिकृत अधिकारी

# नितिन अग्रवाल और नरेंद्र वर्मा ने दाखिल किया नामांकन

## ● विधानसभा उपाध्यक्ष पद का चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र विधानसभा** उपाध्यक्ष का चुनाव अब रोचक हो गया है। रविवार को नामांकन के दिन बीजेपी समर्थित उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने पर्चा दाखिल किया तो वहीं सपा ने अपने प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा का नामांकन दाखिल कराया। नितिन अग्रवाल ने नामांकन के समय सीएम योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना समेत सरकार और संगठन के कई मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विधानसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि सपा ने परम्परा को तोड़ा है। भाजपा ने तो सपा के विधायक को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए तैयार है। सपा संख्या बल कम होने के बाद भी इस चुनाव में भाजपा को वॉकओवर देने के मूड में नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति के बाद पार्टी की ओर से सीतापुर के महमूदाबाद से विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा को उपाध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित किया गया था। सोमवार को सुबह 11 बजे से मतदान होगा। जिलावार विधायकों को मतदान के लिए बुलाया जाएगा। मतपत्र से मतदान किया जाएगा।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने बताया कि मतदान सोमवार को होगा। परंपरागत तौर पर मुख्य विपक्षी दल के विधायक को ही विधान सभा उपाध्यक्ष बनाया जाता रहा है लेकिन बीजेपी ने सपा के बागी विधायक नितिन अग्रवाल को समर्थन दिया है। नितिन अग्रवाल के पिता एवं पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे। दोनों उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र रविवार को विधान भवन में दाखिल किया। पत्रकारों से बात करते हुए नितिन ने कहा कि उन्होंने चार सेट नामांकन पत्र दाखिल किया है और जिन लोगों ने मेरा नाम प्रस्तावित किया है उनमें राकेश सिंह हरचंदपुर से कांग्रेस विधायक, अनिल सिंह पुरवा से बसपा विधायक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, राज्य मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार और विधायक राजपाल वर्मा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद वह संविधान के प्रावधानों के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। औपचारिक रूप से भाजपा में उनका शामिल होना अभी बाकी है। यूपी में विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव 14 वर्षों बाद हो रहा है। भाजपा के राजेश अग्रवाल को इस पद के लिए जुलाई 2004 में निर्विरोध चुना गया था और उनका कार्यकाल मई 2007 तक था। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ था। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सपा के घोषित उम्मीदवार नरेंद्र सिंह वर्मा ने पत्रकारों से कहा कि मैं सपा का उम्मीदवार हूं और परंपरा के अनुसार विधानसभा उपाध्यक्ष का पद मुख्य विपक्षी दल को मिलता है इसलिए यह हमे मिलना चाहिए। नितिन अग्रवाल के संबंध में उन्होंने कहा कि वह हमारे छोटे भाई हैं, वह सपा के टिकट पर चुनाव जीते और चुनाव जीतने के बाद उन्होंने सपा के खिलाफ काम करना शुरू कर दिया।

सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनाशियल ॲसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए. की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता क्र.HHLNOI00441488 1. सुनिल कुमार सिंह 2. मंजु सिंह 3. धीरज कुमार सिंह 4. शालिनी 5. एस.एस.गुसैन | फ्लैट नं.206, दुसरी मंजिल, टॉवर पी, स्टेलर जीवन, प्लॉट नं.जीएच -03, सेक्टर 1, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), नोएडा, उत्तर प्रदेश -201307 | 24.06.2021 | रू.29,62,803 /- (रूपये उनतीस लाख बासठ हजार आठ सौ तीन और सड़सठ पैसे मात्र) 24.06.2021 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है
उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार ,'' कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की विक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता ''
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है।
स्थान: नोएडा/कासगंज/गौतमबुद्ध नगर
प्राधिकृत अधिकारी
कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

NOTICE
We Ashutosh Nandan Shukla & Suman Shukla have lost the our 5 original receipts i.e GDN/CRB/00225/0814, GDN/CRB/00083/1114, GDN/CRB/00098/1016, GDN/CRB/00099/1016, GDN/CRB/00002/0217 issued by DLF Limited against the payment of plot no A-187 in Garden City, Lucknow. If found please contact 7905907902

आवश्यकता है

सरदार पटेल डिग्री कालेज बरगदवा कोपिया, संतकबीरनगर
आवश्यकता है
सरदार पटेल डिग्री कालेज बरगदवा कोपिया, संतकबीरनगर में एम0ए0 समाजशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र विषय हेतु तीन-तीन प्रवक्ताओं की। अर्हता एवं वेतन यू0जी0सी0 गाइड लाइन के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।
रामरक्षा चौधरी, प्रबंधक

आवश्यकता है

श्री मुनई यादव सोमना देवी महिला महाविद्यालय हुजुरा सुहावां, संतकबीरनगर
आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु एक (01) प्राचार्य तथा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं गृह विज्ञान विषयों में प्रत्येक विषय हेतु एक-एक (01) प्रवक्ता की।
योग्यता :- यू.जी.सी. एवं सिद्वार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्वार्थनगर के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।
जगराम यादव, प्रबंधक
मो0न0-9721202150, 9450354395

# संगीनों के साए में भरत मिलाप

संवाददाता। मऊ

**नगर क्षेत्र के** शाही कटरा के मैदान में रविवार की भोर में मुगलकाल से चला आ रहा ऐतिहासिक भरत मिलाप संगीनों के साए में सकुशल सम्पन्न हो गया। भगवान श्रीराम,भरत, लक्ष्मण और शत्रुध्न का भावपूर्ण मिलन देख लोगों की आंखे छलक उठीं। इस दौरान जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। साथ ही साथ शाही कटरा मस्जिद से गूंज रही अजान कौमी एकता की मिशाल भी बन गया। सूर्य की लालिमा के साथ शाही कटरा मैदान में ऐतिहासिक भरतमिलाप देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। ताने-बाने के मऊ नगर की रामलीला के अहम पड़ाव भरतमिलाप को लेकर रविवार की भोर में आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। दशहरा के दिन दशई पोखरा पर लगे मेले में लंकापति रावण का वध हुआ था। इसके बाद भरत मिलाप की लीला का मंचन के क्रम में शनिवार की





रात करीब 11 बजे भगवान श्रीराम के पुष्पक विमान शीतला माता मंदिर से आगे बढ़ने के साथ शुरु हुआ। पुष्पक विमान में भगवान श्रीराम,लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी सवार थे, जबकि सुग्रीव, अंगद और सेनापतियों के साथ सेना पैदल चल रही थी। विमान अगुवान बाबा की मंदिर, काली मंदिर, प्यारेपुरा, भरहूकापुरा, राजा राम का पूरा होते हुए रविवार की भोर में करीब साढ़े चार बजे शाही कटरा मैदान के उत्तरी छोर पर पहुंचा। इसके पहले रास्ते भर में जगह-जगह भगवान राम की आरती उतारी गई और विमान पर पुष्प बरसा, गए। विमान के आगे श्रद्धालु ढोलक, झाल, मजीरा आदि के साथ लय और ताल पर नारदी और भजन गाते हुए चल रहे थे। जबकि एक दर्जन से अधिक अखाड़े अपने करतब का प्रदर्शन कर रहे थे। रास्ते के दोनों तरफ सुरक्षा बलों की दीवार बनाई गई थी। साथ ही छतों, पेड़ों, पानी की टंकियों तक पर ड्रैगन लाइट के साथ जवान मुस्तैद रहे। उत्तरी छोर से विमान को आगे बढ़ाने तक मंच पर खड़े श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयघोष पर खचाखच भरे मैदान से जय-जयकारा होता रहा। इस दौरान मस्जिद से गूंज रही अजान कौमी एकता की मिशाल बनी। इसके बाद भगवान राम का संदेश लेकर हनुमान ब्राह्मण वेष में भरत के पास पहुंचे, हनुमान,भरत संवाद और बाद में भगवान भाष्कर के उदय होते ही चारों भाइयों भावपूर्ण मिलन देख लोगों के आंसू आ गए। लयबद्ध चौपाई, छंद व दोहे के साथ हो रहे इस दृश्य को देख हर कोई भाव विह्वल था। चारों भईयन की जय-जयकार से मैदान गूंज उठा। रामलीला समिति ने जिला प्रशासन को सकुशल आयोजन सम्पन्न कराने के लिए कोटिशरू बधाई दी।

## अपना दल एस ने दोहराया कमेरा समाज को न्याय दिलाने का संकल्प

संवाददाता। मिर्ज़ापुर

● पुण्यतिथि पर पार्टी संस्थापक सोनेलाल पटेल को किया गया याद

**अपना दल** एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आशीष पटेल ने कहा कि पिछड़ो, दलितों, वंचितों, किसान-कमेरा समाज को शासन सत्ता में भागीदारी दिलाना अपना दल एस का मुख्य उद्देश्य है। पार्टी के संस्थापक यशरूकायी बोधिसत्व डॉ. सोनेलाल पटेल ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने की दिशा में पार्टी काम कर रही है। उम्मीद ही नहींए पूरा विश्वास है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में हम अपने उद्देश्यों में सफल होंगे ही। आशीष पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी की सोच हमेशा सकारात्मक व विकास की रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष इस जिले की सांसद भी हैं। उनके दिमाग मे यहां के विकास का जो खाका है, उसके अनुसार निश्चित रूप स्व यह जिला पूरे प्रदेश में ही नहीं, आने वाले दिनों में पूरे देश का मॉडल बनेगा। श्री पटेल रविवार को स्थानीय सिटी क्लब मैदान में अपना दल एस द्वारा सोनेलाल पटेलकी पुण्य तिथि पर आयोजिय श्रद्धांजलि सभा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सांसद के पिछले कार्यकाल में मिर्ज़ापुर जनपद में कई ऐसे कार्य हुएए जिनके परिणाम बाद में सामने आएंगे। केंद्रीय विद्यालय, फोर लेन सड़क, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज इनमे प्रमुख हैं। आने वाले दिनों में इसी तरह के और भी बड़ी परियोजनाएं देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि आज का दिन सोनेलाल पटेल के सपनो को पूरा करने के लिए संकल्प लेने का दिन है। जिस कमेरा किसान समाज के उत्थान के लिए उन्होंने पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

## क्विक न्यूज

### मऊ में सीएम के आपत्ति जनक फोटो वायरल मामले में एफआईआर दर्ज

**मऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्ति जनक फोटो वायरल करने के मामले में हियुवा के जिला संयोजक अजय सिंह ने कांग्रेस के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी राजमंगल यादव के खिलाफ घोसी थाने में तहरीर दिया था। हियुवा के जिला संयोजक की तहरीर पर घोसी कोतवाली में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। हिन्दू युवा वाहिनी के जिला संयोजक अजय सिंह ने बताया कि विजय दशमी पर्व के अवसर पर कांग्रेसी नेता राजमंगल यादव द्वारा सोशल साइड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्ति जनक फोटो वायरल किया गया था। इसकी जानकारी होते ही हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। जिला संयोजक द्वारा घोसी कोतवाली में आरोपी कांग्रेसी नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया गया। घोसी कोतवाली में दर्ज मुकदमे में घोसी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कांग्रेस नेता राजमंगल यादव पर मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया गया है। बताते चलें कि हियुवा के जिला संयोजक अजय सिंह ने घोसी कोतवाली में शनिवार की शाम को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। घोसी कोतवाली में आईपीसी की धारा 505 धार्मिक भावनाओं को भड़काने एवं 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### शाहगंज में हुआ सास बेटा सम्मेलन का आयोजन



**सोनभद्र।** शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को सास बेटा बहू सम्मेलन व मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को जहां परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी गई वही संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने शाहगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कोविड-19 टीकाकरण को लेकर लोगों को प्रेरित किया और कहा कि टीका ही कोरोना से एकमात्र बचाव है। इसलिए सभी लोग टीकाकरण जरूर कराएं इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया उन्होंने लोगों से साफसफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही जिससे अन्य संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। सास बेटा बहू सम्मेलन के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों के बारे में बताया और इसे अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को टिफिन बॉक्स वितरित किया गया। उक्त अवसर पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले के दौरान 59 लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह,जाचं व दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह के अलावा डॉ अमृत राय, डॉक्टर गुरु प्रसाद मौर्या, डॉक्टर सौरव ,मलेरिया निरीक्षक पीके सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### संचारी अभियान में रोगों को दूर करने के लिए 10 विभागों की होगी सहभागिता

**मिर्जापुर।** संचारी रोग नियन्त्रण अभियान व दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द सभागार में सम्पन्न हुआ। यह अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक चलेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि अभियान के सम्बन्ध में पहले ही सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियोंए आशा बहुओंए एएनएम समेत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि इस अभियान में नगरपालिका, नगर पंचायत, कृषि विभाग, पंचायती विभाग, पेयजल, पशुपालन,बाल विकास विभाग समेत तमाम विभागों के सहयोग से साफसफाई का कार्य कराया जायेगा। जल भराव व गंदगी के स्थानों पर लार्वा को नष्ट करने के लिये दवाओं का एक महीने तक लगातार छिड़काव किया जायेगा। सभी विभागों के सहयोग से संचारी रोगों को नियन्त्रण करनेका प्रयास किया जायेगा। इस अभियान में डोरटूडोर दस्तक अभियान को शुरू के ही 15 दिनों तक चलाया जायेगा। उसके बाद व्यक्तियों का उपचार करने का काम किया जायेगा। अभी तक दस्तक अभियान को दूसरे चरण में चलाया जाता था। जिला मलेरिया अधिकारी संजय द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान को सफलता के लिए ब्लाक स्तरीय नोडल बनाये गये है जो ब्लाक स्तर पर अभियान की समीक्षा करेंगे। अभियान के लिए 2058 टीमों का गठन किया गया है। जिसको ब्लाक स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण भी कराया जा चुका है। अभियान के दौरान मच्छर से होने वाले बीमारियों को खात्मे के लिए जनसमुदाय का सहयोग लेगे। कूड़ा का निस्तारण करके जल को एकत्र न होने दें। जल का निकासी नियमित हो। नगर व मुहल्लों के लोग अपने .अपने तरीकों से साफसफाई के कार्य में विभाग का सहयोग करें। उनका कहना है कि समुदाय में जागरूकता लाकर ही खत्म किया जा सकता है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जन शिकायतों के निस्तारण को प्रशासन गम्भीर : जिलाधिकारी

**मीरजापुर।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के चारो तहसील में आयोजित किया गया। सदर तहसील में जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उप जिलाधिकारी चन्द्रभान सिंहए एवं अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर समस्याओ को सुना गया। उपस्थित अधिकारियो के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील सदर में कुल 88 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया जिसमें जिलाधिकारी द्वारा द्वारा 1 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 87 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिकायतकर्ता की बातो को ध्यान से अवश्य सुने तथा शिकायत के निस्तारण हेतु मौके पर जाकर जॉच करते समय शिकायतकर्ता अथवा वहॉ पर उपस्थित व्यक्तियो के हस्ताक्षर अवश्य कराये। उन्होने कहा कि आईजीआरएस के निस्तारण मे डिफाल्टर कदापि नही होना चाहियेए प्राप्त संदर्भो का ससमय निस्तारित करते आख्या को पोर्टल पर अपलोड किया जाय। जन सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सभी विभाग के नोडल अधिकारियो को निर्देश दिया कि सप्ताह मे एक बार जन सूचना शिकायत का निस्तारण अवश्य करे। इस अधिकार के तहत मांगी गयी सूचना लेखपालए ग्राम विकास अधिकारी के जाचोपरान्त खण्ड स्तर के अधिकारी द्वारा पुनः परीक्षण कर प्रमाणिक सूचना प्रदान की जायें। इसी क्रम में लालगंज तहसील में अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं उप जिलाधिकारी अमित शुक्ल कुल 45 प्रार्थना पत्रो में 2 का निस्तारण तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी भूधा हरिशंकर यादव द्वारा कुल 15 प्रार्थना में से 1 का निस्तारणए चुनार उप जिलाधिकारी रोशनी यादव द्वारा 49 प्रार्थना में से 6 निस्तारण किया गया।

### 15 दिवसीय खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ



**वाराणसी।** मंडलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी द्वारा रविवार को रुद्राक्ष कान्वेंशन सेंटर सिगरा में खादी कारीगर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन 17 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे भानु प्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्यमंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा फीता काटकर व दीप-प्रज्जवलन कर किया। राज्यस्तरीय खादी प्रदर्शन 17 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2021 तक चलेगा इसमें एक हजार खादी कारीगरों सहित 1200 लोगों ने भाग लिया।

### अमेजन व ऑनलाइन सामान मंगाने का हुआ जोरदार विरोध

**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल द्वारा आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम रविवार को काशी विद्यापीठ के समक्ष सत्येंद्र सिंह के सौजन्य से आयोजित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य आज के परिवेश में ऑन लाइन व्यापार कंपनी द्वारा जिस प्रकार फुटकर एवं खुदरा व्यवसायियों को जड़ से समाप्त करने के लिए आगामी त्यौहार को देखते हुए अभी से ही लुभावने बड़े-बड़े ऑफर अखबारों में विज्ञापन कर जनता को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं जिसका असर फुटकर एवं खुदरा व्यापारी पर पड़ रहा है। इस अवसर पर ऑनलाइन व्यापार का विरोध करते हुए व्यापारियों ने अमेजॉन गो बैक फ्लिपकार्ट गो बैक ऑनलाइन व्यापार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर हाथों में पोस्टर लेकर अपना विरोध प्रदर्शन किया.। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा यह कहा गया की ऑनलाइन व्यापार से सभी फुटकर एवं खुदरा व्यापारी ही नहीं थोक व्यापारी भी परेशान हैं हमें सबसे पहले अपने घर से ऑनलाइन व्यापार का बहिष्कार करना होगा एवं इनका मुकाबला करने के लिए हमें आपसी प्रतिस्पर्धा को भूलकर अपने आसपास के जनमानस को बढ़िया एवं उत्तम सामान को ऑनलाइन के प्रतिस्पर्धात्मक रेट पर देना होगा सुविधाओं को बढ़ाना होगा।

## विकास कर रही है भाजपा की सरकार : डा संजय

● भाजपा अनुसूचित मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ सम्पन्न

संवाददाता। सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की जिला कार्यसमिति व कार्यकर्ता सम्मेलन जनपद मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संजय निर्मल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू बैसवार व संचालन अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री पन्नालाल पासवान ने किया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में आयोजित दलित बस्ती में समरसता सहभोज मे भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संजय निर्मल ने सफाई कर्मियों के साथ सहभाग किया। कार्यसमिती की बैठक व कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संजय निर्मल ने कहा की सोनभद्र की धरती पर आते समय आज हमे देव भूमि नजर आयी आज हम सोनभद्र में देवता रुपी कार्यकर्ताओं के सामने अपनी बात रख रहा हूं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जो कार्यकर्ता आज सामने बैठे है वही कार्यकर्ता कल मंच पर बैठेंगे यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। किसी अन्य दल में नही। हमारा देश आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर है। सबसे ज्यादा विकास गरीबों को हो रहा है और गरीब सबसे ज्यादे अनुसूचित जाति के है प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन योजना के माध्यम से कोरोना काल जैसे संकट में गरीबों के खातों में पैसा दिया गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे है जिससे कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न रह सके कोरोना काल में सभी विपक्षी दल अपने अपने घरों में बैठे रहे किन्तु भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का निर्देश मिलते ही जनता की सेवा में लगें रहें। अभी कुछ ही दिन पहले सिंधु बार्डर पर एक दलित की निर्मम हत्या कर दी गयी इस पर कांग्रेस सपा बसपा चुप क्यों है कांग्रेस शासित राज्य में दलितों पर अत्याचार हो रहा है बहन बेटियों का बलात्कार हो रहा है राहुल व प्रियंका से चुप क्यों है दलित समाज अब जग चुका है दलित समाज आज भारतीय जनता पार्टी के साथ है जब उत्तर प्रदेश में सपा व बसपा की सरकारें थी तो व्यापारी दलित समाज के लोग डरे और सहमे रहते थे आज उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है कानून व्यवस्था ठीक है प्रदेश में सभी वर्ग के लोग सुरक्षित है गुण्डे माफिया जेल में है इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में दलित समाज के आशीर्वाद से एक बार पुनः योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। जिला कार्यसमिति व कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भाजपा के शासन काल में हर वर्ग को सम्मान मिल रहा है अन्य दलों में स्वयं के लाभ की मंशा से अनुसूचित जाति के समाज के लोगों को कब्जे में रखने का प्रयास किया और उन्हे विकास कि मुख्यधारा से भटकाये रखा जबकि भारतीय जनता पार्टी ने सबका सम्मान सबका विकास को आधार बनाकर काम किया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने कहा कि विपक्षी दल अब तक अनुसूचित जाति को देश की मूल धारा से हटाने का काम करते रहे जबकि उनका सही सम्मान भाजपा सरकार में किया गया गांव में शौचालय बनवाकर खुले में शौच के कलंक को धोने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया। सम्मेलन में मुख्यरूप से भाजपा अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री रजनीश कनौजिया प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा देवेन्द्र पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, रामसुन्दर निषाद जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी रामजी बैसवार शिवप्रकाश अतुल कनौजिया रीना भारती आलोक रावत राजकुमार कोल बब्बन पासवान महेश पासवान सरोज केशरी अंशू अग्रहरी सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल को मिला प्रथम स्थान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित बीजपुर बाजार में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में बीते नवरात्र में स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। उसी क्रम में शनिवार की रात्रि 230 स्कूली विद्यार्थियों स्थानीय कलाकारों को पूजा समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। नवरात्रि में चले कार्यक्रम में तीन विद्यालयों के विद्यार्थी व स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति और देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया था। जिसमे हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल बीजपुर के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान पर कब्जा करके अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। बराबर अंक अर्जित कर आदर्श रिहन्द शिक्षा निकेतन एकेडमी पुनर्वास प्रथम बीजपुर व आरएएसएस पब्लिक स्कूल बीजपुर विद्यालय द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से रहे। सम्मान समारोह की कड़ी सर्वप्रथम तीनों विद्यालयों के कुल 230 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। हंसवाहिनी स्कूल बीजपुर के प्रबंधक रामजियावन गुप्ता प्रधानाचार्या दुर्गावती गुप्ता शिक्षक रोहित सिंह चौहान आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी बीजपुर के प्रधानाचार्य तारक नाथ दुबे आरएएसएस के शिक्षक आनंद शामिल रहे।

## गरीबों को शिक्षा से दूर करने का षड्यंत्र कर रही सरकार : मनोज

संवाददाता। चंदौली



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू शनिवार को भाजपा सरकार व शीर्ष नेतृत्व पर हमलावर रहे। कहा कि भाजपा गैरराजनीतिक बातें करती है और उसे मुद्दा बनाती है। भाजपा की बातों व मुद्दों से जनसरोकार का दूर.दूर तक कोई वास्ता-सरोकार नहीं होता है। भाजपा के लोग राजनीतिक के मंच से धार्मिक बातें करते हैं। उनके नेता विकास व जन कल्याण को अपनी उपलब्धि बताने की बजाय धारा-370, श्रीराम मंदिर को सरकार की उपलब्धि बताते फिर रहे हैं। ऐसी सरकार से जवानों, किसानों व आम आदमी के हित की उम्मीद करना बेमानी होगी। श्री सिंह असना में आयोजित समाजवादी पार्टी के जन चौपाल में उमड़ी भीड़ को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान आरोप लगाया कि सरकार सुनियोजित ढंग से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को शिक्षा-दीक्षा से दूर करने का षड्यंत्र कर रहे हैए ताकि वे पढ़-लिखकर राजनीति में भागीदारी व प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनने से वंचित रह जाए। जिसके घर में एक आईएएस या आईपीएस अफसर हो जाय उससे शौचालय व पांच किलो राशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन सरकार गरीबों को इन योजनाओं के आश्रित बनाए रखना चाहती है। यही इस सरकार का सुनियोजित षड्यंत्र है। कहा कि देश के जवान को सम्मान व किसानों को सुविधाएं चाहिए, जिसे दे पाने में सरकार नाकाम साबित हुई है। कहा कि सैयदराजा क्षेत्र में बीते पांच सालों में सरकार ने एक भी पम्प कैनाल स्थापित नहीं किया, ना ही किसानों की सुविधा के लिए कोई छोटा या बड़ा प्रयास हो पाया।

### सम्मान समारोह आयोजित

**मुग़लसराय,चंदौली।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सम्मान समारोह ग्राम रेवसा सैय्यदराजा में आयोजित हुआ जिसकें मुख्य अतिथि बिजेंद्र राय पूर्व जिलाध्यक्ष गाजीपुर एसदस्य प्रदेश कार्यसमिति थे कार्यक्रम में क्षेत्रीय सयोंजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ अशोक राय विशिष्ट अतिथि थे डॉ राय ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा का चिकित्सा प्रकोष्ठ अंत्योदय का संकल्प लेकर स्वास्थ सबके लिये की दिशा में कार्य करेगा । डॉ ओ पी सिंह सह सयोंजक चन्दौली को सम्मानित किया गया। उन्होंनेंकहा खुशहाल और सम्पन्न भारत के सपने को स्वस्थ भारत के जरिये ही पूरी किया जा सकता है। समाज के संसाधन विहीन वर्ग तक सस्तीए सुगम और गुणवत्ता पूर्वक चिकित्सा सुविधायें पहुंचाने के लिये सभी पैथी के डॉक्टर्स जिसमें ऐलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेदा, यूनानी, सिद्धा, फि जियोथैरेपी एवं योग चिकित्सा से जुड़े लोगों को लिया जायेगा। पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ विक्रेताओं एवं प्रतिनिधियों को में जोड़ा जायेगा।


## कलाकारों को करनी होगी सुर की साधना: महादेवन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**14 अक्टूबर की** शाम मुम्बई में शानदार रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई। जिसमें प्रतिभागी कलाकारों के साथ ही होस्ट करने वाले आदित्य नारायण व तीन जजों में एक शंकर महादेवन शामिल हुए। जजों को उम्मीद है कि इस नए सीजन में अपने परफारमेंस से दर्शकों से फिर वहीं पुराना प्यार प्राप्त करेगें और कोई भी एपिसोड मिस नहीं करेगें। रियल्टी शो के बारे में जी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोंसले ने कहा कि हम इस फेस्टिव सीजन में प्रवेश कर रहे हैं। जिसमें जजों के रूप में शंकर महादेवन, विशाल ददलानी व हिमेश रेशमिया होगें। इसके अलावा चामिंग सिंगर व एंकर आदित्य नारायण इस सीजन के होस्ट नजर आयेगें। जज शंकर महादेवन ने बताया कि यूपी से सचिन वालमीकि, दिल्ली की संजना भट्ट, जयपुर की आंकाक्षा, बड़ोदरा से ब्रज क्षत्रिय व केरला से यमुना सहित कुल 15 कलाकार इस सुर संग्राम में अपना जलवा बिखेरेगें। शंकर महादेवन ने 'पायनियर' संवाददाता से बातचीत में बताया कि सभी को सुर की तो साधना करनी होगी चाहे वह पहले जमाने का था या फिर आज के समय का। सुर-लय का सामंजस्य बैठाना वाला जो गायक कलाकार इस वह मंच पर खरा उतरेगा उसी की नैया पार होगी। क्योंकि आज के युवाओं में प्रतिभाएं अचंभित करने वाली हैं। इसमें काफी कुछ श्रेय मीडिया को जाता है। जिसने एक नया जज्बा पैदा कर दिया है कुछ इसी तरह का जुनून रखने वाले युवाओं को मौका दे रहा है सा रे गा मा पा।

## सौ से अधिक ब्राह्मणों ने ग्रहण की सपा की सदस्यता



संवादददाता। सोनभद्र

रामगढ़ स्थित शाहजादा साहब इंटर कॉलेज में प्रबुद्ध समाज की बैठक सम्पन हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य चेखुर पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में राजीव पांडेय ओम प्रकाश त्रिपाठी संजय चौबे संजय शुक्ला श्याम नारायण मालवीय ने बैठक को संबोधित किया संचालन वेद शुक्ल व आनंद चौबे ने किया। वक्ताओं ने जमकर भाजपा सरकार पर हमला बोला और कहा कि वर्तमान सरकार की महँगाई बेरोजगारी ने जिन दुस्वार कर दिया है खेती और किसानी की कमर तोड़ दी है। इसलिए इस बार हम समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। बैठक में रजनीकांत चौबे लवकुश पांडे राहुल चौबे अमरेश देव पांडे रमापति तिवारी मनोज तिवारी अंबुज तिवारी समेत 100 से अधिक ब्राम्हण समाज के लोगो ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## दंगल में पहलवानों ने देश का बढ़ाया मानः मनोज डब्लू

संवाददाता। कमालपुर, चंदौली

**क स्बा** स्थित इमामबाड़ा पर शनिवार को दयाराम यादव के नेतृत्व में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सैयदराजा विधायक मनोज सिंह डब्लू ने 22 हजार की कुश्ती के पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती दंगल कराया। दंगल में नामी गिरामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि कुश्ती-दंगल हमारा प्राचीन खेल है। जिसकी लोकप्रियता आज भी लोगों के दिल में अपनी जगह बनाए हुए है। देश की माटी में पैदा



हुए पहलवान अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ख्याति अर्जित कर रहे हैं यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। पहलवानी खेल की एक ऐसी विधा है जिसमें हमारे देश के पहलवानों ने दूसरों को देश के लोगों को शिकस्त देकर नाम बढ़ाया है। दंगल प्रतियोगिता में दीपक दीनदासपुर ने सोनू माटीगांव को, श्रीकेश देवकली ने लीवर कमालपुर विशाल बेलवानी ने सूरज धानापुर, गुलजार बेलवानी ने अमन बभनियांव, अंगद खोनपुर ने हिमांशु रानेपुर,राहुल रानेपुर ने मनीष सेठ को,अखिलेश बरंगा ने सत्यवीर पिपरी, सोनू रानेपुर ने अजीत पगही, मुलायम यादव हरधर जुड़ा ने डब्लू यादव सैयदराजा को पटकनी देकर जीत हासिल किया। वही शमशेर रमरेपुर व ओंकार अनूप दिल्ली के बीच 8 मिनट का रोमांचक कुश्ती हुआ। जिसमे शमेशर रमरेपुर ने अनूप दिल्ली को पटकनी देकर जीत हासिल किया। पहलवानों के दांव पेंच का बेहतरीन प्रदर्शन पर दंगल प्रेमियों ने ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर दयाराम यादवए मदन मोहन रस्तोगीए शंकर गुप्ताए अमरनाथ जायसवाल पीयूष यादव, मनोज अग्रहरि संतोष कुमारए सोनू यादव शिवजी वर्मा, जयनाथ यादव,राजू अग्रहरि,सीताराम वर्मा आदि रहे।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 18 अक्टूबर 2021



# सीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की और दिए निर्देश

**● विकास व निर्माण कार्यों में जो विभाग लक्ष्य में पीछे हैं वे लाएं प्रगति अन्यथा होगी कार्रवाई**

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कीए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी विभाग विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों में बीएसीएडीए श्रेणी में है वह शीघ्र ही ए श्रेणी में प्रगति लाएंए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि जो परियोजनाएं अभी लंबित हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाएए इस मौके पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जो आवास अभी पूर्ण नहीं हुए हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाएए तथा जिन लाभार्थियों को आवास योजना के तहत प्रथम व द्वितीय किस्त नहीं गई है उन्हें शीघ्र ही किस्त भेजी जाएए बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्टए ग्राम्य विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादवए अपर डीएसटीओ आशुतोष आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ चला व्यापक अभियान

**● विभाग ने कई टीमों बना थाना माखी, बांगरमऊ व मौरावां पुलिस के साथ करी छापेमारी**

**● छापेमारी की कार्रवाई में सैकड़ों लीटर कच्ची शराब, कुंतलों लहन व शराब बनाने के काम आने वाले उपकरण किए गए बरामद**

संवाददाता। उन्नाव

**अवैध** शराब को लेकर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के कड़े रुख के बाद जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग की अलग अलग टीमो ने थाना माखीए बांगरमऊ व मौरावां पुलिस के साथ जिले के कई गांवों में अवैध और कच्ची शराब के खिलाफ छापेमार अभियान चलाया। वहीं लोगों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया।

छापेमार अभियान के क्रम में प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 बीघापुरए अपने हमराह आबकारी सिपाही शिवनाथ यादवए प्रवीण कुमारए संजीत गुप्ता व थाना मौरावां के सब स्पेक्टर जे0 एन0 मिश्रा व स्टाफके साथ तहसील पुरवा के अंतर्गत थाना मौरावां के संदिग्ध गांव चित्ताखेड़ा में बाग के किनारे दबिश दी। दबिश के दौरान लगभग 70 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए 1 अभियोग पंजीकृत किया। ग्राम चित्ताखेड़ा में बाग के किनारे से अवैध कार्य मे लगे लोगों की लगभग 500 केजी लहन व 04 भट्टियों को भी नष्ट किया। मौके पर निर्मला पत्नी ननकऊ निवासी चित्ताखेड़ा को गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

वहीं अमित कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 हसनगंज मय आबकारी सिपाहियों व थाना माखी स्टाफ के साथ थाना माखी के माखी गांव में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान लगभग 60 लीटर कच्ची शराब की बरामदगी करते हुए नियमानुसार 3 अभियोग पंजीकृत किये गये। नाले के किनारे से लगभग 550 केजी लहन भी मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर राजेशएविमला पत्नी रामनारायण एवं पूजा पुत्री रामनारायण निवासी माखी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी। इसी के साथ ही देशी शराब दुकान औरास बाजारए चकलवंशी तथा बियर चकलवंशी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अवैध शराब के दुष्प्रभाव की जानकारी भी दी गयी।

इसी तरह तीसरी टीम आबकारी निरीक्षक क्षेत्र एक सदर कुलदीप बहादुर सिंह द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान में त्रिभुवन खेड़ा एवं अवस्थी खेड़ा क्षेत्र में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा की बरामदगी नही हुयी।

जबकि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 बांगरमऊ राज लक्ष्मी द्वारा थाना बांगरमऊ पुलिस बल के साथ अवैध शराब की बिक्री के रोकथाम के क्रम में ग्राम पलिया स्थित संदिग्ध व्यक्तियों अमर सिंह पुत्र मथुरा एवं बड़े भाई उर्फ रविन्द्र के घरों पर छापेमारी कर सघन तलाशी ली गई तथा किराना दुकानों को भी चेक किया गया। इस दौरान किसी प्रकार के अवैध शराब की बरामदगी नहीं हुई। टीम द्वारा देशी शराब दुकान पावर हाउस चौराहा व नेवल जगटापुर का औचक निरीक्षण किया गया।

छापेमारी के दौरान सभी टीमों द्वारा कुल 130 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं पर 1050 केजी लहन व 4 भट्टियां नष्ट की गई। अभियान में 4 लोगों को गिरफ्तार करते हुवे विधिक कार्यवाही की गयी।

## आरएसएस गांव-गांव मनायेगा भारत माता पूजन कार्यक्रम

**मौरावां उन्नाव।** हिलौली स्थित एस एस पुब्लिक स्कूल में रविवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ द्वारा आजादी के 75 वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। माह भर गांव गांव भारत माता पूजन कार्यक्रम के साथ तिरँगा यात्राएँ निकालने की योजना को आज अंतिम रुप दिया गया। जिला प्रचारक जितेंद्र ने कहा कि तमाम क्रन्तिकारियों के बलिदान को छिपाया गया है संघ सभी बलिदानियों को सम्मान दिलाने के लिए गांव गांव जायेगा। माह भर चलने वाले आयोजनों के लिए ब्लाक संयोजको की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि समाज पूर्वजों की परंपरा से चलता है। हम सब पूर्वजों के आदर्श का अनुकरण करते है। महापुरुषों की जयंती के उपलक्ष्य मे छोटे छोटे कार्यक्रम आयोजित कर उनके दिखाए मार्ग को समझने का मौका मिलता है। बताया तिरंगा यात्रा के माध्यम से समाज को जाग्रत किया जाएगा। वीर शहीदों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इस दौरान रामबाबू शुक्लाए जयशंकर पांडेयए मनीषए विजय कुमार मिश्राए ललित त्रिपाठीए पुत्तन मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक महीने बाद भी गहोलिया हत्याकाण्ड के आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**● बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी की एक माह पहले दिनदहाड़े हुई थी गोली मारकर हत्या, परिजन अभी तक बाट जोह रहे हैं न्याय की उम्मीद की**

संवाददाता। कानपुर देहात

**रूरा थाना** क्षेत्र के गहोलिया में दिन दहाडे बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस एक महीने बाद भी हत्यारोपियों की गिरफ्तारी में असफल रही है। पीडित पक्ष एक महीने बाद भी मामले में न्याय न मिलने पर आक्रोशित नजर आ रहा है। एक महीने पूर्व 16 सितम्बर को गहोलिया में मूसलाधार बारिश के बीच बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी ऑशू तिवारी की उसी की दुकान के पीछे नृशंस हत्या कर दी गयी थी। उस दिन दिन भर चले हाई वोल्टेज ड्रामें के बाद अक्रोशित परिजनों के सख्त रवैये पर पूर्व प्रधान सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या, बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी उपरोक्त मामले में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है जबकि प्रदेश के चर्चित लखीमपुर खीरी मामले में घटना में तीसरे दिन ही केन्द्रीय मंत्री जैसे कद्दावर नेता के पुत्र की गिरफ्तारी इन्ही आरोपों के चलते माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की गयी। राजनैतिक नफानुकसान के चलते ही गहोलिया हत्याकाण्ड को प्रतिष्ठा का मुद्दा अहॅकारी पृष्ठभूमि के लोगों ने बना लिया है। जिससे शासन की छवि को गहरा नुकसान पहुँच रहा है। मृतक के भाई दीपक तिवारी ने बताया कि वह व उसके परिजन उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री के यहॉ न्याय की गुहार लगा चुके है परन्तु एक महीना बीतने के बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है। इस मामले में सामाजिक सॅगठनों ने बढचढकर हिस्सा लिया परन्तु परिणाम अब भी ढाक के तीन पात की तरह है। मामले को ठण्डे बस्ते में डालकर पीडित पक्ष को जानबूझकर न्याय से वॅचित करने का प्रयास किया जा रहा है। एक महीने में आधा दर्जन हत्यारोपियों में एक भी आरोपी की गिरफ्तारी न होना व पुलिस व प्रशासन की नाकामी को ही प्रर्दशित कर रहा है।

## 19 अक्टूबर से होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण का शुभारंभ

**उन्नाव।** सचिवए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के जारी निर्देश के क्रम में माह अक्टूबर. नवंबर में संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण ध्दस्तक अभियान की प्रारंभ तिथि में संशोधन किया गया है। विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के तृतीय चरण का आरंभ अब 18 अक्टूबर के स्थान पर 19 अक्टूबर से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण का यह विशेष अभियान . 19 अक्टूबर से 17 नवंबर तक संचालित किया जाएगा।वहीं दस्तक अभियान.19 अक्टूबर से 1 नवंबर तक संचालित किया जाएगा । उन्होनें बताया तिथि परिवर्तन के साथ समस्त गतिविधियां शासनादेश 22 सितंबर में उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुसार ही संचालित किया जायेगा।

## ललौली प्रकरण पर पत्रकारों को नोटिस देना प्रशासन को पड़ सकता है महंगा

**● डीएम व एसडीएम को प्रेस परिषद ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

**● दो सप्ताह में जवाब न देने पर आ सकते हैं कार्रवाई की जद में**

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रेस** काउंसिल ऑफइंडिया (पीसीआई) ने जनपद के अति चर्चित ललौली प्रकरण से सम्बंधित खबरें प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को जिला प्रशासन द्वारा नोटिस देने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे (आईएएस) एवं उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार झा (पीसीएस) को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

पीसीए की सचिव अनुपमा भटनागर ने इस नोटिस में केस नं0 154/2021/बी0-पीसीआई दिनांक 30.09.2021/04.10.2021 का जिक्र करते हुए कहा है कि अध्यक्ष प्रेस परिषद ने शिकायत पर विचार करने के पश्चात प्रेस परिषद (जांच प्रक्रियां) विनियम 1979 की धारा 13 के अन्तर्गत प्रसंगत प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने का निर्णय लिया है। सचिव अनुपमा ने उपरोक्त दोनों अधिकारियों को दो सप्ताह के अन्दर अपने जवाब दाखिल करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में कोई सूचना न मिलने पर इस शिकायत को प्रेस परिषद की (जांच समिति) के समक्ष उचित आदेश हेतु प्रस्तुत कर दिया जायेगा। इसी प्रकरण से सम्बंधित एक दूसरी शिकायत पर नोटिस जारी करते हुए पीसीआई ने उपरोक्त दोनों अधिकारियों से जानना चाहा है कि किस अधिकार के तहत सम्बंधित पत्रकार और उनसे सम्बंधित संपादक को नोटिस भेजी गई और नोटिस में जिस खबर का उल्लेख किया गया है, क्या सम्बंधित समाचार पत्र में इंगित तिथि को कोई खबर प्रकाशित हुई है, क्यों न इसके पीछे परेशान करने का उद्देश्य माना जाए।पीसीआई द्वारा इस अति चर्चित मामले का संज्ञान लेना पत्रकारिता जगत की एक बडी उपलब्धि मानी जा रही है, ऐसी संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि इस मामले में सम्बंधित अधिकारियों की दिक्कते बढ़ सकती हैं। वहीं अयाह शाह के विधायक द्वारा तमाम पत्रकारों के खिलाफ एक खबर को लेकर दर्ज कराएं गए मुकदमें की शिकायत भी प्रेस काउंसिल ऑफइंडिया को भेजकर इस मामले में सम्बंधित विधायक, पुलिस एवं प्रशासन की भूमिका की जांच कराने और ऐसे अनियंत्रित माननीय पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## घंटे भर की बारिश में शहर पानी-पानी जलभराव ने रोकी राहगीरों की राह

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले** में रविवार शाम जबरदस्त बारिश हुई। करीब एक घंटे की बारिश में ही शहर में लोगों के लिए आफत बन गई। जगह-जगह हुए जलभराव से राहगीर व वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया। बारिश ने नगर पालिका के सफाई अभियान की भी पोल खोल दी।

रविवार दोपहर बाद अचानक काले बादल आ गये जबकि सुबह तेज धूप खिली थी मगर दोपहर बाद अचानक बादल घिर आए। शाम को रात जैसा नजारा दिख रहा था। बिजली की तड़तड़ाहट के साथ मूसलधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटा की बारिश में ही जलमग्न शहर हो गया। जिससे चारों ओर पानी ही पानी दिखने लगा। हालांकि बाद में रुक-रुक कर हल्की बारिश व बूंदाबांदी शाम से लेकर रात तक होती रही।बारिश में नालियों के उफान से सड़कें लबालब थीं। जगह-जगह नालियों के चोक होने से भी सड़कों पर पानी भर गया। सफाई व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर में जलभराव की समस्या से दूर नहीं हुई। बारिश ने पालिका के सभी दावों को धोकर रख दिया। मूसलधार बारिश ने एक घंटे के लिए सड़कों को भी सूना कर दिया था। तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के चलते सड़कों पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया था। दोपहिया व बड़े वाहनों को चालक सड़क सहारे रोककर खड़े हो गए थे। बारिश हल्की होने पर ही वाहन चालक आगे बढ़े। सुहावना हुआ मौसम रू पिछले दो दिनों से उमसभरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा। रविवार को बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखी गई। तेज हवाओं के चलने से मौसम सुहावना हो गया। इससे लोगों को काफी राहत मिली। शाम को लोग घरों से बाहर आकर मौसम का आनंद लेते दिखे।

## 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हुआ मुख्य मंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन जिले के 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 134 चिकित्सकए 448 पैरामेडिकल कर्मियों ने रोगियों का पंजीकरणए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 2756 रोगियों को उपचारित किया गया। जिसमें 1213 पुरुषए1128 महिलाये एवं 415 बच्चे शामिल थे। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 146 आयुषमान कार्ड बनाए गए। 456 व्यक्तियों की रैपिड किट से कोविड की जांच की गई ए जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। 968 लोगो का कोविड टीकाकरण किया गया।चिकित्सकों द्वारा नेत्र के 85ए बुखार के 117ए मलेरिया रैपिड किट से 41 की जांच की गई सभी निगेटिव पाए गए। स्वास्थ्य मेला में लीवर के 92ए सांस रोगी 153ए गैस्ट्रो के 314ए डायबिटीज 58ए स्किन के 461ए संदिग्ध क्षय रोगी 1 व एनीमिया के 49ए हाइपरटेंशन के 26ए गर्भवती महिलाओं में 64 की जांच हुई वहीं कुपोषित बच्चे 40 मिले। जिन्हे उपचारित किया गया। 17 लोगो को रेफर किया गयाए जिसमें मेडिकल ट्रीटमेंट हेतु 3ए नेत्र ऑपरेशन 9ए अन्य सर्जरी के 4ए आब्स गायनी के 1 रोगी को जिला अस्पताल भेजा गया।

## भाजपा किसान मोर्चा ने किया ग्राम किसान चौपाल का आयोजन

**● भाजपा नेता ने साधा विपक्ष पर निशाना, कहा गन्ने और गुड़ में अंतर नहीं पता हमें सिखा रहे हैं किसानी**

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)।

**भाजपा** किसान मोर्चा द्वारा आयोजित खागा विधान ग्राम किसान चौपाल का आयोजन सरसई में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला महामंत्री प्रवीण पाण्डेय नें कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुये उन्होंने सपा, बसपा, कांग्रेस, आप विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्हें गन्ने और गुड़ में फर्क नहीं पता वह हमें किसानी सिखा रहे हैं। चुनावी वर्ष को देखते हुए प्रदेश पर्यटन का केंद्र बन गया है। सभी को सावधान रहना होगा। तमाम दल आएंगे-जाएंगे जातिवाद का नारा देंगे हमें सतर्क रहना होगा। 2017 के पहले जो केंद्र की योजनाएं कहकर राज्य में लागू नहीं करते थे। उन्हीं के कारण प्रधानमंत्री आवास में लोग छोटे हैं। अब उन्हें 2022 तक लक्ष्य बनाकर आवास दिया जा रहा है। पूर्व की सरकारों में जनता के पैसे से बंदरबांट होता था। जन्मोत्सव के नाम पर सफाई में नंगा नाच तो दूसरी तरफ मुजफ्फरनगर में दंगे होते थे। प्रदेश की योगी सरकार ने नकेल कस दी है। भाजपा सरकार की आने के बाद से ही जातिवादी राजनीतिक करने वालों की दुकानें बंद होने के कगार पर है। 2022 में सरकार बनते ही सभी विपक्षी नेता विलुप्त हो जाएंगे। पांडेय ने कहा कि 2012-17 तक का सपा अपना इतिहास जनता के सामने रखें दंगे, फसाद होता था।भाजपा सरकार में इन सब से मुक्ति मिली है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह रही। ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने किसानों की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक राज बहादुर मौर्य ने आए हुए अतिथियों किसानों का धन्यवाद दिया। इस दौरान मुख्य रूप से ब्रजेश सिंह, शक्ति सामंत, ध्रुव सिंह, कमला द्विवेदी, फूल सिंह, सागर गांव के किसान आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाल से वार्ता के बाद जुलूस स्थगित 19 को जलसे पर सहमति

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बारहवफात** के जुलूस को लेकर कोतवाली प्रभारी ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोविड के चलते कहीं भी जुलूस की अनुमति नहीं है। इसके बाद समाज के लोगों ने रविवार को बसपा नेता के घर बैठक की, जिसमें तय हुआ कि 19 अक्टूबर को जुलूस नहीं निकलेगा-जलसे का आयोजन किया जाएगा।

मुहल्ला खटकपुरा इज्जत खां निवासी बसपा नेता अफरोज आलम मल्लू के आवास पर दोपहर को बैठक हुई। जिसमें कादरी मुख्तार आलम, मोहम्मद हसीन, हाजी भोले, हाफिज रियाज, खुर्शीद अहमद खा, जुबैर अंसारी आदि मौजूद रहे। तय किया कि बारहवफात पर 19 अक्टूबर की शाम घुमना स्थित अंजुमन स्कूल में जलसे का आयोजन होगा, जुलूस नहीं निकाला जाएगा। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोग कोतवाली प्रभारी से मिलने पहुंचे और बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रार्थनापत्र में बताया है कि अंजुमन स्कूल में रात आठ से 12 बजे तक जलसा ईद मीलादुन्नवी आयोजित होगा। बैठक में मौजूद मुख्तार अहमद टेनी ने बताया कि मौलाना शमशाद अहमद चतुर्वेदी जलसे को खिताब करेंगे। मऊदरवाजा थाने में भी शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें तय हुआ कि कोविड प्रोटोकाल के तहत बारहवफात मनाई जाएगी। किसी जुलूस अथवा बड़े जलसे की अनुमति नहीं होगी। थाना प्रभारी आमोद कुमार सिंह ने बताया कि शांति कमेटी के सदस्यों को नियमों की जानकारी दी गई।

## यमुना में डूबे युवक का शव 20 घंटे बाद किया गया बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**ललौली** थाना क्षेत्र के ग्राम दरियाबाग अढ़ावल यमुना में डूबे 21 वर्षीय युवक का शव गोताखोरो ने लगभग 20 घंटे बाद रविवार की सुबह बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार ललौली थाने के अजमदपुर गांव निवासी अनिल द्विवेदी का पुत्र संगम उर्फ अनुभव द्विवेदी शनिवार को लगभग 12 बजे मूर्ति विर्सजन के लिये अपने साथियों के साथ दरियाबाग अढ़ावल घाट गया था। मूर्ति विर्सजन के बाद वह अपने साथियों के साथ यमुना में नहाने लगा तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। इसकी जानकारी जब थानाध्यक्ष को लगी तो पुलिस बल के साथ मौके में पहुंच गोताखोरो को संगम उर्फ अनुभव द्विवेदी को ढूढने के लिये लगा दिया लेकिन कोई फायदा नही हुआ जब कि घटना से एक किलोमीटर दूर जाल भी बिछा दिया गया था। काफी प्रयासों के बाद लगभग 20 घंटे बाद आज सुबह आखिरकार गोताखोरो ने संगम का शव बरामद कर लिया। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### दुष्कर्म की पीड़ित किशोरी ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** मलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम शौचक्रिया करने गयी किशोरी के साथ गांव के ही दो लोगों ने जबरन दुष्कर्म किया जिससे आहत होकर किशोरी ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। वही इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद जहां क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है वही घटना के बाद से ही मृतका का परिवार सदमें है। बताते चले कि शुक्रवार की शाम गांव की रहने वाली किशोरी शौचक्रिया के लिये गयी थी तभी गांव के ही दो युवक उसके पीछे चले गये और सूनसान जगह देख उसे पकड़ लिया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी देते हुये भाग खड़े हुये उधर पीड़ित किशोरी ने घर आकर अपने परिजनों को आप बीती बताने के बाद लोकलज्जा व शर्म के कारण जहर खाकर अपनी अपनी जान दे दी। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद विच्छेदन गृह भेज दिया है।

## अपना दल (एस) के संस्थापक को दी श्रद्धाजंलि

**धाता (फतेहपुर)।** विकास खण्ड धाता के बेनीपुर गांव मे विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर युवा मंच विधानसभा अध्यक्ष विनय प्रताप की अध्यक्षता मे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि के रूप मे राजेंद्र सिंह पटेल विधानसभा कोषाध्यक्ष ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि उन्होंने अपने जीवन में किसानों, गरीबों व कमेरा समाज के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष किया। एक सड़क दुर्घटना में उनका देहात हो गया था। नवंबर 1995 को पार्टी का गठन किया था। इस दौरान युवा मंच विधानसभा अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, अर्पित सिंह पटेल, अभय सिंह पटेल, पुष्पराज सिंह पटेल, जिला महासचिव करन सिंह पटेल, अजय सिंह, कृष्ण कुमार अदित्य मिश्रा, आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## आवास विकास चौकी इंचार्ज सहित तीन पुलिसकर्मी किए गए लाइन हाजिर

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पुलिस** कर्मियों द्वारा युवक का अपहरण कर उससे फिरौती मांगने के मामले में विगत दिनों सर्विलांस दीवान सहित तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था । बीते दिन इस सम्बन्ध में आवास विकास चौकी की संलिप्तता होनें की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर बीती रात आवास विकास चौकी इंचार्ज व दो चर्चित पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।आपको बताते चले की शहर कोतवाली में तैनात सिपाही जीतू यादव और रामनरेश कभी बर्दी नही पहनने थे। अधिकारियों की विशेष कृपा से वह कोतवाली क्षेत्र के बाहर की भी पंचायतों में अपनी टांग एसओजी बनकर फंसाते थे और अपनी जेबें भी गर्म करते थे। लिहाजा उनकी यह हरकतें जग जाहिर थी। वसूली के लिए आवास विकास चौकी अड्डा बन गयी थी। दरअसल पुलिस कर्मियों की काली करतूत का पता तब चला जब नूर नगर निवासी रंजीत सिंह पुत्र श्याम पाल मेरापुर थाने के दो सिपाही एसओजी बनकर पंहुचे और उसका अपहरण कर लिया। उसको लाकर आवास विकास चौकी में रखा गया। बाद में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के हस्तक्षेप के बाद युवक को छुड़ाया गया। जिसके बाद आईजी मोहित अग्रवाल के कड़े रुख के बाद सर्विलांस सेल के दीवान सतेन्द्र यादव, रंजित सिंह और रिंकू यादव को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन आवास विकास चौकी पर विशेष कृपा बनी थी। बीते 14 अक्टूबर को प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की। आखिर खबर के बाद आवास विकास चौकी इंचार्ज विशेष कुमार, शहर कोतवाली के मुख्य आरक्षी जीतू यादव, आरक्षी रामनरेश को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें लाइन हाजिर का दिया।

### एकजुटता पर दिया बल

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश कश्यप निषाद सभा के बैनर तले निकली रैली में एकजुटता पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कश्यप निषाद समाज के सभी संगठन इसमें शामिल रहे।बढ़पुर से रविवार को रैली का शुभारंभ हुआ। लालदरवाजा, लालसराय, घुमना, चौक, लोहाई रोड, कादरीगेट व आवास विकास से होती हुई रैली वापस बढ़पुर पहुंची। यहां पर रैली का समापन हो गया। वक्ताओं ने कहा कि रैली का उद्देश्य समाज को एकजुट व जागरुक करना है।

## सडक पर मिला दुर्लभ प्रजाति का कछुआ वन विभाग ने यमुना नदी में सुरक्षित छोडा

**कानपुर देहात।** इण्डियन साफ्टशेल टर्टल ए चित्रा इण्डिका के नाम से जाना जाने वाला कछुआए जो बहते पानी में पाया जाता है वह इटावा शाख नहर से बहकर माता के पास छोटी नहरए फिर सड़क पर आ जाने से लोगों मे हडकंप मच गया। ए के द्विवेदीए प्रभागीय वन अधिकारी के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर कछुआ को पकड लिया। जिसे सुरक्षित उसके प्राकृतिकवास यमुना नदी मे छोड़ दिया गया। श्री ए के द्विवेदी प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बताया गया कि दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय कछुआए जो काफी बडा वजन लगभग 40 किलो एबहकर यहा पहुंच गयाए जिसे सुरक्षित यमुना नदी मे छोड़ दिया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# मोदी-योगी सरकार में सबका भला

## किसान, मजदूर और गरीबों के लिए अनगिनत कल्याणकारी योजनाएं की जा रही हैं संचालितः डॉ हरिओम पांडे

**भीटी अंबेडकर नगर।** मोदी और योगी सरकार ने किसानों मजदूरों और गरीबों के लिए अनगिनत कल्याणकारी योजनाएं बनाई है जिससे सभी लोगों का विकास हो रहा है उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ हरिओम पांडे ने भाजपा किसान मोर्चा खजुरी मंडल द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में अहृपुर बाजार में व्यक्त किया। पूर्व सांसद ने कहा कि जब से मोदी की सरकार सत्ता में आई है गरीबों के कल्याण के लिए खाद्यान्न योजना उज्जवला योजना किसान सम्मान निधि योजना किसान पेंशन योजना वृद्धा विधवा पेंशन योजना दिव्यांग कल्याण योजना संहिता अनगिनत योजनाएं चलाई हैं जिससे गरीबों का विकास हो रहा है गरीबों के इसी विकास को देखकर विपक्षी पार्टियां कांग्रेस सपा और बसपा परेशान है सरकार को बदनाम करने के लिए तरह तरह का प्रोपगंडा इन पार्टियों द्वारा चलाया जा रहा है। लेकिन जनता सब समझ रही है आने वाले विधानसभा चुनाव में इन पार्टियों को कड़ा सबक सिखाएगी। पूर्व सांसद ने अपने कार्यकाल में विकास का दावा करते हुए कहा जब वह सांसद थे तब उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए 62 अरब रुपए की योजना लाए थे उन्होंने दावा करते हुए कहा 62 अरब की योजनाओं से उन्होंने एक पैसे का कमीशन नहीं लिया और ईमानदारी से अपने कार्यकाल को पूरा किया उसी का परिणाम है आज भी जब यहां का सांसद विधायक बसपा का है उसके बाद भी आज भी मेरे लेटर पैड पर सरकार ने तमाम योजनाएं स्वीकृत की है उनमें से भीटी से दोस्तपुर रोड जो 55 करोड़ की लागत से बनेगा उसको मैंने स्वीकृत कराया है।



पूर्व सांसद ने कहा 2014 में जब मैंने लोकसभा का चुनाव लड़ा था उस समय कटेहरी विधानसभा को 48000 वोटों से जीता था। मजाकिया लहजे में कहा कि इतने प्रत्याशी तो इतने वोट पाने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं वह भी विधानसभा में चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक रहे हैं।भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजमणि सिंह ने कहा की भाजपा सरकार का उद्देश्य गरीबों का कल्याण करना है इसलिए सरकार ने पीएम आवास योजना चलाकर लोगों को छत देने का कार्य किया है लोगों को स्वच्छ शौचालय दिया जिससे बहन बेटियों को घर से बाहर न निकलना पड़े। किसानों के कल्याण के लिए किसान सम्मान निधि योजना एवं सभी कृषि यंत्रों पर भारी छूट देकर किसानों का विकास करने का कार्य कर रही है भाजपा खजुरी मंडल के अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही। सरकार का उद्देश्य देश से गरीबी को मिटाना है खजुरी मंडल के भाजपा महामंत्री रानेश पांडे ने कहा की भाजपा की सरकार में किसानों को पर्याप्त बिजली मिल रही है बिजली की समस्या इसके पूर्व की सरकारों में बहुत ज्यादा थी लोग बिजली से परेशान थे लेकिन आज प्रदेश की योगी सरकार ने बिजली की समस्याओं को समाप्त कर दिया आज 72 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लग जाता है पहले इसके लिए चंदा लगाया जाता तब महीनों महीनों में ट्रांसफार्मर लगा करते थे। भाजपा किसान मोर्चे के खजुरी मंडल अध्यक्ष अजय सिंह कहा की भाजपा सरकार का उद्देश्य किसान मजदूर गरीब की समस्याओं का समाधान करना है इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने उज्जवला योजना आयुष्मान भारत खाद्यान्न योजना किसान सम्मान निधि योजना लड़कियों के लिए सामूहिक विवाह योजना लड़कियों को बीए तक शिक्षा फ्री करने की योजना देकर लोगों को अशिक्षा से निकालने का कार्य किया है शिक्षा से समाज का विकास होता है।

# भाजपा सरकार में सुरक्षित महसूस कर रही है मातृशक्तिः रेखा गुप्ता



**मिल्कीपुर अयोध्या।** रविवार को मिल्कीपुर के आश्रम पद्धति विद्यालय मुंगीशपुर में भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा द्वारा कमल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने की उन्होंने कार्यक्रम में महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पदाधिकारियों एवं महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में अखबारों समाचार चैनलों पर रात दिन महिलाओं के उत्पीड़न के समाचार भरे रहते थे। सरकार के संरक्षक से जब मीडिया सवाल करती थी तो वह उत्पीड़न की वजह पहनावे को बताते थे। भारतीय जनता पार्टी की मोदी योगी सरकार में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार न के बराबर हो गए हैं सरकार महिला अपराधों को रोकने के लिए रात दिन प्रयत्नशील है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। महिलाओं को जागरूकता एवं सशक्तिकरण के लिए सरकार के अनेक विभाग गोष्ठियों के माध्यम से अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में एंटी रोमियोए रोमियोए 1090 समेत अनेक हेल्पलाइन नंबर महिलाओं की सुरक्षा के लिए चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मातृ शक्तियों सुरक्षित महसूस कर रही है । राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मिल्कीपुर के विधायक गोरखनाथ बाबा को फिर से विधायक बनाने की उपस्थित जनसमूह से अपील की। उन्होंने कहा कि जहां पर नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं भारतीय जनता पार्टी इसी सोच के साथ काम कर रही है।

# पुरानी पेंशन और कैशलैस चिकित्सा योजना शुरू किए जाने की मांग

## ● गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में लिया गया निर्णय

**प्रयागराज।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को विकास भवन में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व आयुक्त आर एस वर्मा ने की। बैठक में जोर शोर से पुरानी पेंशन लागू करने और कैशलैस चिकित्सा योजना शुरू करने का मुद्दा उठाया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि 28 अक्टूबर को पेंशनर्स भी शिक्षक कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स संघर्ष मंच के साथ विशाल धरने में शामिल होंगे। जिसमें मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। बैठक में डेढ़ साल के काटे गए बढ़े महगांई भत्ते के भी अविलंब भुगतान हेतु शासन से मांग की गई। प्रयागराज शहर को 25



बैठक में शामिल पेंशनर्स।

सेक्टरों में बांटने और पेंशनर के छोटे छोटे ग्रुप बनाकर एक दूसरे के सुख दुख में काम आने और आपसी मेलजोल बढ़ाते हुए जीवन के अंतिम छोर को अच्छे ढंग से व्यतीत करने के बारे में डा वी के श्रीवास्तव की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डा पी के सिन्हा कमला कांता पांडेय डा सुधा प्रकाश उमेश शर्मा सुरेन्द्र सिंह पी सी एल श्रीवास्तव वी के श्रीवास्तव श्याम सुंदर सिंह पटेल शंभू नाथ भारती तुलसी राम मसुरियादीन एस एन श्रीवास्तव विकास चन्द्र आदि अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश चन्द्र पाण्डेय का निधन

**अयोध्या।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व मया ब्लाक के दामोदरपुर निवासी सुरेश चन्द्र पाण्डेय का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। करीब 60 वर्ष उनकी उम्र बतायी जा रही है। वह कई बार ग्राम प्रधान रह चुके थे। भाजपा नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर शोक सांत्वना व्यक्त की। अंतिम संस्कार दिलासीगंज में हुआ। पार्टी के नेता मौजूद रहे। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सुरेश चन्द्र पाण्डेय के निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। भाजपा के प्रति वह सदा निष्ठावान रहे। पार्टी द्वारा निर्धारित किये गये आयोजन में वह कुशलतापूर्वक निर्वाहन करते थे। अन्य पार्टी नेताओं में पूर्व सांसद हरिओम पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ओम प्रकाश सिंह ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह अयोध्या मंडल प्रभारी दिवाकर सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रभान सिंह उप्र कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह मौजूद रहे।

# अपना दल ने की पटेल हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग

**प्रयागराज।** अपना दल के संस्थापक डा सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर रविवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान डा सोनेलाल पटेल की विगत 17 अक्टूबर 2009 को हुई हत्या की सीबीआई जांच कराने तथा अध्यक्ष कृष्णा पटेल को उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान किये जाने की मांग की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष राजवंश सिंह पटेल ने कहा कि किसानों कमेरों के हितों एवं सामाजिक न्याय के सवाल पर डा सोनेलाल पटेल ने 1995 में अपना दल की स्थापना की। जब यह अभियान तेजी से आगे बढ़ा तो सत्ताधारी ताकतों के इशारे पर उन्हें कई बार रोकने की नाकाम कोशिश में उनकी हत्या कर दी गई।

सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों की संलिप्तता के कारण लगातार उनके हत्या की जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं हो सकी। इसलिए सम्पूर्ण मामलों की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी



धरने पर बैठे अपना दल के पदाधिकारी।

सदस्य आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि डा सोनेलाल पटेल के नाम पर राजनीति करके कई लोग केन्द्र और राज्य की सरकारों में बैठे हैं। ऐसे दौर में उनकी हत्या का पर्दाफाश होना नितान्त आवश्यक है। इसके लिए सम्पूर्ण वंचित समाज को आगे आना होगा।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर इश्तियाक अहमद ने पार्टी के संस्थापक स्व डा सोनेलाल पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कमेरा समाज को उनका अधिकार उनको न्याय और उनके हित की लडाई सदैव डा पटेल ने लडी है। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम सभी लोग पार्टी को मजबूत करते हुए उसे सत्तामे लाये और कमेरा समाज की लड़ाई लडकर उनका हक उनको दिलाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानिक चंद्र पटेल एवं संचालन महासचिव सुशील कुमार पटेल ने किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम चंद्र मौर्या प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और वरिष्ठ नेता इंजीनियर इश्तियाक अहमद महेन्द्र सिंह पटेल आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव फूलचंद्र पटेल मनोज कुमार पटेल राम किशोर पटेल सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया।

## क्विक न्यूज

### सर्वश्रेष्ठ और अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी से हो सम्बद्ध

**प्रयागराज।** हम अपने लोगों को सर्वश्रेष्ठ प्रोसेसर और अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान कर रहे हैं। रियलमी ने अपनी जीटी सीरीज़ में नया सदस्य रियलमी जीटी नियो दो फाइवजी प्रस्तुत किया। यह परफेक्ट बैलेंस प्रदान करने वाला प्रीमियम मिड.रेंज स्मार्टफोन है। जीटी परिवार में नियो के शामिल होने से रियलमी की एक नई शुरुआत हुई है। जिसमें जीटी अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी का प्रतीक है तथा नियो में रियलमी का भविष्य के लिए यूथफुल एवं आशान्वित दृष्टिकोण प्रदर्शित होता है। इस ब्रांड ने एंटरटेनमेंट एवं गेमिंग की श्रेणियों में नए आकर्षक उत्पादों का अनावरण किया। जिनमें रियलमी फोर के स्मार्ट टीवी गूगल स्टिक रियलमी ब्रिक ब्लूटूथ स्पीकर और रियलमी गेमिंग एक्सेसरीज़ शामिल हैं। माधव शेठ वाईस प्रेसिडेंट रियलमी एवं चीफएक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर रियलमी इंडिया यूरोप और लेटिन अमेरिका ने कहा रियलमी ने सदैव से आगे छलांग लगाने डेयर्ड टू लीप अहेड का साहस किया है।

### भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्धः संतोष शुक्ला

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सोहावल तहसील क्षेत्र के रमवापुर तथा रुदौली तहसील क्षेत्र के दशरथ म?ऊ में आयोजित हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सन्तोष शुक्ला जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अयोध्या तथा मुख्य वक्ता जिला महामंत्री भूपेंद्र सिंह बल्ले जी रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतोष शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों के खाते में सीधे राशि भेजकर किसानों की खेती में आ रही दिक्कतों को दूर करने का प्रयास कर रही है।बीज एवं उर्वरक की लगातार उपलब्धता केवल भाजपा सरकार में ही संभव है। किसानों की संपूर्ण उपज समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक खरीदने का रिकार्ड उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हुआ है। किसान आंदोलन पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार किसानों से बात करने के लिए बार बार आमंत्रित कर रही है विपक्ष को चाहिए इस मुद्दे पर बहस करे लेकिन वो किसानों को बरगलाने का काम कर राजनीति कर रही है । कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष अतीश तिवारी, हरि कुमार पाण्डेय, प्रदीप सिंह, नीलू तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अनिल वर्मा, विनय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**जाना बाजार।** चौपई का पूरा गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से 58 वर्षीय अधेड़ की मृत्यु हो गई। विद्युत करंट की चपेट में आने की जानकारी होते ही परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया । जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया । मृत होने की दशा में महिला पुलिस चौकी रिकाबगंज के पुलिस ने पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। अधेड़ की मृत्यु की जानकारी मिलते ही परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई । घटना थाना क्षेत्र हैदरगंज की ग्राम पंचायत धमहर के चौपई राम का पुरवा का है । जहां रविवार की भोर में सियाराम पुत्र रामकिशोर जैसे ही घर के बाहर निकल रहे थे दरवाजे के पास विद्युत तार की चपेट में आ गए और वही गिर पड़े। परिजन उनकी हालत को देखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन ले गए । जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के लिए भेज दिया । जिला चिकित्सालय पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और इसकी जानकारी रिकाबगंज चौकी प्रभारी सुनील सिंह को दे दी । सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सुनील सिंह मय फोर्स पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतक के पीछे दो पुत्र और एक पुत्री है । सभी बालिग और विवाहित हैं पत्नी घर पर मौजूद है ।

### सफाईकर्मियों ने लगाया निरीक्षक पर दुर्व्यवहार का आरोप

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** नगरपालिका परिषद टाण्डा के आधा दर्जन सफाई नायकों ने सफाई निरीक्षक के कार्य व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनके विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए सफाई नायक पद से हटाकर कार्यालय में कोई अन्य कार्य दिए जाने की मांग अधिशाषी अधिकारी से की है। सफाई नायकों ने आरोप लगाया ही कि सफाई निरिक्षक द्वारिका नाथ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करते है। साथ ही निर्धारित ड्यूटी के उपरांत कार्य कराए जाने वाले कर्मचारियों को गैर हाजिर कर देते हैं। साप्ताहिक अवकाश एवं किसी पर्व पर कराये गये कार्य को कर्मचारियों को भी अनुपस्थित कर दिया जाता है। वहीं पर वर्तमान समय मे बी एल ओ का कार्य मतदाता सूची सत्यापन का कार्य लिया जा रहा है। जिस कारण अन्य जांचें प्रभावित हो रही है। सफाई निरिक्षक कर्मचारियों से अपशब्दों का प्रयोग भी करते है। इसके पूर्व भी कर्मचारियों ने शिकायत की थी । अब सफाई कर्मियों के अलावा सफाई निरीक्षकों ने ईओ को शिकायती पत्र देकर सफाई नायक के पद से हटाकर कार्यालय में कोई अन्य कार्य दिए जाने की मांग की है।

## आत्मनिर्भर राष्ट्र की ओर बढ़ रहा भारतः मयंक

**प्रयागराज।** भारत में रेशम किसानों व्यवसायों और खुदरा विक्रेताओं के लिए बी टू बी बाज़ार के रूप में कार्य करता रेशामंडी भारत का पहला रेशम तकनीक स्टार्टअप है। जिसने वैश्विक वैकल्पिक निवेश प्रबंधक क्रिएशन इन्वेस्टमेंट तथा अन्य निवेशकों के नेतृत्व में तीस मिलियन यूएस डॉलर के सीरीज़ ए फंडिंग के दौर की घोषणा की है। इक्विटीफंडिंग में नौ यूनिकॉर्न वेंचर कैटैलिस्?ट नेक्सस से संदीप सिंघल इंडिया मार्ट के संस्थापक बृजेश अग्रवाल और ओमनिवोर जैसे नए निवेशक शामिल हैं। मयंक ने कहा आत्मनिर्भर भारत या एक आत्मनिर्भर राष्ट्र की ओर बढ रहा है। रेशा मंडी के सह संस्थापक और सीबीओ उत्कर्ष अपूर्व ने कहा हमारी आपूर्ति श्रृंखला यह सुनिश्चित करती है कि रेशम सस्ती हो और देश भर में मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए डिज़ाइन रेंज और मूल्य बिंदु के साथ जो पहले कभी उन्होने नहीं देखे होंगे। जिसका रेशम आपूर्ति श्रृंखला के सभी हितधारकों के उपर सामाजिक पर्यावरणीय और आर्थिक प्रभाव पड़ेगा।

# भरत मिलाप और प्रभु राम के राज्याभिषेक का मंचन

**अयोध्या।** मानस भवन में आर्य जन जिनकी उतारें आरती भगवान सारे विश्व में गूंजे हमारी भारती उक्त काव्य भावना से प्रेरित श्री रामलीला समिति शंकरगढ़ बाजार एवं चौक रामलीला कमेटी टकसाल के पदाधिकारियों ने बीती रात रामलीला के मंच पर प्रभु श्री राम के वन से वापसी के पश्चात भरत मिलाप और प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का सुंदर और आकर्षक मंचन आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

चौक रामलीला में दशरथ भवन के महाराज महन्त बृजमोहन दास जी ने प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक किया राज्याभिषेक के इस कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तेज़ नारायण पांडे श् पवन तथा केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या के पदाधिकारीगण अपने जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में उपस्थित रहे तथा आयोजन समिति से अध्यक्ष संजय जैन, संरक्षक विष्णु वैश्य, अनिल सिंह, पार्षद



दिलीप यादव, पार्षद सुधीर नाग, उदय नारायण अग्रवाल, गौरव मदनानी, एवं दिग्विजय अग्रवाल, आदि रहे शंकरगढ़ की रामलीला के राज्याभिषेक कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने किया मंच पर अपने संबोधन में केंद्रीय समिति के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि जिस तरह भगवान श्रीराम ने रावण का वध करके बुराइयों का नाश किया था आज उसी तरह हमको आपको समाज में व्याप्त तमाम कुरीतियों और विसंगतियों का समापन करना होगा। रामलीला के मंच से अपने संबोधन में गगन जायसवाल ने कहा कि जिस रामराज्य की कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने की थी, आज आवश्यकता है कि रामराज्य को यथार्थ रूप में हम आप समाज में उपस्थित करें। दोनों रामलीला समितियों द्वारा केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों का अंगवस्त्रम पहनाकर व माल्यार्पण स्वागत भी किया गया।

# तहसील सभागार में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस बारह वफात के त्यौहार को मनाने हेतु तहसील सभागार में शांति समिति की एक बैठक एसडीएम अभिषेक पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि कोविड 19 अभी पूरी तरह खत्म नही हुआ है सावधानी बरतना आवश्यक है। त्यौहार को शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए परम्परागत ढंग से मनाएं और कोई नई परम्परा न कायम होने दें। बिजली पानी सफाई हेतु सम्बंधित विभागों को अवगत करा दिया गया है।

क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन मनाएं और ऐसा कोई कार्य न करे कि हम से स्पष्टीकरण मांगा जाए जब हम से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा तो हम कार्यवाही करके ही स्पष्टीकरण देंगे। उन्होंने परम्परागत ढंग से त्यौहार मनाने की अपील किया और कहा कि अंजुमनों को डी जे के प्रयोग से रोके। बैठक में मरकज अंजुमन गुलामाने मुस्तफा के अध्यक्ष मो0 आरिफखान व सिकरेटरी फज़ले रब अंसारी ने बताया कि जलसे मोहम्मदी में नगर क्षेत्र की कुल 54 अंजुमने शामिल होती कोविड का पालन करते हुए जलूस मोहल्ला कस्बा पूरब स्थित हजरत एमाद्दुदीन रह0 की मजार से 19 अक्टूबर को दिन में 2 बजे निकलेगा जो अपने पूर्व निर्धारित मार्गों से होता हुआ रात्रि में 8 बजे तलवापार स्थित हजरत मौलाना हक्कानी शाह रह0 की दर्गाश पर समाप्त होगा। और जन्मदिवस की पूर्व संध्या से ही नगर के विभिन मोहल्लों और मस्जिदों में कुरान खानी महफ़िल मिलाद शरीफव लंगर का आयोजन होगा साथ ही चौक हयात गंज के मोहल्ला गंज में भी नातिया मुकाबला होगा।नगर में सजावट के कार्य जारी है।

# संगीत प्रेमियों के दिलों में बसता है सुर संगीतः आदित्य

## ● सुने व चुने गए देश के सबसे बढ़िया टैलेंट करेंगे प्रस्तुतिकरणः शंकर

**प्रयागराज।** सुर और संगीत का संगम सारेगामापा एक बार फिर से संगीत प्रेमियों के बीच में है। करीब पच्चीस सालों से संगीत जगत के जाने माने गायक कलाकार की खोज करने वाला शो सारेगामापा सोलह अक्टूबर शनिवार से ज़ी टीवी पर शुरू हुआ है। सारेगामापा शो ने श्रेया घोषाल कुणाल गांजावाला कमाल खान अमानत अली राजा हसन संजीवनी और बेला शेंडे जैसे संगीत के कई अनमोल नगीनों को तराशा है। पिछले साल सारेगामापा लिटिल चैंप्स की शानदार सफलता के बाद अपने सबसे प्रतिष्ठित और सबसे लंबे समय तक चलने वाले सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा के साथ लौटा है। जो आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों में बसता है। सारेगामापा मंच इंडस्ट्री के सबसे भरोसेमंद कानों द्वारा सुने एवं चुने गए देश के सबसे बढ़िया टैलेंट को प्रस्तुत करेगा। इसकी शुरुआत सोलह अक्टूबर से हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे सिर्फज़ी टीवी पर हो गयी है। अपना हुनर संवारने और संगीत की दुनिया में एक सुनहरा करियर बनाने की तैयारी कराने के लिए शो के जज हिमेश रेशमिया विशाल ददलानी और म्यूजिक डायरेक्टर शंकर महादेवन होंगे। इसके अलावा चार्मिंग सिंगर एवं एंकर आदित्य नारायण होस्ट की भूमिका में नजर आएंगे। सारेगामापा के जज के रूप में नौ साल बाद वापसी करने को लेकर उत्साहित शंकर महादेवन ने कहा कि सारेगामापा हमेशा दिल के करीब रहा है। यह हमेशा ऐसे ही रहेगा। मुझे उम्मीद है कि इस बार भी हमें देश के कुछ बेहतरीन टैलेंट्स शो में देखने को मिलेंगे। होस्ट करने को लेकर उत्साहित आदित्य नारायण ने कहा कि सारेगामापा की हमेशा मेरे दिल में खास जगह रही है। क्योंकि मैंने शो से ही अपने होस्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस शो से जुड़कर मुझे वाकई बहुत सम्मानित महसूस होता हूँ। ज़ी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने कहा सारेगामापा दिल से पसंद किया गया। सिंगिंग रियलिटी प्लेटफॉर्म है। जो आज भी संगीत प्रेमियों के बीच मौजूद है और इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है। भोसले ने कहा कि खुशी है कि हमारे साथ जजों के पैनल में शंकर महादेवन जैसे संगीत के दिग्गज हैं। साथ ही हिमेश रेशमिया और विशाल ददलानी जैसे रॉकस्टार्स हैं। शो की इन हाउस क्रिएटिव टीम एवं प्रोडक्शन हाउस ज़ी स्टूडियो एवं द कंटेंट टीम के साथ मिलकर तीन महीने पहले सीज़न के ऑडिशंस शुरू किए थे। जहां दिन रात नए टैलेंट की परख की गई ताकि सच्ची काबिलियत वाली सबसे विश्वसनीय आवाजों की खोज की जा सके। इसमें उत्तर प्रदेश के सचिन कुमार वाल्मीकि वड़ोदरा के ब्रज क्षत्रिय केरल की युमना अजीन जयपुर की आकांक्षा राव भोपाल के शर्मा के साथ ही दिल्ली की संजना भट्ट जिन्होंने बड़ी हिम्मत जुटाकर अपने छह महीने के बच्चे को गोद में लेकर जजों के सामने दिल से गाया है।

# नौ दिवसीय राम कथा आज से

## ● जगतगुरु राम दिनेशाचार्य करेंगे उद्घाटन श्री राम कथा के साथ होगा अष्टोत्तरशत रुद्राभिषेक

**अयोध्या।** ब्रह्मर्षि परम पूज्य डॉ रामविलास वेदांती जी महाराज के पावन सानिध्य और महंत डॉ राघवेश दास वेदांती के संयोजन में नौ दिवसीय श्री राम कथा रूपी महायज्ञ और आदि देव महादेव का अष्टोत्तरशत रुद्राभिषेक महायज्ञ 18 अक्टूबर से श्री नारायण आश्रम लग्न मण्डप जानकी महल रोड नया घाट में प्रारंभ होकर 26 अक्टूबर तक चलेगा। भगवान शिव का रुद्राभिषेक वशिष्ठ भवन नयाघाट में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होगा और भगवान श्री राम के चरित्र की अमृत मई कथा साध्वी सुश्री स्मिता दीदी के मुखारविंद से दिन में 2 बजे से 5 बजे तक श्री नारायण आश्रम लग्न मण्डप में होगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राघवेश दास वेदांती जी महाराज ने



बताया कि श्री राम कथा के श्रवण से और उसको जीवन में धारण करने से मनुष्य सभी रोगों से दूर हो जाता है। श्री धाम अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर 500 वर्षों के इंतजार के बाद बन रहा है ऐसे में श्री राम कथा अयोध्या में आने वाले भक्तों को कृतार्थ कर देगी। यह अद्भुत संयोग बन रहा है कि सुबह के सत्र में भोले बाबा का अभिषेक और शाम के सत्र में श्री राम कथा सभी का उद्धार करने वाली होगी क्योंकि ऐसा संयोग बहुत कम ही बनता है कि जब भक्त भगवान भोले का पूजन और प्रभु श्री राम की कथा का आनंद एक साथ प्राप्त करते है।

# भोजन फेंकने की बढ़ रही प्रवृत्तिः डा तोमर

## ● विश्व आयुर्वेद मिशन ने खाद्य दिवस पर स्वास्थ्य संगोष्ठी का किया आयोजन

**प्रयागराज।** विश्व खाद्य दिवस हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें इस बात का एहसास कराता है कि हमें दुनिया के व्यंजनों को खाने के लिए कितने विशेषाधिकार प्राप्त हैं। बल्कि यह दिवस गैर विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के बारे में जागरूकता भी बढ़ाता है। यह दिन खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की भी याद दिलाता है और दुनिया भर में भूख से त्रस्त वर्ग को भी उजागर करता है। यह बातें ऑनलाइन स्वास्थ्य संगोष्ठी में विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष डा जी एस तोमर ने कहीं। उन्होंने बताया कि

इस वर्ष विश्व खाद्य दिवस का थीम स्वस्थ कल के लिए सुरक्षित भोजन अभी है। भुखमरी एक वैश्विक चुनौती है। यदि हाल ही में जारी ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर नज़र डालें तो पता चलता है कि भारत में भुखमरी की स्थिति क्या है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत में भुखमरी की स्थिति को गंभीर श्रेणी में रखा गया है। यद्यपि वैश्विक खाद्य उत्पादन इतना है कि सभी को आसानी से भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है फिर भी भोजन सभी के लिये सुलभ नहीं है। गोदामों और कोल्ड स्टोरेज की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण भारत में कुल वार्षिक खाद्य उत्पादन का लगभग 7 फीसद तथा फल एवं सब्ज़ियों का लगभग 30 फीसद बर्बाद हो जाता है। भोजन की बर्बादी को लेकर न केवल सरकारें बल्कि सामाजिक संगठन भी चिंतित हैं। दुनिया भर में हर साल जितना भोजन तैयार होता है।

भारत में बढ़ती संपन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। आज भी देश में विवाह स्थलों के पास रखे कूड़ाघरों में 40 प्रतिशत से अधिक खाना फेंका हुआ मिलता है।मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की पूर्व शोध अधिकारी डा शांति चौधरी ने कहा कि भोजन की बर्बादी दुनिया के करोड़ों बच्चों के कुपोषण के लिये भी ज़िम्मेदार है। पोषण के अधिकार का बाधित होना बच्चों की शिक्षा और आगे चलकर आजीविका के अधिकार को भी बाधित करता है। कई देशों में विशेष रूप से दुनिया के अविकसित हिस्सों में भुखमरी एक बड़ी समस्या और चुनौती है और इस मुद्दे का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए सभी लोगों के बीच जागरूकता की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन एफएओ की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 69 करोड़ से अधिक लोग हर दिन भूखे पेट सोते हैं। भोपाल की प्रसिद्ध न्यूट्रीशन एवं डाइट कन्सलटेंट डा अमिता सिंह ने बताया कि अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन करना जरूरी है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा कामिनी धीमान ने किशोरावस्था गर्भावस्था एवं मीनोपॉज अवस्था में शरीर के लिए आवश्यक भोज्य पदार्थों के विषय में जानकारी दी।

# डीयू में प्रवेश
## भारी समस्या

**पूरे** देश में डीयू में प्रवेश लेने की इच्छा उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारी समस्या प्रकट करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय-डीयू स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजधानी में महानगरीय छात्र जीवन का वार्षिक उत्सव है। पिछले साल कोविड-19 महामारी भी इस जोश पर लगाम नहीं लगा सकी थी। विडंबना है कि इस साल दिल्ली विश्वविद्यालय एक प्रोफेसर की बिना विचारे की गई टिप्पणी ने यह जोश ठंडा कर दिया। एक खास राजनीतिक सोच वाले प्रोफेसर ने दावा किया कि रल शिक्षा बोर्ड एक 'नंबर जिहाद' कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि बोर्ड अपने छात्रों को 100 प्रतिशत नंबर देता है ताकि कुछ खास पाठ्यक्रमों में रल छात्रों का 'ज्यादा प्रवेश' हो स। हालांकि, विश्वविद्यालय अधिकारियों ने इसे पसंद नहीं किया और पूरी तरह खारिज कर दिया। दो साल पहले दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद जरीवाल ने विधानसभा चुनाव पहले आम आदमी पार्टी घोषणापत्र में लिखा था कि दिल्ली विश्वविद्यालय की 85 प्रतिशत सीटें राजधानी निवासियों लिए आरक्षित की जांएगी। लेकिन भौतिकी प्रोफेसर की तरह मुख्यमंत्री यह नहीं समझ स कि डीयू दिल्ली विश्वविद्यालय एक्ट अंतर्गत संचालित एक न्द्रीय विश्वविद्यालय है और यह किसी राज्य सरकार आधीन नहीं है। यह सभी शिक्षा बोर्डों साथ समान व्यवहार करता है और कोई किसी जनसंख्या समूह लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकता है। इन पक्षपाती दृष्टिकोणों बावजूद डीयू में प्रवेश समय पूरे भारत लाखों लोग सहभागिता कर इसे एक राष्ट्रीय आयोजन बना देते हैं। इनमें छात्र, उन




माता पिता, संरक्षक तथा कौंसिलिर शामिल हैं। कटआफकुछ कोर्सों लिए 100 प्रतिशत होने साथ ही प्रार्थनापत्रों की संख्या तथा अनेक सूचियां पहले पेज की खबरें बनती हैं। इस साल 70,000 सीटों में से 41,000 का फैसला पहले कटआफ बाद हो गया। इसमें से लगभग 10,000 सीटें विभिन्न राज्यों छात्रों को तथा बाकी सीबीएसई छात्रों को मिलीं।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने अंत तक दिल्ली पिछले साल की तुलना में ज्यादा महानगरीय रहेगी। लेकिन व्यापक रूप से देखें तो पूरे देश में डीयू में प्रवेश की पसंद राज्यों में उच्च शिक्षा की स्थिति प्रति दुःखद टिप्पणी है। योग्य छात्रों को अपने स्नातक पाठ्यक्रम लिए दिल्ली भागना पड़ता है और इसी प्रकार स्नातक बाद वे भारत छोड़ कर विदेश चले जाते हैं। बाहर से अधिकांश छात्र दिल्ली इसलिए आते हैं क्योंकि वे अपने प्रदेशों में शिक्षण मानकों, अकादमिक परिवेश तथा प्रतियोगिता से संतुष्ट नहीं होते हैं और दिल्ली उन लिए आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने वाली लगती है। यह भी कहा जा सकता है कि इस प्रवास को वरिष्ठ छात्रों तथा राज्य सरकारों द्वारा भी बढ़ावा दिया जाता है। पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी राज्यों की छात्र असोसियेशनें राज्यों की राजधानियों तथा दिल्ली में हेल्प डेस्क बनाती हैं ताकि पाठ्यक्रम और कालेज चुनने में छात्रों की सहायता की जा स, वे दिल्ली लिए स्वयं को ढाल सं या हिंदी सीख कर स्वयं को स्थानीय स्ट्रीट फूड का अभ्यस्त बना सं। दक्षिण में सरकार-संचालित तेलंगाना ट्राइबल एंड सोशल वेलफेयर रेजीडेंशियल एजुशन इस्टीट्यूशन्स सोसाइटी निचली जातियों व वर्गों छात्रों को डीयू में प्रवेश लिए प्रोत्साहित करती है। इस लिए वह फीस तथा होस्टल खर्च में उनको सहायता देती है। तेलंगाना सरकार का यह कदम हाशियाकृत युवाओं को अपने सुदूर घरों से दिल्ली विश्वविद्यालय की लंबी यात्रा लिए प्रोत्साहित करता है।

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र को आमंत्रण

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा।



**अनिल प्रकाश**
(लेखक सेटकाम इंडस्ट्री एसोसिएशन के महानिदेशक हैं)



भारत सरकार द्वारा 'अंतरिक्ष' को निजी क्षेत्र लिए खोलना इस समय सारी संभावनाओं द्वार खोलना है। पांच दशकों से अंतरिक्ष विभाग-डीओएस अंतर्गत इसरो सभी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों का न्द्र है जिस पर सीधे प्रधानमंत्री की नजर रहती है। उसे विभिन्न सफल मिशनों का श्रेय प्राप्त है। वह दुनिया की पहली अंतरिक्ष एजेंसी है जिसने चंद्रमा पर पानी तलाशा है। उस पास सुदूर संवेदी उपग्रहों का दुनिया का सबसे बड़ा समूह तथा दो उपग्रह नौवहन प्रणालियां-गगन व नाविक हैं। वर्तमान समय में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग वल 7 बिलियन डालर का है, जबकि वैश्विक अंतरिक्ष बाजार 360 बिलियन डालर से अधिक है। इन व्यापक व अविवादित उपलब्धियों बावजूद इसरो ने स्वीकार किया है कि वह भारत भीतर से लगातार अंतरिक्ष-आधारित एप व सेवाओं की बढ़ती मांग पूरी करने में कठिनाई का अनुभव कर रहा है। कृषि, मत्स्यपालन, परिवहन, मौसम विभाग, तेल एवं गैस तथा शहरी विकास जैसे सभी क्षेत्र अपने बिजनेसों लिए अंतरिक्ष तकनीकों पर निर्भर हैं। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा। पहले निजी उद्योग अपनी सीमित भूमिका से बाधित था, पर अब वह न वल वेंडर, बल्कि साझीदार की तरह भी काम करने को तैयार है। इसरो का ढांचा, वैज्ञानिक व तकनीकी संसाधन तथा अंतरिक्ष कार्यक्रम का डेटा भी निजी उद्योग की पहुंच में होगा। इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड आथराइजेशन सेंटर-इनस्पेस एक फैसिलिटेटर व नियामक की भूमिका अदा करने लिए तैयार है और इसरो तथा निजी क्षेत्र बीच सेतु का काम करेगा।

भारत में स्पेस स्टार्टअप क्षेत्र जीवन्त तथा अंतरिक्ष व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में काम करने को तैयार है। अनेक निजी व युवा स्टार्टअप ने नए युग निवेशकों को प्रोत्साहित किया है जो जोखिम उठाने तथा दीर्घकालीन परियोजनाओं से लाभ प्राप्त करने में धैर्य धारण करने लिए तैयार हैं। वे लांच सुविधायें, उपग्रह थ्रस्टर्स, एमएम वेव तथा आप्टिकल संचार संपर्कों साथ उपग्रह निर्माण, भू प्रेक्षण उपकरणों, स्पेस सिचुएशनल एवेयरनेस-एसएसए, कोलीज़न डिटेक्शन, आदि स्थापित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़े संगठनों प्रवेश ने स्टार्टअप व एमएसएमई को मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर दिया है। वर्तमान समय में लगभग 500 फर्में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंतरिक्ष तकनीकों से जुड़ी हैं तथा अनेक स्टार्टअप सरकार साथ काम कर रहे हैं। एक देश रूप में भारत में असाधारण उद्यमिता भावना है जो हालिया वैश्विक महामारी कठिन समय में ज्यादा उल्लेखनीय रूप से उभर कर सामने आई है। उसने लघु उपग्रहों, परिष्कृत राट प्रणोदकों, लांच वाहनों, एआई, रोबोटिक्स, आदि क्षेत्रों में नई तकनीक व बिजनेस माडल विकसित किए हैं। लेकिन इन स्टार्टअप पास संसाधनों तथा तकनीक की कमी है जिससे वे स्वतंत्र अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं चला सकते हैं। हालांकि, अब निजी क्षेत्र फर्मों को इसरो ढांचे व संसाधनों का प्रयोग करने की सुविधा होगी, पर अभी विभिन्न अनुमति की प्रक्रियाओं व समयसीमा बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है।

समयबद्ध तरीके से इन मामलों में स्टार्टअप की सहायता से उनकी प्रगति और तेज होगी। सक्षम बनाने वाली नीतियों अभाव में स्टार्टअप अन्य देशों में जा सकते हैं जहां नियामक व वित्तीय बाधायें युवा बिजनेसों लिए अनिश्चितता न पैदा करें तथा उन दीर्घकालीन निवेश में बाधा न डालें।

उद्योग में उपग्रह स्पेक्ट्रम तक पहुंच सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और यह इस क्षेत्र की सफलता लिए जरूरी है। वर्तमान समय में सैटकाम स्पेक्ट्रम की उपलब्धता बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्पेक्ट्रम आबंटन में नीतिगत स्तर पर स्पष्टता बिना युवा स्टार्टअप को सामान्य टेलीमीट्री, टेलीकमांड व पेलोड डेटा आपरेशन्स में कठिनाई होगी। इस संबंध में तीन अलग अधिकारों-लाइसेंसों की आवश्यकता होगी जिनमें जीएमपीसीएस, वीसैट, इन्सैट एमएसएस शामिल हैं। अभी लाइसेंस श्रेणियों में उपग्रह सेवाओं या अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। समय आ गया है कि भारत स्टार्टअप-हितैषी लाइसेंस नीति अपनाने पर विचार करे। इसमें इसरो द्वारा अल्पकालीन प्रायोगिक लाइसेंस भी शामिल है जिससे निजी क्षेत्र उपग्रह मिशनों से जुड़ सकता है। वर्तमान समय में अंतरिक्ष विभाग की भूमिका लाइसेंस देने वाले, बाजार नियामक तथा उपग्रह आपरेटर की है।

इससे निजी उपग्रह निर्माताओं तथा सैटकाम सेवा प्रदाताओं साथ हितों टकराव वाली स्थिति पैदा होती है। इस साथ ही डीओटी, डीओएस, डब्लूपीसी, इनस्पेस व एनएसआईएल अनुमतियों अनेक स्तर पैदा करते हैं। इससे इस क्षेत्र में बिजनेस सुगमता में बाधा आती है। वाणिज्यिक इकाइयों लिए स्पष्ट रूपरेखा बनानी जरूरी है ताकि उनको अपने उद्यम शुरू करने लिए दौड़भाग न करनी पड़े।

नए नियमों ने विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी सुविधायें स्थापित करने तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने की अनुमति दी है। यह एक सकारात्मक कदम है तथा इससे अनेक संयुक्त उद्यम स्थापित हो सकते हैं। इससे उपग्रहों सहयोगी विकास, भारी निवेश तथा रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी और जीडीपी वृद्धि तेज होगी। वर्तमान समय में टैक्सों अनेक स्तर, जैसे, जीएसटी, राजस्व शेयर, अनेक डीओटी, डीओएस चार्ज व विधहोल्डिंग टैक्स आदि हैं। इन कारण लगभग एक तिहाई उद्यमी भारत से बाहर जाने की सोच रहे हैं ताकि उनको नियमों पालन व टैक्सों बोझ से राहत मिल स। सिंगापुर, मलेशिया व हांगकांग जैसे देश भारत की तुलना में एक बेहतर ढांचागत व तार्किक कर संरचना पेश करते हैं अतः उद्यमी वहां जाना चाहते हैं।

हालांकि, सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने लिए अनेक एक्सलरेटर कार्यक्रम बनाए हैं। भारत दुनिया में अमेरिका व चीन बाद तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप क्षेत्र है और इसकी आगे प्रगति की संभावना है। लेकिन निश्चित रूप से कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत में 140 इन्क्यूबेटर व एक्सलरेटर हैं, जबकि चीन और अमेरिका में इनकी संख्या 2,400 व 1,500 से अधिक है। ऐसे में पंजीकरण, दीवालिया कानूनों, अनुदानों, निवेश, आदि क्षेत्रों में तत्काल नियमों को सरल करने की जरूरत है।


इसरो और सरकार को नीतिगत कमियां दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। ऐसा करने पर भारत स्टार्टअप व निजी क्षेत्र उत्पादों व सेवाओं लिए आकर्षक बाजार बन जाएगा। बड़े पैमाने पर बाजार अवसर अपस्ट्रीम क्षेत्र में निजी क्षेत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं जहां वे डिजाइन निर्माण तथा उच्च प्रौद्योगिकी वाले अंतरिक्षयानों का विकास कर सकते हैं। इस साथ ही डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में सेटकाम प्रयोगों को विस्तार देना महत्वपूर्ण होगा। नियामक व संबंधित अधिकारियों को उभरते स्टार्टअप साथ नजदीकी से काम कर बहु-प्रतीक्षित सुधारों व प्रोत्साहनों को गति देनी चाहिए ताकि देश में उद्योग जगत तेजी से काम करते हुए अपनी सफलता से पूरे देश को लाभान्वित कर सके।

अंतरिक्ष एक वैश्विक परिघटना है और भारत को इस मोर्चे पर अवसरों का लाभ उठाने से चूकना नहीं चाहिए। नीतियों की संगति सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों साथ होनी चाहिए। इससे हमारा विकास और मानक भी बाकी दुनिया समान होंगे। उद्योग तेजी से तकनीकी विकास क्षेत्र में प्रगति करने तथा जीडीपी वृद्धि में योगदान करने की संभावनायें हैं। इस प्रकार निजी क्षेत्र व स्टार्टअप अंतरिक्ष तथा उससे आगे की यात्रा में भारत सरकार के सच्चे साझीदार बन सकते हैं।

# ताइवान पर मंडराता युद्ध का खतरा

> हालांकि, बीजिंग अभी इस द्वीप पर हमला कर सकता है, लेकिन वह इसके लिए तीन साल में पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



चीन राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वादा किया है कि 'मातृभूमि पूर्ण एकीकरण का ऐतिहासिक काम निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।' यह परोक्ष रूप से ताइवान को दी गई एक धमकी थी, पर इसकी कोई समयसीमा नहीं थी। अगले दिन राष्ट्रपति साइ-इंग वेन ने भी जवाब देते हुए कहा, 'कोई ताइवान को वह रास्ता अपनाने लिए मजबूर नहीं कर सकता है जो चीन ने अपने लिए चुना है।'

हालांकि, अमेरिका ने चीन साथ युद्ध की कीमत पर द्वीप की रक्षा का सीधे वादा नहीं किया, पर यह स्पष्ट कर दिया कि ताइवान में अमेरिकी विशेष बल व मैरीन प्रशिक्षण मिशन पर हैं। बीजिंग इसे पहले से जानता है क्योंकि ट्रंप ने उनको वहां दो साल पहले भेजा था, लेकिन वाशिंगटन द्वारा इस बात की खुली पुष्टि चीन को स्पष्ट चेतावनी है। इस प्रकार एक संकटपूर्ण स्थिति है, भले ही यह धीरे-धीरे विकसित हो रही हो। रक्षा मंत्री चू कुओ-चेन ने ताइवान में कहा कि बीजिंग अब भी द्वीप पर हमला करने की स्थिति में है, पर वह तीन साल समय में पूरी तरह ऐसा करने लिए तैयार हो जाएगा। उन अनुसार, '2025 तक चीन हमले की कीमत और खामियाजा न्यूनतम करने की स्थिति में होगा। उस पास वर्तमान समय में क्षमता है, पर वह आसानी से युद्ध नहीं शुरू करेगा क्योंकि उसे अनेक दूसरी चीजों पर भी विचार करना पड़ेगा।' क्या उन जो कहने का अर्थ है वह पूरी तरह सच है?

आंशिक रूप से यह स्वीकृति है कि चीन तेजी से ऐसे हथियार एकत्र कर रहा है जिससे ताइवान पर ताइवान खाड़ी से होकर समुद्री हमला संभव हो स जो सबसे संकरे बिंदु पर 180 किलोमीटर चौड़ी है। प्रमुख चीनी हथियार लंबी दूरी




वाला राट तोपखाना है जिससे ताइवन सभी बिंदुओं पर सटीक हमला किया जा सकता है। इनकी संख्या इतनी हो सकती है कि ताइवान की मिसाइल-रोधी रक्षा प्रणाली बेकार हो जाए। ऐसे हथियार को पीसीएल-191 कहते हैं और यह द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रयोग किए गए मल्टिपल राट लांचर 'स्टालिन आर्गन' का परिष्कृत रूप है, लेकिन अब इसकी रेंज 350 किलोमीटर है। इन राट लांचरों की दो ब्रिगेड ताइवान सामने वाले चीनी तट पर तैनात हैं और उनकी संख्या में जल्द ही और बढ़ोत्तरी होने वाली है। यदि वर्तमान समय में न हो, तो भी जल्द ही वे बीजिंग को ताइवान हवाईअड्डों, राडार स्टेशनों, विमान-रोधी रक्षा स्थलों तथा बंदरगाहों पर एकसाथ हमले में सक्षम बना देंगे। यदि ताइवान सभी रनवे व बंदरगाह नष्ट हो जाएं तो उस विमान व युद्धक जहाज चीनी आक्रमण का मुकाबला नहीं कर संगे। जहाज खाड़ी को दस घंटे में पार कर लेंगे और कोई भी इतने नजदीक नहीं होगा कि चाहते हुए भी ताइवान की रक्षा कर स।

किसी भी समय अचानक हमला होने की स्थिति में ताइवान को जापानी अड्डों पर खड़े लड़ाकू विमानों तथा अमेरिकी प्रशांत बेड़े से सहायता मिल सकती है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि भले ही उस पास तटों पर राट लांचरों की समुचित संख्या हो, पर चीन को ऐसा हमला करने से विरत करने वाली 'अन्य चीजें' कौन सी हैं जो उसके पास उपलब्ध हो सकता हैं?

वल एक ही चीज काफी है, यदि अमेरिका ताइवान को बचाने लिए समय पर सैनिक हस्तक्षेप न कर पाए तो भी वह निश्चित रूप से इस तत्काल बाद चीन की पूरी तरह से नौसैनिक घेरेबंदी कर देगा। प्रशांत महासागर पार करने वाले चीन जहाज द्वीपों की 'प्रथम श्रृंखला', यानी जापान, ताइवान व फिलीपीन्स से गुजर कर हिंद महासागर में पहुंचते हैं और फिर वहां से मलक्का खाड़ी-मलेशिया व इंडोनेशिया होकर मध्य पूर्व व यूरोप पहुंचते हैं। व्यावहारिक रूप से कोई और रास्ता नहीं है और नौसैनिक घेरेबंदी से चीन की अर्थव्यवस्था कुछ ही महीनों में मर जाएगी।

दोनों ओर से युद्ध भड़कने में नाभिकीय युद्ध का भय एक बड़े प्रतिरोधक की तरह काम करता है और किसी प्रकार की संधि करने को मजबूर करता है। यह चीन के लिए अत्यधिक अपमानजनक स्थिति होगी। शायद यह इतनी अपमानजनक हो सकती है कि कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण समाप्त हो जाए। इसलिए शी जिनपिंग कभी ऐसा खतरा उठाने को तैयार नहीं होंगे। शास्त्रीय रणनीतिक रूप से सोचने वाले लोगों का यही विचार है और वे संभवतः ठीक भी हैं। लेकिन यह गलत भी हो सकता है।

## आप की बात

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले

**बांग्लादेश** मंदिरों में तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले दिनों दुर्गा पंडाल में हुए हमले बाद अब शुक्रवार को बांग्लादेश नोआखली जिले में एक इस्कान मंदिर पर भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। इसमें एक इस्कान मंदिर सदस्य की मौत हो गई। बांग्लादेश सरकार ने स्थिति पर काबू पाने लिए अर्धसैनिक बलों को उतारा है मगर मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कोई पहली बार हमने नहीं हुए हैं! बांग्लादेश और पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान सभी जगहों पर कट्टरपंथी लोग हिंदुओं की संपत्ति हथिया कर उन्हें अपने देश से बाहर कर देने पर आतुर हैं! अफगानिस्तान में तालिबान आंतकवादिओं द्वारा सत्ता हथिया लेने बाद विश्व भर में आतंकवादी घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है! ऐसे में भारत लिए एनसीबी कानून अत्यावश्यक हो गया है। मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं को मरने लिए अला नहीं जो छोड़ा जा सकता है! अच्छा हो सरकार को उच्च स्तर पर बांग्लादेश सरकार से बात कर हिंदुस्तानी नागरिकों की रक्षा की पुख्ता व्यवस्था करना चाहिए। और यदि वहां की सरकार असफल होती है तो भारत को अपना सैन्य बल वहां पर भेजकर इस स्थिति को काबू में करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बच्चों को बाल साहित्य पढ़ाएं

**बदलते** परिदृश्य में सब कुछ बदलता चला गया। बच्चे तो है मगर बचपन गुम हो गया। दादी –नानी ,मां लोरिया और कहानियां सुनाती तो ज्ञानार्जन में वृद्धि होती थी, वही कोलाहल से दूर एकाग्रता का समावेश होता था। मीठी नींद जो की अच्छे स्वास्थ्य का सूचक होती वो इनसे प्राप्त होती थी। किन्तु वर्तमान में इलेट्रॉनिक दुनिया की ,भागदौड़ भरी व्यस्तम जिंदगी में बच्चों के लिए साथ बिताने का समय लोग नहीं निकाल पाता। इसके अलावा रिश्तेदारी का व्यवहारिक ज्ञान भी पीछे छूट सा गया है। कहानी से कल्पनानाओं की उत्पत्ति होती वही मातृत्व दुलार भी सही तरीके से प्राप्त होता। अब ये चिंता सताने लगी की कही कहानियां सुनाने की प्रथा विलुप्त न हो जाए। नहीं तो बच्चे लाड़-प्यार और कहानियों से वंचित हो जाएंगे। हाईटेक होते युग में मोबाइल और इंटरनेट ही सहारा बन गए हैं। दादी-नानी की कहानियां सुनने की प्रथा जैसे अब विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची हो। कहानियां कहने की कला बच्चों के स्मृति पटल पर अंकित हो कर और भावी पीढ़ी को कहने की कला देती है। बच्चों में भाषा के ज्ञान को मजबूती देने के लिए एवं पाठ्यक्रमों में कहानियों से बाल साहित्य को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### बेनतीजा बैठकें

**चीन** से सीमा विवाद सुलझाने प्रयास भारत द्वारा लगातार जारी है मगर चीन की नीयत में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में हुए ताजा विवाद बाद कोर कमांडर बैठक भी बेनतीजा रही है। चीन अड़ियल रवैये का ही नतीजा है कि इस बार भी सर्दियों में एलएसी पर सेना की मौजूदगी रहेगी। चीनी कदमों से तनाव घटने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बैठकों का कोई औचित्य तो नजर नहीं आता? चीनी अड़ियल नतीजों का ही परिणाम है कि सीमा पर लगातार तनाव बना हुआ है।कभी चीनी सैनिक तो कभी विस्तारवाद की नियत विवादों की वजह बनती है। पिछले दिनों फिर भारत चीन सैनिक आमने-सामने थे इससे एक बार फिर लगा कि किसी संघर्ष की नौबत आ सकती है। विवाद सुलझाने लिए कोर कमांडर बैठक भी हुई जो भारत को अनर्गल ठहराने अलावा कुछ और हासिल न कर सकी जबकि सारे विवाद की जड़ में चीनी विस्तारवाद ही स्पष्ट रूप से सामने आया है। चीन का रवैया द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन भी है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** 2022 में गोवा और 2024 में दिल्ली जीतेंगे। हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े कि जीत हमारी होगी।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

**हर** बीतने दिन के साथ और ईरान द्वारा बेहतर विश्वास में समायोजित करने से इनकार किए जाने के चलते रास्ता छोटा होता जा रहा है।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव





**राज्य** सरकार कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए लगातार केंद्र सरकार से संनर्क में है जिससे कि बिजली उत्पादन सुगमता से चले।

– **अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री राजस्थान

## सीतापुर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने भाजपा पर बोला हमला

# जनादेश यात्रा करेगी भाजपा का सफाया

● 'पायनियर' के सवालों का राष्ट्रीय महासचिव ने दिया जवाब

संवाददाता। सीतापुर

**विभिन्न जनपदों** से होकर सीतापुर पहुंची समाजवादी पार्टी की जनादेश यात्रा रविवार को खैराबाद स्थित एक गेस्ट हाउस में जनसभा के रूप में तब्दील हुई। जनादेश यात्रा के नायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रजीत सरोज का सपा के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। सभा को सम्बोधित करते हुए इन्द्रजीत सरोज ने कहा कि भाजपा में न तो भ्रष्टाचार रूका है और न ही महंगाई रूकी है, आम आदमी परेशान है, इसीलिए 2022 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे है, जनता ने मूड बना लिया है। जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है। पूर्व विधायक नगर राधेश्याम जासवाल ने कहा कि आने वाले 2022 में सपा की ऐतिहासिक जीत होगी। हरगांव की सपा नेत्री किरन पासी ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा बेरोजगार है, महंगाई चरम पर है, आमजन को महंगाई से जूझना पड़ रहा है। सिधौली से पूर्व विधायक मनीष रावत ने भी भाजपा पर हमला बोला। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, महोली पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, जय सिंह यादव, शंकर यादव आदि सम्बोधित किया। इस मौके पर इं. मूल चन्द्र यादव, कौशल यादव, आरसी यादव, जय सिंह यादव, शंकर यादव, कमलेश यादव, जासमीर अंसारी, अफ्जाल कौसर, निर्मल वर्मा, पवन यादव, प्रवीण सैनी, शेखर यादव, मदन कनौजिया, कुमुदलता, उषा रावत, अंकित त्रिवेदी, राजेश कनौजिया, प्रीती सिंह रावत, विक्की पांडेय, अश्वपाल भार्गव, देश दीपक भार्गव, राजू, आशुतोष सिंह यादव, प्रदीप राजवंशी, रिजवान अहमद, विवेक वर्मा, ओमेन्द्र वर्मा, राबिन सिंह यादव, शुभम राजवंशी, वीरेन्द्र भार्गव, सौरभ यादव, नितिन सिंह, धीरज पांडेय, उद्देश्य निगम, हसीब गाजी, धर्मेन्द्र राजवंशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन पूर्व जिला पंचायत महेन्द्र यादव ने किया।



सीतापुर-जनादेश यात्रा में मौजूद मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रजीत सरोज, जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, पूर्वमंत्री रामपाल राजवंशी व अन्य।



सीतापुर-इन्द्रजीत सरोज को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करती सपा नेत्री किरन पासी।

## आंधी-तूफान से धड़ाम हुई दीवार मलबे में दबकर किशोरी की मौत, दो अन्य किशोरियां जख्मी

**रामकोट सीतापुर।** मौसम के करवट लेने के बाद रविवार शाम को आए आंधी-तूफान में एक मकान की दीवार मय छप्पर के भरभराकर ढह गई। इस हादसे में मलबे के नीचे दबकर एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य किशोरियां गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है। मौत की खबर मिलने से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ये हादसा रामकोट थाना इलाके में हुआ। क्षेत्र के जवाहरपुर गांव निवासी कालू की बेटी रूचि देवी गेहूं रख रही थी, जबकि दूसरी बेटी रंगोली तथा लालू की बेटी नैंसी वहीं पर खड़ी थी। तभी अचानक रविवार की शाम को मौसम में आए बदलाव के बाद तेज आंधी तूफान में मय छप्पर के दीवार धड़ाम हो गई। आवाज सुनकर परिवारीजन समेत आसपास के लोग न सिर्फ सहम गए, बल्कि जानकारी पाकर मलबे में दबी किशोरियों को बचाने के लिए मौके पर दौड़े। आनन-फानन ग्रामीण व परिजनों ने सभी को बाहर निकाला, लेकिन इससे पहले तेरह वर्षीय रूचि की मौत हो गई। जबकि सोलह वर्षीय रंगोली व ग्यारह वर्षीय नैंसी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## क्विक न्यूज

### आज होगी अल्प संख्यक प्रकोष्ठ की बैठक

**सीतापुर।** अल्पसंख्यक मोर्चा जनपद सीतापुर की जिला कार्यसमिति वा जिला पदाधिकारियों की बैठक आज लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन सीतापुर में प्रस्तावित है, बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले समय में अल्पसंख्यक मोर्चा सीतापुर की होने वाली जिला कार्यसमिति के संबंध में है बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद नईम, क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा/क्षेत्रीय प्रभारी जनपद सीतापुर आमिर अली उर्फ बाबू, प्रदेश मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद जीशान, निदेशक उत्तर प्रदेश का विकास निगम/निवर्तमान राष्ट्रीय मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शफ़ाअत हुसैन व सभी सम्मानित अल्पसंख्यक मोर्चा जनपद सीतापुर के पदाधिकारी गण सभी सम्मानित कार्यसमिति सदस्य गण आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे बैठक। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा समीर अहसन रिजवी द्वारा की जाएगी।

### महिला मोर्चा की बैठक में हुआ मंथन

**सीतापुर।** हरगांव मंडल कार्यसमिति महिला मोर्चा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कंचन प्रभा पांडेय का महिला मोर्चा की कार्यकर्त्रियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने बताया 8 से 15 नवंबर तक मिशन शक्ति का अभियान हर ब्लॉक स्तर पर होगा। इसके बाद आगामी कार्यक्रम लाभार्थी महिलाओं तक हर मंडल स्तर पर संपर्क करना है। इस मौके पर पूजा शुक्ला, उषा पांडेय, लक्ष्मी पांडेय, विमला सिंह, सुमन सिंह, रीता मिश्रा, सुनील मिश्रा, गोपाल शास्त्री, गगन मिश्रा, रोहित मिश्रा, संजय जयसवाल, संजय दीक्षित, उत्कर्ष पांडेय, सुप्रिया बाजपेई मौजूद थीं।

### विहिप कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का किया घेराव

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली क्षेत्र के बाड़ी गांव में बीते सोमवार को दो पक्षों में हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ने लगा है। मुख्य अभियुक्त इमरान अली तथा मिज्जन अली की गिरतारी न होने से रविवार को गोरखपुर से यहां पहुंचे महादेव बाबा ने सैकड़ों हिंदू अनुयाइयों, विहिप तथा बजरंग दल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया। सीओ यादवेंद्र यादव, कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी के मान मनौवल से बात नहीं बनी। एसपी आरपी सिंह से फोन पर वार्ता कर आश्वासन दिए जाने से लोग शांत हुए। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री राहुल कुमार, रणविजय सिंह, मनीष पांडेय, रितेश यादव, अजय भाटी, दीपक मिश्रा, सौरभ अवस्थी, दीपू जयसवाल, कमलेश राजपूत, रजनीश पाण्डेय, अंशुल शुक्ला, लवकुश यादव, राहुल चौरसिया, जीतू सिंह आदि मौजूद थे।

### ओबीसी मोर्चा की बैठक

**सीतापुर।** जिला पंचायत के नेहरू हाल में भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष रामजीवन जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा ने केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। इस मौके पर विधायक सुरेश राही, महेन्द्र यादव, क्षेत्रीय महामंत्री रामशंकर राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अंकुशराज विश्वकर्मा, राकेश पटेल, प्रदीप जायसवाल, राजेश यादव, अशोक राठौर, अमित वर्मा, कमलेश मौर्य, राम नरेश पाल, कमलेश लोधी आदि मौजूद थे।

### मोदी-योगी के आवास की किसने खोली पोल!

**चक्कर लगाते थक गईं महिलाएं, पर नहीं मिले आवास**

**पुराना सीतापुर की रहने वाली हैं पीड़ित मुस्लिम महिलाएं**

**सीतापुर।** गरीबों को सरकारी आशियाना दिलाने के लिए लगातार मोदी-योगी सरकार दंभ भर रही है, वो आवास की उपलब्धियां गिनाते हुए थकते नहीं, लेकिन सीतापुर में आवास योजना की हकीकत एकदम उलट नजर आ रही है, क्योंकि पुराना सीतापुर में मुस्लिम महिलाएं आवास पाने को लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं, इन्हें भागदौड़ करते हुए बरसों हो चुके हैं, बावजूद इसके इन्हें सरकारी छत मुहैया नहीं हो पा रही है, इसके अभाव में इनका परिवार खुले आसमान के नीचे जाड़ा, गर्मी और बरसात के मौसम में जिंदगी गुजारने को विवश है। रविवार को आवास पाने के लिए पुराना सीतापुर की महिलाएं सीतापुर दौरे पर आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज को दरख्वास्तें लेकर पहुंची थी।

### नवरात्र की नवमी पर हुआ कन्या पूजन

**बरेली ।** नवरात्र की राम नवमी पर देवी मंदिरों और घरों में हवन हुआ । हवन के बाद भक्तों ने अपने घरों में कन्या भोज कराया गया । नवरात्रि के राम नवमी के दिन ब्रस्पतिवार को देवी स्थलों पर माता की पूजा अर्चना के बाद माता के नौ रूपों की प्रतीक स्वरूप कन्याओं को भोग लगाया गया ।

## कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया जीतमंत्र

संवाददाता। संडीला (हरदोई)

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं** के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षकों ने कुशल बूथ प्रबंधन के मंत्र देते हुए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वे लोगों के साथ जुड़ उनकी समस्याओं का निदान कराएं। कांग्रेस के विधान सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक विषणु शर्मा ने कहा कि कुशल बूथ प्रबंधन से ही आगामी विधानसभा चुनाव में हमे सफ्लता मिलेगी क्योंकि जबतक बूथ मजबूत नहीं होगा तब तक सफ्लता नहीं मिलेगी। प्रशिक्षक शरद उपाध्याय ने कहा कि भाजपा ने बूथ कार्यकर्ताओं के बल पर झूठ तथा जुमले गढ़ कर डॉक्टर्ड वीडियो पोस्ट करके लोगों को गुमराहा किया। इसका जवाब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल करके करना होगा और भाजपा को उसी की भाषा में जवाब देना होगा तभी हमें सफ्लता मिलेगी। इसी अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मो0 हनीफ बब्लू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, जिला महासचिव नौरत्न द्विवेदी, प्रदेश सचिव जीतलाल सरोज, पीसीसी सदस्य महताब अहमद, ब्लाक संडीला अध्यक्ष मो0 नसीम वारसी, ब्लाक भरावन अध्यक्ष रघुनन्दन अर्कवंशी, ब्लाक बेंहदर अध्यक्ष मसीहउद्दीन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जनसमस्याओं के निराकरण के लिए अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करें क्योंकि भाजपा के सत्ताकाल में भीषण महंगाई और बेराजगारी से लोगों का जीना दूभर हो गया है। इस अवसर पर विभिन्न न्याय पंचायातों के अध्यक्ष यथा इश्तियाक अली, अजय कुमार यादव, अरुण त्रिपाठी, ओम प्रकाश के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता नजमुल हसन, रामकुमार अर्कवंशी, ओमप्रकाश पाल, शिवकुमार अर्कवंशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लूट की वारदातों के खुलासे में पुलिस को मिली कामयाबी

● मुठभेड़ में पुलिस ने छह शातिर अपराधियों को दबोचा

● चोरी गई नगदी जेवरात, दो प्रयुक्त बाइक भी की बरामद

● लहरपुर में शातिर अपराधियों के खिलाफ दर्ज हैं कई-कई केस

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर के लहरपुर कोतवाली इलाके में हुई लूट की घटनाओं को खुलासा करने में पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली। पुलिस ने एक मुठभेड़ में छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। निशानदेही पर पुलिस ने इनके पास 43 हजार 200 नगदी, जेवरात, बर्तन, कपड़े, एलआईसी बांड, पैसा जमा की रसीदें बरामद की है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो बाइकें, हेल्मेट, तीन तमंचा व पांच कारतूस, एक हथौड़ी व दो पेचकस भी बरामद किया है। सभी अपराधियों के खिलाफ लहरपुर कोतवाली में विभिन्न धाराओं में कई-कई मुकदमें भी दर्ज है। आपको बता दें कि लहरपुर कोतवाली इलाके में बीती 10.11 अक्तूबर की रात को सशक्त बदमाशों ने चार घरों में जमकर उत्पात मचाया था, बदमाशों ने जिन घरों में ताड़व मचाया, था, उनमें टांडा सलार में रामेश्वरदास, सुखदेव, शाहकुलीपुर में अनीस, पूर्व सभासद आलम, आरती, रामपाल, शफीक शामिल थे। विरोध करने पर महिला समेत चार लोगों की पिटाई कर जख्मी कर दिया था। घटना को अंजाम देकर बदमाश सभी घरों से करीब बीस लाख का माल समेट ले गए थे। एक ही रात को बदमाशों ने ताबड़तोड़ लूटपाल की वारदातों को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी थी। ऐसे में ये घटना पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण थी। इन घटनाओं का खुलासा करने को पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने छह टीमें गठित की थी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित के पर्यवेक्षण व सीओ लहरपुर राजू कुमार साव के नेतृत्व में पुलिस टीमें लगातार दबिशें देने में जुटी थी। मुखाबिर से पुलिस को निबौरी मोड़ पुलिया के पास बदमाशों के खड़े होने की सूचना मिली थी, इस पर पुलिस टीमों ने वहां धावा बोला, पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी करते हुए पुलिस छह शातिर अपराधियों को दबोचने में कामयाब रही।

पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में अपने नाम व पते भी बताए, जिनमें विमल पुत्र चिंरजीव पासी निवासी ठठेरी टोला, गोलू उर्फ रघुवंश कश्यप निवासी निबौरी लहरपुर कोतवाली, अरविंद पासी निवासी कैथा गाजीपुर महोली व हाल पता कोडरा थाना हरगांव, अमीश व उपेंद्र पुत्रगण रामजीवन पासी निवासी अम्बर सरांय लहरपुर, उपेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार निवासी अम्बर सरांय शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया माल भी बरामद किया है। पुलिस लाइन में घटना का खुलासा करते हुए एएसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित ने जानकारी दी।



सीतापुर-खुलासे की जानकारी देते एएसपी राजीव दीक्षित

## नगर की दो दुकानों में चोरी का प्रयास, चोरों ने लगाई सेंध

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के अलीगंज रोड पर न्यू मार्केट में बीती रात चोरों ने दो दुकानों में नकब काटकर चोरी करने का प्रयास किया। लोगों का अनुमान है कि बाजार के चौकीदार या पुलिस किसी की चहल कदमी के चलते चोर चोरी करने में सफल नहीं हो सके। दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर समुचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार श्याम नारायण सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है उनकी न्यू मार्केट में न्यू सोनी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में नकब काट कर चोरी करने का प्रयास किया था परंतु उन्होंने दुकान को चेक किया तो पता चला चोर कोई भी सामान ले जाने में सफ्ल नहीं रहे । परंतु उन्हें आशंका है कि चोरों की नजर उनकी दुकान पर पड़ी हुई है और वह दोबारा भी प्रयास कर सकते हैं। दुकानदार का कहना है कि उसके पड़ोस में सेठी की दुकान है उस दुकान में भी चोरों ने नकब लगाया परंतु कुछ भी सामान ले जाने में सफल नहीं रहे। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### 18 अक्टूबर को होगा मेगा वैक्सीनेशन डे

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम ने चिकित्सा अधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर 18 अक्टूबर को आयोजित कोविड मेगा वैक्सीनेशन डे की तैयारियां जानी। डीएम ने बताया कि मेगा वैक्सीनेशन डे पर ज़िले का 93 हजार लक्ष्य नियत है। सभी चिकित्सा अधिकारी टीम भावना से जिलों का आवंटित लक्ष्य को पूरा कराए। डीएम ने सीएचसी के अधीक्षकों से मेगा डे पर उनकी तैयारियां जानी।

## संभावित बसपा प्रत्याशी को सेक्टर अध्यक्षों का मिला समर्थन

**मितौली-खीरी।** बसपा के सम्भावित प्रत्याशी पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम भार्गव को 143 विधान सभा कस्ता के 31 सेक्टर अध्यक्ष ने अपना समर्थन दिया।

इसी क्रम में राजेन्द्र भारती, राजेन्द्र प्रसाद गौतम, जगदीश प्रसाद, गंगाराम गौतम, भीमाराम गौतम, बिन्द्रा प्रसाद, प्रमोद भार्गव, राम सिंह गौतम, दिलाराम गौतम, राजू भर्गव, राजेन्द्र गौतम, पुत्तू लाल गौतम, गया प्रसाद गौतम, नितिन प्रसाद गौतम, राम सागर गौतम, जगदीश प्रसाद, रामखेलावन, दिनेश कुमार, सेवालाल गौतम, प्रमोद पाल, राम लोटन, दिलीप कुमार, बलू गौतम, अमरसिंह गौतम, प्रमोद गौतम, नन्दलाल गौतम, तौले राम गौतम, राम गोपाल भार्गव, जेजे आजाद, राजीव गौतम, प्रामोद गौतम, विधानसभा अध्यक्ष रुप नरायन पाल भी मौजूद रहे।

## मुर्गी फार्म संचालक की गला रेतकर हत्या

● हत्यारों को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**मुर्गा फार्म** के संचालक की हत्यारों द्वारा गला रेतकर की गयी निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गयी। एडीशनल एसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोहिया मजरे गगनपुर निवासी तीस वर्षीय अखिलेश पुत्र छविनाथ पासी मुर्गा फार्म का संचालन करते थे। उनका शव उनके फार्म के पास पड़ा हुआ पाया गया। उनकी धारदार हथियारों से निर्मम हत्या की गयी थी। इस संबंध में मृतक के परिजन के अनुसार अखिलेश को ग्राम कमलिया निवासी शिवकुमार पुत्र शिवचरण सुबह उसके घर से बुलाकर ले गए थे। उसके बाद वह शाम को लगभग 5 बजे दोबारा घर आया और अपनी पत्नी मोनिका से 200 रुपए लेकर चला गया। इसके बाद फिर अखिलेश वापस नहीं लौटा। परिजन ने यह सोचा की हो सकता है कि वह मुर्गा फार्म पर ही सो रहा हो। रविवार की सुबह जब ग्रामीण खेतों में पहुचे तो उन्होंनें देखा कि अखिलेश का शव क्षत विक्षत हालत में उसके अपने खेत में पड़ा है तथा उसके मुर्गा फार्म के 500 बच्चे भी मरे पड़े हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभारीनिरीक्षक सोमपाल गंगवार फर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कुछ देर के बाद अपर पुलिस अधीक्षक तथा सीओ दोनों फॉरेन्सिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की बारीकी से छान बीन शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है और शीघ्र ही इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। मृतक के दो पुत्र 9 वर्षीय सानू और दो वर्षीय विजय है। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्या था। उसकी हत्या से परिवार पर बहुत बड़ा संकट टूट पड़ा है।

### प्रेमी युगल ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बरेली।** एक प्रेमी युगल ने बीती रात जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया स उन्हें इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया और फिर घरवाले निजी अस्पताल ले गए ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला जखीरा निवासी 22 वर्षीय युवक और किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला मलूकपुर निवासी एक युवती को बीती रात उनके घर वालों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया स जहां उन्होंने बताया कि बहुत दिनों से दोनों फोन पर एक दूसरे से संपर्क में थे ।

## पीस बैठक का हुआ आयोजन



**सिंगाही खीरी।** बारावफात को लेकर पुलिस ने शनिवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक बुलाई। थानाध्यक्ष राजकुमार सरोज ने जहां इलाकाई लोगों से समस्याएं पूछीं। वहीं शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील भी की गई। थाना परिसर में हुई बैठक में थानाध्यक्ष राजकुमार सरोज ने कहा कि सभी पर्व कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना परमीशन के कोई भी आयोजन नहीं होगा। क्षेत्र में कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा। लोग अपने घरों में ही रोशनी कर त्योहार मनाएं। अगर किसी ने कोई खुराफात करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पूर्व चेयरमैन मो. कय्यूम, प्रधान अहमद नूर, शिवराज कनौजिया, सिद्दीक अहमद, प्रधान पति रुस्तम व बारावफात पर होने वाले कार्यक्रम से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## तिकुनियां कांड में मारे गए कार्यकर्ताओं के लिए शोकसभा व कैंडिल मार्च





**लखीमपुर/सिंगाही-खीरी।** शहीद भाजपा कार्यकर्ता को न्याय के लिए लखीमपुर की जनता ने मौन कैंडिल मार्च निकाला। बहुत बहुत आभार विलोबी मेमोरियल हॉल से हीरालाल धर्मशाला तक सड़क के दोनों तरफके व्यापारी ने मोमबत्ती जलाकर समर्थन दिया। कार्यक्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा सक्रियता दिखाती है कि भाजपा कार्यकर्ता उनके लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। विनीत मनार अध्यक्ष जिला कॉपरेटिव बैंक, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला, जिला महामंत्री आशू मिश्रा, सभासद राहुल मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष अभिजात मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सजल वैश्य रोबिन, युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री शरद मिश्रा, पूर्व नगर महामंत्री सुनील सिंह, अर्बन बैंक डायरेक्टर आशीष गुप्ता, हेमू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, प्रिंस अवस्थी खीरी मण्डल कोषाध्यक्ष, लखीमपुर ब्लाक प्रमुख दिव्य सिंह, नगर महामंत्री देवदत्त, नगर मंत्री राम पांडे आदि सैकड़ो कार्यकर्ता नगरवासी उपलब्ध थे।

निघासन/सिंगाही संवाददाता के अनुसार, बीते तीन अक्टूबर को तिकोनिया में हुई हिंसा के दौरान मारे गए बीजेपी कार्यकर्ताओं की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को ग्राम पंचायत सिंगहा खुर्द के स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी समेत कई बीजेपी के कई नेताओं ने यहां पहुंचकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को तिकोनिया की हिंसा में मारे गए बीजेपी कार्यकर्ताओं की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा ग्राम सिंगहा खुर्द में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्रीय सांसद एवं भारत सरकार में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने पहुंचकर श्याम सुन्दर निषाद, हरिओम मिश्र व शुभम मिश्र के चित्रों पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्याम सुन्दर के परिजनों का कुशलक्षेम पूछा और हर संभव मदद् का भरोसा दिया। बारी बारी से सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि उनको बीजेपी कार्यकर्ताओं की मौत का बेहद अफ्सोस है। जिस तरह पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी यह घटना घटी है। यह उनकी घोर लापरवाही दर्शाती है। गृह राज्य मंत्री ने साफतौर पर कहा कि अधिकारियों की मौजूदगी में रोड पर कब्जा होने दिया गया और अगर रोड पर किसान थे तो उसको बैरिकेट लगाकर बंद क्यो नही किया गया यह एक बड़ी लापरवाही है। श्याम सुन्दर जब पुलिस के पास जिंदा घायल अवस्था में था उसको एंबुलेंस से बाहर निकालकर मारा गया है। इसमें जो पुलिस कर्मी दोषी हैं उनके खिलाफ भी सरकार जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होंगे वह बख्शे नहीं जाएंगे। इसके लिए सरकार ने जांच एजेंसियों को खुली छूट दी है। कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय राज्य गृहमंत्री निघासन के पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में आकर लोगों की समस्याएं सुनीं। पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि इस तिकुनियां कांड में उच्चाधिकारियों की भी होगी। सीबीआईजांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आचार्य संजय मिश्र, बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामजी पाण्डेय, कोआपरेटिव चीनी मिल संघ की उपाध्यक्ष साधना पाण्डेय, सिंगाही चेयरमैन उत्तम मिश्र, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय,के पी राना,नागेंद्र सिंह सेंगर, विकास मिश्र, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव रतीराम लोधी,के के तिवारी,प्रदीप गुप्ता,प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तिकुनिया मार्ग के ठेकेदार पर दर्ज कराएं एफआईआर:डीएम

डीएम ने की गड्ढा मुक्त अभियान की गहन समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**रविवार को** डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने कलेक्ट्रेट में शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यक्रम गड्ढा मुक्त अभियान की गहन समीक्षा की एवं संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए।बैठक की शुरुआत में इस अभियान के नोडल अधिकारी एक्सईएन पीडब्ल्यूडी (प्रांतीय खंड) एनके यादव व डीएसटीओ राजेश कुमार सिंह ने विभागवार लक्ष्य के सापेक्ष उनकी अद्यतन प्रगति बताइ। डीएम ने कहा कि यह अभियान शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग अपने लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करें। अभियान में पीडब्लूडी के सभी खंडों द्वारा 1278 किमी लंबाई का लक्ष्य पर अब तक 975 किमी तक का गड्ढा मुक्ति का कार्य पूरा कर लिया गया।

शेष काम प्रगति पर है। गन्ना विकास विभाग की 1.65 किमी लंबाई की 3 सड़कों को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। मंडी की 3.52 किमी की 2 रोड को एक सप्ताह में पूरा किया जाएगा। पीएमजेएसवाई के तिकुनिया मार्ग के अनुरक्षण कार्य ना कराने पर डीएम ने गहरी अप्रसन्नता जताई। उन्होंने इस मार्ग की कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी करने व ठेकेदार पर एफ्आईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह पीडब्ल्यूडी एक्सईएन एनके यादव, देवेंद्र सिंह, राम सदन गुप्ता, एसडीएम सदर डॉ अरुण कुमार सिंह, डीएसटीओ राजेश कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, जिला गन्ना अधिकारी बृजेश पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नशे में धुत कार चालक ने पुलिस जीप में मारी टक्कर

# सिपाही हुआ मरणासन्न बाल-बाल बचा दरोगा

● **होमगार्ड गंभीर रूप से घायल**

**संवाददाता**। कुठौंद (जालौन)

**बीती** देर रात लगभग 10 बजे रात्रि जालौन-औरैया हाइवे पर भारत पैट्रोल पम्प्प के सामने एसआई शिवपाल सिंह चौहान अपने हमराही सिपाही यतेन्द्र सिंह, दीवान चालक गार्ड ब्रजेश सिंह के साथ रात्रि में गश्त कर रहे थे। तभी औरैया तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार टाटा जेस्ट के ड्राईवर ने पुलिस जीप में जोरदार टक्कर मार दी जिससे जीप और कार के परखच्चे उड़ गए। जीप में सवार दरोगा शिवपाल सिंह और दीवान बाल बाल बच गए जबकि सिपाही यतेंद्र सिंह और चालक गार्ड ब्रजेश सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जैसे ही दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल आनन फानन में थानाध्यक्ष अरुण तिवारी और थाना के स्टाफ घटना स्थल पहुंचे और तत्काल अपनी गाड़ी से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद पहुंचे, जहां पर डॉक्टर अरुण तिवारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर सिपाही यतेंद्र की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया। दूसरे घायल साथी ब्रजेश सिंह का इलाज किया। थानाध्यक्ष अरुण तिवारी ने सिपाही यतेन्द्र को उरई ले गए जहां पर एमआरआई कराई रिपोर्ट में सिर में दो और नाक में एक फैक्चर निकलने पर डॉक्टरों ने यतेंद्र को कानपुर भेज दिया जहां पर सिपाही यतेन्द्र जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। उधर घटना होते ही कार सवार ड्राइवर मौके से भाग गया। थानाध्यक्ष ने रात्रि में ही व्यवस्था कर गंभीर रूप से घायल सिपाही यतेंद्र को कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

## भाकियू ने जलाई कृषि कानूनों की प्रतियां

**चित्रकूट**। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू ने जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में सैकड़ो गांवो में काले कृषि कानूनों की प्रतियो का दहन किया।

रविवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने खंडेहा में सैकड़ों किसानों के साथ कृषि कानूनों की प्रतियां जला कर सरकार विरोधी नारे लगाए। तहसील कर्वी के छिपानी बाहर खेडा में जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने सैकड़ों किसानों के साथ काले कृषि कानूनो की प्रतियो को दहन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर कृषि कानून वापस लो वापस लो, मोदी तेरी तनाशाही नही चलेगी नही चलेगी के नारों के साथ कानूनों की प्रतियो का दहन किया।

छिपनी गांव में एसडीएम सदर पूजा यादव के साथ सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। इसके बाद भी किसानों ने काले कृषि कानूनों की प्रतियां जताई।

## किसान चौपाल में विधायक ने गिनाए कृषि कानून के फायदे

**संवाददाता**। कोंच (जालौन)

**भारतीय** जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द व जगनपुरा में स्थित परिषदीय विद्यालय में ग्राम किसान चौपाल आयोजित की गयी। चौपाल की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्य कुमार नायक ने की जबकि कोंच माधोगढ़ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

सर्वप्रथम विधायक ने पार्टी के प्रेरणास्रोत दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तत्पश्चात ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विधायक व जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया।चौपाल में सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों के बीच बोलते हुए विधायक मूलचंद्र ने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं के बहकावे में आकर कुछ लोगों द्वारा लागू कृषि कानूनों पर विरोध किया जा रहा है और यह विरोध आम किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि नये कृषि कानूनों से आम किसान आत्मनिर्भर हो सकेगा और बिचौलियों के शोषण से बचकर वह अपनी फसल कहीं भी बेच सकेगा।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री व कृषि मंत्री ने विरोध करने वाले लोगों से बैठकर वार्ता करने का निमंत्रण दिया हुआ है लेकिन ये लोग जानबूझकर चुनाव की दृष्टि से आम किसानों को गुमराह कर अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा को हवा दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि आम किसान देश के अन्नदाता हैं जो आंदोलन में न पड़कर देश की सेवा करने में पूर्ण मनोयोग के साथ लगे हुए हैं।

## शिक्षकों के आशीर्वाद से फिर बनेगी भाजपा सरकार: बाबूलाल

**संवाददाता**। उरई (जालौन)




**सांस्कृतिक** राष्ट्रवाद को समर्पित भाजपा सरकार में शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिये भाजपा का शिक्षक प्रकोष्ठ अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे मनोयोग से कर रहा है और शिक्षकों की सभी समस्याओं को उचित मंच पर उठाता रहेगा। यह बात भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा. बाबूलाल तिवारी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि शिक्षक हमेशा भाजपा को प्राथमिकता देते हैं। इसलिये पूरे कानपुर क्षेत्र के शिक्षकों को भाजपा से जोड़ने के लिये मंडल संयोजकों के नेतृत्व में व्यक्तिगत संपर्क द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय सह संयोजक डा. शुवेंद्र सिंह गौर ने कहा कि मंडल के सभी महाविद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों के प्रकोष्ठ के विद्यालय प्रमुख तथा उप प्रमुख की रचना करके प्रत्येक जनपद के सात हजार शिक्षकों को भाजपा की सदस्यता दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. मयंक त्रिपाठी ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जपद के सभी 19 मंडलों से आये मंडल संयोजकों को आगामी दो माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा समझाई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज पालीवाल ने कहा कि भाजपा शिक्षक के लिये पूरी तरह से समर्पित है। जिला महासचिव भाजपा अग्निवेश चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक है। बैठक का संचालन डा. अरुणेश वाजपेयी सह जिला संयोजक ने किया।

## गाय बांधने के विवाद को लेकर मारपीट में सात घायल, अस्पताल मे भर्ती

**संवाददाता**। मौदहा (हमीरपुर)

**कोतवाली** क्षेत्र के मांचा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर आज सुबह गाय बांधने का विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमे सात लोग घायल हो गए, जिसमें एक पक्ष के अधिक लोगों के चोटें आईं जबकि दूसरे पक्ष के दो लोगों को चोटें आई।

मांचा गांव के जुम्मन अली ने बताया कि उसका पड़ोसी इरशाद अली आदि से पुरानी रंजिश चली आ रही है, जो मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

इसी मामले में राजीनामा के लिए दबाव बनाने के मकसद से इरशाद अली के साले शहादत ने दरवाजे पर बंधी गाय को वहां से हटाने का दबाव बनाया और इरशाद अली ने गाय को रस्सी से खोलकर भगा दिया, जिसका विरोध करने पर इरशाद, शरीफ, कासिम ,हयात, आरिफ, करम अली आदि ने हमला कर दिया।

## जयकारों के बीच दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित

**संवाददाता**। कोंच (जालौन)

**सात** अक्टूबर से आरंभ हुए शारदीय नवरात्रि महोत्सव में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिष्ठापित की गयीं देवी मां की प्रतिमाओं को गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एकादशी को नम आँखों के बीच विसर्जित किया गया।

रविवार को अल सुबह अलग अलग देवी पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूर्णाहुति के पश्चात आकर्षक ठंग से सजाए गये रथ पर सोलह श्रृंगार से सुसज्जित देवी प्रतिमाएं विराजित करायीं गयीं और फिर प्रशासन की ओर से नियत क्रम संख्या के हिसाब से एक साथ देवी प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा आरंभ हुई। विसर्जन यात्रा मुख्य मार्ग से होकर पुरानी स्टेट बैंक, भुजरया चौराहा, नई बस्ती, नगर पालिका, चंदकुआँ चौराहे से होती हुई धनुताल मैदान पहुंची, जहां देवी भक्तों ने नम आंखों से देवी मां के जयकारे लगाते हुए देवी प्रतिमाओं को जल में विसर्जित



किया।विसर्जन शोभायात्रा में डीजे, बैंडबाजों व ढोल नगाड़ों के बीच बज रहे मैया के गीतों पर लाल चुनरी ओढ़े महिला व पुरुष श्रद्धालु गुलाल उड़ाकर जय माता दी, अगले बर्ष मां जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए नाच रहे थे। विसर्जन यात्रा में नगर के कई स्थानों पर हलुवा पूड़ी, शरबत, फल आदि प्रसाद बांटा गया।

## चांदी बांगर पाइप लाइन पेयजल परियोजना जल्द पूरा करने के निर्देश

● **लोक निर्माण मंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण**

**संवाददाता**। चित्रकूट



**लोक** निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने रविवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद चित्रकूट में संचालित चांदी बांगर पाइप लाइन पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एडीएम नमामि गंगे, सहायक अभियंता जलनिगम, एलएंडटी के परियोजना प्रबंधक उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने सर्वप्रथम यमुना नदी के किनारे इन्टेक वेल का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह काम अभी शुरू किया गया है। मुझे बताया गया की 17 मीटर तक नीचे रिंगवाल बनाई जायेगी और इतनी ही ऊपर बनाई जायेगी। यहां से पानी पाइप लाइन द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ले जाया जायेगा। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी की सफाई की जायेगी।जमीन के नीचे नाली खोद कर बिछाई जाते हुए पाइप लाइन को देखा। गहराई ठीक है।

एलएंडटी के स्टोर में प्रयोग में लाये जाने वाले सभी छोटे बड़े पाइप को देखा। निरीक्षण के दौरान मंत्री को सामान पर्याप्त दिखाई दिया। गनीवॉ में वाटर सप्लाई टैंक का निरीक्षण किया लगभग 70 प्रतिशत कार्य हो चुका है। उपस्थित अधिकारियों एवं कम्पनी के कार्मचारियों की समीक्षा बैठक की एवं निम्नलिखित निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि दोनो पाली में काम किया जाये।

काम की गति तेज की जाये। सभी काम एक साथ किये जायें। पाइप बिछाने में सड़क से दूरी रखी जाये। पाइप लाइन लोगों आँगन तक लगाई जाये। कोई भी पुरवा एवं मजरा छूटने ना पाये। क्वलिटी मॉनीटर से निरंतर क्वालिटी चेक करने को कहा।

## फसल अवशेष जलाकर सूक्ष्म जीवों की न करें हत्या: जिलाधिकारी

**चित्रकूट**। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने किसानों से कहा है कि भूमि की उर्वरा शक्ति बढाने के बारे में किसान सोचें। फसल अवशेषों को खेतों में जलाकर सूक्ष्म जीवों की हत्या न करें। भूमि की उर्वरा शक्ति को प्रभावित न करें।

उन्होंने कहा कि पराली का प्रयोग जैविक खाद बनाने में करें। धान की पुवाल अपने नजदीकी गौशाला को दान करें, ताकि पालतू पशुओं को चारे के रुप में खिलाया जा सके। फसल अवशेष जलाकर भूमि व पर्यावरण को प्रदूषित न करें। न्यायालय के आदेशों का पालन करें। केन्द्र व राज्य सरकार किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर अनुदान दे रही है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ मिट्टी के पोषक तत्व को क्षति पहुंचती है। भूमि के बंजर होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। दो एकड तक 25 सौ रुपया दो से पांच एकड तक पराली जलाने पर पांच हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

## बांदा में शराबियों का घर में घुसकर तांडव

**संवाददाता**। बांदा

**दबंगों** के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि आए दिन किसी न किसी घटना को अंजाम देते रहते हैं। इतना ही नही दबंगों की प्रताड़ना से परेशान पीड़ित अगर अपनी फरियाद लेकर पुलिस के पास जाते हैं तो पीड़ितों पर दबाव बनाकर समझौते के लिए मजबूर किया जाता है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है, जहां पर दबंगों से परेशान पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर आईजी का दरवाजा खटखटाया। मामला बांदा जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन चौराहे का है।

जहां बीते तीन दिन पहले पड़ोस के ही रहने वाले दबंगो द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम देने का काम किया गया पीड़ितों ने बताया कि दबंग लोग हमारे घर के बाहर शराब पी रहे थे और हमारा दरवाजा खुला हुआ था जिस पर सभी शराबी दबंग घर के अंदर घुस गए और घर की महिलाओं से छेड़खानी शुरू कर दी मना करने पर मारपीट पर आमादा हो गए और घर के सभी लोगों को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया । घटना के बाद जब संबंधित चौकी में मामले की जानकारी दी तो पुलिस ने हम लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन वो दबंग इतने बेखौफ थे कि जिला अस्पताल पहुंच अपने साथियों के साथ पुलिस के सामने ही जान से मारने की धमकी देने लगे। उसके बाद अस्पताल में भी काफी देर विवाद हुआ। लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

स्थानीय चौकी में जब घटना की शिकायत की तो उनके द्वारा रिपोर्ट नही लिखी गई। उसके बाद जब कोतवाली पहुचे तो वहां पर भी दरोगा ने कोई कार्रवाई नहीं कि और पुलिस द्वारा समझौता के लिए दबाव बनाने लगे ।

## डीएम शुभ्रांत शुक्ला ने किया मेघा स्मारिका का विमोचन



**संवाददाता**। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि ग्रामोत्थान ट्रस्ट रैपुरा के सरदार पटेल इंटर कालेज में मेघा स्मारिका के अष्टम अंक का विमोचन किया। रविवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने मेघा स्मारिका के अष्टम अंक का विमोचन कर कहा कि ये समाज के उत्थान के लिए आगे बढ़कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि रैपुरा की धरती अधिकारी बनाने के लिए उपजाऊ है। यहां से तमाम लोग अधिकारी बने हैं। समाज के उत्थान के लिए सभी लोग कार्य करें। इस मौके पर ग्रामोत्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान, जनसेवा इंटर कालेज कर्वी के सेवानिवृत्त शिक्षक मइयादीन पटेल व प्रधान रैपुरा जगदीश पटेल आदि मौजूद रहे।

## नाराज पत्नी के मायके चले जाने पर युवक ने खुद को लगा ली आग

**बांदा**। कुछ दिनों पहले नाराज होकर पत्नी के मायके चले आने पर उसको लेने गए पति ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली जिससे वह पूरी तरह से झुलस गया। गंभीर हालत में ससुराल वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।इसघटना की पुष्टी पुलिसअधिकारी ने की है।

आपको बता दें कि पूरा मामला बिसंडा थाना अंतर्गत बिलगांव गांव का है। जहां की मेनका पैलानी थाना अंतर्गत शेखूपुर गांव में ब्याही थी।पति से लड़ाई झगडे के बाद वह नाराज़ होकर अपने मायके चली आई थी। राजू सिंह अपनी ससुराल बिलगांव अपनी पत्नी मेनका को लेने गया था। ससुराल वालों ने उसकी पत्नी को उसके साथ नहीं भेजा।

जिससे क्षुब्ध होकर राजू सिंह ने घर से कुछ दूर पर अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। जिससे वह पूरी तरह झुलस गया।

## अफसरों की लापरवाही, असंगठित मजदूरों का नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना**

**संवाददाता**। हमीरपुर

अफसरों की लापरवाही के चलते असंगठित क्षेत्र के गरीब मजदूरों के लिये चलायी जा रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना हवा हवाई साबित हो रही है किसी भी खंड विकास अधिकारी व नगर पालिका के ईओ ने तीन साल मे एक भी श्रमिक व संविदा कर्मी का रजिस्ट्रेशन नही कराया है। न ही श्रम प्रवर्तन विभाग को कोई सूचना दी है।

जानकारी के मुताबिक शासन ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरो फेरीवाले, रिक्शा वाले, कृषि श्रमिक, ईट भट्ठे श्रमिक, आगनवाड़ी, आशा बहू, रोजगार सेवक, मनरेगा श्रमिक समेत कई क्षेत्रो में कार्य कर रहे श्रमिकों का कैम्प लगाकर पंजीयन किया जाता है। इसके लिये शासन ने बीडीओ कुरारा को 700,बीडीओ सुमेरपुर को एक हजार, बीडीओ मुस्करा को 700, बीडीओ मुस्करा को एक हजार,बीडीओ सरीलु को 700, बीडीओ राठ को 700,गोहांड को 700,बीएसए को एक हजार, एनआरएलएम को एक हजार, डीपीओ व सीएमओ को एक एक हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया था।

इसी प्रकार ईओ नगर पालिका न नगर पंचायतों को चार सौ व सात सौ का रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया है। इस प्रकार कुल मिलाकर 15,900 रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है मगर किसी भी विभाग ने तीन साल में किसी का रजिस्ट्रेशन नही किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण तिवारी ने बताया कि 18 से चालिस साल तक के युवको का रजिस्ट्रेशन कराया जाता है,इसमे 15 हजार रुपये आय से कम हो। इसमे उम्र के अनुसार 55 रुपये से लेकर दो सौ रुपये तक का प्रीमियम हर माह जमा करना होता है। साठ साल के बाद एसे व्यक्तियो को तीन हजार रुपये पेंशन की व्यवस्था की गयी है।

मुख्य विकास अधिकारी केके बैश्य ने संबंधित अधिकारियों को 29 दिसम्बर 2020 को एक कड़ा पत्र लिखकर शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया था। मगर एक साल व्यतीत हो जाने के बाद भी किसीने इस योजना की ओर ध्यान नही दिया है। जिससे असंगठित क्षेत्र के मजदूरो को कोई लाभ नही मिल पा रहा है।

## सुमेरपुर में कल से बहेगी ज्ञान गंगा

सुमेरपुर (**हमीरपुर**)। कस्बा सुमेरपुर के उदय गार्डेन में 19 अक्टूबर से लेकर 27अक्टूबर तक राम कथा के साथ गीता कर्म योग तथा नारद भक्ति सूत्र पर प्रवचन होंगे, इसके लिऐ स्वामी रोटीराम जी के कृपा पात्र संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती, अलवर राजस्थान के संत डाक्टर मुक्तानंद पुरी तथा राम कथा वाचिका प्रज्ञा मिश्रा कानपुर से भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक राजेश सिंह ने बताया कि प्रज्ञा मिश्रा 19 से राम कथा कहेंगी। 20 अक्टूबर को स्वामी मुक्ता नंद आएंगे और गीताकर्म योग पर प्रवचन करेंगे इसी तरह स्वामी गिरीशा नंद 21 अक्तूबर को आएंगे और नारद भक्ति सूत्र पर 27 अक्टूबर तक प्रवचन करेंगे।

## बिना रायल्टी दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक

**चित्रकूट**। जिले की सड़कों पर ओवरलोड़ व बिना रायल्टी के धडल्ले से ट्रक चल रहे हैं। पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। एआरटीओ और पुलिस थानों पर अवैध वसूली कर ओवरलोड ट्रकों को निकालने का आरोप है। रविवार को पहाडी थाना क्षेत्र ओवरलोड ट्रकों का अड्डा बन चुका है। मप्र के अजयगढ से सुल्तानपुर जिले के लिए जा रहा अवैध ओवरलोड बालू ट्रक पहाडी ब्लाक के पास खराब हो गया। कई दिनों से ब्लाक के पास खड़े ट्रक पर थाना पुलिस की नजर नहीं पड़ी। चालक ने पुलिस की नजरों से बचाने को ट्रक के ऊपर तिरपाल डाल दिया। ट्रक ड्राइवर मुन्ना यादव ने बताया कि एआरटीओ से लेकर प्रत्येक थाने में हर महीने इंट्री कराई जाती है, ताकि बिना रायल्टी के बालू ढुलाई की जा सके।

## 1587 लोगों का किया गया निशुल्क उपचार

**हमीरपुर**। आज जनपद के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। इनमें जनपद के 33 ग्रामीण व दो शहरी स्वास्थ्य केंद्र शामिल थे जहां ये आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस द्वारा मिलकर किए गए। इन मेलों में 586 पुरुष, 735 महिलाओं एवम 266 बच्चो सहित कुल 1587 लोगों का निशुल्क उपचार किया गया साथ ही सभी को स्वास्थ्य पोषण आदि से संबंधित सलाह व परामर्श भी प्रदान किया गया।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कुल 63 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। कोविड हेल्प डेस्क में आए हुए 1459 लोगों में 302 का एंटीजन टेस्ट किया गया।मेले में आई सी डी एस विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन भी किया गया।मेलों का अनुश्रवण जनपद एवम ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया।

## दो ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**राठ**। कोतवाली के बहपुर गांव निवासी 35 वर्षीय जयसिंह पुत्र ठाकुरदास ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं मझगवां निवासी गोमती पत्नी अर्जुन ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खा लिया। राठ कोतवाली के बहपुर गांव निवासी शेखर पुत्र दुलीचंद्र बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला पप्पू पुत्र गनेशी, चिकासी गांव निवासी गिरजा देवी पत्नी देवेंद्र कुमार मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

## मजदूर ने फांसी लगाकर जान दी

कुरारा (**हमीरपुर**)। कुरारा थाना क्षेत्र के परसीडेरा गांव में निवासी आज अज्ञात कारणो के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक गांव का मजदूर देवसिंह(42 वर्ष) सूरत शहर में रहकर सब्जी का धंधा कर रहा था। इसके बच्चे व पत्नी गाँव मे रहते है। एक माह पूर्व वह गांव आया था। मजदूर की पत्नी जब खेत मे चारा लेने चली गयी तो बच्चों को उसने दुकान भेज दिया। तथा उसने अपने ही घर मे रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी जब चारा लेकर घर आई तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गाँव निवासी जसवंत पुत्र शालिग राम व प्रेमचंद पुत्र सोबरन को थाना पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर मुकंदमा दर्ज किया है। तथा दोनो का चालान किया गया है।

## बालू ले जाने पर लोग पुलिस से भिड़े

मौदहा (हमीरपुर)। कल कपसा मार्ग की ओर से ट्रैक्टर ट्राली से लायी जा रही अवैध बालू को ले जाने पर रोकने पर चार लोग पुलिस टीम से मारपीट पर उतारु हो गये। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को गिरफ्त में लेते हुए चांदी गांव निवासी शनी उर्फ रोहित तथा चार अन्य के खिलाफ बालू चोरी व मुजहमत का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले से सम्बंधित दारोगा लतीफ खांन व जयकरन, कांस्टेबल मनीष ने अपने चोटों का डाक्टरी परीक्षण भी अस्पताल पहुंचकर कराया है। मौदहा कोतवाल पवन कुमार पटेल ने बताया कि अवैध रूप से बालू लाने पर पुलिस ने उरदना के निकट रोका था तभी पुलिस के साथ शनी उर्फ रोहित के साथ चार अन्य अज्ञात लोगों ने मुजहमत की,जिस पर मुकदमा कायम कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## चोरी छिपे पटाखों की बिक्री जारी

**हमीरपुर**। जिले में दीपावली पर्व को देखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों में जमकर पटाखों की विक्री की जा रही है। शहरों में भी विना लाइसेंस के दुकानदार पटाखों की विक्री की जा रही है। मगर प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में कोई ध्यान नही दे रहे है। चोरी छिपे पटाखों की विक्री के चलते कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानदार कानपुर से थोक के भाव पटाखे लाकर विक्री की जा रही है। हालाकि इस मामले की जानकारी पुलिस को है मगर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। हालाकि पटाखा विस्फोट के छोटे छोटे मामले ग्रामीण क्षेत्रो में होते रहते है मगर इन हादसों पर कोई ध्यान नही दिया जाता है। जिससे कभी भी किसी समय कोई बड़ा हदसा हो सकता है।

## भामसं ने मनाया समरसता दिवस

**चित्रकूट**। भारतीय मजदूर संघ ने जीरा बढैया मानिकपुर के प्राथमिक विद्यालय में समरसता दिवस में जिलाध्यक्ष घनश्याम त्रिपाठी ने मजदूरों से कहा कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना दत्तोपंत ठेगडी ने 23 जुलाई 1955 में भोपाल में की थी। रविवार को भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि सभी मजदूरों व कर्मचारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों को देशहित की विचारधारा से जोडते हुए सबसे पहले विश्व का श्रमिक संगठन बनाया गया। पुण्यतिथि 14 अक्टूबर के मौके पर भारतीय मजदूर संघ पूरे भारत में समरसता दिवस मना रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ चलो गांव की ओर मिशन के साथ सभी कार्यक्रम ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र और मजदूरों के बीच करता है, ताकि मजदूरों को अधिक से अधिक जानकारी मिल सके।

## सर्राफा व्यापारी ने मारपीट का आरोप लगाया

**राठ**। सर्राफा व्यापारी ने कोतवाली के सिपाही पर हिस्ट्रीशीटर का साथ देने व उसके साथ कोतवाली के अंदर मारपीट करने का आरोप लगाया है। कोतवाली के टोला गांव निवासी रामनरेश पुत्र कृपाराम सोनी ने बताया कि गांव का हिस्ट्रीशीटर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसकी रिकॉर्डिंग करके वह सात अक्टूबर को कोतवाली में शिकायत करने गया था। आरोप लगाया कि उसकी शिकायत पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को कोतवाली में तो पूरी रात बैठा रखा लेकिन सुबह उसे छोड़ दिया।

## जिला श्रमजीवी प्रेस क्लब की बैठक संपन्न

उरई (**जालौन**)। रविवार को जिला श्रमजीवी प्रेस क्लब की बैठक रविवार को वरिष्ठ पत्रकार रामआसरे त्रिवेदी की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई । जिसमें प्रमुख रूप से पत्रकारों के उत्पीड़न संबंधी समस्याओं पर शिकायत प्रकोष्ठ का गठन करने पर भी सहमति व्यक्त की गयी। साथ ही नई जिला कार्यकारिणी घोषित होने के बाद नगर व ब्लाक स्तर पर भी संगठन का विस्तार करने की बात रखी गयी जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये वरिष्ठ पत्रकार अजय सोनी ने संगठन को नये सिरे से मजबूत करने के साथ-साथ ही पत्रकार साथियों से संपर्क करने पर बल दिया।

# क्षेत्र में फिर बहेगी विकास की गंगा: शिवानी



संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**नवनिर्वाचित** ब्लाक प्रमुख शिवानी सिंह का उनके निर्वाचन क्षेत्र बहरामपुर में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जनता का लगाव देखते हुए ब्लाक प्रमुख ने गांव चहुंमुखी विकास कराने का भरोसा दिया। खजूरगांव रिसायत की बहू षिवानी सिंह ने राजनीति के पहले ही कदम में सफ्लता हासिल करते हुए विरोधियों को चारो खाने चित करते हुए प्रतिष्ठित ब्लाक प्रमुख के पद पर सफ्लता हासिल की थी। बहरामपुर की जनता ने भी उन्हे निर्विरोध निर्वाचन कर उनकी प्रथम सफ्लता की सीढी तैयार कर दी थी। उनके निर्वाचन क्षेत्र में प्रथम आगमन पर ग्राम प्रधान दु:खीलाल के नेतृत्व में ग्रामीणो ने भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया। जिसमें पहुंचे भारी संख्या में ग्रामीणो ने ब्लाक प्रमुख षिवानी सिंह व उनके पति राजा दिव्याम्बर सिंह का फूल मालाओं के साथ प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वागत से अभिभूत ब्लाक प्रमुख षिवानी सिंह ने कहा कि यहां की जनता ने उन्हे जो प्यार दुलार दिया है वे उसकी सदैव आभारी रहेगी। उनके ससुर व पूर्व विधायक देवेंद्र प्रताप सिह के द्वारा कराये गये विकास कार्यो के बाद से यहां कोई काम नही हुआ है। लेकिन अब यहां पर विकास की गंगा बहाई जायेगी। ग्रामीणो की समस्याओं व आवष्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होने गांव में सोलर प्लांट, 500 मीटर खडंजा तथा 150 मीटर इंटरलाकिंग लगवाने की घोषणा की। जिसका वहां मौजूद सैकडो की संख्या में ग्रामीणो ने कर्तल ध्वनि से जोरदार स्वागत किया। बाबा राजा ने वर्तमान भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई व भ्रष्टाचार से आमजनमानस बेहाल है। आने वाले समय में सपा सरकार बनते ही विकास की रूकी डोर फ्रि चलाई जायेगी। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में क्षेत्र पंचायत सदस्य अंनत विजय सिंह के साथ समाजसेवी राजू प्रजापति की महती भूमिका रही। समारोह का सफ्ल संचालन सुरेष आर्चाय ने किया। इस मौके पर प्रधान भैरों सिंह, पवन यादव, राहुल अग्निहोत्री, षिवप्रकाष, रामनाथ, रामसिंह, रामसजीवन, रामंचद्र, षिवाकांत, अषोक कुमार, उमाकांत, इंद्रजीत, बबलू, सुर्जकरन, मनोज कुमार, ओमप्रकाष, ओमनारायण, राजेष कुमार, संजू, गंगाराम समेंत भारी संख्या में महिलायें मौजूद रही। ''गीत गोमुख है, कैलाष हैं'' का समारोहपूर्वक हुआ लोकापर्णक्रासर....बैसवारे के नामीचन विभूतियों ने कार्यक्रम की बढाई षोभा क्रासर.....डॉ एमडी सिंह की कृति पर मनीषियों ने दिया आशीर्वाद।

## करंट से झुलसा किशोर

**ऊंचाहार**(रायबरेली)। तहसील क्षेत्र के सुदामापुर गांव में खेलते वक्त करंट की चपेट में आकर एक बालक झुलस गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ्र किया गया है।शनिवार की देर शाम गांव निवासी रतीपाल का ग्यारह वर्षीय पुत्र लवकुश घर पर ही खेल रहा था, तभी खुले तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से झुलस गया, जानकारी होने पर परिजनों ने आनन फ्नन उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहाँ से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया है।

## वरिष्ठ पत्रकार की माताजी का निधन



संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**महराजगंज कस्बे** के बछरावां रोड के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडे की माताजी सुशीला देवी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया, निधन की सूचना फैलते ही नगर कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और जनप्रतिनिधियों आदि लोगों ने सुभाष पांडे के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की बताते चलें कि स्वर्गीय सुशीला देवी की उम्र 84 वर्ष की थी तथा वह नगर पंचायत महराजगंज की पूर्व में सभासद भी रह चुकी थी मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के कारण कस्बा सहित संपूर्ण क्षेत्र सुशीला देवी को बुआ के नाम से पुकार करते थे आज दिनांक 17 अक्टूबर को सुबह 8रू00 बजे अपने निजी आवास महराजगंज के बछरावां रोड पर लंबी बीमारी के चलते अंतिम सांस ली जैसे यह खबर कस्बा सहित क्षेत्र वासियों को हुई हजारों की संख्या में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया तथा सुशीला देवी का अंतिम संस्कार डलमऊ गंगा घाट पर पूरे विधि विधान के साथ किया गया शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा विधायक राम नरेश रावत पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह पूर्व विधायक रामलाल अकेला चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू चेयरमैन सरला साहू कोतवाली प्रभारी नारायण कुशवाहा उप जिलाधिकारी सविता यादव क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह पूर्व विधायक राजाराम त्यागी जगदीप वर्मा पूर्व चेयरमैन राजेश रस्तोगी अजय देवगन महाराजगंज प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह सहित हजारों की संख्या में लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# प्रतिमा विसर्जन को लेकर डीएम व एसपी ने आमघाट का किया स्थलीय निरीक्षण



घाट का निरीक्षण करते हुए डीएम व एसपी

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज मूर्ति विसर्जन को लेकर तहसील मुसाफ्रिखाना अंतर्गत आमघाट का स्थलीय निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाट तक पहुंचने का रास्ता प्रकाश और बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत घाट पर नाव व गोताखोर की व्यवस्था उपलब्ध रहे तथा घाट पर एक बार में एक ही प्रतिमा को विसर्जन की अनुमति दी जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी मुसाफ्रिखाना सुनील त्रिवेदी क्षेत्राधिकारी मुसाफ्रिखाना सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सत्कर्म और सेवाभाव ही व्यक्ति के लिए अग्रिम मार्ग प्रशस्त करता है: अजय त्रिपाठी

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**त्याग,सहयोग** और संघर्ष की पहचान स्थापित कर चुके पुर्व जिलाध्यक्ष भाजपा/सदस्य प्रदेश परिषद भाजपा उत्तर प्रदेश के पद पर आसीन अजय त्रिपाठी द्वारा विभिन्न गांव मे जनसम्पर्क कर लोगो का हालचाल जाना व केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याण कारी योजनाओ की चर्चा की.विधान सभा182 में मजबूत दावेदारी पेश करते हुए अजय त्रिपाठी के बारे में जानकारों के कथनानुसार उनका व्यक्तित्व ऐसा है जो किसी भी अपरचित व्यक्ति की मदद के लिए ऐसे खड़े होते है जैसे वो उनका बहुत पुराना मित्र हो यही आदत उन्हें बाकी के प्रत्याशियों से अलग कर देती है उनकी मिलनसार स्वभाव व अधिकारियों के बीच उनकी गहरी पैठ उनके व्यक्तित्व को स्थायित्व प्रदान करती है एक मुलाकात के दौरान विधान सभा सरेनी के प्रत्याशी पद के दावेदार अजय त्रिपाठी से मुलाकात के दौरान उनकी राजनीती के गहन विश्लेषक के विचारों को जानने का अवसर मिला अजय त्रिपाठी ने राजनीति पर अपनी बेबाक राय रखते हुए कहते है कि राजनीति के क्षेत्र में किया जाने वाला संघर्ष बिल्कुल वैसा ही है, जैसा हीरा चमकाने के लिए एक जौहरी को करना पड़ता है. इस संघर्ष के साथ ही यह आवश्यक होता है कि मन में समर्पण एवं विशुद्ध सेवा की भावना रखते हुए ही, समानता के मौलिक अधिकार को जन–जन तक पहुंचाने के लिए राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा जाए. जब भी राजनीति में एक व्यक्ति की कीमत, मात्र एक वोट के आधार पर तय होने लगती है तो राजनीति पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित हो जाती है. सामाजिक सरोकार के अपने मूल उद्देश्य से हटते ही राजनीति, मात्र वोट बटोरने का एक साधन बनकर रह जाती है जो बिल्कुल गलत है व विभाजन एवं विद्वेष करने लगती है. ऐसे में ये सेवा करने का माध्यम न रहकर, सत्ता पाने का अवसर मात्र रह जाती है. सत्ता पाने का अवसर बनते ही राजनीति, समान रूप में सभी नागरिकों को लाभ नहीं दे पाती है और इसके दुष्प्रभाव, समाज और राष्ट्र के हितों पर पड़ने लगते हैं शायद मैं ऐसा नही हूँ मेरे लिए सेवाभाव सर्वोपरि है जो करता चला आ रहा हूँ और आगे भी यथावत उसे करता रहूंगा.

## क्विक न्यूज

### लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनमानस बद से बदहाल स्थिति

**बछरावां रायबरेली।** वर्तमान परिवेश में जहां महामारी के चलते आम जनमानस को जीविका चलाने के लिए समुचित रोजगार के अवसर नहीं उपलब्ध हो पा रहे हैं वहीं दूसरी तरफसुरसा डायन की तरह मुंह फैलाए महंगाई लोगों को भुखमरी की तरफले जा रही है। आज स्थिति यह है कि लोगों को दो जून की रोटी मिल पाना मुहाल हो गया है। पेट्रोल एक लीटर की कीमत 103 रुपए व रसोई गैस की कीमत 1000 रूपए प्रति सिलेंडर हो गई है। जिससे फ्रि से लोग उपले और लकड़ियों से खाना बनाने लगे हैं रसोई गैस उनकी पहुंच से बाहर हो गया है। सरकार महंगाई पर नियंत्रण कर पाने में असफ्ल साबित हो रही है। लोगों में त्राहिमाम त्राहिमाम मचा हुआ है जहां एक तरफसारी चीजें ऑनलाइन हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफआज गरीबों को अपना घर चलाना असहज हो गया है। वहीं महंगाई अपना आगामी विधानसभा चुनाव में क्या असर दिखाती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण कैसे आम आदमी की जीविका चल पाएगी।

### मेरठ व गाजियाबाद के पहलवान के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

**जगदीशपुरअमेठी ।** दशहरे के मौके पर रामलीला समिति निहालगढ़ द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दंगल का भव्य आयोजन किया गया जिसमें जनपद व गैर जनपद सहित स्थानीय पहलवानों ने भी अपना अपना दमखम दिखाया ।जगदीशपुर रामलीला मैदान में श्री रामलीला समिति के नेतृत्व में विशाल दंगल का आयोजन किया गया जहाँ मेरठ बनारस गोरखपुर रेजीमेंट रेलवे पीएसी व रायबरेली लखनऊ गाजियाबाद अयोध्या समेत विभिन्न शहरों से आए हुए मशहूर पहलवानों ने कुश्ती दंगल में हिस्सा लिया और वहीं फ्इनल कुश्ती मेरठ के पहलवान सुनील कुमार और गाजियाबाद के धुरंधर पहलवान दिलसाद के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ जिसमें रेफ्री रमजान पहलवान द्वारा दोनों पहलवानों को बराबर घोषित कर दिया ।दंगल के समापन पर दंगल समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सोनू यज्ञसैनी व श्री रामलीला समिति अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने सभी पहलवानों को इनाम व ट्राफ्री देकर सम्मानित किया । इस मौके पर प्राचार्य मान सिंह राठौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह लल्लू सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश यज्ञसैनी पीके सिंह वीरेंद्र द्विवेदी वीरू अनीत प्रताप सिंह हनुमान दत्त तिवारी डॉक्टर कुशवाहा विजय कौशल जान मोहम्मद कैलाश तिवारी शीतला प्रसाद गुप्ता बलराम कौशल कृष्ण मुरारी कौशल सहित हजारों लोग उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम का संचालन जुककन द्वारा किया गया ।

### कलश यात्रा का आयोजन

**मुसाफ्रिखाना अमेठी।** जिले के मुसाफ्रिखाना के दादरा गाँव मे आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को हिंगलाज धाम से कलश यात्रा का आयोजन किया गयाए जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ बाबा पुरषोत्तम धाम पर मत्था टेकते हुए भददौर घाट पहुँची जहाँ शोभायात्रा के साथ वैदिक विद्वानों व आचार्यो द्वारा पूजन बड़े धूमधाम से किया गया। ।मुख्य यजमान के रूप में राम मनोहर तिवारी द्वारा विधि विधान से व्यास पीठ का पूजन किया । कार्यक्रम की देख रेख कर रहे अनुज तिवारी ने बताया कि कथा 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक चलेगी जिसमे अयोध्या धाम से पधारे आचार्य ऋषिराज पांडेय भक्तजनों को कथा का श्रावण कराएंगे। इस अवसर पर राजकुमार यादवए राजू ओझाए रवि सिंहए धर्मेंद्र सिंहए रवि तिवारीए मोहित गुप्ताए जय बहादुर यादवए रमाकांत तिवारीए भगवानए श्यामा देवीए अनंत कुमार तिवारीए सुनीताए बिभा सहित आदि मौजूद रहे।

### महाराजा कान्ह की प्रतिमा लगाए जाने के लिए हुआ भूमि पूजन



**जामों अमेठी ।** रविवार को सम्भई चौराहा स्थित श्री चतुर्भुज माध्यमिक विद्यालय में महाराजा कान्ह की प्रतिमा लगाए जाने हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। भूमि पूजन में शैलेंद्र प्रताप सिंह सदस्य विधान परिषद दादा तेजभान सिंह पूर्व विधायक चन्द्रमौलि सिंह प्रवक्ता भाजपा लाल के पी सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हपुरिया क्षत्रिय परिषद विक्रमाजीत सिंह राष्ट्रीय महामंत्री कन्हपुरिया क्षत्रिय परिषद इंद्रजीत सिंह इंद्र कुमार सिंह राजेश सिंह उमराडीह लाल शीतला शरण सिंह डॉ वीरेंद्र सिंह साहबबक्स सिंह आरपी सिंह शिवप्रसाद सिंह कुंवर रेवती रमण सिंह ज्ञान सिंह भूपेंद्र सिंह उम्मेद सिंह रघुराज प्रताप सिंह एराघवेन्द्र सिंह करन सिंह इत्यादि सैकड़ों की संख्या में कन्हपुरिया परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### विसर्जन के दौरान नहाते समय डूबे दो युवक

**पीएसी के जवान रेस्क्यू आपरेशन में जुटेए दूसरे दिन भी नही लगा सुराग.**

**श्रावस्ती।** इकौना . थाना इकौना अंतर्गत अंधरपुरवा पुल के पास शनिवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान राप्ती नदी मे नहाते समय दो युवक डूब गएए घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम इकौना व प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना मौके पर पहुंच गएए और पुलिस व पीएसी के जवानों को मोटरबोट के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में लगा दिया। लेकिन दूसरे दिन भी रेस्क्यू के दौरान डूबे युवकों का सुराग नहीं लग सका। शनिवार की देर शाम को थाना इकौना क्षेत्र के अंधरपुरवा पुल के पास राप्ती नदी में मूर्ति विसर्जन देखने आए भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम अकबरपुर निवासी 23 वर्षिय चिनकू पुत्र उदयराज व सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम चयपुरवा निवासी 28 वर्षिय तिर्लोकी यादव पुत्र दूबर राप्ती नदी में नहाने लगे इस दौरान दोनों गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। वहाँ मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी इकौना पुलिस को दीए सूचना मिलते ही एसडीएम इकौना आर पी चौधरीए सीओ महेन्द्र पाल और प्रभारी निरीक्षक इकौना योगेंद्र मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोर व ग्रामीणों ने युवकों की तलाश शुरू कर दी थोड़ी ही देर बाद पीएसी के जवान भी मोटरबोट के साथ पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिये पूरी रात रेस्क्यु ऑपरेशन जारी रहा लेकिन चौबिस घण्टे बीतने के बाद भी अभी तक नदी में डूबे दोनो युवाको का कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

# लड़या नमकीन खाने से तीसरी बच्ची की भी मौत, घटना में आया नया मोड़

संवाददाता। ऊंचाहार (रायबरेली)



**दशहरा के** दिन बाजार से खरीद कर लाई गई लईया व नमकीन खाने से गंभीर अवस्था में जिला मुख्यालय के निजी अस्पताल में भर्ती तीसरी बेटी विधि की भी रविवार की सुबह मौत हो गई है । घटना में जांच के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है । पुलिस मामले की जांच कर रही है । उधर दो बेटियों के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । ज्ञात हो कि क्षेत्र के गांव मिर्जा इनातुल्लापुर (पट्टी) निवासी नवीन कुमार सिंह दशहरा के दिन जमुनापुर बाजार से लईया , नमकीन व बिस्कुट खरीदकर लाए थे । जिसे शनिवार की सुबह उनकी बेटियों परी (9 वर्ष ) , विधि(7वर्ष ) और पीहू (5वर्ष ) ने खाया था। नाश्ते में लईया, नमकीन व बिस्कुट खाने के बाद तीनों बेटियों को उल्टियां होने लगी । जिन्हे अस्पताल ले जाया गया था। जहां पर पहले परी फ्रि पीहू की मौत हो गई थी , जबकि विधि का जिला मुख्यालय स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था । किन्तु रविवार की सुबह विधि की भी मौत हो गई । परी और पीहू के शव का शनिवार को ही पोस्ट मार्टम कराया गया था । किन्तु पोस्ट मार्टम में उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । इसलिए जांच के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है । जबकि रविवार को हुई विधि के शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है । कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि अभी तक मामले में संदेह बना हुआ है । मामले के सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है । पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का भी परीक्षण किया जा रहा है ।

**● पूरे परिवार ने खाई थी लइया तो केवल बेटियों की मौत क्यों ?**

## मैरिज लॉन इकौना में प्रशिक्षकों ने पदाधिकारियों को सिखाई बारीकियां

**श्रावस्ती।** इकौना . इकौना बाईपास स्थित भारतीय मैरिज लान मे पराक्रम कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षक प्रोण् यशपाल सिंह ने बूथ प्रबंधन और पदाधिकारियों के संगठन संरचना और कार्य बताएए और चुनाव में उसके महत्व को बतायाए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश मु यालय से आये प्रशिक्षकों ने बहुत बारीकी से विभिन्न विषय पर प्रशिक्षण दिया और अभय कांग्रेस का मंत्र दिया प्रशिक्षण में आये प्रशिक्षक और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के काले इतिहास के बारे में बताया और कहा आरएसएस और बीजेपी शुरुआत से ही जनभावना के विरोध में रही हैं जब पूरा भारत अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ आजादी के खिलाफ लड़ रहा था तब आरएसएस और उनके नेता आजादी का विरोध कर रहे थे।

# क्रिकेट लीग के लिए हुई खिलाड़ियों की नीलामी

**रायबरेली ।** क्रिकेट लीग मे खिलाड़ियों की हुई नीलामी, जलसा रिसोर्ट सिविल लाइन में सभी खिलाड़ियों की बोली लगाई गई, टूर्नामेंट सचिव धनंजय सिंह एवम आशीष त्रिपाठी के अनुसार ये क्रिकेट लीग 24 अक्टूबर से मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो रही है जिसमे कुल आठ टीम हिस्सा ले रही है इस नीलामी में सबसे महंगे बिके धनंजय सिंह रायबरेलीके 330प्वाइंट



में, गौरव पाठक इलाहाबाद के 101प्वाइंट में, अभिषेक शुक्ला एवम शिवा सोनकर रायबरेली के 100, 100प्वाइंट में, वकार हैदर रायबरेली के 94 प्वाइंट में, संजय दीक्षित एवम सोमेंद्र सिंह लखनऊ के 90 प्वाइंट में, अमन भदोरिया कानपुर के 67प्वाइंट में बिके मुदस्सिर खान इलाहाबाद के 81 प्वाइंट में बिके इस अवसर पर पूर्व क्रिकेट कोच मोहम्मद अयाज़ डॉक्टर एसएमसिंह, राजीव अग्रवाल, डॉक्टर बृजेश सिंह, उपमेंदर सिंह, सुनील सिंह भदोरिया, सुभाष महर्षि, शोभित सिंह, आशीष सिंह, राहुल सिंह, के बी सिंह, नितिन बजाज, मोहम्मद मुशीर, गौरव त्रिवेदी, आशुतोष श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव , रवि दीक्षित, प्रशांत सिंह राकेश चंदनानी आदि मौजूद रहे

# सूचना विभाग ने लगाई तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी



**अमेठी।** विकासखंड गौरीगंज के परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के सफ्लतापूर्वक 4 वर्ष 6 माह पूर्ण होने के अवसर पर जन सामान्य के अवलोकनार्थ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओंए कार्यक्रमों उपलब्धियों आदि से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई है। उक्त प्रदर्शनी में सबका.साथ सबका.विकास सबका.विश्वास एवं इरादे नेक.काम अनेक शीर्षक के अंतर्गत मुफ्त वैक्सीन मुफ्त राशन मुफ्त इलाज युवाओं को नौकरी एक्सप्रेसवे एयरपोर्ट मिशन रोजगार ओडीओपी आदि से संबंधित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उक्त प्रदर्शनी विकासखंड गौरीगंज में 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 03 दिन तक जन सामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी। उक्त जानकारी सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव ने दी।

# खराब मौसम से मुख्यमंत्री का श्रावस्ती दौरा हुआ रद

**● लखनऊ से वर्चुअल 390.45 करोड़ की कुल 87 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास**

संवाददाता। श्रावस्ती



**भिनगा मुख्यालय** भिनगा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा खराब मौसम के कारण रदद् हो गया। कार्यक्रम स्थल पर समर्थकों व जनपद भर से पहुचे लोगो को खराब मौसम के चलते मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। मु यमंत्री आगमन के तय समय के आसपास तेज तूफ्नी हवाओ के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गयी। कुछ देर बीतने के बाद मु यमंत्री का दौरा रद्द होने की जानकारी मंच के माध्यम से हुई। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद भ्रमण कार्यक्रम था जो विपरीत परिस्थियों के चलते प्रस्तावित आगमन न हो पाने के कारण मु यमंत्री ने लखनऊ से ही वर्चुअल माध्यम से जिले में 390.45 करोड़ रुपये की लागत से कुल 87 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मु यमंत्री ने अपने वर्चुअल दूरभाष माध्यम से ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुयमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आयुष्मान भारत योजना विश्वकर्मा श्रम स मान योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कराकर लाभान्वित किया। जनपद में एक साथ 390.45 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास स पन्न हुआ है। मुख्यमंत्री ने जिले में दोनो विधान सभाओं की 16561.13 लाख की लागत से 55 परियोजनाओं का लोकार्पण कियाए और 22483.58 लाख की लागत से 32 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस प्रकार मु यमंत्री ने 390.45 करोड़ की लागत की कुल 87 परियोजनाओं का लोकार्पणध्शिलान्यास किया। अपने वर्चुवल स बोधन में उन्होंने कहा कि श्रावस्ती महात्मा बुद्ध की पवित्र साधना स्थली रही है और भगवान बुद्ध ने 24 वर्षावास व्यतीत किये है। जनपद श्रावस्ती आकांक्षात्मक जनपद होने के नाते उस दृष्टि से अनेको योजनाओं को संचालित कर लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने अपने वर्चुअली संबोधन में कहा कि सरकार गरीब असहाय एवं निर्बल व्यक्तियों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। उनके सर्वागीण विकास के लिए सरकार द्वारा तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह विकास परियोजनाएं जनपदवासियों के जीवन में सुधार व समृद्धि लाएंगी। विकास ही प्रगति और समृद्धि का माध्यम बनेगा जिससे जनपद के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने स बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है उनका निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से किया जाए।

मनरेगा घोटाला

# ज्वाइन किया और कर दिया खेल!

संवाददाता। बस्ती/विक्रमजोत

- विकास भवन कर रहा बीडीओ/पीओ और लेखाकार पर भी मुकदमा दर्ज कराने का होमवर्क
- विक्रमजोत के ग्राम पूरे दिवान में हुए घोटाले का मामला
- सीडीओ और पीडी की जांच में सड़क ही नहीं मिली और हो गया भुगतान

**सरकारी** धन से अपनी भरी हुई तिजोरी को और अधिक भरने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को इतनी जल्दी रहती है, कि उन्हें इस बात की भी चिंता नहीं रहती, कि जिस लाखो के भुगतान पर वह अपना डॉगंल लगाने जा रहा है, वह काम हुआ भी यह नहीं? ऐसे घोटोलेबाजों को न तो सरकार की चिंता रहती है, और न उन्हें इस बात का डर रहता है, कि अगर उनकी चोरी पकड़ी गई तो उनका क्या होगा, और समाज में उनकी बदनामी कितनी होगी, इस तरह के लोगों को न तो नौकरी जाने और न जेल जाने का डर रहता हैं, बस इन्हें तो अधिक से अधिक लक्ष्मी बटोरने की चिंता रहती है। विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत पूरे दीवान में जिस तरह सीडीओ और पीडी की जांच में सड़कों पर फर्जी भुगतान होना मिला, उससे पता चलता है, कि बीडीओ एवं मनरेगा के पीओ न तो प्रोजेक्ट की मंजूरी देने से पहले मौके पर जाते हैं, और न डॉगंल लगाने से पहले यह देखने जाते कि काम हुआ है, या नहीं? विकास भवन जेई, प्रधान और सेक्रेटरी के लिए खिलाफ सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराने की तो तैयारी कर ही रहा है, साथ ही बीडीओ/पीओ एवं प्रथम डॉगंल लगाने वाले लेखाकार के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कराने पर होमवर्क हो रहा है। बता दें कि कुदरहा ब्लॉक में झंडा गाड़ने वाले बीडीओ संजय नायक का तबादला बड़ी मुश्किल से विक्रमजोत से 15 सितंबर 21 को हुआ। आरोप है कि रात्रि में ज्वाइन किया और 16 की सुबह भुगतान में खेल कर दिया। बकौल बीडीओ कार्य उनके कार्यकाल में नहीं कराया गया, मगर भुगतान तो इन्हीं के ही कार्यकाल में हुआ, और सबसे बड़ी खास बात पत्रावली ही गायब है। इसके लिए सीडीओ ने बीडीओ को कड़ी फटकार भी लगाई। अब सवाल उठ रहा है, कि क्यों यह कथित फर्जी भुगतान 16 सितंबर 21 को ही हुआ, क्यों नहीं यह भुगतान 13 या 14 सितंबर को हुआ?

### मुकदमा दर्ज हुआ तो रुक जाएगा प्रमोशन

**शिकायतकर्ताओं** का कहना है कि अगर इस फर्जी भुगतान के मामले में बीडीओ के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज हो गया, तो इनका प्रमोशन रुक सकता है। इसी को देखते हुए बीडीओ कभी नहीं चाहेंगे कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो, कहते हैं कि इसके लिए वे जोड़तोड़ में लगे हुए हैं, अपने आकाओं की शरण में भी जा रहे है। कहते हैं कि अगर यह अपने मकसद में कामयाब हो जाएगें तो आमजन का विश्वास सीडीओ सहित पूरी व्यवस्था पर से उठ जाएगा, और इसकी बदनामी बिना कुछ किए सीडीओ और पीडी को झेलनी पड़ सकती है।

### फर्जी भुगतान के दायरे में एक दर्जन से अधिक गाँव

**विक्रमजोत** विकास खंड क्षेत्र को लूटने में किसी ने भी कोई कसर नहीं छोड़ा, चाहे जो ब्लॉक प्रमुख या फिर बीडीओ रहा हो सभी ने खुद की तो तिजोरियां भरी ही, साथ ही कम्पूयूटर आपरेटर, लेखाकार, जेई, तकनीकी सहायक, प्रधान, रोजगार सेवक और सेक्रेटरी को भी मालामाल किया। शिकायतकर्त्ताओं की माने तो पूरे दीवान की तरह एक दर्जन से अधिक अन्य ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर जमकर फर्जी भुगतान हुआ। इन ग्राम पंचायतों की चर्चा तो आए दिन होती रहती है, मगर पूरे दीवान की तरह शिकायतकर्त्ता के पैरवी न करने और मजबूत न होने के कारण मामला जांच तक ही दफन होकर रह गया। पूरे दिवान, मेंढाए, जैतापुर, चपिलांव, विक्रमजोत गाँव में जांच टीम को शिकायतकर्त्ता गाँव तक पहुचाने में सफल रहे, लेकिन कार्यवाही का पता नहीं चला, क्योकि अधिकांश मामलों मे ब्लॉक कर्मचारी शामिल रहे। विकासखंड क्षेत्र के चपिलांव ग्राम पंचायत निवासी जगन्नाथ सिंह व धीरेंद्र सिंह के शिकायत पर विगत वर्ष सांसद हरीश द्विवेदी ने तत्कालीन डीएम आशुतोष निरंजन और सीडीओ सरनीत बोका से जांच करने को कहा, मामला 42.43 लाख के विकास कार्यों में किए गए, गोलमाल का रहा। तत्कालीन बीडीओ अनुपम कुमार मिश्र, पूर्ति निरीक्षक सत्येंद्र प्रसाद की टीम को स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा के कामों में भारी अनियमितता मिली जिसमें ब्लॉक केएडीओ पंचायत, लिपिक और कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका अहम थी। इसी दौरान पंचायत चुनाव आ गया और मामला रफा-दफा हो गया। चुनाव के बाद चपिलांव ग्राम पंचायत में यादवों के पुरवा से अनिल के चक तक 200 मीटर कच्ची सड़क, यादवों की पुरवा से नहर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य एवं बीच रोड से अनिल लाला के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य के नाम पर बिना कार्य कराए लाखों का फर्जी भुगतान करने का मामला फिर चर्चा में रहा। बता दे कि मौजूदा प्रधान के सहयोगी जिनकी गिनती जिले के बड़े ठेकेदारों में होती है, वही पूर्व प्रधान के सहयोगी पूर्व ब्लॉक प्रमुख और समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रह चुके हैं।

## आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष पर हुई डा. अनिल श्रीवास्तव की ताजपोशी

- पहली बार पूर्वांचल का कोई आईएमए का अध्यक्ष चुना गया बधाइयों का लगा तांता

संवाददाता। बस्ती


डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव

**17 साल** तक सचिव और पिछले 12 साल से आईएमए का जिलाध्यक्ष रहने वाले डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव को प्रदेश का अध्यक्ष चुना गया। यह उपलब्धि हासिल करने वाले पूर्वांचल के पहले व्यक्ति बने डा. अनिल श्रीवास्तव। लखनउ में हुए चुनाव में इन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि इनके विरोध में लड़ने वाले पांच आईएमए के पदाधिकारियों ने इनके पक्ष में नाम वापस ले लिया। अभी तक इस पद पर प्रयागराज, लखनउ, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी के आईएमए के सदस्य चुने जाते रहे हैं। गोरखपुर के डा. दिनेश कुमार सिंह प्रदेश के ज्वांट सेक्रेटरी के पद पर निर्विरोध चुने गए। कुल 21 पदाधिकारियों का चयन हुआ। जिसमें बस्ती और गोरखपुर के एक-एक पदाधिकारी शामिल हैं, अवशेष पदाधिकारी पंश्चिम जनपदों के चुने गए। नवागत प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई, उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। बताया कि आईएमए की समस्याओं को प्रदेशभर के पदाधिकारियों से वार्ताकर कर उसका निस्तारण करनी उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है। संगठन को मजबूती और गतिशील देने की दिशा में उनका प्रयास जारी रहेगा। बधाई देने वालों में प्रदेशभर के आईएमए के सदस्यों के साथ स्थानीय सचिव डा. नवीन कुमार श्रीवास्तव, डा. शशि श्रीवास्तवा, डा. अभिजात श्रीवास्तव, डा. श्वेता श्रीवास्तवा, डा. केके तिवारी, डा. रंगजी द्विवेदी, डा. पीके श्रीवास्तव, डा. प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, डा. खान, डा. अश्विनी कुमार सिंह, डा. सलीम, डा. बीपी त्रिपाठी, डा. अनिल चौधरी, डा. एमपी सिंह, डा. एसी श्रीवास्तव, डा. कल्पना श्रीवास्तवा, डा. संजय अरोरा, डा. एमके सिन्हा, डा. राकेश सिंह, डा. आभासिंह, डा. उषा सिंह, डा. दीपक श्रीवास्तव, डा. मुश्ताक अहमद खान, डा. कैप्टन एससी मिश्र, डा. रशीद अहमद खान, डा. सरफराज खान, डा. अरुण कुमार चौधरी, डा. बीके मिश्र, डा. पीके चौधरी सहित अन्य शामिल रहे। बधाई देने वालों में रोटरी क्लब मिड टाउन के अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, पेटोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम चौधरी, कायस्थ महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, कांग्रेस अध्यक्ष अंकुर वर्मा, सांसद जगदम्बिकापाल, अधिवक्ता भारत भूषण वर्मा एवं श्रीकात श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल रहे।

### इसहाक बने सपा जिला उपाध्यक्ष

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए जनपद संतकबीरनगर के बखिरा कस्बा लेडुआ महुआ निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य इसहाक अंसारी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होंने बताया कि बुनकर नेता इसहाक अंसारी शुरू से ही समाजवादी के प्रति समर्पित रहे है। पार्टी ने उनके कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य इसहाक अंसारी के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिन्तको ने उन्हें बधाई दी है।

## क्विक न्यूज

### निकासी न होने से जलभराव की समस्या

**गोंडा।** करनैलगंज नगर क्षेत्र के मोहल्ला सदर बाजार में जल निकासी की व्यवस्था न होने से मोहल्ले में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। करनैलगंज बस स्टॉप के ठीक बगल करीब 200 घरों के नाली के पानी का निकास मोहल्ले के विष्णु पाल सिंह के प्लाट पर अस्थाई रूप से कई वर्षों से निकल रहा था। अब विष्णु पाल सिंह अपने प्लाट पर मिट्टी पटाई एवं निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया। जिससे इस एरिया का क्षेत्र का नालियों का निकास का पानी अवरुद्ध हो गया। पूर्व में इस क्षेत्र के निवासियों ने नगरपालिका के चेयरमैन एवं संबंधित अधिकारियों को जल निकासी के लिए कई बार लिख कर दे चुके है। मगर प्रशासन ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया। अस्थाई जल निकासी बंद होने की वजह से पूरे सदर बाजार वार्ड नंबर 13 के दक्षिण दिशा निकट बस स्टॉप के पास रहने वाले स्थानीय निवासियों के सामने जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। मोहल्ले में जलजमाव एवं अनेकों बीमारी से पीड़ित होने की संभावना बढ़ गई है। समस्याओं को लेकर के मोहल्ले के लोगों सागर कटिहार, एके गोस्वामी, विवेक पांडेय, सौरभ राज सिंह, पेशकार सिंह, नूरजहां, रियाज आदि ने तहसील दिवस पर जिलाधिकारी से मिल कर के उन्होंने एक नाली निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें जिलाधिकारी ने नगरपालिका के ईओ को पत्र को सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही का आदेश दिया है।

### तूल पकड़ रहा शमशान भूमि कब्जे का मामला

**रूपईडीह ( गोंडा )।** रुपईडीह ब्लॉक के एक गांव में शमशान की भूमि पर शव का अतिंम संस्कार न करने देने व शमशान की भूमि पर कब्जा करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामला अब डीएम के पाले में है। करनैलगंज में जिलाधिकारी से हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा व्यक्तिगत रूप से मिलकर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने ब्लॉक रूपईडीह के ग्राम टड़वा के हिंदुओं की समस्या से अवगत कराते हुये आताताइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्रवाई किये जाने की मांग करते हुए कहा कि गांव के शमीप शमसान की भूमि है। जिसमे हिन्दू समुदाय के लोग शवों का दाह संस्कार कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व से एक समुदाय विशेष के लोग शवों को फेंकवा कर उक्त भूमि पर अपना कब्जा जमा लिया। अब हिन्दू समाज के लोगो को शवो का दाह संस्कार करने से बल पूर्वक रोंक रहे हैं और हल्का लेखपाल व आरआई दबंगों के दबाव में कार्य कर रहे हैं। न्याय हित में उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कर्रवाई किया जाना नितांत आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यदि तत्काल मुकदमा करवा कर कार्रवाई नही की गई। तो हिन्दू समाज पार्टी जनता के सहयोग से आंदोलन करने के लिये विवश हो जायेगी। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने बताया कि एसडीएम सदर व सीओ सदर को प्रकरण की जांचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### जाबकार्ड धारक श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

**गोंडा।** विकास खंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत कादीपुर में जाबकार्ड धारक श्रमिकों ने रविवार को कोटवा बाबा स्थान पर एकत्र होकर प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी किया। श्रमिकों ने बताया कि सभी का जाबकार्ड बना है, फिर भी वर्षों से काम नही मिल रहा है। जिससे आर्थिक स्थित काफी खराब हो चुकी है। पारसनाथ वर्मा, हसन, गुलाब, रमेश, नान बाबू सहित अन्य श्रमिकों ने बताया कि जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से पत्र देकर दो सप्ताह के अंदर काम दिलाने की मांग की गई है। निर्धारित समयावधि में यदि काम नही मिला तो गांव से पलायन करने के लिये विवश होना पड़ेगा। खंड विकास अधिकारी अतुल सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है फिर भी समस्या गम्भीर है।

## डीएम का आदेश बेअसर, अभी नहीं दर्ज हुआ कब्जाधारियों पर मुकदमा

**बस्ती।** अधिवक्ता सर्वेशचंद्र दूबे सामुदायिक शौचालय की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफकार्रवाई करने और वहां पर शौचालय का निर्माण कराने को लेकर पिछले कई माह से व्यवस्था से लड़ाई लड़ रहें है। कब्जाधारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी डीएम से करवा चुके है। सीडीओ बीडीओ सदर को केस दर्ज करने का आदेश भी दे चुके हैं, बावजूद न तो केस दर्ज हुआ और न शौचालय का निर्माण ही हुआ, जब कि तहसील दिवस में दिए गए आवदेन पर डीपीआरओ ने यह लिखकर मामले को निक्षेपित करने की अपील की, कि शौचालय निर्माण कराने के आदेश दिए जा चुके है। अधिवक्ता का कहना है, आखिर डीएम और सीडीओ के आदेश का क्या मतलब? कहते हैं कि यही कारण है कि कब्जेदारों के खिलाफकोई आवाज उठाने वाला सामने नहीं आता, और जिसके चलते सरकारी संपत्तियों पर कब्जे की घटनाएं बढ़ती जा रही है। बताया कि एसडीएम सदर की ओर से हाईकोर्ट में निर्माण होने की जानकारी लिखकर दी गई। मजबूर होकर अधिवक्ता ने कमिश्नर के यहां गुहार लगाई है। कमिश्नर को दिए गए पत्र में कहा गया है कि तहसील की ओर से गांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए नवीन परती की भूमि गाटा संख्या-55 पैमाइश करके एलाट किया। नींव की खुदाई भी होने लगी, मगर कब्जेदारों के प्रभाव में आकर निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया। इस पर धान की रोपाई भी कब्जेदारों की गई, ताकि साक्ष्य को मिटाया जा सके।

## मगहर में डायरिया का प्रकोप मेडिकल टीम ने संभाला मोर्चा

**संतकबीरनगर।** मगहर के विभिन्न मोहल्लों में डायरिया की बीमारी फैल गई है। कई घरो के परिवार के सदस्य डायरिया की चपेट में आ गये है। शुक्रवार की देर शाम से जब बीमारी कई मोहल्लो में फैली तो रात्रि से ही मेडिकल टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। नगर पंचायत मगहर के तिवारी टोला, काजीपुर, धोबी टोला, कसाई टोला, इस्लामनगर सहित अन्य मोहल्लो में डायरिया की बीमारी फैली है। स्वास्थ्य प्रशासन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीमारी का कारण प्रथम दृष्टया दूषित जल पीने व साफ-सफाई की कमी होने के कारण हुआ है। बीमारी नियन्त्रण में है। सभी मरीजो को त्वरित प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा अपनी पूरी टीम के साथ मोहल्लावासियों के सहयोग/सेवा में लगी हुई है। विशेष स्तर पर इन वार्डो में साफ-सफाई अभियान, दवा छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि ऐसे घड़ी में सभी को सहयोग करना चाहिए।

### छापेमारी में 956 बोरी खाद्यान्न बरामद, एफआईआर दर्ज

**गोंडा।** सरकारी खाद्यान्न को नियत स्थान पर उतारने के बजाय अन्यत्र उतारे जाने की सूचना पर डीएम के आदेश पर ट्रान्सपोर्टर, सम्बन्धित प्रभारी तथा राइस मिलर नारायण इन्डस्ट्रीज के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। शनिवार देर रात डीएम को सूचना मिली कि गोण्डा एफसीआई गोदाम से बेलसर गोदाम के लिए खाद्यान्न लेकर निकली ट्रक गोदाम पर न जाकर एक निजी राइस मिल पर खड़ी है और सरकारी गल्ला वहीं उतारा जा रहा है। सूचना पर डीएम ने तत्काल एसडीएम तरबगंज, डीएसओ तथा प्रभारी डिप्टी आरएमओ को कार्यवाही के आदेश दिए। सूचना पर तरबगंज के एसडीएम कुलदीप सिंह, डीएसओ तथा प्रभारी डिप्टी आरएमओ, प्रभारी निरीक्षक तरबगंज व चौकी इंचार्ज रगड़गंज जयहरी मिश्र ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बेलसर बाजार कस्बे में परसपुर रोड पर स्थित नारायण इंडस्ट्रीज पर ट्रक से उतर रहे सरकारी खाद्यान्न को बरामद किया।

## डीएम का आदेश, मेडिकल स्टोरों पर छापे

संवाददाता। गोंडा


मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी करते नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता पायनियर

**डीएम** मार्कण्डेय शाही के निर्देश शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता की अगुवाई में नगर क्षेत्र में चिकित्सकों व अभिहित अधिकारी की टीम द्वारा मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की गई। जिसमें मेडिकल एवं फार्मेसी की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, सीसीटीवी फुटेज, लाइसेन्सों का आधार लिंकेज, मेडिलक स्टोर में उपलब्ध दवाओं का सत्यापन एवं निरीक्षण के साथ लाइसेन्सों के नवीनीकरण की जांच की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला अस्पताल के सामने व महिला के सामने व आस-पास की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें अभिहित अधिकारी, चिकित्साधिकारी तथा ड्रग इंस्पेक्टर ने अपने विभाग से सम्बन्धित जांच वाले बिन्दुओं की पड़ताल की। उन्होंने बताया कि कई दुकानों पर फार्मासिस्ट नहीं मिले। इसके लिए सम्बन्धित दुकानदारों को औषधि विभाग की ओर से नोटिस जारी की जा रही है। कुछ दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे अभी नहीं स्थापित किए गए हैं, जबकि कुछ जगहों पर सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से क्रियाशील नहीं मिले। खामियों वाले सभी दुकानदारों को एक सप्ताह की मोहलत देते हुए सभी कमियों को दूर कराने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा सभी मेडिकल व फार्मेसी की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा लाइसेन्सों का रिन्युअल अतिशीघ्र कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण जारी रहेगें। उन्होंने मेडिकल स्टोर मालिकों से अपील की है कि अपनी-अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवा लें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम और एसपी ने मरीजों का लिया हाल, दिए निर्देश

- डायरिया के वार्ड में भर्ती मरीजों से मिले

संवाददाता। संतकबीरनगर


वार्ड में जायजा लेती जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने रविवार को मगहर व जिला अस्पताल में पहुॅचकर डायरिया से पीड़ित मरीजो व परिजनो से भेंट करते हुए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मोहन झा, सीएमएस डॉ0 ओ0पी0 चतुर्वेदी सहित मेडिकल टीम उपस्थित रही। मगहर कस्बा के कई मुहल्लो में डायरिया का प्रकोप फैलने के बाद स्वास्थ्य प्रशासन सक्रियता के साथ नियन्त्रण कर लिया है। स्वास्थ्य प्रशासन मगहर में एक मेडिकल की टीम/काउन्टर लगा दिया गया है। मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण भी हो रहा है। नगर पंचायत मगहर मोहल्लेवासियों को जागरूक कर रहे है कि पानी को उबालकर पिये तथा क्लोरीन की गोली वितरित की गई। मोहल्लो में साफ-सफाई पर विशेष नगर पंचायत मगहर के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्ववित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह भी मगहर व जिला अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण किये।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कल्पित हास्पिटल का किया शुभारम्भ

- सभी सुविधाएं उपलब्ध है इस हास्पिटल में : जय प्रताप सिंह

संवाददाता। संतकबीरनगर



**प्रदेश** सरकार के कैबिनेट मंत्री/स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने रविवार को खलीलाबाद शहर के गायत्री मंदिर रोड स्थित नवनिर्मित कल्पित हास्पिटल का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पर 3 मंजिले में बने हास्पिटल का अवलोकन किया। उन्होंने संचालक सहित सभ्रान्त नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि जनहित में यह अच्छा प्रयास किया गया है। अस्पताल में मरीजो के लिए सभी सुविधाए उपलब्ध है। स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद संतकबीरनगर के मरीजो को अब बड़े शहरो जैसी स्वास्थ्य सुविधा उनके जनपद में भी उपलब्ध प्राइवेट सर्किल में हो गया है। इस अवसर पर शहर के सभ्रान्त प्रतिष्ठित नागरिक सहित चिकित्सक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीराम चौहान, मेंहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल, डॉ0 अनिल सिंह, डॉ0 सोनी सिंह, हनी सिंह, रो0 रामकुमार सिंह, डॉ0 दिग्विजय नारायण पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा, डॉ0 आलोक सिन्हा, डॉ0 संदीप राय, डॉ0 शिवानन्द, डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख खलीलाबाद मनोज राय, सतवन्दिर पाल जज्जी, विवेक रूगंटा, शैंकी सिंह, प्रीत पाल सिंह, अखिलेन्द्र सिंह, वैशाली कुमार छापड़िया, मारूति नन्दन पाण्डेय, श्रीप्रकाश नारायण सिंह, पवन छापड़िया, सुधाशु सिंह, अमर राय, मुन्नु पाल सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## दवाओं के कृत्रिम अभाव में दम तोड़ते रहे 'कोरोना' मरीज

संवाददाता। बस्ती

- मरीजों को दवा उपलब्ध कराने की बजाए उसे एक्सपायर होने दिया
- लाखों की दवाओं के एक्सपायर होने के जिम्मेदारों पर उठी कठोर कार्रवाई की मांग
- चीफ फार्मासिस्ट दवा स्टोर आरएन सिंह, नोडल डा. रामप्रकाश और एसआईसी डा. आलोक वर्मा को माना जा रहा इसका जिम्मेदार


स्टोर में फेंकी गई मंहगी एक्सपायर इन्हेलर पायनियर

**..जरा** याद कीजिए कोरोना के दौरान गरीब मरीज किस तरह सांस फूलने की दवा इन्हेलर और सारबोटामाल के लिए पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पताल में परेशान और हैरान रहते थे, खुले बाजार में दवाएं उपलब्ध न होने और मंहगी होने के कारण कई मरीजों ने दम तोड़ दिया था। पीएचसी और सीएचसी के प्रभारी इन दोनों दवाओं की डिमांड निरंतर भेजते रहे, मगर उन्हें उपलब्ध न कराकर या तो दवाएं बाजार मेकं बेच दी जाती थी, या फिर उन्हे एक्सपार होने के लिए स्टोर में छोड़ दिया जाता था। मगर मरीजों को उपलब्ध नहीं कराया जाता था, जीवन रक्षक दवाओं की कालाबाजारी के मामले में कई बार अस्पतालों के जिम्मेदारों पर खुलेआम आरोप लग चुका है। हाल ही में जब जिले के नोडल अधिकारी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था, तो उन्होंने एक्सपायरी दवाओं को पकड़ा था, और वार्निगं देकर गए थे, कि अगर दवाएं एक्सपायर हुई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहना। इस वार्निंग के बाद लगने लगा था, कि अब दवाएं बर्बाद नहीं होगी, और न एक्सपायर ही होगा। मगर, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, बल्कि नोडल अधिकारी के जाने के बाद जिला अस्पताल में दो बार लाखों रुपये के एक्सपायर दवाओं को कूड़े में फेंकने का खुलासा हो चुका है। एक बार तो अस्पताल के बाहर ही फेंक दिया था, और एक दिन पहले तो स्टोर के भीतर ही इन्हेलर और सारबोटामाल का एक दर्जन से अधिक बाक्स में रखी एक्सपायर दवाएं स्टोर के भीतर जमीन पर बिखरा पड़ा मिला। जिला अस्पताल की व्यवस्था में सुधार होने के बजाए और बिगड़ता जा रहा है। मरीजों को दवा नहीं मिल रही है, मरीज देखने के लिए डाक्टरों को फीस देना पड़ता है, किसी भी आपरेशन के नाम पर भारी पैसे मांगे जाते है। आर्थो के आपरेशन में इम्पलांट के नाम पर मरीजो को आपरेशन में लगने वाला सामान डाक्टर डर दिखाकर भारी कीमत लेकर बेच रहे है। दो-दो विधायक कई बार शिकायत पर अस्पताल का दौरा कर चुके हैं, बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा हो, अब तो विधायकगण भी परेशान हो चुके हैं, उनकी समझ में ही नहीं आ रहा है, अब क्या कर दिया जाए कि अस्पताल में सुधार हो और मरीजों का इलाज हो सके। हालही में जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह से एक स्वर में पत्रकारों ने एसआईसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी, मंत्री ने डीएम को हटाने का आदेश भी दिया था, मगर अभी तक कोई कोई कार्रवाई हुई, अलबत्ता गड़बड़ी और अधिक होने की शिकायतें आनी शुरु हो गई। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीश सिंह कहते हैं कि ऐसा लगता है, कि एसआईसी के सामने पूरा प्रशासन लाचार नजर आ रहा है।

# जतिंदर और इल्यास के नाबाद अर्द्धशतक, ओमान 10 विकेट से जीता

टी-20 विश्व कप

**भाषा।** अल अमेरात




**ओमान** ने घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए रविवार को यहां जतिंदर सिंह (नाबाद 73) और आकिब इल्यास (नाबाद 50) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के पहले मैच में पापुआ न्यू गिनी को 10 विकेट से हराकर दो अंक हासिल किए। पापुआ न्यू गिनी ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद कप्तान असद वला की 56 रन की अर्धशतकीय पारी की मदद से नौ विकेट पर 129 रन का स्कोर बनाया।

ओमान ने जतिंदर और इल्यास के दबदबे से बनी 85 गेंद की अटूट साझेदारी से 13.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 131 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस तरह से ओमान पुरूषों के टी20 विश्व कप में 10 विकेट से जीत दर्ज करने वाली तीसरी टीम बन गई। इससे पहले आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने यह कारनामा किया था। ओमान के लिए पुरूष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। पंजाब में जन्में जतिंदर इस भागीदारी में आक्रामक रहे जिन्होंने छोटे मैदान का पूरा फायदा उठाया और छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 73 रन की पारी के लिए 42 गेंद खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। इल्यास ने 43 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से नाबाद 50 रन बनाए। पापुआ न्यू गिनी ने इन दोनों के बीच भागीदारी को तोड़ने के लिए सात गेंदबाजों को लगाया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इससे पहले ओमान के कप्तान जीशान मकसूद ने अपनी स्पिन से कमाल करते हुए चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके जिसमें एक ही ओवर में तीन खिलाड़ियों को पवेलियन भेजना भी शामिल रहा। इससे वह मैन ऑफ द मैच रहे। ओमान के लिए बिलाल खान और कलीमुल्लाह ने गेंदबाजी से शानदार शुरूआत कराकर दो दो विकेट चटकाए। टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रही पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के लिए वला की पारी (43 गेंद में चार चौके और तीन छक्के) के अलावा केवल दो अन्य खिलाड़ी ही दहाई का स्कोर बना सके। चार्ल्स अमिनी ने 37 और सेसे बाऊने 13 रन का योगदान दिया। पीएनजी की शुरूआत काफी खराब रही जिसने 11 गेंद में एक भी रन जोड़े बिना दोनों सलामी बल्लेबाज टोनी उरा और लेगा सियाका के विकेट गंवा दिए थे। बिलाल खान ने पारी का पहला ओवर मेडन डालकर एक विकेट झटका। दूसरे ओवर में कलीमुल्लाह ने पीएनजी को दूसरा झटका दिया और अंतिम गेंद पर एक रन लेकर पीएनजी ने पारी का पहला रन बनाया। फिर कप्तान वला और अमिनी (26 गेंद, चार चौके और एक छक्का) ने संभलकर खेलते हुए छठे ओवर में सबसे ज्यादा 14 रन जुटाकर पॉवरप्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाने में मदद की। दोनों मिलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर की ओर बढ़ा रहे थे, पर दोनों के आउट होने के बाद उनकी यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। मोहम्मद नदीम ने 12वें ओवर में शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और अमिनी को रन आउट कर दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 81 रन की साझेदारी का अंत किया। वला ने अगले ओवर में मकसूद पर लगातार एक चौका और एक छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। वला अपनी टीम को अच्छे स्कोर तक ले जा रहे थे कि 15वें ओवर में कलीमुल्लाह ने उनका विकेट झटक लिया। जतिंदर सिंह ने लांग आन से भागते हुए यह कैच लपका। इस तरह वला की 43 गेंद की पारी समाप्त हुई। सेसे बाऊ (13) ने कलीमुल्लाह की अंतिम दो गेंद पर दो चौके लगाकर 10 रन जोड़े। ओमान के कप्तान जीशान मकसूद ने फिर 16वें ओवर में तीन विकेट झटककर अपनी टीम को वापसी कराई। उन्होंने अपने इस दूसरे ही ओवर में नोरमान वनुआ, सेसे बाऊ और किपलिन डोरिगा को आउट किया। उन्होंने अपना चौथा विकेट डेमियन रावू को आउट कर लिया।

## ग्रीव्स ने स्कॉटलैंड को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया

● स्कॉटलैंड के नौ विकेट पर 140 रन

**भाषा।** अल अमेरात (ओमान)



**अपना** दूसरा मैच खेल रहे क्रिस ग्रीव्स की तूफानी पारी से स्कॉटलैंड ने बीच में आठ रन के अंदर पांच विकेट गंवाने के मुश्किल दौर से उबरकर बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में रविवार को यहां नौ विकेट पर 140 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज जार्ज मंजी के 29 रन के बावजूद स्कॉटलैंड एक समय छह विकेट पर 53 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था लेकिन ग्रीव्स (28 गेंदों पर 45 रन, चार चौके, दो छक्के) ने मार्क वाट (17 गेंदों पर 22 रन) के साथ 51 रन की साझेदारी की।

बांग्लादेश की तरफ से स्पिनर मेहदी हसन ने 19 रन देकर तीन जबकि शाकिब अल हसन (17 रन देकर दो) और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान (32 रन देकर दो) ने दो-दो विकेट लिए। बांग्लादेश के अनुभवी स्पिनरों के सामने स्कॉटलैंड का शीर्ष और मध्यक्रम बिखर गया।तेज गेंदबाज मोहम्मद सैफुद्दीन ने कप्तान काइल कोएत्जर को बोल्ड करके पहला विकेट दिलाया। मंजी ने इसके बाद कुछ आकर्षक शॉट लगाए जिसमें तास्किन अहमद और मुस्ताफिजुर पर लगाए गए छक्के शामिल हैं। स्कॉटलैंड का स्कोर पावरप्ले तक स्कोर एक विकेट पर 39 रन था और वह अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन इसके बाद स्पिनरों ने गेंद संभाली और फिर पूरी कहानी बदल गई। स्कॉटलैंड ने आठ रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। शाकिब ने दबाव बनाया तो मेहदी ने अपने पहले ओवर में ही मैथ्यू क्रास (11) को पगबाधा आउट करने के बाद मंजी को बोल्ड कर दिया।

### सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने शाकिब

**अल अमेरात (ओमान)।** बांग्लादेश के आल राउंडर शाकिब अल हसन रविवार को टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले खिलाड़ी बन गए, उन्होंने यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच के दौरान लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा। बांग्लादेश के महान क्रिकेटर शाकिब ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए और इस दौरान श्रीलंका के महान गेंदबाज मलिंगा को पीछे छोड़ा जिनके नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 107 विकेट थे। शाकिब के अब 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 108 विकेट हैं और वह एकमात्र क्रिकेटर हैं जिनके नाम इस प्रारूप में 100 से ज्यादा विकेट और 1000 से ज्यादा रन हैं। मैच के दौरान उन्होंने रिचर्ड बैरिंगटन को आउट कर मलिंगा की बराबरी की और फिर माइकल लीस्क का विकेट लेकर उनसे आगे निकल गए। न्यूजीलैंड के टिम साउदी इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं जिनके नाम 99 विकेट हैं।

## पूर्व चैंपियन श्रीलंका की भिड़ंत नामीबिया से

**अबु धाबी।** बदलाव के दौर से गुजर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका सोमवार को यहां क्वालीफायर में नामीबिया को हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। श्रीलंका ने 2014 में टी-20 विश्व कप जीता था लेकिन इसके अगले साल से उसके शीर्ष खिलाड़ियों ने संन्यास लेना शुरू कर दिया और उनके विकल्प टीम में उनकी जगह को भरने में नाकाम रहे। कुमार संगकारा, महेला जयवर्धने, तिलकरत्ने दिलशान, रंगना हेराथ, लसिथ मलिंगा, नुवान कुलशेखरा और तिसारा परेरा 2014 के बाद संन्यास लेने वाले मुख्य खिलाड़ी हैं। खराब प्रदर्शन के कारण श्रीलंका की रैंकिंग में गिरावट आई जिसके कारण उसे सुपर 12 चरण में सीधे प्रवेश की जगह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के पहले दौर में हिस्सा लेना पड़ रहा है। शीर्ष खिलाड़ियों के संन्यास के अलावा श्रीलंका को इंग्लैंड में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के उल्लंघन के कारण निरोशन डिकवेला, कुसाल मेंडिस और दनुष्का गुनतिलका जैसे खिलाड़ियों के एक साल के निलंबन से भी जूझना पड़ रहा है।

**टीम**

**नामीबिया:** गेरहार्ड इरासमस (कप्तान), स्टीफन बार्ड, कार्ल बिरकेनस्टॉ, मिचौ डू प्रीज, जेन फ्रीलिंक, जेन ग्रीन, निकोल लोफी-ईटन, बर्नार्ड सोल्ट्ज़, बेन शिकोंगो, जेजे स्मिट, रूबेन ट्रम्पेलमैन, माइकल वैन लिंगेन, डेविड वाइसी, क्रेग विलियम्स और पिक्की ए फ्रांस।

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल जनित परेरा, दिनेश चांदीमल, धनंजय डिसिल्वा, पथुम निसंका, चरिथ असालंका, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे, चमिका करुणारत्ने, वानिन्दु हसारंगा, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरु कुमारा, महेश थेकशाना और बिनुरा फर्नांडो।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

## आयरलैंड के सामने टी-20 विश्व कप के पहले मैच में नीदरलैंड की मुश्किल चुनौती

**अल अमेरात (ओमान)।** बड़े टूर्नामेंटों में कई बार बड़ी टीमों के खिलाफ उलटफेर कर चुकी आयरलैंड के सामने टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में सोमवार को नीदरलैंड की चुनौती होगी। ग्रुप ए का यह मुकाबला काफी अहम होगा क्योंकि दोनों टीमें सुपर 12 चरण में जगह बनाने की दावेदार हैं। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में हालांकि आंकड़े नीदरलैंड के पक्ष में है, जिसने आयरलैंड के खिलाफ 12 टी20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। नीदरलैंड की टीम हालिया एकदिवसीय श्रृंखला में भी आयरलैंड पर भारी पड़ी थी। आयरलैंड ने पाकिस्तान (2007), इंग्लैंड (2011), वेस्टइंडीज (2015) और जिम्बाब्वे (2015), और बांग्लादेश (2009 टी20 विश्व कप) के खिलाफ विश्व कप में जीत दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेहतर टीम के रूप में स्थापित होने के बाद ए दोनों टीमें टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचने की दावेदार है। आयरलैंड ने 2009 में टी20 विश्व कप के दूसरे दौर में पहुंचकर कई लोगों को चौंका दिया था।

**टीम**

**नीदरलैंड:** पीटर सीलार (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, फिलिप बोइसेवेन, बेन कूपर, बास डी लीडे, स्कॉट एडवर्ड्स, ब्रैंडन ग्लोवर, फ्रेड क्लासेन, स्टीफन मायबर्ग, मैक्स ओ डॉड, रियान टेन डोइशे, लोगान वैन बीक, टिम वान डेर गुग्टेन, रूलोफ वैन डेर मेर्वे और पॉल वैन मीकेरेन।

**आयरलैंड:** गैरी विल्सन (कप्तान), मार्क एडायर, एंडी बालबर्नी, डेविड डेलानी, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, शेन गेटकेट, केविन ओ ब्रायन, बॉयड रैनकिन, सिमी सिंह, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, स्टुअर्ट थॉम्पसन, लोर्कन टकर और क्रेग यंग।

**भारतीय समयानुसार 15:30 बजे से शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### लियोन ने मोनाको को हराया, लिली हारा

**पेरिस।** फारवर्ड तोको एकाम्बी और सेंट्रल डिफेंडर जेसन डेनायर के गोलों की बदौलत लियोन फ्रेंच फुटबॉल लीग में मोनाको को 2-0 से हराकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया। एकाम्बी ने 75वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा जबकि डेनायर ने 90वें मिनट में लुकास पेक्वेटा के क्रॉस को गोल में पहुंचाकर लियोन की जीत सुनिश्चित की। दिन के एक अन्य मैच में गत चैंपियन लिली को क्लेरमोंट के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी और टीम नौवें स्थान पर चल रही है। मैच का एकमात्र गोल 32वें मिनट में विटाल एनसिम्बा ने दागा।

### मालोर्का को हराकर सोसीदाद ला लीगा में शीर्ष पर

**बार्सीलोना।** रीयाल सोसीदाद ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैच के अंतिम लम्हो में 21 साल के जुलेन लोबेते के गोल की बदौलत मालोर्का को 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में तीन अंक की बढ़त बना ली। स्थानापन्न खिलाड़ी लोबेते डेढ़ साल से अधिक समय में पहली बार खचाखच भरे एनोएता स्टेडियम में दर्शकों के चहेते बन गए जब उन्होंने 90वें मिनट में विजई गोल दागकर सोसीदाद को ला लीगा के शीर्ष पर पहुंचा दिया। लोबेतो को 66वें मिनट में मैदान पर उतारा गया था क्योंकि टीम गोल करने के मौके नही बना पा रही थी। मौजूदा सत्र में सोसीदाद ने अब तक सिर्फ एक मुकाबला गंवाया है जब उसे अगस्त में बार्सीलोना के खिलाफ अपने पहले मैच में शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### चीन ने जापान को हराकर उबेर कप जीता



**आरहस।** चीन ने शनिवार को यहां फाइनल में गत चैंपियन जापान को 3-1 से हराकर उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। कुछ मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेल रहे जापान ने कड़ी टक्कर दी लेकिन चीन की टीम दबदबा बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। चीन ने 15वी बार उबेर कप का खिताब जीता है। चेन किंग चेन और जिया ई फान ने युगल मुकाबले में जापान की जोड़ी को हराया जो उबेर कप के इतिहास का सबसे लंबा मुकाबला रहा। दूसरे युगल मुकाबले में चीन की जोड़ी ने चार गेम प्वाइंट बचाते हुए मैच जीतकर खिताब अपनी टीम की झोली में डाला जिसके बाद तीसरे एकल मुकाबले की जरूरत नही पड़ी। चीन ने दोनों युगल मुकाबले और एक एकल मुकाबला जीता जबकि एक एकल मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### लाजियो ने इंटर मिलान को हराया

**रोम।** लाजियो ने विवादास्पद गोल सहित तीन गोल दागकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में इंटर मिलान को 3-1 से हराया जो मौजूदा सत्र में टीम की पहली हार है। फेलिप एंडरसन ने 81वें मिनट में लाजियो को 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई जब चोट के कारण इंटर के फुलबैक फेडेरिको डिमार्को मैदान पर गिरे हुए थे। शनिवार को हुए मुकाबले में इस गोल से इंटर की टीम नाराज हो गई लेकिन नियमो के अनुसार रैफरी को गंभीर चोट के जोखिम की स्थिति में ही खेल रोकना चाहिए और शनिवार को ऐसा कुछ नही था। इंटर के खिलाड़ियो ने लाजियो के खिलाड़ियों से गेंद को खेल से बाहर करने को कहा लेकिन एंडरसन ने काइरो इमोबाइल के शॉट पर रिबाउंड होकर आई गेंद को गोल में पहुंचा दिया।

## नीरज ने कांगो के मुक्केबाज के खिलाफ नॉकआउट जीत दर्ज की

**दुबई (भाषा)।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने सुपर बॉक्सिंग लीग की क्रिप्टो फाइट नाइट में यहां कांगो के बेबे रिको त्शिबांगु के खिलाफ नॉकआउट जीत दर्ज की। ब्रिटेन के दिग्गज पेशेवर मुक्केबाज आमिर खान समर्थित इस प्रतियोगिता में शनिवार रात को गोयत ने अपने मुकाबले के तीसरे दौर में ही जीत दर्ज कर ली। इस जीत से वेल्टरवेट (63-67 किग्रा भारवर्ग) में पिछले तीन साल से नीरज के अजेय रहने का क्रम जारी है। गोयत ने इस जीत के बाद एक बार फिर से आमिर खान को मुकाबले के लिए चुनौती दी। पाकिस्तानी मूल के आमिर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई साफ जवाब नहीं दिया। ओलंपिक पदक विजेता आमिर ने कहा, मीडिया और प्रशंसकों में इसकी चर्चा हो रही है। जब ऐसा होगा तो उनके लिए निश्चित रूप से रोमांचक होगा क्योंकि उनके अनुसार यह सबसे अधिक दिलचस्प मुकाबला होगा।




## एशेज में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर लगातार दबाव बनाना जरूरी: ब्रॉड

**भाषा।** लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि इस साल के आखिर में एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गति से गेंदबाजी नहीं बल्कि लगातार दबाव बनाए रखना उनकी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोहनी की चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं तो वही ओली स्टोन पीठ दर्द की समस्या से परेशान हैं। ऐसे में अनुभवी जेम्स एंडरसन गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे जिसमें मार्क वुड के रूप में सिर्फ एकमात्र गेंदबाज होगा जो लगातार 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता है। ब्रॉड को चोट से उबरने के बाद कोच क्रिस सिल्वरवुड की 17 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए इंग्लैंड के पास मुख्य योजना के अलावा दूसरी योजना भी है।

द टेलीग्राफ के मुताबिक ब्रॉड ने कहा, मैं काफी अध्ययन कर रहा हूं और यह परखने की कोशिश कर रहा हूं कि पिछले छह वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में दाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ विकेट की दोनों ओर से गेंदबाजी पर बल्लेबाज कैसे आउट हुए हैं। उन्होंने कहा, हम अक्सर इंग्लैंड में बहुत तेज गति के बारे में बात करते हैं, लेकिन मैं जो महसूस कर रहा हूं वह उसके बारे में नहीं है। यह सही लाइन-लेंथ से गेंदबाजी के बारे में है। यह (ग्लेन) मैकग्रा जैसा है जो लंबे समय तक गेंदबाजी करते रहे। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में काइल एबॉट और (वर्नोन) फिलेंडर (दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज) का शानदार रिकॉर्ड हैं। वे स्टंप पर गेंदबाजी करते थे। इसी तरह आपको ऑस्ट्रेलिया में सफलता मिलती है। इसलिए मैं ज्यादा चिंतित नहीं हूं।

## हार्दिक अभ्यास मैचों में गेंदबाजी करते हैं तभी टीम में चयन होना चाहिए: गंभीर

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि हरफनमौला हार्दिक पंड्या टी20 विश्व कप में विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम की अंतिम एकादश का हिस्सा तभी हो सकते हैं जब वह अभ्यास मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने में सक्षम हों। पंड्या की 2019 में पीठ की सर्जरी हुई थी जिसके बाद से वह भारत और अपनी आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस के लिए नियमित रूप से गेंदबाजी नहीं कर रहे है। हार्दिक को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्ईय टीम में बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में चुना गया था, लेकिन जैसे-जैसे यह स्पष्ट होता गया कि वह इस टूर्नामेंट के दौरान गेंदबाजी करने में सक्षम नहीं होंगे तो चयनकर्ताओं ने अक्षर पटेल को 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर तेज गेंदबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए शार्दुल ठाकुर को उसमें शामिल किया। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा, मेरे लिए हार्दिक पंड्या भारत की अंतिम एकादश में तभी शामिल होंगे जब वे दोनों अभ्यास मैचों में सही गेंदबाजी करने में सक्षम रहेंगे।

## महिला बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की जीत में चमकी शेफाली और राधा




**भाषा।** होबार्ट

**भारत** की शेफाली वर्मा ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि राधा यादव ने दो विकेट चटकाए जिससे सिडनी सिक्सर्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में रविवार को होबार्ट हरिकेन को पांच विकेट से हराया। पूनम यादव के दो विकेट के बावजूद हालांकि ब्रिसबेन हीट को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली ने 50 गेंद में छह चौकों की मदद से 57 रन की पारी खेली जिससे सिडनी की टीम ने 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। हरिकेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 125 रन बनाए थे। शेफाली के अलावा सिक्सर्स की कप्तान एलिस पैरी ने भी 33 गेंद में 27 रन की पारी खेली जिससे टीम ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाकर जीत दर्ज की। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने हमवतन रिचा घोष (46 गेंद में 46 रन) और साशा मोलोनी (16 गेंद में 22 रन) को आउट करते हुए हरिकेन को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोका।

## आईओसी ने प्रत्येक दो साल में विश्व कप के आयोजन की फीफा की योजना पर चिंता जताई

**एपी।** जिनेवा



**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा है कि फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा की प्रत्एक दो साल में विश्व कप के आयोजन की योजना को लेकर उसकी चिंताएं हैं। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने पिछले महीने कहा था वे इस चर्चा में हस्तक्षेप नहीं करेंगे लेकिन शनिवार को एथेंस में बैठक के बाद उन आपत्तियों की जानकारी दी गई जो फुटबॉल के हितधारकों के साथ साझा की गई हैं।

कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद आईओसी ने बयान में जिन चिंताओं का हवाला दिया है उनमें अन्य खेलों के कार्यक्रम के साथ टकराव, पुरुष विश्व कप का महिला टूर्नामेंट पर हावी होना और खिलाड़ियों पर गहरा असर भी शामिल हैं। आईओसी ने अपने बयान में भविष्य में विश्व कप और ओलंपिक के संभावित टकराव का जिक्र नहीं किया है क्योंकि ऐसा लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक से पहले नहीं होगा। आईओसी ने हालांकि यह कहते हुए प्रत्एक दो साल में विश्व कप के आयोजन की योजना की आलोचना की है कि इस योजना को तैयार करने से पहले सभी हितधारकों के साथ विस्तृत सलाह मशविरा नहीं किया गया। फीफा ने संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं के कैलेंडर को पुन: तैयार करने की विस्तृत योजना का खुलासा किया था जिसका केंद्र पुरुष और महिला विश्व कप का प्रत्येक दो साल में आयोजन था। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो के समर्थन वाले इस प्रस्ताव की घोषणा इस खेल में दबदबा बनाने वाले यूरोप और दक्षिण अफ्रीका के सदस्य महासंघों से औपचारिक सलाह मशविरे के बिना की गई थी। यूरोपीय संचालन संस्था यूएफा और दक्षिण अमेरिका की संचालन संस्था कोनमेबोल ने चेतावनी दी है कि अगर फीफा अपनी योजना पर आगे बढ़ता है तो वे विश्व कप का बहिष्कार करेंगे क्योंकि इससे उनकी महाद्वीपीय प्रतियोगिता का महत्व कम होगा जिसका आयोजन प्रत्एक चार साल में ओलंपिक वर्ष में किया जाता है।

## शीतकालीन ओलंपियन शिवा केशवन आईओसी खिलाड़ी आयोग के सदस्य के चुनाव में हिस्सा लेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के स्टार लूश खिलाड़ी शिवा केशवन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के खिलाड़ी आयोग का सदस्य बनने के लिए चुनाव में हिस्सा लेंगे। ए चुनाव 2022 बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के दौरान होंगे। चालीस साल के छह बार के शीतकालीन ओलंपियन केशवन के नाम को शनिवार को एथेंस में आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में स्वीकृति दी गई। वह आईओसी के खिलाड़ी आयोग में दो रिक्त स्थानों को भरने के लिए 17 दावेदारों की सूची में शामिल हैं। आईओसी ने 17 उम्मीदवारों की सूची के साथ बयान में कहा, 17 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी), पांच खेलों और पांच महाद्वीपों के 10 महिला और सात पुरुष खिलाड़ी आयोग में दो रिक्त स्थानों के लिए उम्मीदवारी पेश करेंगे। बयान के अनुसार, इनके संबंधित एनओसी और एनओसी खिलाड़ी आयोग ने मिलकर इन्हें नामित किया है। भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने पुष्टि की कि उन्होंने केशवन को नामित किया है। मेहता ने पीटीआई से कहा, हां, आईओए ने आईओसी खिलाड़ी आयोग के लिए उन्हें (केशवन) नामित किया है। जहां तक शीतकालीन ओलंपिक का सवाल है तो वह सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं। केशवन 1998 में जापान में नगानो खेलों से शीतकालीन ओलंपिक की लूश पुरुष एकल स्पर्धा का हिस्सा रहे हैं। वह 2011, 2012, 2016 और 2017 में एशियाई चैंपियन रहे और लूश में एशियाई रिकॉर्ड उनके नाम पर है। प्योंगचैंग 2018 शीतकालीन खेलों में केशवन और क्रॉस कंट्री स्कीइंग खिलाड़ी जगदीश सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## धोनी को टीम में बनाए रखने का फैसला नियम जानने के बाद लेंगे : चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के एक अधिकारी ने कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में टीम में बनाए रखने (रिटेन करने) के बारे में फैसला नियमों को जानने के बाद किया जाएगा। अभी खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने संबंधी नियम तैयार नहीं किए गए हैं क्योंकि 2022 के सत्र में दो नई टीमें इस टूर्नामेंट में जोड़ी जाएंगी। धोनी को रिटेन करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने पीटीआई से कहा, रिटेन करने संबंधी नियम अभी स्पष्ट नहीं है। हमें अभी तक पता नहीं है कि कितने खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी जाएगी। इस पर फैसला नियम जानने के बाद ही किया जाएगा। धोनी की अगुवाई में चेन्नई ने शुक्रवार को दुबई में चौथी बार आईपीएल खिताब जीता। इससे पहले धोनी ने कहा था कि उन्होंने अभी कोई फैसला नहीं किया है कि वह टीम की योजना में फिट बैठते हैं या नहीं।

**अनिरुद्ध खेतान** का कहना है कि युवाओं को चुस्त होने के साथ-साथ परस्पर सहानुभूति रखने की जरूरत है। नेतृत्व कौशल के साथ हम प्रभावशाली, उद्देश्यपूर्ण व्यक्तियों की एक धारा निर्मित कर सकते हैं जो स्वयं के बारे में जागरूक होंगे



# कौशल अंतर को पाटने का समय

उभरती रचनात्मक, तकनीकी और वैज्ञानिक प्राथमिकताओं के कारण शिक्षा की प्रकृति तेजी से बदल रही है। इन और अन्य परिवर्तनों का सटीक प्रभाव अज्ञात रहता है, लेकिन एक बात निश्चित लगती है, वो यह कि आज की दुनिया जिन कौशलों को महत्व देती है और जिन पर भरोसा करती है, वे बदल रहे हैं। बदले में, एक कौशल अंतर नजर आता है जहां बच्चे उस सही कवच का चुनाव करने में संघर्ष करते हैं जो उन्हें भावी भविष्य के लिए तैयार करता है।

कोविड ने शिक्षा के हमारे अंतर्निहित तरीकों को हिलाकर रख दिया है और शिक्षकों व छात्रों को अपनी सीमाएं विस्तारित करने के लिए मजबूर किया है। इसने नई संभावनाएं खोली हैं और गहरी असमानताओं को उजागर किया। अब समय है पटरी पर लौटने का। लेकिन कौन सा पटरी पर?

महामारी के वैश्विक झटके ने शिक्षा जगत को पलट कर रख दिया और फिर स्कूल में व्यवधानों का सिलसिला शुरू कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अगस्त 2020 में भविष्यवाणी की थी कि महामारी के प्रभाव शिक्षा में ''पीढ़ीगत तबाही'' बनने के लिए नियत थे। तब से, सभी छात्रों और विशेष रूप से सर्वाधिक वंचितों को प्रभावित करने वाली पढ़ाई की गिरावट खुलकर सामने आ गयी।

अनुसंधान और सर्वेक्षण, बच्चों व परिवारों पर संयुक्त शैक्षणिक तथा मनो-सामाजिक प्रभावों की गवाही देते हैं। एक पीढ़ीगत तबाही जो अनकही मानवीय क्षमता को बर्बाद कर सकती है, दशकों की प्रगति को कमजोर कर सकती है, और गहरी असमानताओं को बढ़ा सकती है।

संक्षेप में राष्ट्रीय अधिकारियों व अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से शिक्षा में सुधार एजेंडा को सबसे आगे रखने और शिक्षा में निवेश को बचाने के लिए एक साथ आने का आह्वान किया गया है। यूनेस्को वर्ष के अंत से पहले वैश्विक शिक्षा बैठक का एक विशेष सत्र बुलाएगा।

मौजूदा दौर में इस सियाह तकनीक पर काबू पाने के लिए जहां हमें एक पुल बनाने की आवश्यकता है, वहां उस राह की खोज पर वापस जाना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रौद्योगिकी छात्रों को अधिक सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें संवाद करने के बेहतर अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी भी छात्रों को टीम परियोजनाओं पर काम करने और अपनी क्षमताओं का साझा करने का अवसर देती है। जब छात्र एक साथ काम करते हैं, तो वे बांटना सीखते हैं, सुनना सीखते हैं, और अपने सहकर्मियों के साथ अच्छा काम करते हैं।

खैर, मान या न मानें, तकनीकी कौशल महत्वपूर्ण हैं, वे आपको अधिक कुशलता से काम करने में मदद कर सकते हैं, आपके आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और आपको भविष्य के करियर विकल्पों के लिए अधिक मूल्यवान उम्मीदवार बना सकते हैं। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार द्वारा अनुमोदित नई शिक्षा नीति के अनुसार, छात्रों को छठी कक्षा से ही एक विषय के रूप में कोडिंग सिखाई जाएगी।

स्कूल शिक्षा सचिव अनीता करवाल ने कहा कि कक्षा 6 और उसके बाद के छात्रों को 21 वीं सदी के कौशल के अंग के रूप में स्कूलों में कोडिंग सिखाई जाएगी।



21वीं सदी की शिक्षा में जो चार पहलू बड़ा प्रभाव पैदा करते हैं - वे हैं संचार, रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच और सहयोग। यह छात्रों को सीखने की ओर अग्रसर करता है। सीखना उस वातावरण में सर्वोत्तम स्थान हासिल करता है जहां छात्र सीखने के लिए सशक्त महसूस करते हैं। हमारे स्कूलों को जिज्ञासा-आधारित कक्षा वातावरण बनाने की जरूरत है, यह सहयोग व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगा और महत्वपूर्ण चिंतन कौशल विकसित करेगा।

— -अनिरुद्ध **खेतान**

हालांकि, आज की बदलती दुनिया में प्रौद्योगिकी के साथ कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए कि हमारे बच्चों को नेतृत्व, सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता और अधिकार से परे उत्तम कोटि की कला सीखने की आवश्यकता है जो बदले में आश्चर्यजनक रूप से इस संक्रमणकालीन दुनिया में आवश्यक अनेक कौशल का एक समामेलन बन जाता है। ये हुनर हमारे बच्चों को रातों-रात जादूगर नहीं बना देगा, लेकिन उन्हें द साइलो मेंटलिटी से जरूर बचाएगा, जो कि मौजूदा जूझती पीढ़ी के लोगों में, काम पर, घर में, हमारे समाज में देखी जाती है।

हम जटिल समस्याओं से भरी दुनिया में रहते हैं, ये समस्याएं सीमाएं लांघ जाती हैं फिर भी अधिकांश नेता ऐसा नहीं करते हैं। हमें ऐसे नेताओं को विकसित करने की जरूरत है जो सीमाओं को लांघ सकें। स्कूलों को समानता की बाधाएं दूर करने के लिए सिलोस को तोड़ना चाहिए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच व कौशल और दक्षता विकसित करने का अवसर, युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण है। उनकी मानव पूंजी में निवेश हमारे समाजों के सामाजिक-आर्थिक भविष्य में एक निवेश है।

21वीं सदी की शिक्षा में जो चार पहलू बड़ा प्रभाव पैदा करते हैं - वे हैं संचार, रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच और सहयोग। यह छात्रों को सीखने की ओर अग्रसर करता है। सीखना उस वातावरण में सर्वोत्तम स्थान हासिल करता है जहां छात्र सीखने के लिए सशक्त महसूस करते हैं। हमारे स्कूलों को जिज्ञासा-आधारित कक्षा वातावरण बनाने की जरूरत है, यह सहयोग व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगा और महत्वपूर्ण चिंतन कौशल विकसित करेगा।

कौशल अंतर को पाटना ज्ञान, जीवन कौशल, करियर कौशल, आदतों व लक्षणों को संदर्भित करता है जो आज की दुनिया में छात्र की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर जब छात्र कॉलेज, कार्यशक्ति और वयस्क जीवन में आगे बढ़ते हैं। इन अंतरालों को फैलाने के लाभ बच्चों को बदलाव के लिए तैयार करेंगे, वे इससे पार पाने में सक्षम होंगे और उनके जिज्ञासु दिमाग अपेक्षित जानकारी पा सकेंगे। बच्चों को वास्तविक दुनिया की समस्या हल करने के लिए सही उपकरणों की आवश्यकता होती है जो सीखने के साथ चरित्र का निर्माण करते हैं।

हमारी मानव जाति का भविष्य चाहता है कि उनके युवा परस्पर फुर्तीले होने के साथ-साथ सहानुभूति भी रखें। नेतृत्व कौशल के साथ हम प्रभावशाली, उद्देश्यपूर्ण लोगों की एक धारा बना रहे होंगे जो स्वयं के बारे में जागरूक होंगे।

इसलिए, जब हम बच्चों के स्वतंत्र होने और अपने दम पर सीखने की बात करते हैं तो यह सब इन कौशलों से आता है। शिक्षा शिक्षकों के पढ़ाने और छात्रों के सीखने का तरीका बदल रही है। यह उबाऊ कक्षाओं से बाहर निकलने का मौका प्रदान करती है और वास्तविक शिक्षण अवसर प्रदान करती है और कक्षाओं में जो पढ़ाया जाता है और जो वास्तविक जीवन की कार्यस्थल संबंधी आवश्यकताओं होती हैं उनके बीच के अंतर को कम करती है।

**-लेखक खेतान पब्लिक स्कूल के वाइस चेयरमैन हैं।**

# विदेशी निवेशकों की भारतीय स्टार्ट-अप में दिलचस्पी बढ़ी

**प्रभात सिन्हा का कहना है कि प्रौद्योगिकी के उपयोग व अनुकूलन तथा इंटरनेट ग्राहकों में वृद्धि ने निवेशकों को देश के स्टार्ट-अप की ओर आकर्षित किया है।**

आजकल, वैश्विक निवेशकों की भारतीय स्टार्ट-अप में दिलचस्पी बढ़ रही है। इस साल के अंत तक स्टार्ट-अप्स 16.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश कर चुके होंगे। स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को लेकर निवेशक उत्साहित हैं। महत्वपूर्ण निवेश से, नए स्टार्ट-अप यूनिकॉर्न की संख्या भी दिन-ब-दिन बढ़ रही है।



**प्रभात सिन्हा**
**आईटी विशेषज्ञ तथा इन्नोवेट एंड सीज योर सक्सेज के लेखक**

महामारी के दौरान, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स व खाद्य प्रौद्योगिकी जैसे कई नए क्षेत्रों के उद्यमी मजबूती से उभरे हैं। इन क्षेत्रों में स्टार्ट-अप ने अच्छा मुनाफा और निवेश प्राप्त किया और इच्छुक निवेशकों के लिए निवेश के विभिन्न रास्ते भी खोले हैं। नतीजतन, वैश्विक निवेशकों ने हमारी अर्थव्यवस्था को एक परिपक्व और मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में देखना शुरू कर दिया है।

भारतीय टेक कंपनियों ने भी स्टार्टअप के अनुकूल माहौल में काफी योगदान दिया है। हमारी टेक कंपनियों की विश्वस्तरीय क्षमताओं से हर कोई वाकिफ है। अपने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए, वर्तमान महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी का उपयोग और अपनाना अपरिहार्य हो गया है। हाल ही में वित्तपोषित सभी कंपनियों ने मानव जीवन को समृद्ध बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उत्तम स्तर पर उपयोग किया है। हमारे स्टार्ट-अप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचैन और रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन जैसी नवीन तकनीकों का उपयोग करके वैश्विक समस्याएं हल करने का प्रयास कर रहे हैं।

हमारे देश में इंटरनेट ग्राहकों की बढ़ती संख्या भी निवेशकों की दिलचस्पी का एक महत्वपूर्ण कारण है। इंटरनेट की आसान उपलब्धता ने व्यापार के नए रास्ते भी सृजित किए हैं। क्या हम इंटरनेट के बिना जोमेटो, अमेजोन, नेटफ्लिक्स, या फ्लिपकार्ट की सेवाओं का आनंद लेने के बारे में सोच सकते हैं? नतीजतन, अब, प्रौद्योगिकी-सक्षम स्टार्टअप को एक बड़ा बाजार और उपभोक्ता आधार मिलता है, भले ही वे अकेले भारत में काम कर रहे हों।

हाल ही में जोमेटो और नजारा आईपीओ स्टार्टअप पारिस्थितिकी की परिपक्वता के प्रमुख उदाहरण हैं। इन कंपनियों के शुरुआती निवेशकों ने आईपीओ के लॉन्च के बाद बड़े पैमाने पर मुनाफा दर हासिल किया है। भारत की खुली अर्थव्यवस्था में स्टार्ट-अप को बढ़ने और फलने-फूलने के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है।

हमारे देश में उनके अमरीकी व यूरोपीय समकक्षों की तुलना में आसानी से उपलब्ध वैश्विक प्रतिभाओं का भंडार है। अधिकांश सफल स्टार्टअप संस्थापकों का अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट अनुभव है। उदाहरण के लिए जोमेटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल ने जोमेटो की स्थापना से पहले प्रबंधन परामर्श कंपनी बैन एंड कंपनी के लिए काम किया है। मीशो के संस्थापक विदित आत्रेय ने मीशो की स्थापना से पहले आईटीसी व इनमोबी जैसे सफल संगठनों के लिए काम किया था। शीर्ष स्तरीय वैश्विक संगठनों में कार्य करने का अनुभव वैश्विक परिदृश्य को जानने के अलावा जोखिम प्रबंधन में वैकल्पिक समाधान खोजने की क्षमता बढ़ाता है। इसके अलावा, तालमेल वृद्धि हुई है जो नए उद्यमियों के लिए अत्यधिक फायदेमंद है। कई सफल स्टार्टअप पूंजी व अनुभव के साथ, नए उद्यमियों का समर्थन करते हैं, जो समूचे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की उत्पादकता बढ़ाता है।

सरकार की डिजिटल इंडिया पहल, प्रतिस्पर्धी मूल्य पर इंटरनेट की उपलब्धता, नवीन सोच और भारतीय उद्यमियों की क्षमता से स्टार्ट-अप कंपनियां आज सफलता के नए आयाम छू रही हैं। भविष्य में स्टार्ट-अप में निवेश लगातार बढ़ने की संभावना है। स्टार्ट-अप्स में निवेश से हमारे देश में उद्यम व रोजगार के विविध अवसर पैदा होंगे और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

स्टार्ट-अप्स में बढ़ते निवेश से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी।



# भविष्य हैं एआई और एमएल

**डॉ. केके शर्मा कहते हैं कि यह समय नए तकनीक-अनुकूल वातावरण के साथ अपग्रेड करने का है क्योंकि यह तकनीक की दुनिया में आकर्षक विकल्पों के द्वार खोलता है**

उच्च उन्नत प्रौद्योगिकियां हर उद्योग में स्वीकार्य हैं और इनकी हर उद्योग में मांग है। आज नए तकनीकी-अनुकूल वातावरण से खुद को उन्नत करने की सराहना की जाएगी। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग संदर्भित दायरे में प्रौद्योगिकी कैरियर चाहने वालों के लिए एक नया रास्ता खोल रहा है।

## एआई और एमएल क्या है

एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम मेधा है जो एक ऐसे कंप्यूटर सिस्टम का विकास है जो मानव कार्यों को करने में सक्षम है, ज्यादातर प्रोसेसिंग और सुपर पावर थिंकिंग के मामले में। एआई की मांग बढ़ जाती है क्योंकि यह मनुष्यों के लिए काम की विश्वसनीयता बढ़ाता है, यह उन मनुष्यों को जगह लेने के लिए नहीं है जो व्यावसायिक संपत्तियों के लिए कमजोर हैं। एमएल एआई का एक एप्लिकेशन है जो कंप्यूटर सिस्टम को स्वचालित रूप से सीखने और अनुभव से सुधार करने की सुविधा प्रदान करता है, जो डेटा तक पहुंच बनाने और इसका खुद सीखने के लिए उपयोग करने वाले कंप्यूटर प्रोग्राम के विकास के लिए जिम्मेदार है। दूसरे शब्दों में, मशीन लर्निंग एआई का एक प्रारूप है जो डेटा साइंस का एक उन्नत रूप है जो पारंपरिक एआई की तुलना में अधिक प्रभावी है।

एआई और एमएल के बीच भ्रम पैदा होता है क्योंकि वे दोनों परस्पर जुड़े हुए हैं, लेकिन विशेषज्ञता दोनों निर्दिष्ट शब्दों के लिए भिन्न है। एमएल एआई का रूप है लेकिन सभी एआई में मशीन लर्निंग शामिल नहीं है। अनुभव व ज्ञान बढ़ने से उच्च आय अर्जित करने के लिए दोनों क्षेत्रों में करियर परिप्रेक्ष्य और नौकरियों के अवसर बहुत ज्यादा बढ़े हैं।

व्यवसाय का हर कोना अपनी प्रक्रिया और उत्पादों में एआई का उपयोग करने की कोशिश कर रहा है, जो हर किसी के लिए अवसरों का एक नया रास्ता खोल रहा है। इसलिए एआई और एमएल के नए संयोजन को सीखना आपको उन्नत करियर दायरों की ओर ले जा सकता है। एआई में कुछ पाठ्यक्रम और प्रमाणन कोर्स इस प्रकार हैं:

## मशीन लर्निंग

- डीप लर्निंग स्पेशलाइजेशन
- आईबीएम एआई इंजीनियरिंग
- गूगल एआई के साथ सीखें
- **एआई :** पायथन में प्रबलन शिक्षण
- एंड्रयू एनजी द्वारा एआई फार एवरी वन
- पायथन नैनोडेग्री के साथ एआई प्रोग्रामिंग

## संभावनाएं

सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग: कंप्यूटर विज्ञान क्षेत्र प्रोग्राम विकसित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का उपयोग करता है जो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का एक मुख्य हिस्सा है। वे एक अलग कार्य करने के लिए, मशीन लर्निंग के तकनीकी कार्य के जरिए उत्पादों को डिजाइन करने, डिजिटल प्रोग्राम या सिस्टम को डिजाइन और विकसित करने के लिए जिम्मेदार हैं। हर साल कई सॉफ्टवेयर डेवलपर्स हैं जो किसी न किसी नई कंपनी से जुड़ रहे हैं, अगर व्यक्ति एआई में विशेषज्ञ है तो वह अच्छे वेतन पैकेज के लिए पात्र होगा।

**एआई शोध :** यह रोजगार प्रौद्योगिकी की उन्नति के लिए नए तरीके खोजने और खोज करने से संबंधित अधिक है, मसलन कोई अधिक तेज मशीन विकसित कर रहा है। भूमिकाएं और जिम्मेदारियां व्यक्तियों की अपनी रुचि के क्षेत्र में विशेषज्ञता पर निर्भर करती हैं क्योंकि कुछ लोग डेटा सिस्टम को उन्नत करने की तलाश में रहते हैं जबकि कुछ अन्य नए सॉफ्टवेयर के विकास के लिए काम कर रहे हैं। जिस भी शोध के लिए वे जिम्मेदार हैं, मगर प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका मौजूदा उपकरणों में बदलाव लागू करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत करने की होती है।

**एमएल इंजीनियर :** इसमें एल्गोरिदम और टूल्स के माध्यम से एमएल सिस्टम व एप्लिकेशन का डिजाइन और विकास करना शामिल है। इस नौकरी के पेशे के लिए आवश्यक कौशल गणित, सांख्यिकी और अन्य प्रोग्रामिंग भाषाओं का मजबूत आधारभूत ज्ञान होना है। जावा, सी, पायथन और स्काला जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं के जरिए विभिन्न एमएल प्रयोग सफलतापूर्वक किए जाते हैं।

**प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण या नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग :** बाजार में सर्वाधिक चलन में आने वाले अनुप्रयोग जहां कई अनुप्रयोगों के लिए प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है, ऐसे में विशेषज्ञों की जिम्मेदारी होती है भाषा व प्रौद्योगिकी की समझ की भूमिका निभाए जिससे कि एक प्रणाली बने जो इंसानों से उनकी भाषा में सफलतापूर्वक संवाद कर सके। स्मार्टफोन में मौजूद वर्चुअल असिस्टेंट, चैटबॉट्स इसका उदाहरण हैं, यह विभिन्न रूपों में इंसानी भाषण की प्रतिकृति है। यह बड़ा क्षेत्र और नव विकसित क्षेत्र अच्छा वेतन अर्जित करने का अवसर देता है क्योंकि बाजार में इसकी मांग बढ़ रही है।

**डेटा एनालिटिक्स :** यह नाम डेटा एनालिस्ट को दिया गया है क्योंकि उस व्यक्ति को डेटा को समझने में सक्षम होना चाहिए क्योंकि यह एआई और मशीन लर्निंग का मुख्य आधार है। दूसरे शब्दों में, अगर कोई जानता है कि डेटा के साथ कैसे खेलना है यानी प्रबंधन करना है, तो भविष्य में विश्लेषण करने के अधिक अवसर होंगे। डेटा विश्लेषकों की मुख्य भूमिका में डेटा -प्रबंधन, विश्लेषण और भंडारण के साथ-साथ अन्य लोगों को रिपोर्ट करना शामिल है।

**-लेखक संस्कृत विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।**

# रोजगार के माध्यम से महिला सशक्तीकरण

हर साल, 8 मार्च को संगठित ताकत के रूप में एक साथ खड़े होने व दुनिया भर में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है। हालांकि, लैंगिक असमानता और पूर्वाग्रह अभी भी एक वैश्विक चुनौती बने हुए हैं। इस कमी को पूरा करने के लिए रोजगार के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने की जरूरत है। इसके बाद असंख्य फायदे हैं। आइए, उन लाभों की विस्तार से चर्चा करते हैं।

## महिलाओं को रोजगार देना उन्हें स्वतंत्र बना सकता है

महिलाओं के लिए अधिक काम के अवसर उपलब्ध होने चाहिए जो न केवल महानगरीय शहरों में रहने वाली महिलाओं के लिए बल्कि दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों व गांवों में रहने वाली औरतों के लिए भी खुले हों। इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन के अध्ययन के अनुसार, काम में अधिक महिलाओं को शामिल करना, उन्हें स्वतंत्र तो बनाता है लेकिन साथ ही, यह व्यवसाय के विकास के लिए भी अच्छा है। जब महिला स्वतंत्र होती है तो वह किसी भी शारीरिक और भावनात्मक शोषण के खिलाफ खड़ी हो सकती है।

## महिलाएं सामूहिक गतिकी को मजबूत करती हैं

महिलाओं में लोगों को एकजुट करने व राय और प्रस्ताव तैयार करने का कौशल होता है, यही कारण है कि महिला को संगठन में काम करने का मौका दिया जाना चाहिए। कुल मिलाकर यह टीम- निर्माण का पक्षधर है, भागीदारी को आगे बढ़ाता है और निर्णय लेने की प्रक्रिया का अनुकूलन करता है। संस्थानों को महिलाओं को नेतृत्व-भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित करने और लैंगिक असमानता से लड़ने हेतु हरसंभव प्रयास करने पर केंद्रित नीतियों का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

## बेहतर उत्पादकता और नवाचार

विविधता कंपनी के विकास की कुंजी है जहां महिलाओं को किसी भी संगठन में पुरुष कर्मचारियों की संख्या के बराबर, समान रूप से नियोजित किया जाना चाहिए। इस बात पर प्रकाश डालने वाले प्रमाण हैं कि एक ही संगठन में पुरुषों व महिलाओं का सह-अस्तित्व उन्नत और बेहतर उत्पादकता प्रदान करता है।

यही वो कारण हैं कि महिलाओं को सशक्त बनाया जाना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए, महिलाओं का उचित कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को कुशल बनाना जरूरी है ताकि वे प्रतिस्पर्धा बनाए रख सकें और प्रासंगिक बनी रह सकें। हालांकि, उन अधिकारियों और साथियों से जुड़ना भी आवश्यक है जो विकास को समर्थन और सक्षम बना सकते हैं। हालांकि, कंपनियों ने यह महसूस करना शुरू कर दिया है कि महिला को सशक्त बनाना पूरे समाज को सशक्त बनाने के बराबर है। हालांकि रेबेका पार्सन्स, इंद्रा नूयी और गीता गोपीनाथ जैसी नामी हस्तियां रही हैं, मगर हाल ही में लोग महसूस कर रहे हैं कि नेतृत्व विविधता के माध्यम से व्यावसायिक लाभ होता है। उदाहरण के लिए, 2014 से सेबी के नियमों ने कंपनी के बोर्ड में कम से कम एक महिला का होना अनिवार्य कर दिया है। इस कदम को बोर्ड -रूम में विविधता को बढ़ाने -जो कि मार्च 2014 में महज 6 फीसदी से बढ़ाकर 2020 में 17 फीसदी तक बढ़ी - के लिए उठाया गया है।

नेस्ले जैसी कंपनियां 2022 तक, अपनी जेंडर एक्सेलेरेशन योजना



के जरिए, अपने शीर्ष 200 वरिष्ठ कार्यकारी पदों पर महिलाओं के अनुपात को 30 फीसदी तक बढ़ाने के लिए आंतरिक रूप से एक ज्यादा विविधतापूर्ण कंपनी बन रही हैं। अनेक संगठनों में आज प्रबल विविधता और समावेशी कार्यक्रम हैं।

लेकिन अभी भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां अनेक संगठनों में असमानता व्याप्त है। भारत के सार्वजनिक क्षेत्रों में लाभ और मुआवजा लिंग की परवाह किए बिना समान हैं, लेकिन निजी क्षेत्र में अभी भी लैंगिक भेदभाव को पाटने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है। कंपनियां अभी भी मातृत्व अवकाश, परिवीक्षा अवधि के दौरान और जब यह मातृत्व अवकाश के ठीक बाद महिला कर्मियों को काम पर रखने जैसे मामले में साफ तौर पर हिचकिचाहट दिखाती है।

सीमाओं को घटाने और महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण नौकरियों के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकार की ओर से केंद्रित व लक्षित कार्रवाई की आवश्यकता है, हालांकि भारत सरकार ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए हैं।

महिला सशक्तीकरण में भी सरकार की भूमिका अहम है। एमएसएमई की महिला स्वामियों को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार उन्हें आकर्षक प्रस्तावों के साथ कुछ योजनाएं प्रदान करती है। इनमें से कुछ योजनाएं, मसलन, भारतीय महिला बैंक बिजनेस लोन, मुद्रा योजना स्कीम, आदि। सरकार के कुछ ऐसे अभियान हैं जिनका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाकर उनकी स्थिति में सुधार करना है।

हमारे प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कहा है कि नए भारत का हमारा सपना, ऐसा भारत है जहां महिलाओं को सशक्त, मजबूत किया जाता है, जहां वे देश के सर्वांगीण विकास में समान भागीदार बनती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार महिला उत्थान को लेकर बहुत गंभीर है। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। कोई भी देश अपनी वास्तविक क्षमता तब तक हासिल नहीं कर सकता जब तक कि उसकी आधी मानव-पूंजी उसके विकास में योगदान नहीं दे रही हो। हालांकि, भारतीय समाज को सभी रूपों में लैंगिक असमानता घटानी होगी। हाइब्रिड वर्किंग मॉडल के प्रमुखता हासिल करने से, कोविड-19 के बाद ज्यादा महिलाओं को कार्यबल में वापस लाने की उम्मीद है।

**- लेखक मनन शर्मा वशिष्ठ, रीब्रांड गुरु के संस्थापक और निदेशक हैं।**